

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 21 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –127 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



केंद्र सरकार की नाकामी मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण : कांग्रेस — पृष्ठ 2
■ जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू- मुसलमान राजनीति का मुकाबला!
■ चंद्रबाबू नायडू ने खो दी भाजपा से सौदेबाजी की ताकत — पृष्ठ 6
■ बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत,15 झुलसे
■ पाकिस्तान में बम धमाके में 11 मजदूरों की मौत — पृष्ठ 7
'यह रजत था, मेरे समर्पण का चमकता प्रतीकः सिंधु — पृष्ठ 8

### राहुल गांधी का बड़ा दावा

# चीन की सेना लद्दाख में घुसी

## लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं, केंद्र शासित दर्जे से खुश नहीं

**लद्दाख**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। लद्दाख दौरे पर आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि चीन ने यहां के लोगों की जमीन छीन ली है। उन्होंने कहा, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है।'

केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं। लोग उन्हें दिए गए दर्जे से खुश नहीं हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व की जरूरत है। लोग कह रहे हैं कि प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इसे नौकरशाही के माध्यम से नहीं चलाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सभी लोग कह रहे हैं कि बेरोजगारी और महंगाई है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, मुझे लद्दाख



आना था, लेकिन कुछ कारणों से मैं यहां नहीं आ सका। इसलिए, मैं उनकी परेशानियों को सुनने के लिए यहां आया हूं। कांग्रेस सांसद ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। पार्टी ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

**पिता को याद कर हुए भावुक**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस दिनों केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर याद करते हुए ट्वीट किया। राहुल गांधी ने ट्विटर पर एक भावुक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, पापा, आपकी आंखों में भारत के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं। आपके निशान मेरा रास्ता हैं। हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज सुन रहा हूं।

**राहुल के बयान पर भाजपा का पलटवार**

भाजपा ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, हम आपसे क्या उम्मीद कर सकते हैं? जवाहरलाल नेहरू के समय में चीन ने 1962 के युद्ध से पहले और बाद में (भारत की) कितनी जमीन पर कब्जा किया था, क्या आपको राहुल गांधी जी याद है? वह दौरे से पहले एजेंडा तय करते हैं।

### चीन दिखा रहा अड़ियलपन रवैया

## तीन साल बाद भी देपसांग व दमचोक में गश्त की 'अनुमति' नहीं

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। हालांकि चीन के साथ लद्दाख के मुद्दे पर हुई 19वें दौर की वार्ता का खुशनुमा पहलू यह रहा था कि दोनों पक्ष अगले दौर की बातचीत के लिए राजी हो गए थे। पर इस दौर की बातचीत में गतिरोध तभी आया था जब चीनी सेना भारतीय सेना को देपसांग और दमचोक में गश्त की 'अनुमति' देने को तैयार नहीं हुई थी क्योंकि चीनी सेना पैंगांग झील और हाट स्प्रिंग्स की तरह ही इन इलाकों में बफर जोन बनाना चाहती है। जानकारी के लिए चीनी सेना की मांग का मतलब है कि भारतीय भूमि के अंदर ही वह इलाका बनाना होगा जहां दोनों सेनाएं गश्त नहीं करेंगी। दरअसल चीनी सेना अभी भी इन दो स्थानों पर जमी हुई है। भारतीय जवान भी शून्य से 40 डिग्री के तापमान में आमने सामने हैं। विवाद के चलते भारतीय सेना इन इलाकों में गश्त नहीं कर पा रही है। यह गश्त वर्ष 2020 में उस समय रोक दी गई थी जब चीनी सेना ने लद्दाख के मोर्चे पर एलएसी के हजारों किमी इलाकों में 'बढ़त' हासिल करते हुए रातों रात अपने करीब एक लाख जवानों को सैनिक साजो सामान के साथ तैनात कर दिया था। वैसे हाट स्प्रिंग्स में अभी भी दोनों पक्षों ने बहुत ही कम सैनिक तैनात कर

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ चीनी सेना अभी भी इन दो स्थानों पर जमी हुई
■ 19वें दौर की वार्ता में नहीं निकल सका हल

# महासमुंद नगर निगम और भोरिंग बनेगा नगर पंचायत



**महासमुंद**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मांग पर सीएम भूपेश बघेल ने महासमुंद को नगर निगम और भोरिंग को नगर पंचायत बनाने की घोषणा करते हुए कंपोजिट बिल्डिंग को अगले बजट में शालि करने की बात कही। वे जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल महासमुंद हाई स्कूल मैदान पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ आए मंत्रियों का फोकस किसानों पर केंद्रीत था एक तरह से उप मुख्यमंत्री टी.एस सिंहदेव, रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनावी शंखनांद करते हुए उपस्थित जनता जनार्दन से जिले की चारों विधानसभा सीट पुन: कांग्रेस के पक्ष में देने का निवेदन किया। मिले सौगात के लिए संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

जिले का प्रतिवेदन कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रस्तुत किया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार व्यक्ति को विकास मानकर कार्य कर रही है और एक-एक गरीब परिवार के साथ सरकार खड़ी है। नीति आयोग ने सर्वेकर कहा है कि छग में 40 लाख व्यक्ति गरीबी रेखा से बाहर आए है यह यहां के लिए गौरव की बात है। भाजपा ने अपने 15 साल के शासन काल में केवल कमीशनखोरी का काम किया है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छग में हो रही परिवर्तन अब दिखाई दे रहा है। सिरपुर को सजाने और संवारने का काम कर रहे है। इसी तरह गांवों में जैतखाम का निर्माण भी होगा। छग की संस्कृतिक पहचान देश-विदेश में बन रही है। राजीव गांधी ने 21वीं सदी का जो सपना देखा था वह अब सकार हो रहा है। भाजपा का कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आ रहा है तो वे दिल्ली से आकर कहते है कि 80 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार दे रहा है। यदि उनकी बातों में सच्चाई होती तो हमें धान नीलाम करने की जरूरत नही पड़ती। भाजपा के लोग लबरा के नौ नागर वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। श्री बघेल ने सरकार की योजनाओं का सिलसिलेवार जानकारी देते हुए इस बात का जिक्र किया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि बात चाहे खेती.किसानी की हो, आदिवासियों के विकास की हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की हो, हर नागरिक की आय में बढ़ोतरी की हो, रोजगार की हो, रोजगार के अवसरों के निर्माण की हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की हो, शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की हो, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की हो, चिकित्सा सुविधा

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ संसदीय सचिव की मांग पर सीएम ने की घोषणा और न्याय योजना के अंतर्गत राशि का अंतरण

## सार संक्षेप

### मुंबई में 15 करोड़ की कोकीन के साथ दो गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में 1496 ग्राम कोकीन की तस्करी करने के आरोप में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। इस कोकिन की कीमत मार्केट में 15 करोड़ रुपए बातई जा रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी है। बाद में, कोकीन प्राप्त करने वाली युगांडा देश की महिला को भी पकड़ लिया गया।

### डीआरडीओ का ड्रोन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बेंगलुरु।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से विकसित किया जा रहा एक तापस ड्रोन कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में परीक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं जहां ग्रामीण एक कृषि क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त ड्रोन को देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय से दुर्घटना के बारे में जानकारी ले रहा है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर पंचायत की अनुमति रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर आयोजित पंचायत को आगे बढ़ाने की अनुमति रद्द कर दी, क्योंकि कुछ व्यक्तियों ने अपने भाषणों के दौरान कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय सनातन महासंघ की ओर से पंचायत का आयोजन किया गया था। बिट्टू बजरंगी के बारे में भी चर्चा होनी थी, जिस पर 31 जुलाई को हिंसा के दौरान भीड़ को उकसाने का आरोप है।

### 2018 की तुलना में 5-6 सीटें अधिक जीतेगी बीआरएस : केसीआर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में हैट्रिक बनाने को लेकर आश्वस्त हैं। सीएम ने रविवार को भविष्यवाणी की कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) 2018 के चुनावों में अपनी संख्या से 5-6 सीटें अधिक जीतेगी।

# 50 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 8 की मौत

**गंगोत्री**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल हाईवे पर गंगनानी के पास रविवार शाम को एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 27 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 10 की हालत गंभीर है। बस में 32-33 पैसेंजर्स सवार थे। उत्तरकाशी ने बताया कि बस 50 मीटर गहरी खाई में गिरी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। बताया जा रहा है बस में गुजरात के लोग सवार थे। ये गंगोत्री धाम की यात्रा करके लौट रहे थे। गंगनानी के पास ड्राइवर ने बस पर कंट्रोल खो

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख मतदाता

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव-2023 के लिए मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। इस बार रिकार्ड मतदान की भी उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में पांच वर्ष के भीतर मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के आंकड़ों पर गौर करें तो रायपुर और दुर्ग सबसे आगे है। यहां रिकार्ड संख्या में नए मतदाता इस विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे। पांच वर्ष

■ रायपुर जिले में सबसे अधिक 2 लाख 46 हजार 760 मतदाता बढ़े



के भीतर रायपुर जिले में सबसे अधिक 2 लाख 46 हजार 760 मतदाता बढ़े हैं, वहीं दुर्ग जिले में 1 लाख 95 हजार 190 की वृद्धि हुई है।

निवार्चन कार्यालय से मिले आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में तीन जिले ऐसे हैं, जहां मतदाताओं की संख्या में 35 हजार से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इनमें कोरबा, सरगुजा और महासमुंद शामिल हैं। वर्तमान में राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 पहुंच चुकी है, जो कि पिछले विधानसभा चुनाव में 1 करोड़ 85 लाख, 88 हजार 520 थी। प्रदेशभर में पांच वर्ष के भीतर मतदाताओं की संख्या में 10 लाख 51 हजार 910 का इजाफा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन कार्यालय ने 2 अगस्त से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह 31 अगस्त तक चलेगा, साथ ही मतदान केंद्रों में 12, 13 और 19 अगस्त को विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। विशेष शिविर 20 अगस्त को भी लगाया जाएगा। आनलाइन आवेदन के लिए वोटर डाट ईसीआइ डाट जीओवी पर लाग इन किया जा सकता है।

**इन जिलों में बढ़े वोटर**

| जिला | वर्ष 2018 | वर्ष 2023 | अंतर |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 15,58,550 | 18,05,310 | 2,46,760 |
| दुर्ग | 11,96,190 | 13,91,986 | 1,95,190 |
| कोरबा | 8,88,305 | 8,38,005 | 50,300 |
| सरगुजा | 5,91,222 | 6,40,766 | 49,544 |
| महासमुंद | 7,85,338 | 8,23,855 | 38,517 |

## नीट के खिलाफ द्रमुक की भूख हड़ताल शुरू

**चेन्नई**, 20 अगस्त (एजेंसी)। द्रमुक युवा विंग ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी- नीट) को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में विधायक उदयनिधि स्टालिन के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों एस. दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम, पी.के. शेखर बाबू, पार्टी के सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर आर. प्रिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

# नगरनार प्लांट को लेकर केन्द्र पर बरसे भूपेश

## छग सरकार लेना चाहती थी लेकिन वो भी रास्ता बंद कर दिया : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर में बन रहे नगरनार प्लांट के निजीकरण को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों की भावनाओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार उसे लेना चाहती थी लेकिन वो भी रास्ता केन्द्र ने बंद कर दिया है। श्री बघेल ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट जो एनएमडीसी ने बनाया और ये बस्तर के लोगों की भावनाओं से जुड़ी थी। आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों ने अपनी जमीन इसलिए दी थी कि वहां स्टील प्लांट लगेगा तो लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विधानसभा में बात उठी थी और वहां एक संकल्प भी पारित हुआ था कि भारत सरकार उसे नहीं चलाना चाहती तो छत्तीसगढ़ सरकार उसे लेगी लेकिन वह भी रास्ता उन्होंने बंद कर दिया गया। अभी नगरनार स्टील प्लांट शुरू ही नहीं हुआ है लेकिन उसकी बीटिंग शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज महासमुंद दौरे पर रहे पर जाने के पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा 5 कंपनियां जाकर उसका निरीक्षण करके चली भी गई है। एक तरफ इसके उद्घगाटन की बात हो रही है और दूसरी तरफ इसे बेचने की कवायद चल रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भिलाई स्टील प्लांट 1955-56 से चल रही है और हर साल लाभ दे रही है, उसी तहर नगरनार स्टील प्लांट भी सार्वजनिक उपक्रम के तर्ज पर है अगर एनएमडीसी नहीं चला सकती तो इसे भिलाई स्टील प्लांट को देना चाहिए। वे इसे चला लेंगे वहां अनुभवी लोग हैं और इसका लाभ भी मिलेगा। सीएम ने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है बस्तर के लोगों की भावनाएं इससे जुड़ी हुई है और उसके साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हम

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ एनएमडीसी नही चला सकती तो प्लांट बीएसपी को दे दें

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति का किया गठन

## छत्तीसगढ़ से ताम्रध्वज साहू शामिल

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (एजेंसियां) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की बहुप्रतीक्षित सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का गठन कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज यहां बताया कि समिति में 39 सदस्यों के साथ ही 18 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 14 प्रभारी, नौ विशेष आमंत्रित सदस्य तथा चार पार्टी की विभिन्न संगठनों की अध्यक्ष शामिल हैं जिन्हें पदेन सदस्य के रूप में कार्यसमिति में जगह दी गई है।

उन्होंने बताया कि समिति में 39 प्रमुख सदस्य हैं जिनमें श्री खड़गे के अलावा पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, एके एंटोनी, आधीर रंजन चौधरी शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव के अनुसार समिति के अन्य सदस्यों में अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, तारीक अनवर, लाल थनवला, अशोक चौहाण, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अजय माकन, कुमारी सैलजा, गैखनगम, एन रघुवीर रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, दीपक बावरिया, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जितेंद्र सिंह, जगदीश ठाकुर, जीए मीर, अविनाश पांडे, दीपा दास मुंशी, केसी वेणुगोपाल, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और कमलेश्वर पटेल शामिल हैं।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ समिति में 39 सदस्यों के साथ ही 18 स्थायी आमंत्रित सदस्य

# चांद से महज कुछ किमी की दूरी पर चंद्रयान-3 का लैंडर

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल रविवार को डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजरते हुए चंद्रमा के और करीब आ गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) की 23 अगस्त की शाम को चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। इसरो ने ट्वीट कर कहा, चंद्रयान-3 आगामी 23 अगस्त 2023 को लगभग शाम 6:04 बजे चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग होने के बाद लैंडर अब खुद ही आगे की यात्रा कर रहा है और ये चांद से महज 25 किमी की दूरी पर चक्कर लगा रहा है। इससे पहले 18 अगस्त को लैंडर मॉड्यूल डीबूस्टिंग से गुजरते हुए चंद्रमा की थोड़ी निचली कक्षा में उतर गया था। दूसरा डीबूस्टिंग ऑपरेशन रविवार देर रात दो बजे पूरा हुआ, जिससे इसकी कक्षा 25 किमी × 134 किमी तक कम हो गई।

**अब 23 अगस्त का इंतजार**-लैंडर मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग करने की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की प्रक्रिया की गई थी। ताकि ये चंद्रमा की सतह के नजदीक आ सके। इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल पर लगे कैमरों से ली गईं चंद्रमा की कई तस्वीरें भी जारी की हैं। अब 23 अगस्त को चांद पर इसकी सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया जाएगा।

इसरो ने ट्वीट कर कहा, 23 अगस्त को उतरने को तैयार

**लोस चुनाव 2024** — लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज की

# 65 से ज्यादा वर्तमान सांसदों का टिकट काट सकती है भाजपा

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विपक्षी एकता और एकजुटता की संभावनाओं के बीच भाजपा देशभर में अपने वर्तमान सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर फिर से चुनाव जीत सकने वाले सांसदों की लिस्ट को अंतिम रूप देने में जुटी है।**

*दरअसल, 2019 के पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। वर्तमान में लोक सभा में भाजपा के पास 301 सांसद हैं, लेकिन सूत्रों की मानें तो इनमें से 65 से ज्यादा सांसदों की रिपोर्ट कार्ड बहुत अच्छी नहीं है। ऐसे में एंटी-इनकंबेंसी से बचने के लिए भाजपा इन सीटों पर अपने उम्मीदवार बदलने यानी वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इनमें से कुछ सांसदों का संसदीय क्षेत्र भी बदला जा सकता है।*

■ वर्तमान सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है पार्टी
■ कुछ सांसदों का संसदीय क्षेत्र भी बदलने की हो रही बात

***उम्मीद के मुताबिक नहीं जुटा पाए थे भीड़*** *-मोदी*

*सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा ने इसी वर्ष 30 मई से 30 जून तक देशभर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया था, जिसमें पार्टी के सभी सांसदों को जुट जाने को कहा गया था। पार्टी के कई सांसदों ने इस कार्यक्रम में पूरे मन से भाग नहीं लिया, जिसकी वजह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को वर्चुअली बैठक कर उन सांसदों को फटकार भी लगानी पड़ी थी। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाजपा संसदीय दल की बैठक में कई बार सांसदों को फटकार लगाते हुए यह कह चुके हैं कि या तो वो अपना रवैया बदलें या फिर बदले जाने के लिए तैयार रहें। पिछले कुछ महीनों के दौरान देश भर में पार्टी संगठन द्वारा टिफिन बैठक सहित, कई अन्य महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए, उसमें भी कई सांसद पार्टी की उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटा पाए थे। 2019 के लोक सभा चुनाव में विपक्ष*

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच** “ नीतीश कुमार को अपने अतिसक्रिय नौकरशाहों को नियंत्रण में रखना चाहिए, ताकि न शैक्षणिक वातावरण बिगड़े और न राजभवन से टकराव की स्थिति पैदा हो। शिक्षा विभाग को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जो उसके अधिकार क्षेत्र में न हो।

-सुशील कुमार मोदी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 29.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# केंद्र सरकार की नाकामी मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर में जारी हिंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी, मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण है। भाजपा की आपराधिक लापरवाही के कारण मणिपुर में यह स्थिति पैदा हुई, उन्हें देश दंडित करेगा। पूरा हिंदुस्तान मणिपुर के साथ है। मणिपुर के भाई-बहन शांति और सहिष्णुता लाएं, जब उन्हीं से पहल प्रारंभ होगी तो ही स्थितियां सुधरेंगी। पूरा देश वहां के लोगों की भावनाओं के साथ है।

■ **मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर केंद्र सरकार को घेरा**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने माणिपुर में समाज को बांट कर, वोट बढ़ाने की राजनीति की आज उसी का परिणाम है कि मणिपुर जल रहा है। आप ने मणिपुर को आग में झोंक दिया उसके साथ आपने भारत की आत्मा को आग में झोंक दिया। इनको बहुत सोच समझकर कदम उठाना चाहिए। यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर उत्तराखंड सरकार की तैयारी पर हरीश रावत ने कहा कि देखिए संविधान बहुत साफ तौर से कहता है कि कॉन्करेंट लिस्ट के विषय होंगे तो उसमें सेंट्रल एक्ट आता है। यह एक केंद्रीय विषय है। केंद्रीय कानून के विषय में राज्य सरकार द्वारा की गई एक्सरसाइज कोई मायने नहीं रखती। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए जो भी कदम होंगे वह निरर्थक होंगे। ऐसे में उत्तराखंड की राज्य सरकार,



**मणिपुर में समाज को बांट कर, वोट बढ़ाने की राजनीति की आज उसी का परिणाम है कि मणिपुर जल रहा है : हरीश रावत**

यूनिफॉर्म सिविल कोड पर एक व्यर्थ की कोशिश या कार्यवाही कर रही है। इसलिए हमने उनसे कह कि बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट लाने की बात पर कहा कि जहां तक राष्ट्रीय स्तर पर एक्सरसाइज की बात है, अब भाजपा ने देख लिया है कि इस तरह के इमोशनल मुद्दे, ऐसे इशू जो समाज को बांटते हैं उसका कितना बड़ा दुष्प्रभाव पड़ता है।

यूसीसी पर नार्थ ईस्ट से लेकर आदिवासी, गरीब लोग, यहां तक कि सिख भाइयों अकाल तख्त ने भी कुछ कहा है, और दूसरे वर्गों ने भी कई आशंकाएं जाहिर की है। देश भर की महिलाओं का मानना है कि उन्होंने कुछ अधिकार जो प्राप्त किए हैं, उन अधिकारों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका एक व्यापक असर पड़ना है और भारत जैसे एक बहु आयामी देश के अंदर यूनीफार्मिटी के नाम पर आप हर चीज थोप नहीं सकते। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट को लेकर अपनी ओर से पहल कर रही है। इस पहल पर कई वर्गों ने सरकार की प्रशंसा भी की है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का मानना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड पर राज्य सरकार की स्थिति बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसी है। केवल उत्तराखंड ही नहीं देश के कई अन्य मुद्दों पर हरीश रावत ने अपने विचार रखे।

## जोशीमठ में आपदा के बाद कुछ नहीं किया गया : कांग्रेस

उत्तराखंड में कई जगहों पर आई आपदा पर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार ने अभी तक राहत के नाम पर एक नया पैसा नहीं दिया गया है। जोशीमठ में तो स्थिति और खराब हो गई है। जोशीमठ में आपदा के बाद कुछ किया ही नहीं गया। जोशीमठ जैसे देवस्थान को नजरअंदाज किया गया है। जो जोशीमठ जैसे देवस्थान को नजरअंदाज कर सकते हैं तो कहा जा सकता है कि खाने के दांत कुछ और हैं और दिखाने के कुछ और। उन्होंने कहा हमने केदारनाथ के अंदर इतना सुंदर पुनर्निर्माण का कार्य किया। जहां जाकर लोग गुफा में तपस्या करते हैं उसका निर्माण भी हम ही करके गए थे। सभी कार्य किए गए और उसकी तुलना में यदि आप देखें तो जोशीमठ में एक पत्थर तक नहीं लगाया गया है।

## कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के अनुदान रोकने का आदेश लिया वापस

**बेंगलुरु,** 20 अगस्त (एजेंसियां) कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने सरकारी हिंदू मंदिरों के विकास कार्यों के लिए मिलने वाले अनुदान रोकने संबंधी आदेश वापस ले लिया है। कर्नाटक के मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने आदेश को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि विभाग द्वारा जारी किया गया सर्कुलर भ्रामक था और सरकार का इरादा मंदिरों को मिलने वाली किसी भी अनुदान को रोकने का नहीं है।

रेड्डी ने कहा कि आयुक्त और प्रमुख सचिव सहित मुजराई विभाग के अधिकारियों को आदेश वापस लेने के लिए कहा गया है। राज्य द्वारा संचालित हिंदू मंदिरों को मिलने वाले अनुदान के खिलाफ आदेश पर जनता के रोष का सामना करने के बाद यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि मई में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही उसके हिंदू विरोधी रुख के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धारमैया की उडुपी फिल्मांकन से निपटने और मवेशी वध को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की योजना जैसे मुद्दों पर आलोचना की गई है। मुजारी आयुक्त ने 14 अगस्त को सर्कुलर जारी करके सभी जिला प्रशासकों को राज्य संचालित मंदिरों को दी जाने वाले अनुदान को रोकने का निर्देश दिया था। धनराशि मंदिरों में मरम्मत और विकास कार्यों के लिए दी जाती थी। यह उन मंदिरों पर लागू होता है जहां 50 प्रतिशत धनराशि प्रदान की गई थी या धन स्वीकृत किया गया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा था। कर्नाटक में लगभग 34,000 बंदोबस्ती मंदिर हैं जिन्हें सालाना होने वाले राजस्व की मात्रा के आधार पर श्रेणी ए, बी और सी में वर्गीकृत किया गया है।

## राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वालों पर कार्रवाई जरूरी

**जम्मू,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि देश का संविधान प्रशासन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अनुमति देता है। जम्मू-कश्मीर एलजी ने आईआईएम, जम्मू के ग्रीन जम्मू एंड कश्मीर ड्राइव 2023-2024 अभियान की शुरुआत के मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है क्योंकि संविधान उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुमति देता है जो राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं और जिन्होंने आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन किया है और अवैध तरीकों से सरकारी नौकरियों का आनंद लिया है।

सिन्हा ने कहा, भारतीय संविधान में बी.आर. अंबेडकर और अन्य निर्माताओं द्वारा रखा गया एक प्रावधान है, जो कहता है, राज्य/राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला किया है जिन्होंने आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन किया है और अवैध तरीकों से सरकारी नौकरियों का आनंद लिया है। इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है। उनका बयान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर बैंक द्वारा अपने अधिकारी



■ **मनोज सिन्हा ने की आईआईएम जम्मू के ग्रीन जम्मू एंड कश्मीर ड्राइव अभियान की शुरुआत**

सज्जाद बजाज को एजेंसियों से उनके खिलाफ प्राप्त विश्वसनीय रिपोर्ट के आधार पर बर्खास्त करने के एक दिन बाद आया है। जिस किसी ने भी आतंक और उसके इको-सिस्टम का समर्थन किया है, उसे इसका सामना करना पड़ेगा। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कश्मीर में समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। अब जम्मू क्षेत्र में भी यही दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। हमने जम्मू में कुछ सफलता हासिल की है और जल्द ही अधिक की उम्मीद है। सिन्हा जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती की ओर इशारा कर रहे थे, जिन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट में सज्जाद बजाज की बर्खास्तगी की आलोचना करते हुए टिप्पणी की थी, कश्मीरी कर्मचारियों को गलत तरीके से आतंकवादी समर्थक और आईएसआई समर्थक करार देकर निशाना बनाकर बर्खास्त करना आम बात हो गई है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लद्दाख में सड़क दुर्घटना में सेना के नौ जवानों की मौत की घटना पर गहन दुख जताया है। धनखड़ ने अपने शोक संदेश में कहा कि लद्दाख में सड़क दुर्घटना में हमारे बहादुर सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गई।

### त्रिपुरा में आवासीय विद्यालय के 12 छात्र अस्पताल में भर्ती

**अगरतला।** त्रिपुरा में खोवाई जिले के एक आवासीय विद्यालय में बीमार पड़ने के बाद 12 छात्राओं को तेलियामुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जूनियर सेक्शन के छात्र शनिवार को अचानक पेट खराब, उल्टी और सांस लेने में समस्या से पीड़ित हो गए और उन्हें तेलियामुरा उप-विभागीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि वे सभी खतरे से बाहर हैं और यह स्वास्थ्य समस्या अत्यधिक गर्मी और आर्द्र मौसम में खाद्य विषाक्तता के कारण हो सकती हैं।

### मुंबई में 15 करोड़ की कोकीन के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में 1496 ग्राम कोकीन की तस्करी करने के आरोप में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है।

## जेयू में रैगिंग से छात्र की मौत दुर्भाग्यपूर्ण : प्रधान

**कोलकाता,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में 10 अगस्त को कथित तौर पर रैगिंग के कारण एक फ्रेशर की मौत न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि चिंता का एक बड़ा कारण भी है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस मामले पर मेरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ बातचीत हुई है। हमें यह देखना होगा कि यूजीसी द्वारा निर्धारित एंटी-रैगिंग दिशानिर्देश जेयू में लागू थे या नहीं? मैं पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भी नियमित रूप से संपर्क में हूं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर जूनियर छात्रों को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है। जेयू में प्रथम वर्ष के छात्र की मौत उसके परिवार के सदस्यों के लिए एक वास्तविक झटका है। छात्रों को रैगिंग का अधिकार कभी नहीं मिल सकता। गत शनिवार को ही जेयू अधिकारियों ने 10 अगस्त को



**-छात्रों को रैगिंग का अधिकार कभी नहीं मिल सकता : धर्मेंद्र प्रधान**

विश्वविद्यालय के छात्र की कथित रैगिंग से संबंधित मौत के संबंध में अपने दूसरे राउंड के स्पष्टीकरण को यूजीसी को भेज दिया। इससे पहले हफ्ते में जेयू अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर और हॉस्टल में नये छात्रों के साथ रैगिंग और उत्पीड़न को रोकने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाइयों पर यूजीसी को स्पष्टीकरण का पहला राउंड भेजा था। हालांकि, 17 अगस्त को पहले दौर (राउंड) के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट आयोग ने 12 विशिष्ट बिंदुओं पर और स्पष्टीकरण मांगा था, जिसका जवाब जेयू अधिकारियों ने शनिवार को भेजा था।

### निर्दोषों के शिकार होने की आशंका बढ़ी

**कोलकाता।** कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की रैगिंग से हुई मौत के मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने के साथ, इस प्रक्रिया में किसी निर्दोष व्यक्ति के पीड़ित होने की आशंका ने विवि के छात्रों को परेशान कर दिया है। कई छात्रों ने संकाय सदस्यों से आग्रह किया है कि वे शहर के पुलिस अधिकारियों से संवेदनशील तरीके से जांच करने का अनुरोध करें, ताकि एक भी निर्दोष छात्र पीड़ित न हो। संकाय सदस्यों का एक वर्ग, इन घबराए हुए छात्रों के बीच विश्वास जगाने की कोशिश करने के अलावा, शहर पुलिस में अपने संबंधित स्रोतों से भी संपर्क कर रहा है और पुलिस से संवेदनशीलता बनाए रखने का अनुरोध कर रहा है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ये संकाय सदस्य छात्रों के सच्चे मित्र हैं। हम ऐसी स्थिति में छात्रों की चिंता को समझते हैं और उनकी सराहना करते हैं।



■ नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उनके समाधि स्थल वीर भूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित करतीं सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी व अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। फोटो इम्तियाज खान

### भाजपा सरकार के रिपोर्ट कार्ड पर मप्र कांग्रेस ने बोला हमला

## झूठे कामों के बजाए असली करतूतों का दें हिसाब



**भाजपा अपने हिसाब पत्र में जनता को बताए 33 लाख करोड़ की निवेश घोषणाओं का हिसाब : कमलनाथ**

**भोपाल,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 'रिपोर्ट कार्ड' को लेकर उस पर हमला बोला। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में किए गए कामों का हिसाब देने वाली है। लेकिन जनता चाहती है कि झूठे कामों का हिसाब देने के बजाय असली करतूतों का हिसाब दिया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन राज चलाने वाली भाजपा अपने हिसाब पत्र में जनता को बताए इन्वेस्टर सम्मिट का हिसाब। 33 लाख करोड़ की निवेश घोषणाओं का हिसाब। महिला अपराध में नंबर रहने का हिसाब। बाल अपराध में नंबर एक होने का हिसाब, बुजुर्ग अपराध में नंबर 2 होने का हिसाब। आदिवासी अत्याचार में नंबर एक होने का हिसाब, दलित अत्याचार का हिसाब। साढ़े तीन लाख करोड़ के कर्ज का हिसाब। घोटालों का हिसाब। 50 प्रतिशत कमीशन का हिसाब, 25 हजार घोषणाओं का हिसाब। बेरोजगारी का हिसाब। महंगाई का हिसाब। किसान के कर्जदार होने का हिसाब। ओबीसी के साथ अन्याय का हिसाब। गरीबों को अनाज न मिलने का हिसाब। बदहाल शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था का हिसाब।

### परिवारवाद देश व लोकतंत्र के लिए जहर : शाह



**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जहर बताते हुए कहा कि देश में अनेक पार्टियां इसका उदाहरण हैं। उन्होंने अनेक उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य में लगभग 20 सालों की भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में शाह ने परिवारवाद को लेकर कहा कि भाजपा में परिवारवाद कतई नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वयं समेत अनेक भाजपा नेताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ये सभी किस परिवार से आए और आगे बढ़े।

## तमिलनाडु में नीट परीक्षा के खिलाफ द्रमुक ने की भूख हड़ताल

**चेन्नई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। द्रमुक युवा विंग ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी-नीट) को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में विधायक उदयनिधि स्टालिन के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों एस.दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम, पी.के. शेखर बाबू, पार्टी के सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर आर.प्रिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। मुख्य मंच पर उन छात्रों का एक कोलाज प्रदर्शित किया गया है, जिन्होंने नीट में असफल होने के बाद आत्महत्या कर ली थी। द्रमुक के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु के जल कार्य मंत्री एस.दुरईमुरुगन ने कहा कि नीट छात्रों के खिलाफ है और डीएमके (द्रमुक) ने लंबे समय से इसका विरोध किया है।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance **पंजी. कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051**

**कार्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400 059

**शाखा कार्यालय:** स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर-492001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शंकर लाल ठाकुर (कर्जदार), ईश्वरी बाई (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001394666 | मौजा मोंगारी सम्पत्ति स्थित ग्राम मोंगरी लाटाबोद गुंडेरडेही बालोद, खसरा नंबर 289, पीएच नंबर 30 ग्राम मोंगरी 289, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491221. (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001394666) चौहद्दी: उत्तर: श्री गौतम कोठारी का मकान, दक्षिण: गली, पूरब: श्री ताकस देशमुख का मकान, पश्चिम: श्रीमती दुर्गा बाई की सम्पत्ति / कब्जा की तिथि 16-08-2023 | 16-02-2023 रू. 43,468/- | रायपुर-बी |
| 2. | शंकर लाल ठाकुर (कर्जदार), ईश्वरी बाई (सह-कर्जदार), '161 12 मोंगारी, पोस्ट लाटाबोद बालोद, गुंडेरडेही, दुर्ग, छत्तीसगढ़, गुंडेरडेही-491223 एलएचआरपीआर00001394665 | मौजा मोंगारी सम्पत्ति स्थित ग्राम मोंगरी लाटाबोद गुंडेरडेही बालोद, खसरा नंबर 289, पीएच नंबर 30 ग्राम मोंगरी 289, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491221. (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001394665) चौहद्दी: उत्तर: श्री गौतम कोठारी का मकान, दक्षिण: गली, पूरब: श्री ताकस देशमुख का मकान, पश्चिम: श्रीमती दुर्गा बाई की सम्पत्ति / कब्जा की तिथि 16-08-2023 | 16-02-2023 रू. 12,37,208/- | रायपुर-बी |
| 3. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356202 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356202) चौहद्दी - उत्तर: पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण: उषा ठाकरे की भूमि, पूरब: रोड, पश्चिम: अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 16-08-2023 | 09-05-2023 रू. 6,22,939/- | रायपुर-बी |
| 4. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356204 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356204) चौहद्दी - उत्तर: पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण: उषा ठाकरे की भूमि, पूरब: रोड, पश्चिम: अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 16-08-2023 | 09-05-2023 रू. 2,69,030/- | रायपुर-बी |
| 5. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356205 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356205) चौहद्दी - उत्तर: पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण: उषा ठाकरे की भूमि, पूरब: रोड, पश्चिम: अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 16-08-2023 | 09-05-2023 रू. 52,793/- | रायपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

**तिथि: 21-08-2023** **प्राधिकृत अधिकारी**

**स्थान: दुर्ग** **आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**


### चिंता | केरल में मानसून की बेरुखी बनी चिंता का सबब

## बरसात ने होने से बड़े पैमाने पर मंडराया सूखे का खतरा

**चेन्नई, 20 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 8 जून को केरल के तटों पर दस्तक दी, लेकिन तब से मानसून की प्रगति निराशाजनक रही है और राज्य पर सूखे का खतरा मंडरा रहा है। राज्य में 8 जून को पहली मानसूनी बारिश के बाद पिछले ढाई महीने से राज्य में लुका-छिपी का खेल चल रहा है। यहां जून से अगस्त के मध्य तक सबसे ज्यादा बारिश होती है।**

जो 2023 में बहुत कम रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से 15 अगस्त तक राज्य में औसत 1556 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल 877.1 मिमी बारिश ही दर्ज की गई। इसका मतलब है कि 44 फीसदी कर्मी रही। जून में बारिश की भारी कमी थी और मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 60 प्रतिशत की कमी थी, जबकि जुलाई में बारिश बेहतर थी और कमी केवल 9 प्रतिशत थी। हालांकि अगस्त की स्थिति बदतर



■ **अगस्त माह में राज्य में हुई सामान्य से 90 प्रतिशत कम बारिश**

है क्योंकि राज्य के कई इलाकों में अगस्त में बारिश नहीं हुई है। केरल में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक सामान्यत: 254.6 मिमी की बजाय केवल 25.1 मिमी बारिश हुई। इस प्रकार लगभग 90 प्रतिशत बारिश की कमी हुई। केरल में आम तौर पर अगस्त के दौरान बारिश चरम पर होती है जो मलयालम महीना कारकिदाकम है और आयुर्वेद उपचार के लिए उपयुक्त है। हालांकि बारिश नहीं होने से राज्य में बड़े पैमाने पर सूखे का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि राज्य में अगले 15 दिन तक बारिश नहीं होगी और इससे सूखे की संभावनाएं बढ़ गई है। सितंबर में भी हालात अच्छे नहीं हैं क्योंकि इस महीने राज्य में आम तौर पर बहुत कम वर्षा होती है।

जून से सितंबर तक चार महीने की मानसून अवधि के दौरान यहां औसतन लगभग 2018.7 मिमी बारिश होती है, जिसमें सितंबर में मात्र 13 फीसदी ही बारिश होती है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, जून से अगस्त तक बारिश की कमी सितंबर में होने वाली बारिश से पूरी होने की संभावना नहीं है।

# दुनिया रंग-बिरंगी



### मलयालम सुपरस्टार ममूटी बोले, राजा महाबली थे पहले समाजवादी

**तिरुवनंतपुरम।** मलयालम सुपरस्टार ममूटी ने कहा कि राजा महाबली, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने केरल पर शासन किया था, पहले समाजवादी थे और सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करते थे। अभिनेता ने कहा कि त्योहार ओणम सभी के लिए एक उत्सव बना रहना चाहिए। ओणम केरल का सबसे बड़ा त्योहार है, जो दस दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत रंगारंग अथाचामयम जुलूस से होती है। ममूटी ने एक एक्टर के रूप में जाने जाने से पहले वह त्रिपुनिथारा में अथाचमायम समारोहों में घूमते थे। अथाचामयम एक समारोह है जो हर मलयाली लोगों को खुशी, सद्भाव और प्यार देता है। उन्होंने कहा कि अथाचामयम को साहित्यिक, संगीत और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को शामिल करते हुए एक और भी बड़ा समारोह बनना चाहिए।

**भारतीय वैज्ञानिकों का कमाल**

## अब देर से पकेंगे टमाटर भंडारण होगा आसान

- कटाई के बाद बाजार तक पहुंचाने के लिए मिलेगा अतिरिक्त समय
- टमाटर में मौजूद एब्सिसिक एसिड की मात्रा को कम करने की कोशिश



**लखनऊ,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। सीएसआईआर की लखनऊ स्थित प्रयोगशाला 'राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान' (एनबीआरआई) के नए शोध से भविष्य में टमाटर की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। संस्थान ने ट्रांसजेनिक बदलाव की मदद से टमाटर के पकने और खराब होने का समय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। इससे भंडारण और परिवहन के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। यह शोध संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक अनिरुद्ध साने ने किया है।

साने ने कहा कि अनुसंधान टमाटर की कीमत वृद्धि को नियंत्रित करने में एक हद तक मददगार हो सकता है, क्योंकि इसकी कटाई के बाद बाजार तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त समय मिल रहा है। यदि उपज देर से पकती है, तो इसे लंबे समय तक संग्रहीत किया जा सकता है। परिवहन दूर-दराज के स्थानों तक किया जा सकेगा और भंडारण के लिए गोदामों की आवश्यकता नहीं होगी। एनबीआरआई के निदेशक अजीत कुमार शासनी ने कहा कि देश भर में टमाटर की विभिन्न प्रजातियां उगाई जाती हैं। उत्पादन के बाद उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में एक से तीन दिन का समय लगता है। इस दौरान उन्हें ठंडा रखना पड़ता है नहीं तो ये जल्दी पकने लगते हैं। ऐसे में बड़ी मात्रा में टमाटर बाजार पहुंचने से पहले ही खराब हो जाते हैं। इसे रोकने के लिए यह शोध किया गया है।

**टमाटर की 'अर्कविकास' व 'एल्साक्रीट' किस्मों पर किया शोध**

अनिरुद्ध साने ने कहा कि यह शोध टमाटर की 'अर्कविकास' और 'एल्साक्रीट' किस्मों पर किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने टमाटर में मौजूद एब्सिसिक एसिड की मात्रा को कम करने की कोशिश की है। टमाटर के जीन में बदलाव कर एंजाइम की मात्रा कम कर दी गई। इस प्रक्रिया को ट्रांसजेनिक परिवर्तन कहा जाता है। टमाटर में एब्सिसिक एसिड की मौजूदगी के कारण उसमें एथिलीन बनना शुरू हो जाता है जो उन्हें पकाता है। इसलिए, एब्सिसिक एसिड की गति धीमी होने से एथिलीन बनने में देरी होती है। इससे पकने की गति को पांच दिन से बढ़ाकर 10-15 दिन करने में मदद मिलेगी। इससे भंडारण और परिवहन का समय बढ़ेगा और बर्बादी भी कम होगी। साने ने बताया कि इस शोध में 12 साल लगे।


## गुरूग्राम ग्लोबल सिटी में दिखेगी मिनी बॉलीवुड की झलक

**गुरूग्राम,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का कला प्रदर्शनी का मंच बनाया गया है और अब वह दिन दूर नहीं जब यहां मिनी बॉलीवुड की झलक देखने को मिलेगी। खट्टर ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर यहां स्थित 'म्यूजिओ कैमरा' संग्रहालय का दौरा करने पर कहा कि गत लगभग नौ वर्षों से प्रदेश की समृद्ध कला एवं संस्कृति को संजोय रखने के लिए प्रदेश की नई फिल्म नीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण ने निजी सार्वजनिक भागीदारी में समझौता कर इस विश्वस्तरीय संग्रहालय की स्थापना कराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में संग्रहालय की स्थापना की सराहना कर चुके है जहां न केवल फोटोग्राफी बल्कि देश के राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक इतिहास की जानकारी भी देखने को मिलती है। फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले देश-दुनिया के फोटो प्रेमी तो यहां आएंगे ही बल्कि बॉलीवुड से भी फिल्म निर्माता और कलाकार भी यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी का आविष्कार फ्रांस के जोसफ निस्फोरे नैप्स ने 18वीं शताब्दी में किया था जो 21वीं शताब्दी तक पहुंचते यह एक विज्ञान का रूप ले चुकी है। इस अवसर पर म्यूज़िओ कैमरा के संस्थापक एवं निदेशक आदित्य आर्य ने मुख्यमंत्री संग्रहालय पहुंचने तथा संग्रहालय की स्थापना में सहयोग करने के लिये हरियाणा सरकार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## अमिताभ बच्चन ने क्लिक की थी राजीव गांधी की फोटो

**प्रियंका गांधी ने की शेयर**





**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और अपने पिता राजीव गांधी की जयंती पर उनकी एक पुरानी फोटो शेयर की। उस तस्वीर को दिग्गज बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने क्लिक किया था, जिनके राजीव गांधी और इंदिरा गांधी के साथ अच्छे संबंध थे। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपने पिता के एक मोंटाज वीडियो के साथ एक फोटो शेयर की। पोस्ट में 1959 की फिल्म 'अनाड़ी' का गाना 'जीना इसी का नाम है' बैकग्राउंड में प्ले किया गया। इस गाने को मुकेश ने गाया था, जो राज कपूर और नूतन पर फिल्माया गया था। कैप्शन में, प्रियंका ने गाने की लाइनें लिखी, 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार, किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार, जीना इसी का नाम है।' उन्होंने आगे लिखा, 'ये लाइनें मुझे हमेशा आपकी याद दिलाती हैं। मैं जब भी ये गाना सुनती हूं तो मेरी आंखें भर आती हैं। फोटो क्रेडिट- अमिताभ बच्चन जी।' फोटो में राजीव गांधी को बॉम्बर जैकेट पहने हुए देखा जा सकता है, और उनके गले में एक डीएसएलआर कैमरा लटका हुआ है। बैकग्राउंड में पुरानी ईंटों वाली दीवार और घास दिखाई दे रही है। राजीव गांधी 1984-1989 तक भारत के छठे प्रधानमंत्री थे। 21 मई 1991 को उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम ने उनकी हत्या कर दी थी।

## असम में 6 ऑस्ट्रेलियाई काले तोतों को बचाया गया



**सिलचर,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। असम पुलिस ने राज्य के कछार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास ढोलाइखाल गांव से छह ब्लैक पाम कॉकटू को बचाया है। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बाद में ऑस्ट्रेलियाई तोतों को कछार वन प्रभाग के तहत ढोलाई रेंज के वन अधिकारियों को सौंप दिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया है। लुप्तप्राय पक्षियों को म्यांमार से तस्करी करके बांग्लादेश ले जाया गया होगा, लेकिन तस्करों ने उन्हें सीमावर्ती गांव में छोड़ दिया।

विदेशी जंगली पक्षियों की जब्ती की जानकारी वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ साझा की गई। सभी छह पक्षियों को अब धोलाई रेंज वन कार्यालय में सुरक्षित हिरासत में रखा गया है। रविवार को पक्षियों को एंबुलेंस से गुवाहाटी केंद्रीय चिड़ियाघर ले जाया जाएगा और फिर सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा।

## पंकज और अक्षय से मिली दयालु व विनम्र रहने की सीख : अन्वेषा विज






**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। 'ओएमजी 2' फिल्म जबरदस्त कलेक्शन कर रही है। फिल्म के हर किरदार की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म में कांति की बेटी दमयंती का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अन्वेषा विज ने दिग्गज पंकज त्रिपाठी और अक्षय कुमार के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। 'ओएमजी 2' फिल्म 'ओएमजी- ओह माई गॉड!' का सीक्वल है, जो 2012 में रिलीज हुई थी। अमित राय द्वारा निर्देशित, यह फिल्म भारतीय स्कूलों में यौन शिक्षा के बारे में बात करती है।

फिल्म में यामी गौतम, पवन मल्होत्रा और अरुण गोविल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अपने को-एक्टर्स पंकज और अक्षय से मिली सीख के बारे में बात करते हुए, अन्वेषा ने कहा कि मैंने पंकज सर और अक्षय सर से कुछ महत्वपूर्ण बातें सीखी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने बड़े अभिनेता बन गए हैं, एक अच्छा इंसान बनना सबसे पहले आता है। दयालु और विनम्र होना वास्तव में जरुरी है।

और ये दोनों न केवल अच्छे अभिनेता हैं, बल्कि बेहतरीन को-एक्टर्स भी हैं। जब आप एक टीम में काम करते हैं तो आपको सभी का ख्याल रखना होता है, साथ मिलकर आगे बढ़ना होता है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी और अपने जीवन में करना चाहती हूं। मैंने यह भी देखा है कि वे सेट पर कितने पॉजिटिव हैं। वे खुश हैं और वास्तव में अपने काम से प्यार करते हैं। मुझे उसी तरह महसूस हो रहा है। इसलिए, मैं उनके जैसा बनना चाहती हूं- पॉजिटिव, मैं जो करती हूं उसका आनंद लेती हूं और जिस चीज को लेकर मैं भावुक हूं उससे प्यार करती हूं। दिल्ली की रहने वाली अन्वेषा को प्राइम वीडियो के 'क्रैश कोर्स' में निक्की कपूर के रूप में पहचान मिली।

## मैंने 140 से ज्यादा रिजेक्शन का सामना किया है : नवनीत मलिक

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। एक्टर नवनीत मलिक, जो दिलचस्प थ्रिलर सीरीज 'द फ्रीलांसर' में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे, ने बॉलीवुड की चुनौतियों के बारे में खुलासा किया और बताया कि सफलता की राह पर उन्हें कैसे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। नवनीत को अपने टैलेंट और 'हीरोपंती 2', 'लव हॉस्टल' और गाने 'जानिया' जैसे प्रोजेक्ट्स में पांच मिलियन से अधिक व्यूज के साथ सफल उपस्थिति के बावजूद काफी असफलताओं का सामना करना पड़ा।



नवनीत ने खुलासा किया, 'मैंने मुंबई में एक सपने का पीछा करने के लिए सिविल इंजीनियर और अपने घर का आराम छोड़ दिया। हर दिन, मैं उम्मीद के साथ ऑडिशन देता था। मेरा बैग सिर्फ कपड़ों से नहीं भरा था, उसमें मेरे सपने और दृढ़ संकल्प थे। बसें और रेलगाड़ियां मेरी साथी बन गईं, जो मुझे शहर भर में बिखरे हुए ऑडिशन के बीच लंबी यात्राओं पर ले गईं।'

हर एक रिजेक्शन ने अपनी छाप छोड़ी, नवनीत ने कहा कि अनगिनत ऑडिशन में से, केवल कुछ ही बार मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मैं स्पॉटलाइट में हूं। भले ही इनमें से एक या दो वास्तविक प्रोजेक्ट्स में बदल गए, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की तरह लगा। यह एक सबक था, जिसने मुझे सिखाया कि रिजेक्शन एक अभिनेता के जीवन और यात्रा का हिस्सा है।

चुनौतियों के बावजूद नवनीत का जज्बा बरकरार है। उन्होंने कहा कि इन कारणों से किसी प्रोजेक्ट को खोना अनुचित लगता है, खासकर जब आप जानते हैं कि इसे बड़ा बनाने के लिए आपके पास क्या है और आप अपना पूरा दिल और आत्मा काम में लगाते हैं।

**आईईएस ने 'अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन लिंक्ड टू नर्सिंग एम्प्लॉयमेंट इन जर्मनी' की घोषणा की**

## हर महीने 50 भारतीय हेल्थ प्रोफेशनल को जर्मनी भेजने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। इंडो-यूरो सिंक्रोनाइजेशन (आईईएस) ने

- जर्मनी में 1.8 मिलियन हेल्थ प्रोफेशनल की कमी

'अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन लिंक्ड टू नर्सिंग एम्प्लॉयमेंट इन जर्मनी' की घोषणा की है। आईईएस का मानना है कि यह कार्यक्रम भारत और जर्मनी के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को जर्मन स्टैंडर्ड पर स्किल ट्रेनिंग देकर उन्हें जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आईईएस ने इस वर्ष देशभर से बीएएसी नर्सिंग के 2000 छात्रों को काउंसलिंग और साइकोमैट्रिक टेस्ट के आधार पर चयनित करने का लक्ष्य रखा है।

'अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन लिंक्ड टू नर्सिंग एम्प्लॉयमेंट इन जर्मनी' कार्यक्रम में भारत और जर्मनी दोनों देशों के विशेषज्ञ शामिल हुए, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित हो रहे है।

इस मौके पर मौजूद कैल्मोरोई जर्मनी के



ग्लोबल बिजनेस ऑपरेशन के प्रमुख लुकास रोगे ने कहा जर्मनी में 1.8 मिलियन हेल्थ प्रोफेशनल की कमी है। इसे ध्यान में रखते हुए भारतीय युवाओं को जर्मन भाषा के साथ वहां के हेल्थ स्टैंडर्ड पर प्रशिक्षित कर उन्हें जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। हर महीने 50 हेल्थ प्रोफेशनल को यहां से भेजा जाएगा, बाद में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नए गठजोड़ के साथ स्किलिंग और हेल्थ सेक्टर के लिए बेहतर माहौल बना रहे है, जो स्वास्थ्य देखभाल, प्रौद्योगिकी और मानवता के लिए एक उज्जवल भविष्य का वादा करती है।

क्रॉस कल्चर करियर के एमडी वेंकट रेड्डी ने कहा कि आज जर्मनी के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम भारत से जर्मनी में कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की भर्ती और एकीकरण के लिए एक परिवर्तनकारी पहल शुरू कर रहे हैं। यह जर्मन स्वास्थ्य सेवा के लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि हम स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की कमी को पाटने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य कुशल भारतीय पेशेवरों को जर्मन स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि जर्मनी में नर्सों के लिए करियर की अपार संभावनाएं है। वहां पर अच्छी सैलरी के साथ करियर ग्रोथ में बेहतर है।

ओम श्री, सीओओ, आईईएस, ने कहा कि हमारे कार्यक्रम ने जर्मनी के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों और पेशेवरों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। भारत-जर्मन साझेदारी से युवाओं की प्रतिभा को एक मंच मिलेगा और स्किल गैप में भी कमी आएगी।



## किसान की चौखट पर चिकित्सक करेंगे उसके पशु का इलाज

**मथुरा,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। युवा डाक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा के लिए प्रेरित करने तथा पशुपालन को लाभकारी बनाने के मकसद से दीनदयाल वेटेरिनरी यूनिवर्सिटी ने किसान के दरवाजे पर पशु चिकित्सा शिविर लगाने का अभिनव कार्यक्रम मथुरा के कुरकंडा गांव से प्रारंभ किया है।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एके श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि जानकारी या साधन के अभाव में किसान अपने बीमार पशुओं को विश्वविद्यालय नहीं ला पाते हैं और इससे किसान को बहुत अधिक आर्थिक हानि भी होती है। इसलिए यह निश्चय किया गया कि समय समय पर किसान के दरवाजे पर विशेषज्ञों की टीम भेजकर अथवा शिविर लगा कर किसान की समस्या का निराकरण कराया जाएगा। यह शिविर उसी दिशा में आयोजित किया गया था।

- साधन के अभाव में किसान अपने बीमार पशुओं को विश्वविद्यालय नहीं ला पाते

शनिवार को आयोजित इस शिविर में यूनिवर्सिटी के मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शंकर सिंह व डॉ. आलोक चौधरी, गायनाकोलाजिस्ट डॉ. विकास सचान एवं सर्जन गुलशन कुमार ने गांव के 44 बीमार पशुओं के चोट, बांझपन, थनैला, वायरल बुखार, लंगड़ापन तथा अन्य रोगों का इलाज कुरकंडा गांव में ही किया। शिविर के अध्यक्ष सिंह के अनुसार किसानों को यह भी बताया गया कि बांझपन को रोकने के लिए उन्हें क्या करना चाहिए तथा पशु के समय से गर्भाधान के लिए उसे समुचित खुराक भी देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में उन छात्र चिकित्सकों को भी इसलिए शामिल किया गया था कि चिकित्सक बनने पर वे ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं की चिकित्सा करने से परहेज न करें।

सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर मथुरा के अन्य गांवों में भी समय समय पर लगाए जाएंगे।

यूनिवर्सिटी के गायनाकोलाजी विशेषज्ञ विकास सचान ने बताया कि कुरकंडा गांव में अधिकतर भैंसों के बांझपन की समस्या थी क्योंकि ग्रामीणों ने पशुओं को कभी न तो खनिज लवण दिया और न ही कीड़े मारने वाली दवा ही दी। कुछ पशु ऐसे भी मिले जिनके जनन अंगों का सही तरीके से विकास नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि शिविर में इस प्रकार के पशुओं को न केवल नि:शुल्क दवाइयां दी गईं बल्कि यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किया गया खनिज मिश्रण भी दिया गया। उधर कुरकंडा ग्राम की प्रधान अनीता देवी सिंह ने इस शिविर को अत्याधिक उपयोगी बताया और कहा कि इस शिविर के लगने से गांव के काफी पशु कटने से बच गए। उनका कहना था कि शिविर में कुछ ऐसे भी गाय एवं भैंसों के गर्भधारण करने की जानकारी मिली जिन्हें बांझ समझकर उनके मालिक उन्हें कटने के लिए बेचने के बारे में सोंच रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि साल में एक बार भी इस प्रकार के शिविर लग जाएं तो पशुओं में बांझपन की समस्या तथा अन्य रोगों से निजात मिल सकती है। प्रधान ने बताया कि इस शिविर में पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयां वितरित कर शिविर को उपयोगी बनाया गया।

**हिमालय क्षेत्र में 'अनियंत्रित' तापमान पर वैज्ञानिकों का खुलासा**

## बारिश व बाढ़ के प्रकोप के पीछे ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार

- बाढ़ व भूस्खलन, जिसके परिणामस्वरूप जानमाल की हानि
- पतझड़ के दौरान अल नीनो की तीव्रता रहेगी जारी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। देशभर में इस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ के कहर के पीछे ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग का असर हिमालय क्षेत्र में 'अनियंत्रित' तापमान पर भी देखा गया, जिसकी वजह से हाल ही में बाढ़ ने कहर बरपाया है। यूके के नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के मौसम विज्ञानी और अनुसंधान वैज्ञानिक अक्षय देवरस बताते हैं कि ब्रेक-मानसून स्थितियों के दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हवा में नमी की क्षमता बढ़ने से वर्षा में वृद्धि होती है। विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि भले ही अनुकूल परिस्थितियों ने भारी वर्षा में योगदान दिया हो, लेकिन जलवायु परिवर्तन ऐसी घटनाओं की तीव्रता को काफी हद तक बढ़ा देता है। हाल ही में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन, जिसके परिणामस्वरूप जानमाल की हानि हुई, यह ग्लोबल वार्मिंग का स्पष्ट उदाहरण हैं।

एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा कि हर मौसम अपने



चरम पर पहुंच रहा है, यह चिंताजनक है। 2023 का मानसून इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग हिमालय क्षेत्र को कैसे प्रभावित कर सकती है, जैसा कि क्लाइमेट ट्रेंड्स द्वारा संकलित एक रिपोर्ट में जोर दिया गया है। उत्तराखंड के श्रीनगर में गढ़वाल विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने कहा कि मलबे, बलुआ पत्थर और शेल चट्टान से बने होने के कारण शिवालिक रेंज को भारी वर्षा, वनों की कटाई और अनियमित निर्माण से खतरा है। 2023 के मानसून सीजन में भारत के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वर्षा हुई। जुलाई से अगस्त तक बाढ़ देखी गई, जिसने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। जहां कुछ क्षेत्र अत्यधिक बारिश से जूझ रहे थे, वहीं अन्य को लंबे समय तक शुष्क स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश के रिकॉर्ड टूट गए, जबकि कई क्षेत्रों में बारिश में कमी देखी गई। वैश्विक वैज्ञानिक मौसम की बदलती गतिशीलता के लिए ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार मानते हैं। एक वैज्ञानिक ने कहा कि मौसम संबंधी मानदंडों में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है, जिससे यह असाधारण मौसम परिदृश्य सामने आया है। जुलाई के महीने में बारिश में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो अपेक्षित मानदंडों से अधिक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसमी पूर्वानुमान में सामान्य मानसून की स्थिति का संकेत दिया गया है, जिसका अनुमानित स्तर लंबी अवधि के औसत के 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत के बीच है। मानसून पर अल नीनो का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सकारात्मक हिंद महासागर डिपोल और यूरेशियन क्षेत्र में बर्फ का आवरण भी ग्रीष्मकालीन मानसून को आकार देने में भूमिका निभाता है, जबकि यूरेशियन बर्फ आवरण की सीमा भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून वर्षा पर विपरीत प्रभाव डालती है। जून में कमजोर अल नीनो की स्थिति देखी गई जो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के औसत से ऊपर था। पूर्वानुमानों से पता चलता है कि पतझड़ के दौरान अल नीनो की तीव्रता जारी रहेगी, जिसका चरम सर्दियों में मध्यम से तीव्र स्तर पर होगा।

रायपुर, सोमवार 21 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# शिक्षा से खौफ़ज़दा सरकार

21वीं सदी में इससे अधिक कुछ भी हास्यास्पद और दुखद एक साथ नहीं हो सकता कि किसी को यह कहने के लिये नौकरी से निकाल दिया जाये कि 'शिक्षित जनप्रतिनिधियों को वोट देना चाहिये।' ओपन प्लेटफॉर्म पर कार्यरत एडटेक कंपनी अनएकेडमी ने अपने उस टीचर को बर्खास्त कर दिया है, जिसने अपनी एक क्लास के दौरान चुनावों में पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को वोट देने की सलाह दी थी। करण सांगवान नामक इस टीचर को बर्खास्त करने की पुष्टि करते हुए अनएकेडमी के को-फाउंडर रोमन सैनी ने ट्वीट कर लिखा कि 'सांगवान ने कंपनी की आचार संहिता को तोड़ा है इसलिए उन्हें हटाना पड़ा है।' माना जाता है कि सांगवान को केन्द्र सरकार की कथित नाराजगी के बाद नौकरी से हटाया गया है। अपने वीडियो में पढ़े-लिखे नेताओं को वोट देने की अपील के बाद करण सांगवान सोशल मीडिया के सभी माध्यमों पर जबर्दस्त ट्रेंड करने लगे थे। वैसे तो शिक्षित व्यक्ति को वोट देने की अपील से किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये क्योंकि इसमें तो कोई शक ही नहीं कि कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो अशिक्षित व्यक्ति के मुकाबले पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में समाज के लिये उपयोगी होता है। वैसे सांगवान का मामला यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि वर्तमान सरकार ने एक ऐसे भारत का निर्माण कर दिया है जिसमें साक्षरता को अवगुण की तरह लिया जा रहा है जबकि दुनिया भर में उच्च शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ रहा है। देश में बढ़ती विवेकहीनता, अतार्किकता और अवैज्ञानिकता का कारण इस अकेले दृष्टांत से भी समझा जा सकता है।

सांगवान की बर्खास्तगी का कारण इसलिये सरकार की नाराजगी को माना जा रहा है क्योंकि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर अक्सर सवाल उठते हैं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ और भी नेता व मंत्री भी ऐसे हैं जिनकी शैक्षणिक योग्यता पर संदेह व्यक्त किया जाता है। सांगवान की बर्खास्तगी राजनैतिक व सामाजिक हलकों में मज़ाक का विषय बन गया है। लोगों को लग रहा है कि सांगवान की विद्यार्थियों को दी गई सलाह इसलिये भाजपा को बुरी लग गई क्योंकि उसे लगता है कि यह उसके ही खिलाफ कहा गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तो बाकायदे प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर कहा कि 'आखिर यह बात (सांगवान की) सिर्फ भाजपा को ही क्यों बुरी लगी जबकि अन्य किसी को भी इससे आपत्ति नहीं हुई।' आपत्ति का कोई कारण भी नहीं बनता क्योंकि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र का आधार ही गुणवत्तापूर्ण जनप्रतिनिधियों का चुनाव है। कार्टून तो इस आशय के भी तैर रहे हैं कि 'आज पढ़े-लिखों को चुनने की बात हो रही है। कल को यदि ईमानदार लोगों को चुनने की मांग होने लगे तो मुश्किल हो जायेगी।' दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सांगवान की बात को जायज बतलाया है। इसे कोई गलत कह भी नहीं सकता। सम्भवत: इस सरकार के द्वारा जिस प्रकार से विश्वविद्यालयों ही नहीं समस्त तरह की शिक्षाओं, विवेक और ज्ञान के खिलाफ वातावरण बनाया गया है यह उसी का परिणाम कहा जा सकता है। पिछले कुछ समय से बताया जा रहा है कि पढ़ना-लिखना व्यर्थ है। समाज का काम इसके बिना भी बखूबी चल सकता है। ऐसी अवधारणा विकसित करने का फायदा यह होता है कि सरकार शिक्षा के विकास पर मेहनत और खर्च करने से बच जाती है। शिक्षा को एक अनुपयोगी काम बतला देने से सरकार और गैर अलोकतांत्रिक व निरंकुश राजनैतिक दलों-नेताओं को कई लाभ होते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि अशिक्षित लोगों की भीड़ निर्मित कर उन्हें मनचाही दिशा में हांका जा सकता है और किसी भी तरह के विचारों से उन्हें बरगलाया जा सकता है। आज सड़कों पर हिंसा व नफ़रत से भरे नौजवानों के जो हुजूम देखे जा रहे हैं वे शिक्षा से विरक्त जनसमुदाय ही हैं। यह दीगर बात है कि शिक्षा को व्यर्थ बतलाने वाले नेता स्वयं अपने बच्चों को खूब पढ़ाने-लिखाने में रुचि रखते हैं। उनके बच्चे देश-विदेश के अच्छे संस्थानों से पढ़-लिखकर निकलते हैं।

जनप्रतिनिधियों का पढ़ा-लिखा होना बेमतलब साबित करने वाले माहौल में ही योग्य नेताओं (जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह तक) के बारे में यह कहना लोगों को प्रभावित करता है कि उच्च शिक्षण का कोई फायदा नहीं है। 'हार्वर्ड बनाम हार्ड वर्क' का यह सिद्धांत दिया जाता है कि देश का भला उच्च शिक्षा से नहीं वरन कड़ी मेहनत से होगा। यह अलग बात है कि गुणवत्तापूर्ण अध्ययन के लिये विख्यात संस्थानों में दाखिला लेना और उनमें विद्यार्जन करना किसी भी तरह से कम मेहनत का काम नहीं है। दूसरी तरफ, आज के वातावरण में अकेली मेहनत काम की नहीं जब तक कि व्यक्ति कुशाग्र बुद्धि व शिक्षित न हो।

सांगवान से मोदी सरकार की नाराज़गी का कारण यही हो सकता है कि उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारतीय समाज में ज्ञान का तिरस्कार और उसके प्रति घृणा फैलाने का काम हुआ है। देश के अच्छे विश्वविद्यालयों पर बमबारी करने की सलाह देना, वहां के स्वतंत्र चेता व सरकार विरोधी छात्रों को टुकड़े-टुकड़े गैंग बतलाकर उन्हें देश विरोधियों की शरणस्थली बतलाना आदि इसी वैचारिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अज्ञानता और विवेकहीनता पर गर्व की भावना शिक्षा के प्रति गहन अरुचि का परिणाम है जो थाली-ताली पीटने को महामारी उन्मूलन का उपाय मानने और देश की आजादी को 99 वर्षों की लीज़ पर बतलाने में संकोच नहीं करती। बाकी, विश्व गुरु बनने की चाहत तो अपनी जगह पर बनी हुई है ही।

# जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू- मुसलमान राजनीति का मुकाबला!

जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है जिससे भाजपा सबसे ज्यादा घबराई हुई है। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल एक बार इसकी मांग उठाने के बाद फिर चुप हो गए हैं। इसकी शुरूआत राहुल गांधी ने कर्नाटक चुनाव में की थी। और देश में एक माहौल बना और राजनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस को फायदा हुआ वह जीती। लेकिन उसके बाद कांग्रेस इसे भूल गई है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह जातिगत जनगणना करवाएगी मगर अभी तक उसकी कोई शुरूआत नहीं की है।

कांग्रेस को और नए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया को समझ लेना चाहिए कि किसी मुद्दे को आधे अधूरे मन से उठाने से कोई फायदा नहीं होता है। उल्टे नुकसान की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं। क्योंकि विरोधी तो आपके खिलाफ हो ही जाते हैं। लेकिन उससे सहमत लोग आपकी दुविधा की वजह से पूरी तरह आपके साथ नहीं आते हैं।

31 अगस्त और एक सितम्बर को मुबंई में होने वाली 26 विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में संयोजक का चुनाव और 11 सदस्यीय संचालन समिति की घोषणा का तो एक औपचारिक महत्व है। असली बात वह माहौल बनाना है जिससे जनता हिन्दू-मुसलमान के जाल से निकलकर बाहर आए। पिछले 9 साल में जो हिन्दू- मुसलमान का नशा करवाया गया है उसका तोड़ जातिगत जनगणना ही है। कमंडल का जवाब मंडल की तरह।

मुबंई में अगर इंडिया ने जातिगणना जनगणना का मुद्दा उठा दिया और सरकार बनने की दशा में इसका आदेश सबसे पहले निकालने की घोषणा कर दी तो फिर भाजपा का कोई हिन्दू-मुस्लिम अजेंडा नहीं चल पाएगा। सीधा प्रस्ताव पास करना है कि इंडिया की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में जातिगत जनगणना करवाने का आदेश पारित किया जाएगा।

देखिए इस प्रस्ताव के पास होते ही कैसे माहौल बदलता है। साम्प्रदायिकता का सारा नशा काफूर हो जाएगा। पिछड़े दलित आदिवासी को जैसे ही अपने अधिकार मालूम होंगे वह अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए खड़ा हो जाएगा। आज तो उसे बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी शिक्षा, सरकारी चिकित्सा खत्म होने का कोई अहसास ही नहीं है। वह तो नफरत की आग में जल रहा है। मणिपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नफरत और विभाजन की आग जलते साढ़े तीन महीने हो गए। प्रधानमंत्री नहीं गए तो नहीं गए।

आग कैसे बुझेगी? इस पर कोई बात नहीं। मीडिया तो पूछ भी नहीं सकता है। एक परम गोदी एंकर ने टमाटर पर ही पूछ लिया तो उसे जेल की याद दिला दी गई। माहौल ऐसा है कि सारे सवाल राहुल के लिए ही हैं। झूठे, महाझूठे सब। लोकसभा के सारे कैमरे खंगाल लिए मगर उस फ्लाइंग किस का कोई फ्लाइंग हिस्सा भी नहीं मिला। क्या आरोप लगाने वाली मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं होना चाहिए। उसी प्रोग्राम में जिसमें टमाटर के भाव और जेल की यादें दिलाई गईं फ्लाइंग किस का मुद्दा फिर उठा। मंत्री ने यह कहकर बचाव किया कि पत्र मैंने नहीं लिखा। मगर लोकसभा में बोला तो उन्होंने ही था। फिर साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। और सदन के बाहर टीवी प्रोग्राम में उस आरोप को फिर से दोहराया ही।


शकील अख्तर

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

मजेदार है टीवी गाली भी खा रहा है और प्रचार भी उनका ही कर रहा है। हिन्दू-मुसलमान का भरपूर जहर इसी एंकर ने फैलाया और उसी को जेल की याद दिलाई जा रही है।

खैर यह मीडिया तो आखिरी आखिरी तक अपनी वफादरी निभाएगा। इसका इलाज तो जनता ही करेगी। जब हिन्दू-मुसलमान की तरह जातिगत जनगणना को भी यह गलत तरीके से पेश करेगा तो उससे जब पिछड़े का नुकसान होगा तो वह सीधे इस मीडिया से बात करेगा। बिहार में यह मीडिया उस तरह उपद्रव नहीं कर पाता है जिस तरह शेष हिन्दी प्रदेशों में कर रहा है। वहां तमिलनाडु की एक गलत खबर दिखाने पर बिहार सरकार और तमिलनाडु सरकार ने एक पत्रकार पर जिस तरह कड़ी कार्रवाई की उससे पूरे बिहार में सही संदेश गया कि झूठी खबर दिखाने का नतीजा बहुत बुरा होगा।

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

बिहार की तरह ही हिन्दी भाषी क्षेत्र के दूसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी इसकी मांग तेज हो गई है। मगर वहां की भाजपा सरकार ने इसे करवाने से मना कर दिया। अब वहां की दो बड़ी पार्टियों सपा और बसपा को देखना है कि अगर वे इस मांग को जोरदार तरीके से नहीं उठाते हैं तो उनके पिछड़े और दलित समर्थकों पर क्या प्रभाव पड़ता है। क्या यूपी का ओबीसी नहीं चाहता कि सरकारी क्षेत्रों में उसे अपनी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिले? दलित नहीं चाहता कि उसका आरक्षण जो लगातार कम किया जा रहा है वह वापस पूरा मिले और निजी क्षेत्र में उसे आरक्षण दिया जाए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुलकर प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की मांग की है। जबकि सार्वजनिक क्षेत्रों में तो हालत यह है कि एक तो उन्हें खत्म ही किया जा रहा है दूसरे जो हैं वहां आरक्षण वाले पद भरे ही नहीं जा रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों का भी यही हाल है। अकेले रेल्वे में ही तीन लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि सरकारी विभागों में तीस लाख से ज्यादा पद खाली हैं।

मगर अब यह कोई मुद्दा ही नहीं रहा। जब सेना में ठेके पर भर्ती होने लगे तो बाकी विभागों का तो महत्व ही क्या? इस बात को इस तरह समझ लीजिए कि अगर कांग्रेस या लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी इस तरह का फैसला लेते तो क्या होता? सीधे-सीधे उन पर देश बेचने का आरोप लगा दिया जाता। मीडिया उनकी लींचिंग का माहौल तैयार कर देता।

राहुल ने इसी लिए एक सिम्पल नारा दिया था। जितनी आबादी उतना हक। देखन में छोटन लगे घाव करे गंभीर! अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया इस नारे को ठीक से उठा ले तो हिन्दू-मुसलमान गुब्बारे की सारी हवा निकल जाएगी।

गरीब को अपना अधिकार क्यों नहीं चाहिए। अभी राहुल रामेश्वर के साथ मुलाकात में न्याय स्कीम की बात कर रहे थे। राहुल अगर 2024 में जीत जाएंगे तो इसे जरूर लागू करेंगे। हर गरीब को छह हजार रुपया महीना। 72 हजार रुपए साल का देना। मगर समस्या यह है कि राहुल के आसपास के लोग ही उन्हें काटने में लगे रहते हैं।

आपको एक आश्चर्यजनक बात बताएं। सबको मालूम है कि टीवी राहुल को नहीं दिखाता है। पूरी भारत जोड़ो यात्रा गायब कर दी। लेकिन कांग्रेस तो महान है। जब राहुल का रामेश्वर से मिलने का वीडियो आया तो उसे जिसने पूरा दिखाया उससे कांग्रेस कहने लगी कि आप अपने चैनल से इसे हटाओ। है ना आश्चर्य। और घोर आश्चर्य इसमें यह है कि उस वीडियो का पूरा लिंक राहुल ने खुद अपने ट्वीट में दिया था।

अब पार्टी में राहुल से बड़ा कौन है यह कांग्रेस ही जाने। राहुल का वीडियो दिखाने पर आपत्ति क्यों? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। कांग्रेस किस तरह अपनी पार्टी चलाती है यह वह जाने! मगर अब राहुल पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर जनता के नेता बन गए हैं। कांग्रेस में जी-23 बनी थी। 23 वरिष्ठ नेताओं का गुट। जो राहुल को पार्टी से बाहर करना चाहता था। मगर राहुल को यात्रा से मिले भारी जन समर्थन से वह घबरा गया। चुप बैठ गया। मगर अब राहुल के नजदीक के लोग उनका कद कम करने में लग गए हैं। कांग्रेसी नेता को हमेशा अपने शिकंजे में रखना चाहते हैं। इन्दिरा गांधी नहीं रहीं। शुरू में उनके लिए भी बहुत कोशिश हुई। उन्हें पार्टी तोड़ना पड़ी। मगर राजीव, सोनिया पर कांग्रेसियों ने अपना कब्जा बना कर रखा। ऐसा ही राहुल पर चाहते हैं। अब यह राहुल पर है कि वे इन्दिरा बन कर खुद लोगों से मिलना जुलना शुरू करते हैं या राजीव और सोनिया की तरह कांग्रेसियों की आंख कान से ही सब देखते सुनते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# चंद्रबाबू नायडू ने खो दी भाजपा से सौदेबाजी की ताकत

■ सुशील कुट्टी

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की 2024 में राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह एनडीए में हैं या नहीं। नायडू इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी एक भूमिका होगी और अगर टीडीपी के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की बात सच है, तो उनकी एक निश्चित भूमिका हो सकती है।

चाहे जो हो, 2024 अभी भी बहुत आगे है, भले ही जिस गति से एक के बाद एक शुक्रवार बीते जा रहे हैं और भाजपा-तेदेपा गठबंधन जोर नहीं पकड़ रहा है, वह एक और कहानी बताता है। तथ्य यह है कि जब नरेंद्र मोदी खुद को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री घोषित कर चुके हैं तो नायडू की भूमिका क्या होगी।

चंद्रबाबू नायडू मोदी के लिए किसी भी अन्य राजनेता से अलग नहीं हैं। क्या कोई भी राजनेता यानी मोदी की पार्टी भाजपा सहित किसी भी पार्टी का कोई राजनेता, खड़ा होकर मोदी को याद दिला सकता है कि वह जब चाहें तब खुद को प्रधानमंत्री घोषित नहीं कर सकते। इसके बजाय, जो हम देखते हैं वह स्वीकृति है- पूर्ण स्वीकृति। फिर यहां चंद्रबाबू भी कह रहे हैं कि वह 2024 में अपनी भूमिका के बारे में 'स्पष्ट' हैं।

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

वैकल्पिक रूप से, तेदेपा को आंध्र प्रदेश विधानसभा जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए, जिसके लिए चुनाव 2024 में भी निर्धारित हैं। नायडू सबसे ज्यादा खुश होंगे अगर वह वाईएसआरसीपी के जगन रेड्डी को हटा दें। मुख्यमंत्री रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपके हुए हैं और आंध्र प्रदेश के एक समय के अति-शक्तिशाली मुख्यमंत्री चंद्रबाबू अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चंद्रबाबू उस दिन का सपना देखता है जब तेदेपा आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटेगी और आंध्र प्रदेश के लिए उसने जो योजनाएं बनाई हैं वे सभी सच होंगी।

पिछले कई महीनों, हफ्तों और दिनों से भाजपा के तेदेपा से हाथ मिलाने की चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री की पार्टी ने अफवाहों को जीवित रखा है और तेदेपा के राजग में शामिल होने और वाईएसआरसीपी के लोकसभा और राज्यसभा में सहायक भूमिका के लिए समझौता करने की चर्चा जारी है। पिछली बार सुना था, नायडू अपने पद से डिगे नहीं थे। न तो जगन रेड्डी और न ही जेपी नड्डा। सभी लोग अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे।

इतना ही नहीं, जब नायडू से उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'राजग में शामिल होने के बारे में बात करने का यह सही समय नहीं है। मैं इस बारे में सही समय पर बात करूंगा।' नायडू का 'सही समय' अतीत में है, जो उनके भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

चंद्रबाबू नायडू यह भी भूल जाते हैं कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संस्थापकों में से एक थे, जिसे केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश को 'विशेष दर्जा' देने से इंकार करने के बाद उन्होंने गुस्से में छोड़ दिया था। अब, कई मौके गंवाने के बाद, नायडू इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उनकी 'प्राथमिकता' आंध्र प्रदेश है- उनका 'बड़ा एजेंडा'।

चंद्रबाबू नायडू एक शानदार राजधानी के साथ आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के लिए जी रहे हैं, लेकिन देखने से लगता है कि उनका यह सपना एक सपना और उनकी मरणासन्न इच्छा बनकर रह जायेगा क्योंकि मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी अभी चंद्रबाबू नायडू के सपनों को साकार करने की जल्दबाजी में नहीं हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, वह नर्सरी कविताएं भी गा सकती है।

भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई की कमान एनटीआर की बेटी जी पुरंदेश्वरी को देने से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ा है। अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ भाजपा का गठबंधन अब तक की एकमात्र उपलब्धि है। फिर पवन कल्याण कोई झुलसी हुई धरती का चुनाव जीतने की नीति वाले हनुमान नहीं हैं जो उन्हें भाजपा का आदर्श बना देंगे। शेष भारत के लिए, आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है जिस पर लोगों का ध्यान नहीं जाता। यह ऐसा है जैसे आंध्र प्रदेश में चुनाव कोई खास महत्व नहीं रखते। पड़ोसी तेलंगाना सारा ध्यान खींच लेता है और सारी ऑक्सीजन सोख लेता है।

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

जून 2014 में आंध्र प्रदेश को दो भागों में विभाजित कर दिया गया- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। आंध्र प्रदेश को 10 वर्षों में एक नई राजधानी ढूंढनी थी, जो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश में 2024 में विधानसभा और संसदीय दोनों क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। कोई खास उत्साह नहीं है और तीनों प्रमुख पार्टियां केवल उदासीनता दिखा रही हैं। कांग्रेस बेहोश है। मतदाता हतप्रभ हैं।

भाजपा चाहती है कि तेदेपा और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी कुर्सी पर टिके रहने में मदद करें। जमीनी काम हो चुका है और अब सब कुछ भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की आंध्र प्रदेश में बहुत कम उपस्थिति है और लगातार तीसरी बार भारत पर शासन करने की मोदी की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए एक मजबूत क्षेत्रीय सहयोगी की आवश्यकता है।

## आज नागपंचमी

# प्रकृति संरक्षण से जुड़ा है नागपंचमी का पर्व

हमारी प्राचीन परंपरा के चलते ही नाग को देवता मानने की आस्था ने ही सांपों को संरक्षण से जोड़ा था। श्रावण मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी के रूप में जाना जाता है। इस दिन नागों की पूजा कर हिंदू धर्मावलंबी उनसे अपने जीवन की रक्षा हेतु प्रार्थना करते हैं।

पर्यावरण संतुलन में मददगार होने और फसलों की रक्षा करने के कारण ही नाग को आदिकाल से देवता के रूप में पूजा जाता रहा है। भगवान विष्णु की शैय्या और शिव शंकर के गले का हार होने के कारण नाग लोगों की आस्था से जुड़ा जीव बन गया है। यही कारण है कि नाग पंचमी का पर्व धार्मिक आस्था एवं विश्वास के सहारे हमारी बेहतरी की कामना का प्रतीक बन गया है। यह पर्व हमें जीव-जंतुओं के प्रति समभाव , हिंसक प्राणियों के प्रति दया भाव के साथ ही अहिंसा के अभय दान की प्रेरणा देता है। नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण से जोड़ता है। हमारी संस्कृति ने उन सभी जीवों, वनस्पतियों तथा वस्तुओं को सम्मान दिया है जो हमारे अस्तित्व को बचाने में सहायक हैं। नाग को देवताओं की श्रेणी में रखा गया है। हिंदू धर्म-ग्रंथों के अनुसार नाग महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कदरू की संतान हैं। पुराणों के अनुसार सूर्य के रथ में बारह सर्प (नाग) विराजमान हैं। यही नाग प्रत्येक माह रथ के वाहक बनते हैं। हमारे धर्म ग्रंथ में आए कथानकों के अनुसार शेषनाग ही रामावतार में लक्ष्मण और कृष्णावतार में बलराम के रूप में अवतरित हुए थे।

मोहनजोदड़ो, हड़प्पा और सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष इस बात के साक्षी हैं कि नागों के पूजन की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। मिस्त्र की सभ्यता भी अत्यंत प्राचीन है जहां आज भी शेख हरेदी नामक पर्वत पर सांपों की पूजा की जाती है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में नाग पंचमी का उत्सव सपेरों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। देखा जा रहा है कि पर्वतीय प्रदेशों में नाग पूजा का प्रचलन अधिक है। सुप्रसिद्ध संस्कृत कवि कल्हण ने राज तरंगिणी ग्रंथ में कश्मीर की धरती का दिव्य सपेरों से संबंध बताया है। अनंतनाग नामक स्थान इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है। यह मान्यता भी है कि नाग पंचमी के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा कालिया मर्दन लीला हुई थी। इसी तरह भविष्य पुराण में कथानक है कि देवासुर संग्राम में हुए समुद्र मंथन से उच्चश्रवा नामक अश्व ( घोड़ा ) निकला था। उसे देखकर नाग माता कदरू ने अपनी सौत विनीता से कहा इस घोड़े का रंग सफेद है, परंतु बाल काले दिखाई पड़ते हैं। इस बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। पुत्र नागों द्वारा विरोध करने पर कदरू ने क्रोधित होकर उन्हें राजा जन्मेजय द्वारा किए जाने वाले सर्प यज्ञ के दौरान भस्म हो जाने का श्राप दे डाला। तब ब्रह्माजी के वरदान से आस्तिक मुनि ने सर्प यज्ञ को रोककर नागों के प्राणों की रक्षा की। मान्यता है कि ब्रह्मा जी द्वारा पंचमी के दिन वरदान दिए जाने और पंचमी के दिन ही आस्तिक मुनि द्वारा नागों की रक्षा किए जाने के कारण पंचमी तिथि नागों को समर्पित कर दी गई।

नागपंचमी पर मुख्यत: पांच पौराणिक नागों की पूजा होती है- अनंत, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक एवं पिंगल। असंख्य फन वाले अनंत शेषनाग की शैय्या पर भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। वासुकी नाग को मंदराचल में लपेटकर समुद्र मंथन हुआ था। तक्षक के डसने से राजा परीक्षित की मृत्यु हुई थी। नागवंशी कर्कोटक के छल से रुष्ट होकर नारद जी ने उसे श्राप दिया था। हिंदू व बौद्ध साहित्य में पिंगल को कलिंग में छिपे खजाने का संरक्षक माना गया है।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# तासीर टमाटर की

वर्तमान में देश में कई चर्चित मुद्दे हैं जिनमें टमाटर की बढ़ी कीमत भी एक प्रमुख है। बढ़ी हुई कीमतों से यह हमारे भोजन की थाली से तो दूर हुआ ही है, परंतु इसकी लूट की भी कई घटनाएं हुई हैं। प्रमुख सब्जी के रूप में प्रचलित टमाटर की खोज 15वीं सदी में हुई थी। एक मान्यता के अनुसार टमाटर 700 ईसा पूर्व भी मौजूद था। मैक्सिको के आदिवासी अपनी भाषा में इसे 'टोमेटो' कहते थे। आदिवासियों का शब्द 'टोमेटो' अंग्रेजी में ऐसे ही स्वीकार कर लिया गया।

दक्षिणी अमेरिका के पेरू में पहली बार टमाटर की खेती की गयी थी। टमाटर की खोज के समय यह स्पष्ट नहीं था कि यह विषैला है या खाने योग्य। यूरोप में टमाटर 15वीं सदी में ही पहुंच गया था, परंतु वहां लोग इसे 200 वर्षो तक खाने से डरते रहे एवं इसे 'पाइजन-एपल' कहा गया। इसका कारण यह था कि कई लोग टमाटर खाकर मर जाते थे। बाद में अध्ययन करने पर पाया गया कि मौत का कारण टमाटर नहीं, अपितु सीसे (लेड) की परत वाली प्लेट थी जिसमें रखकर टमाटर खाये जाते थे। 'ऐपीडी साइट' का कारण मानते रहे। बाद में हुए कुछ अध्ययनों से पता चला कि इसका फल तो खाने योग्य है, परंतु इसकी पत्तियां एवं तना विषैला हो सकते हैं। फल को खाने योग्य माने जाने के बाद इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ी। इटली एवं स्पेन के लोगों ने इसकी खेती शुरू की एवं इसका नाम 'गोल्डन-एपल' रखा गया। फ्रांस में टमाटर को 'लव-एपल' कहा गया।

26 सितम्बर, 1820 को सेलम के कर्नल राबर्ट जॉनसन द्वारा दो-ढाई हजार लोगों के सामने टोकनी भर टमाटर खाने एवं कुछ नहीं होने पर अमेरिकी लोगों ने इसे फल व सब्जी के रूप में मान्य किया। अमेरिका के ही एक व्यापारी ने 1893 में यह दावा किया कि टमाटर एक फल है इसलिए इस पर सब्जी-कर नहीं लिया जाए। वहां के उच्च न्यायालय ने इस दावे पर निर्णय दिया कि टमाटर ज्यादातर सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है, अत: यह कर योग्य है। वर्तमान में टमाटर आलू एवं प्याज के समान ही लोकप्रिय है एवं विश्व की 10 लोकप्रिय सब्जियों में 06 वें स्थान पर है।

वनस्पति विज्ञान में इस शाकीय पौधे को 'लाइकोपर्सिकम एस्कुलेंटम' कहते हैं जो 'सोलोनेसी कुल' का सदस्य है। यह विटामिन ए व सी के साथ पोटेशियम, कैल्शियम तथा फास्फोरस का भी अच्छा स्त्रोत है। फल को लाल रंग देने वाला रसायन 'लायकोपीन' कैंसर तथा हृदय रोग की रोकथाम में भी कारगर बताया गया है। पके फलों से इस रसायन को हमारा शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसके अन्य औषधीय गुणों को जानने के लिए अनुसंधान किये जा रहे हैं। स्पेन के ब्यूनाल में एक-दूसरे पर टमाटर फेंकने और उसके रस में भीगने का एक वार्षिक त्यौहार 'ला-टामेटिया' मनाया जाता है। इसे मनाने हेतु लगभग एक लाख किलो टमाटर का उपयोग किया जाता है।

हमारे देश में यह 16वीं सदी के प्रारंभ में पुर्तगालियों द्वारा लाया गया था। उस समय लोग इसे 'विलायती बैंगन' कहते थे। वर्तमान में इसकी खेती ज्यादातर राज्यों में की जाती है, उनमें प्रमुख हैं-महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश एवं कर्नाटक। हमारे देश के अलावा चीन, तुर्की, ईरान, स्पेन एवं ब्राजील में भी यह काफी उगाया जाता है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण कृषि वैज्ञानिकों ने इसकी कई किस्में तैयार की हैं। इन किस्मों में आकार, स्वाद एवं रंग में काफी भिन्नता है।

छोटी चेरी तथा ग्रेप किस्मों के टमाटर छोटे होने के कारण पूरे खाये जाते हैं। 'भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्था' के वैज्ञानिकों ने ऐसी किस्म तैयार की है जिसके एक पौधे पर 19-20 किलो टमाटर लगते हैं। कर्नाटक में कुछ वर्षों पूर्व इसकी खेती प्रारंभ की गयी थी। 'उत्तराखंड राज्य जैव-विविधता परिषद' के वैज्ञानिक इसकी एक झाड़ी समान विदेशी प्रजाति 'टमरै-लो' को भी उगाने का प्रयास कर रहे हैं।

**- डॉ. ओ.पी. जोशी**

## पेरू में सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू के दक्षिण-पश्चिमी विभाग हुआनकेवेलिका में शनिवार सुबह एक बस के 150 मीटर गहरी खाई में गिरने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। लोक और भूमि परिवहन विभाग के अधीक्षक ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि यह दुर्घटना लॉस लिबर्टाडोरेस रोड पर स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2:30 बजे हुई। जब बस अयाकुचो विभाग में विलकशुमन से निकलने के बाद लीमा की ओर जा रही थी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो से पता चलता है कि एक्सप्रेसो इंटरनेशनल पम्पास एस.ए.सी. कंपनी का वाहन लगभग नष्ट हो गया था।

# बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत, 15 झुलसे

**इस्लामाबाद,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के हफीजाबाद जिले में रविवार को एक पिकअप वैन से

■ **पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के हफीजाबाद जिले की है घटना**

टकराने के बाद एक बस में आग लग गयी जिससे 20 से अधिक लोगों की जलकर मौत हो गई और 15 अन्य झुलस गए। बचाव एवं स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों ने कहा कि फैसलाबाद टोल प्लाजा पर एक बस ईंधन के ड्रम ले जा रह रहे एक पिकअप वैन से टकरा गई, जिसके बस में आग लग गई। इस हादसे



में कम से कम 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 15 अन्य झुलस गये। सूचना मिलने पर बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। हादसे के समय बस कराची से इस्लामाबाद जा रही थी।

## पाकिस्तान में बम धमाके में 11 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम विस्फोट से कम से कम 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। बचाव एवं राहत सेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट जिले के शवाल इलाके में हुआ, जिसमें मजदूरों को ले जा रहे एक वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन में कुल 16 मजदूर सवार थे। बचाव सेवा ने कहा कि विस्फोट के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और इलाके की घेराबंदी कर दी।

## पाकिस्तान में गिरफ्तार 13 लोगों में प्रमुख आतंकी कमांडर भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों के दौरान 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें तीन आतंकवादी कमांडर भी शामिल हैं। सीटीडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट के तीन हाई-प्रोफाइल आतंकवादी कमांडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रांत के विभिन्न जिलों में चलाए गए थे। विभाग ने कहा कि आतंकवादी प्रांत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस की समय पर कार्रवाई ने प्रांत को एक बड़ी आपदा से बचा लिया। सीटीडी के बयान में कहा गया, सीटीडी एक सुरक्षित पंजाब के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है और अधिकारी आतंकवाद के संकट को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीटीडी कर्मियों ने ऑपरेशन के दौरान तात्कालिक विस्फोटक उपकरण, डेटोनेटर और विस्फोटक सहित हथियारों का एक जखीरा भी जब्त किया। पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

## मुकदमे के बाद ट्रंप को सहानुभूति में मिले लाखों डॉलर

**वाशिंगटन,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में फुल्टन काउंटी डीए फानी विलिस द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और

■ **पिछले तीन अभियोगों में भी इसी तरह का पैटर्न देखा गया**

उनके सहयोगियों के खिलाफ व्यापक अभियोग की घोषणा के तुरंत बाद एक धन जुटाने वाले ईमेल का खुलासा हुआ। पिछले तीन अभियोगों में भी इसी तरह का पैटर्न देखा गया। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, उनके अभियान ने पहले दो अभियोग के दौरान लाखों की राशि जुटाई। अंतिम दो का विवरण सितंबर में समाप्त होने वाली इस तिमाही की घोषणा की समय सीमा के बाद ही उपलब्ध होगा। ट्रंप समर्थकों को ईमेल में कहा गया है कि अभियोग व्हाइट हाउस को बाइडेन के नियंत्रण में रखने और 2024 के चुनाव के अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को जेल में डालने के प्रयास में डेमोक्रेट की ओर से



चुनाव में हस्तक्षेप है। एक पॉर्न स्टार को गुप्त धन के भुगतान के संबंध में बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मैनहट्टन मामले में मार्च में अभियोग के बाद, ट्रंप के धन उगाहने वाली समिति ने बताया कि उन्होंने अगले तीन हफ्तों में 68 प्रतिशत अधिक राशि जुटाई। अन्य रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने अभियोग के बाद सप्ताह में 13.5 मिलियन डॉलर जुटाए। और उनके लिए इस चुनाव चक्र में दान 4 अप्रैल को अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिस दिन इस मामले में मैनहट्टन अदालत में उन पर मुकदमा चलाया गया - उस दिन का धन संग्रह 3.9 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 21 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा। घर का वातावरण आनंददायी रहेगा। आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय और नौकरी में संतोष का अनुभव करेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृषभ -आज आकस्मिक खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थियों का पढ़ने-लिखने में ध्यान रहेगा। दोपहर के बाद घर-परिवार के लोगों के साथ आनंददायक समय गुजरेगा। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुन -आज आपको जमीन, मकान या वाहन आदि के कामकाज में बहुत सावधानी बरतना होगी। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ेगा। संतान के विषय में आपको चिंता होगी। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में बाधा आएगी।

कर्क -आज का दिन आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे।

सिंह -आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें। आपको अपनों से लाभ होगा।

कन्या -आज का आपका दिन शुभ फलदायी है। अपनी वाणी से आप लाभदायी और प्रेम भरे सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी होगा।

तुला -आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण मित्रों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। कोर्ट-कचहरी के काम से आज संभलकर चलें।

वृश्चिक -आप को अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा।

धनु -आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

मकर -आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है।

कुंभ -आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे। धार्मिक यात्रा हो सकती है।

मीन -आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1689 - स्कॉटलैंड में डंकल्ड का युद्ध हुआ।
1718 - तुर्की और वेनिस के बीच शांति संधि हुई।
1772 -स्वीडन में गुस्ताव तृतीय ने 50 वर्ष पुराने संसद के शासन को समाप्त कर तानाशाही स्थापित की।
1790 - जनरल मेडोस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने डिंडिगुल पर कब्जा जमाया।
1842 - तस्मानिया के शहर होबर्ट की स्थापना हुई।
1915 -पहले विश्व युद्ध के दौरान इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1938 -इटली के हाई स्कूलों में यहूदी शिक्षकों पर प्रतिबंध लगा।
1944 -अमरीका, ब्रिटेन,रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र के संगठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की
1963 - बुद्ध मंदिर पैगोडा में छापे के विरोध में दक्षिण वियतनाम में मार्शल लॉ की घोषणा की गई।
1965 -यूरोपीय देश रोमानिया में संविधान को अंगीकार किया गया।
1968 -चेकोस्लोवाकिया के स्थानीय रेडियो द्वारा पराग्वे पर सोवियत संघ के नेतृत्व में हमले की घोषणा की गई।
1972 -वन्यजीव संरक्षण अधिनियम संसद में पारित।
1983 - फिलीपींस के विपक्षी नेता बेनिग्रो एस। एक्विनो की स्वैच्छिक निर्वासन के पश्चात् वापसी, भूमि पर क़दम रखते ही गोली मारकर उनकी हत्या।
1986 - कैमरून में ज्वालामुखी विस्फोट से निकली जहरीली गैस के कारण लगभग हजारों लोगों की मौत हो गई।
1988 - भारत नेपाल सीमा पर आये तीव्र भूकंप से एक हज़ार लोगों की मौत।

## ब्रिटिश कोलंबिया ने लगाया यात्रा प्रतिबंध

**ओटावा,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा की ब्रिटिश कोलंबिया सरकार ने शनिवार को कहा कि वह आपातकाल की स्थिति के बीच जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में गैर-जरूरी यात्रा पर प्रतिबंध लागू करेगी। प्रांत के प्रमुख डेविड एबी ने शनिवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में वहां से हटाये गये लोगों के लिए आवास खाली करने के आदेश की घोषणा की। सरकार ने हजारों लोगों को उनके घरों से निकाले जाने की वजह से प्रांतीय आपातकाल की घोषणा कर दी है। आदेश के तहत सरकार अस्थायी आवास में रहने की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए केलोना, कमलूप्स, ओलिवर, ओसियोस, पेंटिक्टन और वर्नोन सहित समुदायों की पर्यटक-संबंधित, गैर-आवश्यक यात्रा को प्रतिबंधित कर रही है। एबी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वहां से निकलने वाले या आग से प्रभावित लोगों के लिए पर्याप्त अस्थायी आवास उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पूरे प्रांत में करीब 35 हजार लोगों को निकासी के आदेश दिए गए हैं और अन्य 30 हजार लोगों को निकासी की चेतावनी पर रखा गया है।

## यूक्रेन ने किया रूस के कुर्स्क में रेलवे स्टेशन पर हमला

**मॉस्को,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया जिसमें पांच लोग घायल हो गए हैं। कुर्स्क के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टेलीग्राम' पर कहा, कुर्स्क में यूक्रेन ने किया ड्रोन हमला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ड्रोन रेलवे स्टेशन की इमारत की छत से टकरा गया जिससे छत पर आग लग गई। कांच के टुकड़ों से पांच लोग घायल हो गए। गवर्नर ने बताया कि हमले में स्टेशन की छत, आगे का हिस्सा और प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, छत, आगे का हिस्सा और पहला प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही विस्फोट की धमक से प्रतीक्षालय और पैदल यात्री सुरंग को भी नुकसान पहुंचा है। हम जल्द से जल्द मरम्मत का काम शुरू करेंगे। निरीक्षण के बाद सवारी ट्रेनें अब स्टेशन में प्रवेश किए



बिना उत्तर और दक्षिण की ओर से जा रही हैं। उन्होंने बताया कि, विस्फोट के समय इमारत में 50 यात्री थे, जिन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया गया। जून की शुरुआत में यूक्रेन जवाबी कार्रवाई शुरू करने के बाद से प्रतिदिन रूस के क्षेत्र में ड्रोन से हमले कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस कार्रवाई की निंदा की है।

## रूस के बुराटिया बाढ़ के चलते आपातकाल घोषित

**मॉस्को।** रूस के बुराटिया गणराज्य में एक बांध टूटने, नदी से पानी बहने और रेलवे ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। क्षेत्रीय प्रमुख ने रविवार को यह जानकारी दी। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, बुराटिया के प्रमुख एलेक्सी त्सिडेनोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा कि उन्होंने सेवेरो-बाइकाल्स्की जिले की स्थिति पर एक आयोग का गठन किया, जहां कोल्ड रिवर और बैकाल-अमूर मेनलाइन (बीएएम) भारी वर्षा से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि राहत प्रयासों के समन्वय के लिए एक मुख्यालय का गठन किया गया है और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए सड़क और निर्माण उपकरण का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्तर कम हो रहा है और लोगों को कोई खतरा नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### तीन साल बाद भी ...

रखे हैं पर उनकी वापसी का मुद्दा 18वें दौर की बातचीत में आंशिक तौर पर सुलझ पाया था। सूत्रों के अनुसार, हाट स्प्रिंग्स में, इनकी संख्या 100 से 200 के बीच है। पर इतना जरूर था कि गलवान में हुई झड़प के बाद जुलाई 2020 में जब दोनों पक्षों में बातचीत हुई तो हाटस्प्रिंग्स, जिसे पैट्रोल प्वाइंट 15 भी कहा जाता है, दोनों पक्षों ने अपने 2 से 3 हजार सैनिकों को पीछे हटा लिया था। पर भारतीय पक्ष गश्त आरंभ नहीं कर पाया। सिर्फ हाट स्प्रिंग्स अर्थात पीपी 15 ही नहीं बल्कि अन्य कई ऐसे इलाके भी हैं जहां फिलहाल भारतीय पक्ष तीन सालों से गश्त नहीं कर पा रहा है। इसके पीछे का कारण पहले चीनी सेना की आपत्ति थी फिर दोनों पक्षों में होने वाली 'सहमति' थी जिसके तहत उन इलाकों को बफर जोन्स बना दिया गया था जहां से दोनों पक्ष सैनिक हटाने को राजी हुए और बाद में वे मई 2020 के स्थानों पर लौट गए थे। इनमें गलवान वैली, गोगरा हाइट्स, पैंगांग झील का उत्तरी तट तथा कैलाश रेंज भी शामिल हैं।

### महासमुंद नगर निगम...

के विस्तार की हो आज छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हमनें व्यक्ति को इकाई मानकर विकास का काम किया है। प्रशासनिक इकाईयों को छोटा किया गया है। हमने किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए धान संग्रहण केंद्रों को भी किसानों के पास लाने का काम किया। संग्रहण केंद्रों और खरीदी केंद्रों को बढ़ाया जिसके कारण धान खरीदी बढ़ी लेकिन न बोरे की कमी हुई न लाइन लगी न ही किसानों को पैसे पहुंचने में कोई दिक्कत हुई। जिले के 704 करोड़ रुपए के 224 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास,भूमिपूजन किया गया। इनमें 71 करोड़ 08 लाख रुपए लागत के 132 कार्यों का लोकापर्ण तथा 632 करोड़ 88 लाख रूपए लागत के 92 कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास शामिल है। समारोह में प्रदेश की 18 नयी तहसीलों और 13 नये अनुविभागीय कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में अब 250 तहसीलें और 122 अनुविभाग हो जाएंगे। पौने पांच सालों में हमने 06 नये जिलों का गठन किया है। प्रदेश में जिलों की संख्या 33 हो चुकी है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ शिव डहरिया, अमरजीत भगत, मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद श्रीमती फुलोदेवी नेताम, संसदीय सचिव एवं महासमुन्द विधायक विनोद चन्द्राकर, बसना विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्रीमती सोनिया गांधी ने न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, लोकसभा सांसद दीपक बैज एवं संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष महासमुन्द यतेन्द्र साहू, डॉ रश्मि चंद्राकर मंच पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री का कलेक्टर, एसपी समेत सेवनलाल चंद्राकर,मकसूदन लाल चंद्राकर,संजय शर्मा, त्रिलोकीराधेश्याम ध्रुव, किशन बंजारे, दिलीप जैन, सुनील शर्मा, द्रोण चंद्राकर, राधेलाल सिन्हा, सिटू सलूजा, निखिलचंद्राकर, खिलावन बघेल, अमर अरूण चंद्राकर, मोहित चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, सोमेश दवे, नपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर समेत सरायपाली, बसना, खल्लारी विधानसभा के जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री समेत सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### 50 मीटर गहरी खाई में गिरी...

दिया। इससे बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए 50 मीटर गहरी खाई में लुढ़कने के बाद पेड़ों के बीच जाकर अटक गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा- हादसे में कुछ लोगों की जान जाने और कुछ के घायल होने की खबर मिली है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। ईश्वर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा को शांति दे। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### नगरनार प्लांट को लेकर...

बस्तर के लोगों के साथ खड़े हैं उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए जो भी हमें लड़ाई लड़नी पड़ेगी, हम लड़ेंगे। उन्होंने ऐसा नियम ही रखा है कि हम पार्टिसिपेट नहीं कर सकते जबकि विधानसभा से पारित होकर गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में कई बार उनकी केंद्रीय मंत्रियों से बात हुई है कि इसे खुद चलाएं या राज्य सरकार को दे दें लेकिन सारे सार्वजनिक उपक्रम बेचने की तैयारी में है और ये प्रदेश के लिए और देश के लिए सही नहीं है।

लद्दाख के चारागाह चीन के कब्जे में-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा आज राहुल गांधी लद्दाख में है और लद्दाख में उन्होंने बताया है लद्दाख के लोग जो चारागाह भूमि जहां चराने ले जाते थे अब वह नहीं जा सकते क्योंकि वह भूमि चीन के कब्जे में है एक तरफ प्रधानमंत्री और भारत सरकार कहते हैं 1 इंच भी जमीन उनके कब्जे में नहीं है वहीं दूसरी तरफ लद्दाख के लोग कह रहे हैं चरागाह की जमीन चीन के कब्जे में है।

भाजपा कर रही है हमारी नकल- 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जनता से घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगा था। इस बार भी कांग्रेस ई-मेल के जरिए सुझाव ले रही है वहीं भाजपा सुझाव पेटी के जरिए जनता से राय मांग रही है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने भाजपा पर कांग्रेस की कॉपी करने का आरोप लगाया। उन्हों कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आए थे, पहले क्या वे छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो लगाते थे? लेकिन इस समय लगाए थे। अमित शाह पोला त्यौहार के दिन आए और बैलों की पूजा की। जो हम कर रहे हैं, उसके पीछे-पीछे वे सब कर रहे हैं।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति का...

श्री वेणुगोपाल ने बताया कि कार्य समिति में वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हामिद कारा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, गिरीश चडोनकर, सुब्बी रमारेड्डी, के राजू,चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फूलोदेवी नेताम,डीआर नरसिम्हा और सुदीप रॉय बर्मन, डॉ ए चेल्ला कुमार, भक्त चरण दास, डा अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, माणिक टैगोर, सुखविंदर सिंह रंधावा, माणिक राव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सिंह सप्पल, सचिन राव, मनीष चैतरथ तथा देवेंद्र यादव को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पल्लमराजू, पवन कुमार खेड़ा, गणेश गोदियाल, के सुरेश, यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, प्रणीति शिंदे, अलका लांबा और वी चंद रेड्डी शामिल हैं। पार्टी ने अपने चारों संगठनों युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी, एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन, महिला कांग्रेस की प्रमुख नित्ता डिसूजा तथा सेवा दल के प्रमुख लालजी देसाई को समिति का पदेन सदस्य बनाया है।

### 65 से ज्यादा वर्तमान सांसदों का...

के हाई प्रोफाइल नेताओं को हराने वाले कई सांसदों को भी इस बार अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में जाकर लोगों से संपर्क करने और स्थानीय संगठन के नेताओं से बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा गया है। संदेश बिल्कुल साफ है कि अगर उनकी रिपोर्ट कार्ड में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी उनका टिकट काटने में भी संकोच नहीं करेगी।

उत्तर प्रदेश से जिन सांसदों पर टिकट कटने की तलवार लटक रही है, उसमें कई ऐसे सांसद भी हैं जो वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा ने चुनाव जीत सकने वाले कई ऐसे नेताओं की भी अलग से एक लिस्ट बनाई है जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश में विधायक हैं और उनमें से कई योगी सरकार में मंत्री हैं या योगी सरकार में पहले मंत्री रह चुके हैं। यूपी की कई सीटों पर पार्टी अपने वर्तमान सांसदों का टिकट काटकर इन्हें चुनावी मैदान में उतार सकती है।

**बयान से चर्चा में रहने वाले का टिकट भी मुश्किल में**

बिहार की बात करें तो पार्टी अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले एक वर्तमान केंद्रीय मंत्री का टिकट भी 2024 के लोक सभा चुनाव में काट सकती है। हालांकि वह अपना संसदीय क्षेत्र बदलने की गुहार आलाकमान से लगा रहे हैं। बिहार से टिकट कटने वाले सांसदों की लिस्ट में तीन पूर्व केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। दिल्ली में पार्टी अपने एक पूर्व दिवंगत केंद्रीय मंत्री के परिवार के सदस्य को लोक सभा चुनाव में उतार सकती है। दिल्ली के एक लोक सभा सांसद को पार्टी दूसरे राज्य से चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है तो वहीं दो अन्य सांसदों के टिकट काटने की भी तैयारी चल रही है। हरियाणा में पार्टी इस बार 5 सीटों पर उम्मीदवार बदलने की तैयारी कर रही है। तो वहीं इसके साथ ही भाजपा मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल और यहां तक कि अपने सबसे मजबूत गढ़ गुजरात में भी कई वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर रही है।

## सुडोकू 6292

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6292

**बायें से दायें:-**

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीनी
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा, मापतौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया हुआ, ढाक या छिपा हुआ
९. धन-दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्यप्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

## वर्ग पहेली-6291

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## प्रोस्टेट कैंसर की दवा कोविड से लड़ने में कर सकती है मदद

**न्यूयॉर्क,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पाया है कि प्रोस्टेट कैंसर से लड़ने वाली एक दवा कोविड और इसके वेरिएंट के खिलाफ भी मदद कर सकती है। कोविड महामारी की शुरुआत में, पुरुषों को गंभीर बीमारी और मृत्यु की उच्च दर का सामना करना पड़ा, जिससे शोधकर्ताओं को एण्ड्रोजन रिसेप्टर्स - जो टेस्टोस्टेरोन जैसे हार्मोन से जुड़ते हैं - और सार्स -सीओवी-2 वायरल संक्रमण के बीच संबंध पर संदेह हुआ। इस अवलोकन ने मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को प्रोक्सालुटामाइड नामक प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए एक दवा पर गौर करने के लिए प्रेरित किया, जो टीएमपीआरएसएस 2 नामक एंजाइम को अवरुद्ध कर काम करता है, जो एण्ड्रोजन रिसेप्टर्स द्वारा नियंत्रित होता है, कोविड के एक संभावित इलाज के रूप में। मिशिगन सेंटर फॉर ट्रांसलेशनल पैथोलॉजी के निदेशक और पैथोलॉजी के प्रोफेसर अरुल चिन्नैयन ने कहा, हम पहले से ही 50 प्रतिशत से अधिक प्रोस्टेट कैंसर के प्रमुख जीन ड्राइवर के हिस्से के रूप में टीएमपीआरएसएस2 का अध्ययन कर रहे थे।

# खेल जगत

## विश्व कप कार्यक्रम में जो भी समस्या आयेगी, उसका निदान करेंगे: शुक्ला

**लखनऊ,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में नौ और 10 अक्टूबर को होने वाले विश्व कप मैचों की तारीख में बदलाव की अटकलों पर विराम लगाते हुए रविवार को कहा कि आगे आने वाली किसी भी समस्या के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने बीसीसीआई को सूचित किया था कि नौ और 10 अक्टूबर को लगातार दो दिन मैचों की मेज़बानी करने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं सामने आ सकती हैं। उप्पल स्टेडियम में नौ अक्टूबर को नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का मुकाबला होना है, वहीं 10 अक्टूबर को पाकिस्तान और श्रीलंका आमने-सामने होंगे। शुक्ला ने एक बयान में कहा, 'मैं विश्व कप में हैदराबाद स्थल का प्रभारी हूं। अगर कोई भी समस्या पेश आयेगी, तो उसके निदान की कोशिश करूंगा।'



# हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कैंप के लिए 39 संभावितों का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में 21 अगस्त से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 39 सदस्यीय मुख्य संभावित समूह की रविवार को घोषणा की। यह शिविर खिलाड़ियों के लिए चीन में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले महत्वपूर्ण हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने और टीम में जगह बनाने का एक बड़ा मौका होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारत को पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। हाल ही में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ एशियाई खेलों में उतरेगी।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत अजेय रहा, उसने अपना पहला गेम चीन के खिलाफ 7-2 से जीता। जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला और मलेशिया को 5-0 से हराया, साथ ही दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। सबसे रोमांचक मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ रहा, जहां भारत ने ग्रुप-स्टेज गेम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से हराया।

नॉकआउट राउंड में भारत ने सेमीफाइनल में जापान को 5-0 से हराया और फाइनल में शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों में, हमने दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में आगे बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत कर रहे हैं, जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्थान सुरक्षित करने का हमारा मार्ग हो सकता है। इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'शिविर हमारे लिए कुछ क्षेत्रों में काम करने और एक टीम के रूप में मिलकर काम करने का अवसर होगा। हमने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में ठोस टीम प्रदर्शन किया और हमारे लिए उसी गति को जारी रखना महत्वपूर्ण है।



### भारत के 39 सदस्यीय मुख्य-संभावित समूह में खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान

डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत

मिडफील्डर: मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो.राहील मौसीन, मनिंदर सिंह

फॉरवर्ड: एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

## जर्मनी के खिलाफ 2-3 से हारी भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 4 देशों के टूर्नामेंट, डसेलडोर्फ-2023 में मेजबान जर्मनी से 2-3 से हार गई। सुदीप चिरमाको (7%, 60%) ने भारत के लिए दो गोल किए, जबकि मिशेल स्ट्रथॉफ (41%), बेन हस्बैक (53%) और फ्लोरियन स्पर्लिंग (55%) ने जर्मनी के लिए गोल किए। स्पेन पर 6-2 की जीत के साथ भारतीय टीम मैदान पर जर्मनी के खिलाफ उतरी। इस मैच में भी भारत ने शुरुआती बढ़त बना ली थी। मैच के सातवें मिनट में सुदीप ने भारत को बढ़त दिला दी। जर्मनी की लाख कोशिशों के बावजूद भारत पहले क्वार्टर के अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। जहां जर्मनी दूसरे क्वार्टर में बराबरी की तलाश में था, वहीं भारत ने भी अपनी बढ़त मजबूत करने के लिए एक और गोल करने का इरादा दिखाया। लेकिन दोनों टीमों ने अच्छा बचाव किया और भारत ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ की शुरुआत में जर्मनी ने मैच का अपना पहला गोल हासिल करने के लिए तेजी दिखाई, लेकिन भारत अच्छी तरह से बचाव करने में सफल रहा। हालांकि, मिशेल स्ट्रथॉफ ने 41वें मिनट में भारत के डिफेंस को तोड़ते हुए अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। तीसरे क्वार्टर के अंत में स्कोर 1-1 से बराबर रहा। जब मैच में 15 मिनट बचे थे और स्कोर बराबरी पर था। तो, दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। लेकिन मैच के अंतिम मिनटों में जर्मनी ने दमदार कमबैक किया। 53वें मिनट में बेन हसबैक ने दूसरा गोल करके जर्मनी को आगे कर दिया और दो मिनट बाद फ्लोरियन स्पर्लिंग ने तीसरा गोल करके जर्मनी की बढ़त को और बढ़ा दिया।

# 'यह रजत था, मेरे समर्पण का चमकता प्रतीक: सिंधु

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। इन दिनों पीवी सिंधु अपनी खोई हुई फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस बीच उन्होंने अपने जीवन, संघर्ष और उपलब्धि को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (X) पर दिल की बात लिखी है। 20 अगस्त, 2016 का जिक्र करते हुए पीवी सिंधु ने अपने सबसे खास मैच को याद किया, जब उन्होंने रियो ओलंपिक में महिला एकल फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारने के बाद रजत पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारतीय शटलर का प्रदर्शन शानदार रहा और फाइनल मैच में भी सिंधु ने मारिन को कड़ी टक्कर दी थी। निश्चित रूप से यह मैच सिंधु के लिए बेहद खास है क्योंकि उन्होंने अपना पहला ओलंपिक मेडल जीता था।

इसके बाद वो 2019 में भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। धीरे-धीरे उनके मेडलों की गिनती आगे बढ़ती रही। सिंधु ने X पर लिखा, 'सात साल पहले, मैंने एक ऐसी यात्रा शुरू की जिसने मेरे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। पीछे मुड़कर देखने पर, यह विश्वास करना कठिन है कि उस महत्वपूर्ण दिन को सात साल हो गए हैं जब मैंने गर्व से रियो में अपना पहला ओलंपिक पदक जीता था। यह एक रजत पदक था, जो मेरे समर्पण, कड़ी मेहनत और मेरे कोचों, टीम के साथियों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन का एक चमकता प्रतीक था।' रियो में फाइनल मैच में, 21 वर्षीय सिंधु ने शुरुआती गेम जीतने के बाद एक गेम की बढ़त बना ली थी। लेकिन मारिन ने एक गेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और भारतीय खिलाड़ी ने अंततः इस बेहद रोमांचक मैच में 21-19, 12-21,



15-21 के स्कोर के साथ स्पेनिश खिलाड़ी के सामने घुटने टेक दिए।

28 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पांच विश्व चैंपियनशिप पदक हैं, जिनमें विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य (2013, 2014), दो रजत पदक (2017, 2018) और एक स्वर्ण पदक (2019) शामिल हैं। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में रजत, टोक्यो ओलंपिक में कांस्य और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता।

हालांकि, इस सीज़न में चीजें उनके मुताबिक नहीं रहीं क्योंकि अब तक उनका सीज़न खराब रहा है और वह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर एक भी खिताब जीतने में असफल रहीं। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने के उपरान्त लंबी चोट के बाद वापसी करने के बाद से शीर्ष भारतीय ने अपनी फॉर्म को हासिल करने के लिए काफी संघर्ष किया है।

# यूपीटी20 की ट्रॉफी, जर्सियों का हुआ अनावरण

**लखनऊ,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के एक नये युग की शुरुआत करते हुए यूपीटी20 लीग को आधिकारिक तौर पर रविवार को लॉन्च किया गया। यहां आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित ट्रॉफी के अनावरण के अलावा छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजियों की टीम जर्सी और लीग का एंथम भी लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के निदेशक आईपीएस डीएस चौहान सहित विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस समारोह में गोरखपुर लायंस, कानपुर सुपरस्टार, काशी रुद्र, लखनऊ फाल्कन्स, मेरठ मैवरिक्स और



नोएडा सुपर किंग्स सहित सभी फ्रेंचाइजियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। शुक्ला ने लीग के लिए अपना उत्साह और प्रत्याशा व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं रोमांचित और प्रसन्न हूं कि यूपीटी20 लीग लॉन्च हो गयी है। हम लंबे समय से अपनी खुद की लीग शुरू करने की योजना बना रहे हैं क्योंकि इसकी भारी मांग है। उत्तर प्रदेश में विशाल आबादी के साथ अधिक से अधिक खिलाड़ियों को समायोजित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना हमारे लिये एक चुनौती रही है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी में लगभग 25 खिलाड़ी होने की शर्त के साथ हमारा मानना है कि यह लीग उत्तर प्रदेश से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सामने लाने और भारतीय टीम को नयी प्रतिभाएं देने का एक बेहतरीन मंच है।' चौहान ने कहा, 'यह लीग ऐसे समय में उत्तर प्रदेश में आ रही है जब हमारा राज्य कई मोर्चों पर फल-फूल रहा है और खेल उस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह लीग कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका देगी, जिनमें साधारण घरों से आने वाले लोग भी शामिल हैं। मुझे विश्वास है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के लिये एक उच्च गुणवत्ता वाला टूर्नामेंट खड़ा कर सकेंगे।' यूपीटी20 लीग 30 अगस्त को शुरू होकर 16 सितंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में समाप्त होगा। आईपीएल नीलामी में बचे हुए कुछ महीनों को देखते हुए यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिये एक मंच देगी।

# यूएई की न्यूजीलैंड पर शानदार टी20 जीत पर अश्विन ने कहा, 'यह एक बड़ी उपलब्धि है'

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सात विकेट की शानदार जीत की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। शक्तिशाली ब्लैककैप्स पर खाड़ी पक्ष की जीत में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रभाव को दर्शाता है। मैच में, अयान अफ़ज़ल खान (3-20) और मुहम्मद जवादुल्लाह (2-16) की शानदार गेंदबाजी से यूएई ने न्यूजीलैंड को 142/8 पर रोक दिया। जवाब में, कप्तान मुहम्मद वसीम ने 29 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली, जबकि आसिफ खान ने 48 रन बनाए, जिससे यूएई ने 15.4 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली और सभी अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में पर्यटकों पर अपनी पहली जीत हासिल की। अश्विन ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'यूएई का न्यूजीलैंड को हराना एक बड़ी उपलब्धि है और यह हमें यह भी दिखा रहा है कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट क्या करने में सफल रहा है। उन देशों से आने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए उम्मीद है जो मुख्यधारा के टेस्ट देश नहीं हैं और यह खेल के लिए अच्छी खबर है।'

## सार संक्षेप

### भारत की अनहत सिंह ने एशियाई जूनियर स्क्वैश में अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण जीता

**मुंबई।** भारत के राष्ट्रमंडल खेलों की स्क्वैश स्टार अनहत सिंह ने रविवार को चीन के डालियान में आयोजित 30वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 16 से 20 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में 15 वर्षीय अनहत ने हांगकांग की एना क्वांग को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले, दिल्ली की स्क्वैश खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की डॉयस ली और सेमीफाइनल में मलेशिया की व्हिटनी इसाबेल विल्सन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह उनका दूसरा स्वर्ण और अनहत का अब तक का तीसरा पदक है, जो एशियाई जूनियर में पूर्व भारतीय स्टार ऋत्विक भट्टाचार्य से प्रशिक्षित हैं। उन्होंने 2022 में थाईलैंड में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर -15 वर्ग में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता और 2019 में मकाऊ में आयोजित एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर -13 वर्ग में कांस्य पदक जीता। इनके बीच कोविड के कारण प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई।

### इंटर मियामी को मेसी ने जिताई ट्रॉफी, नैशविले को पेनल्टी शूटआउट में 10-9 से हराया

**वाशिंगटन (यूएसए)।** अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी ने अपनी शानदार फॉर्म कायम रखते हुए शनिवार को इंटर मियामी को लीग्स कप फाइनल जिताया। लीग्स कप-2023 का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। इस मुकाबले में लियोनेल मेसी की इंटर मियामी और नैशविले के बीच टक्कर हुई। मैच काफी ज्यादा रोमांचक रहा और पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां जीत 10-9 से इंटर मियामी की हुई। अर्जेंटीना विश्व कप विजेता ने नैशविले के खिलाफ पहला गोल 23वें मिनट में किया। इसके करीब 30 मिनट बाद मेजबान टीम ने फाफा पिकॉल्ट के माध्यम से गोल दागा और इंटर मियामी की बराबरी की। निर्धारित 90 मिनट के दौरान दोनों टीमों के पास जीतने का मौका था। लेकिन दोनों ही टीमों ने शानदार डिफेंड किया। 120 मिनट तक स्कोर 1-1 की बराबरी

# पाकिस्तान के मैच तटस्थ देश में होते तो कार्यक्रम न बदलना पड़ता : सेठी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां) पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा है कि अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी सलाह पर पाकिस्तान के विश्व कप मैच तटस्थ देश में आयोजित करता तो कार्यक्रम में बार-बार बदलाव करने से बचा जा सकता था। सेठी ने रविवार को एक्स किया, 'बीसीसीआई को पाकिस्तान के विश्व कप मैच तटस्थ देश में खेलने के संबंध में मेरी सलाह लेनी चाहिए थी। वे अब हर कुछ दिनों में कार्यक्रम में प्रस्तावित बदलावों से परेशान हैं।' उल्लेखनीय है कि जिस तरह भारत अपने सभी एशिया कप मैच श्रीलंका में खेल रहा है, उसी तरह पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष सेठी ने अपने कार्यकाल के दौरान सलाह दी थी कि पाकिस्तान को अपने सभी विश्व कप मैच किसी तटस्थ देश में



खेलने चाहिये। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित विश्व कप मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर 15 अक्टूबर को होना था, लेकिन यह नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण अहमदाबाद पुलिस ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं व्यक्त कीं और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को इस मैच की तिथि बदलकर 14 अक्टूबर करनी पड़ी। इसी तरह पाकिस्तान और इंग्लैंड 12 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में भिड़ने वाले थे। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर बीसीसीआई को सूचित किया कि 12 नवंबर काली पूजा का दिन होने के कारण सुरक्षा संबंधी दिक्कते पेश आ सकती हैं और मैच की तारीख बदलकर 11 नवंबर करनी पड़ी।

# सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज़, जोकोविच

**मेसन,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेन के युवा सनसनी खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ और सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया है। टॉप सीड अल्काराज़ ने शनिवार को खेले गये रोमांचक सेमीफाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ को 2-6, 7-6(4), 6-3 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने जर्मनी के एलेक्ज़ेंडर ज़्वेरेव को 7-6(5), 7-5 से मात दी। अल्काराज का सफर सेमीफ़ाइनल में ही ख़त्म हो सकता था लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में 4-5 पर मैच पॉइंट बचाया और टाईब्रेकर में लगातार छह पॉइंट अर्जित करते हुए मैच को तीसरे सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट के चौथे गेम में अल्काराज़ ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और अंततः दो घंटे 16 मिनट में हर्काज़ को मात दी। अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक तौर पर कठिन सेमीफाइनल था। मुझे



वहां डटे रहने की ज़रूरत थी। मुझे कई ब्रेक पॉइंट मिले लेकिन मैं उनका फायदा नहीं उठा सका। मैच प्वाइंट बचाना कभी आसान नहीं होता लेकिन मेरे कोच के साथ हर समय सकारात्मक रहने और वहां बने रहने के बारे में बात हो रही थी। हमें पता था कि मुझे मौके मिलने वाले हैं। हुबी (हर्काज़) के खिलाफ हर मैच बहुत कठिन होता है लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मैं जीत सका।' दूसरी ओर, 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने दो घंटे चार मिनट में ज़्वेरेव को हराने के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि कुछ चीजें हैं जो मैं बेहतर कर सकता था, लेकिन कुल मिलाकर यह फॉर्म में चल रहे ज़्वेरेव जैसे खिलाड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में मिली जीत है। इसलिए मैं सही मायने में खुश हूं।' अपने करियर की 1,068वीं जीत के साथ, जोकोविच सर्वाधिक जीत के मामले में राफेल नडाल और इवान लेंडल के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। वह अब केवल रोजर फेडरर (1,251) और जिमी कॉनर्स (1,274) से पीछे हैं। करीब एक महीने पहले 15 जुलाई को अल्काराज़ ने जोकोविच को विंबलडन फाइनल में हराया था और सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में दोनों खिलाड़ी एक बार फिर आमने-सामने होंगे। साल 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी सरज़मीन पर खेल रहे जोकोविच ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गिराया है और वह अल्काराज़ के सामने भी इसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए अपने करियर का तीसरा सिनसिनाटी ओपन खिताब जीतना चाहेंगे।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद एशियाड पर वैष्णवी की नज़र

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। दस साल की उम्र में पांव में कांच चुभने के कारण बैडमिंटन करियर लगभग खत्म होने से लेकर पैरा-बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियन बनने तक वैष्णवी पुनेयानी ने अपने छोटे से जीवन में लंबा सफर तय किया है, और अब उनकी नज़रें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर जम गयी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली 17 वर्षीय पैरा-बैडमिंटन एथलीट वैष्णवी ने सोचा नहीं था कि वह पेशेवर तौर पर बैडमिंटन खेलेंगी। अपने पिता और भाई के साथ मैदान जाते-जाते बैडमिंटन में उनकी रूचि पैदा हुई, हालांकि 2015 में पैर में कांच लगने से उनके पेशेवर शटलर बनने के सपने को एक बड़ा झटका लगा। यह चोट वैष्णवी का मनोबल नहीं तोड़ सकी, लेकिन वह कोर्ट पर पहले की तरह नहीं खेल पा रही थीं।

वैष्णवी ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, 'पैर में कांच लगने से जख्म इतना गहरा था कि चोट पर प्लास्टर करवाना पड़ा और मैं दो-तीन महीने चल भी नहीं पाई। मैं उस चोट के बाद से अपना दायां पैर नहीं उठा पाती हूं। पैर की इस दिव्यांगता के बाद मैंने बैडमिंटन खेलना चाहा लेकिन ठीक से पैर न उठा पाने के कारण मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाई।' यहां वैष्णवी का सफर खत्म हो सकता था अगर उन्हें पैरा बैडमिंटन के बारे में न पता चला होता। उन्होंने कई कोचों से संपर्क किया और प्रशिक्षण हासिल करने के बाद अप्रैल 2022 में पैरा बैडमिंटन में एसएल4 श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। लखनऊ में गौरव खन्ना पैरा बैडमिंटन अकादमी में एक साल तक प्रशिक्षण लेने के बाद वैष्णवी ने अप्रैल 2022 में उत्तर प्रदेश राज्य चैंपियनशिप में दो पदक जीते, जबकि सितंबर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतरते हुए उन्होंने युगांडा पैरा बैडमिंटन 2022 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया।

वैष्णवी ने उत्तर प्रदेश से युगांडा तक अपनी छाप छोड़ दी थी, लेकिन उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव 2023 पैरा-बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी जहां उन्हें देश के धुरंधरों का



सामना करना था। वह इस परीक्षा में खरी उतरीं और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल सहित तीनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल किये। वैष्णवी ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने अनुभव पर कहा, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मैंने तीन गोल्ड मेडल जीते और महिला एकल में जो स्वर्ण आया वह पांच साल की राष्ट्रीय चैंपियन को हराकर आया। राष्ट्रीय चैंपियन बनना मेरे जीवन में एक अहम मोड़ साबित हुआ। इसके बाद कई अकादमियों ने मुझसे संपर्क किया। कई प्रायोजक भी संपर्क में हैं। यह मेरे करियर का एक अहम पड़ाव था।' गतिशीलता खोने से लेकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप बनने तक वैष्णवी के माता-पिता ही थे जो लगातार उनके साथ खड़े रहे और उन्हें संबल देते रहे। वैष्णवी बताती हैं कि लखनऊ में गौरव खन्ना अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान उनके माता-पिता उनके साथ रहे और अब वे उन्हें हैदराबाद में स्थित 'भारतीय बैडमिंटन का मक्का' कही जाने वाली पुलेला गोपीचंद अकादमी जाने के लिये भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार ने हमेशा मेरा समर्थन किया। जब मैंने लखनऊ में प्रशिक्षण लिया तब मेरे मां और पिता दिल्ली छोड़कर मेरे साथ रहे। वे हमेशा मुझे आगे बढ़ते रहने के लिये प्रेरित करते हैं और कहते हैं कि रुकना नहीं है। मैं अभी सिर्फ 17 साल की हूं इसलिये माता-पिता के मन में थोड़ा डर भी रहता है लेकिन जीवन में कुछ भी अपने आप नहीं मिल जाता। अगर आपको कुछ पाना है तो डर से आगे बढ़ना पड़ता है। अगर मैं हैदराबाद भी जाऊंगी तो मेरे माता-पिता मेरे साथ नहीं आ पायेंगे।

### सुडोकू 6292 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सरकार ने प्याज का बफर बढ़ा कर 5 लाख मेट्रिक टन किया

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 3 लाख मीट्रिक टन के शुरुआती खरीद लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस साल प्याज की बफर मात्रा को बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन

- **प्याज खुदरा दुकानों और एनसीसीएफ की मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जाएगा**
- **बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेज दिया गया**

(एलएमटी) कर दिया है। प्रमुख बाजारों में जारी करने के अलावा, सोमवार (21 अगस्त) से प्याज खुदरा दुकानों और एनसीसीएफ की मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य एजेंसियों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को शामिल कर आने वाले दिनों में प्याज की खुदरा बिक्री को उचित रूप से बढ़ाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीसीएफ और नैफेड को



1 लाख टन की खरीद करने का निर्देश दिया है।

बफर से प्याज का निपटान शुरू हो गया है, उन राज्यों के प्रमुख बाजारों को लक्षित करते हुए जहां खुदरा कीमतें औसत कीमत से ज्यादा हैं या पिछले महीने की तुलना में काफी अधिक हैं। आज तक, बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेज दिया गया है और उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

बफर के लिए खरीद, स्टॉक जारी करने और निर्यात शुल्क लगाने जैसे उपायों से सरकार की योजना प्याज की निरंतर उपलब्धता और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर लाभ प्रदान करने की है। प्याज की घरेलू उपलब्धता में सुधार के लिए सरकार ने शनिवार (19 अगस्त) को तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया था।

# मुरुगप्पा ग्रुप का पारिवारिक विवाद सुलझा

**चेन्नई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के सबसे पुराने व्यापारिक परिवारों में से एक - मुरुगप्पा - के दो युद्धरत गुटों ने अपने मतभेदों को दूर करते हुए कहा कि विवादों और मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जा रहा है। यहां जारी एक संयुक्त बयान में मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों ने कहा कि दिवंगत एम.वी. मुरुगप्पन की पारिवारिक शाखा सदस्य आपसी विवादों और मतभेदों को सुलझाने पर सहमत हुए हैं। परिवार के सदस्यों में वल्ली अरुणाचलम और वेल्लाची मुरुगप्पन एक तरफ हैं जबकि परिवार के बाकी सदस्य दूसरी तरफ। एम.वी. मुरुगप्पन के 2017 में देहावसान के बाद परिवार में मतभेद पैदा हो गए। अमेरिका में रहने वाली उनकी सबसे बड़ी बेटी वल्ली अरुणाचलम ने परिवार की हिस्सेदारी के आधार पर समूह की होल्डिंग कंपनी अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स की बोर्ड में जगह की मांग की थी। मुरुगप्पा परिवार के अन्य सदस्यों ने उनकी मांग खारिज कर दी।




रविवार को यहां जारी बयान के अनुसार, मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों ने पहले अपने-अपने सलाहकारों की उपस्थिति में एक बैठक में पारिवारिक व्यवस्था की शर्तों पर आपस में चर्चा की और निष्कर्ष निकाला। बयान में कहा गया है, 'यह समझ आज मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों द्वारा स्वर्गीय एम.वी. मुरुगप्पन की पारिवारिक शाखा (श्रीमती वल्ली अरुणाचलम और श्रीमती वेल्लाची मुरुगप्पन सहित) के साथ किए गए एक ज्ञापन के माध्यम से दर्ज की गई। परिवार के सदस्य अगले 90 दिनों के भीतर पारिवारिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए आवश्यक लेनदेन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

इसमें कहा गया है, 'पारिवारिक व्यवस्था की परिकल्पना मुख्य रूप से मुरुगप्पा परिवार के सदस्यों के बीच मित्रता लाने और सद्भावना बनाए रखने तथा इस पीढ़ी के साथ-साथ भविष्य में भी परिवार के भीतर समग्र सद्भाव बनाए रखने के लिए की गई है।' बयान के मुताबिक समझौते की शर्तें गोपनीय हैं। पारिवारिक व्यवस्था के हिस्से के रूप में पार्टियां इस बात पर भी सहमत हुई हैं कि पारिवारिक व्यवस्था की शर्तों के अनुसार पारिवारिक निपटान में निर्दिष्ट सभी सहमत कदम पूरे होने के बाद परिवार समूहों के बीच सभी कानूनी प्रक्रियाएं बंद कर दी जाएंगी।

# बीओबी ने 56 करोड़ रुपए के ऋण बकाया के लिए अभिनेता सनी देओल की संपत्ति को नीलामी में डाला

**चेन्नई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। क्या केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले बंधक ऋणदाता बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने लगभग 56 करोड़ रुपए का ऋण चुकाने में विफल रहने पर अभिनेता और भाजपा सांसद सनी देओल की मुंबई संपत्ति को ई-नीलामी में डाल दिया है? बैंक की ओर से अखबार में जारी विज्ञापन से तो ऐसा ही लगता है, जिसमें उनका पता और स्थायी पता के तौर पर लोकसभा भी लिखा गया है। अखबार के विज्ञापन में - जिसे सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है - बीओबी ने कहा है कि कर्जदार अजय सिंग देयोल उर्फ सनी देयोल पर 26.12.2022 के बाद से अब तक की वसूली से कम ब्याज और लागत के साथ बैंक का लगभग 55.99 करोड़ रुपए बकाया है। क्या अभिनेता का नाम अजय सिंह देओल के बजाय अजय सिंग देओल बैंक ने




लिख दिया है या किसी और ने, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

बैंक के अनुसार, जिस संपत्ति को ई-नीलामी में रखा गया है, उसका माप 599.44 वर्ग मीटर है और इसकी संरचना मुंबई के जुहू इलाके में स्थित सनी विला के नाम से जानी जाती है। सनी देयोल को उधारकर्ता/गारंटर बताया गया है और अन्य गारंटर धर्मेंद्र सिंह देयोल और सनी साउंड्स प्राइवेट लिमिटेड हैं।

बैंक वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2022 के तहत संपत्ति की नीलामी कर रहा है। आरक्षित मूल्य करीब 51.43 करोड़ रुपए और धरोहर राशि करीब 5.14 करोड़ रुपये तय की गई है।

बीओबी के मुताबिक, संपत्ति का निरीक्षण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच किया जा सकता है। 14.9.2023 को और कब्जे की स्थिति प्रतीकात्मक है। बैंक ने यह भी कहा कि उधारकर्ता/गारंटर बिक्री से पहले किसी भी समय बकाया राशि/लागत/शुल्क और खर्च का भुगतान करके प्रतिभूतियों को भुना सकते हैं। नीलामी नोटिस बीओबी की जोनल स्ट्रेस्ड एसेट रिकवरी ब्रांच, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई द्वारा जारी किया गया था। बीओबी ई-नीलामी विज्ञापन पर उनकी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की तो सनी देओल फोन पर उपलब्ध नहीं थे।

**सार संक्षेप**

## विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## इंटेल ने नौकरियों में की कटौती, अमेरिका में 140 को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को।** चिप निर्माता इंटेल लागत कम करने के लिए अमेरिका में कम से कम 140 और कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है, जिनमें से 89 कर्मचारी फोल्सम आर एंड डी परिसर में और 51 कर्मचारी कैलिफोर्निया के सैन जोस में हैं। सैक्रामेंटो इनो की रिपोर्ट के अनुसार, नई नौकरी में कटौती की सूचना राज्य के रोजगार अधिकारियों को दे दी गई है और यह महीने के अंत में प्रभावी होगी। कंपनी कथित तौर पर 10 जीपीयू सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरों, आठ सिस्टम सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरों, छह क्लाउड सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, छह उत्पाद विपणन इंजीनियरों और छह सिस्टम-ऑन-चिप डिजाइन इंजीनियरों के साथ-साथ अन्य लोगों की छंटनी कर रही है। यह ताजा नौकरी कटौती चालू वर्ष में फॉल्सम आर एंड डी परिसर से लगभग 500 पदों को हटा देगी। टॉम्स हार्डवेयर के अनुसार, 2022 की शुरुआत में इंटेल के पास फॉल्सम में 5,300 कर्मचारी थे। इंटेल के फॉल्सम परिसर का उपयोग एसएसडी, ग्राफिक्स प्रोसेसर, सॉफ्टवेयर और चिपसेट के विकास सहित विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए किया गया है। इस साल मई में, चिप निर्माता ने पुष्टि की थी कि वह चुनौतीपूर्ण मैक्रो-इकोनॉमिक माहौल में लागत कम करने के लिए अपने कार्यबल में और कटौती करने की योजना बना रही है। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि आगामी छंटनी से कितने कर्मचारी प्रभावित होंगे। रिपोर्ट में इंटेल के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, 'हम कई पहलों के माध्यम से लागत में कटौती और दक्षता लाभ की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें कंपनी के क्षेत्रों में कुछ व्यवसाय और कार्य-विशिष्ट कार्यबल में कटौती भी शामिल है।'

# फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के डर का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुख के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह फेड रिजर्व के एक बार फिर ब्याज दर बढ़ाने का डर और मुद्रा बाजार में जारी उठापटक का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 373.99 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64948.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 113.05 अंक यानी 0.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19310.15 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 164.24 अंक उतरकर सप्ताहांत पर 30265.32 अंक रह गया। इसी तरह स्मॉलकैप 7.29 अंक की मामूली गिरावट के साथ 35283.32 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजार को बीते सप्ताह कमजोर वैश्विक और घरेलू संकेतों के कारण गिरावट का सामना करना पड़ा। इस परिस्थिति में निवेशकों ने अमेरिकी डॉलर जैसी सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख किया गया। घरेलू औद्योगिक उत्पादन में गिरावट, नकारात्मक थोक मुद्रास्फीति और खुदरा महंगाई के रिजर्व बैंक के लक्षित दायरे से अधिक होने ने बाजार में अस्थिरता में योगदान दिया। अमेरिकी में खुदरा बिक्री के उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़े से फेड रिजर्व के ब्याज दर में एक बार फिर बढ़ोतरी करने की आशंका, अमेरिकी



बैंक की रेटिंग में गिरावट और चीनी केंद्रीय बैंक के दर में अचानक कटौती से आर्थिक सुधार में बाधा उत्पन्न होने की आशंका ने भी बाजार पर दबाव बनाया। साथ ही अनुमान है कि अमेरिकी बांड यील्ड बढ़ने से भारत में विदेशी निवेश सीमित हो जाएगा, जिससे बाजार की गतिशीलता पर और असर पड़ेगा। सुस्त औद्योगिक आंकड़ों और चीन की मांग को लेकर बनी चिंताओं के कारण बीते सप्ताह धातु समूह को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इनके अलावा वैश्विक मुद्रा बाजार में उठापटक के कारण निवेशकों की निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है, जो बाजार के प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है।

बीते सप्ताह मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट का रुख रहा। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, रिलायंस, एलटी, विप्रो और टीसीएस समेत तेरह दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 79.27 अंक की तेजी के साथ 65401.92 अंक और निफ्टी 6.25 अंक बढ़कर 19434.55 अंक पर रहा।

चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, यूटिलिटीज़, पावर और रियल्टी समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 137.50 अंक की तेजी लेकर 65,539.42 अंक और निफ्टी 30.45 अंक बढ़कर 19,465.00 अंक पर पहुंच गया।

चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से वैश्विक बाजार में जारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 388.40 अंक लुढ़ककर 65,151.02 अंक और निफ्टी 99.75 अंक की गिरावट लेकर 19,365.25 अंक रह गया।

अमेरिकी फेड रिज़र्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और धातु समेत सत्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 202.36 अंक उतरकर 64,948.66 अंक और निफ्टी 55.10 अंक गिरकर 19,310.15 अंक पर आ गया।

# सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एतेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के असर से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव चढ़ गए तथा अधिकांश दाल-दलहन में बढ़त का रुख रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 3855 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.04 सेंट की तेजी लेकर 63.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सोया रिफाइंड 367 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# तेलंगाना में शराब की दुकानों के लिए रिकॉर्ड संख्या में आवेदन

**हैदराबाद,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार ने राज्य में शराब की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन शुल्क के रूप में 2,639 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। राज्य की 2,620 शराब दुकानों के लिए कुल 1,31,954 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एक भी शराब की बोतल बेचे बिना ही आबकारी विभाग ने यह कमाई कर ली। रिकॉर्ड राजस्व गैर-वापसीयोग्य आवेदन शुल्क के रूप में अर्जित किया गया था। शराब की दुकानों का आवंटन 21 अगस्त को ड्रा द्वारा किया जाएगा। आबकारी विभाग एक दिसंबर 2023 से नवंबर 2025 तक दुकानें संचालित करने के लिए लाइसेंस देगा। राज्य भर में 1.31 लाख से अधिक शराब व्यापारियों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। 2014 में तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से आवेदनों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। साल 2021 में लाइसेंस के आखिरी दौर के दौरान सरकार को 69,000 आवेदन मिले थे। सरकार ने गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क के तहत 1,350 करोड़ रुपए और दुकान लाइसेंस शुल्क के माध्यम से 3,500 करोड़ रुपए कमाए थे। नई शराब नीति 2023-25 के तहत प्रत्येक आवेदन के लिए नॉन-रिफंडेबल शुल्क 2 लाख रुपये तय किया गया है। प्रति दुकान प्रति वर्ष लाइसेंस शुल्क क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर 50 लाख रुपये से 1.1 करोड़ रुपये तक है। योग्य आवेदकों को एक वर्ष के लिए उत्पाद टैक्स के रूप में 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।

# 2022 में यूपीआई लेनदेन बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन में कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूपीआई लेनदेन (ट्रांजेक्शन) 2018 में 1,320 प्रतिशत और 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़ गया है। साल 2018 में यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या 374.63 करोड़ थी, जो 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़कर 7,403.97 करोड़ हो गई। वैल्यू के संदर्भ में यूपीआई ट्रांजेक्शन 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपए था, जो 2022 में 1,320 प्रतिशत बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस साल फरवरी में भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और एनआरआई को भारत में रहते हुए यूपीआई का उपयोग कर भुगतान करने की अनुमति दी थी। यह फैसिलिटी जी-20 देशों के यात्रियों को उनके व्यापारिक भुगतान के लिए



चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों- बेंगलुरु, मुंबई और नई दिल्ली में जारी की गई। इसके अलावा, आरबीआई द्वारा उन एनआरआई को यूपीआई एक्सेस प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है जिनके पास अपने एनआरई या एनआरओ खातों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर हैं। साथ ही नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने कहा है कि इस फैसिलिटी को 10 देशों- सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और यूनाइटेड किंगडम के लिए अनुमति दी गई है। विदेशों में यूपीआई की स्वीकार्यता 2022 में शुरू हुई।

एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी, यूपीआई के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए जिम्मेदार है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आरबीआई उन देशों में यूपीआई के विस्तार के लिए सहायता प्रदान कर रहा है जिनमें सहयोग की संभावना है। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई इंटरफेस के आने के कारण पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई लेनदेन बढ़ा है, और लोग सभी प्रकार के भुगतान करने के लिए तेजी से उनका उपयोग कर रहे हैं। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े संस्थान भुगतान के ऐसे ही तरीकों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा, इसके अलावा सरकार भुगतान के इन तरीकों, खासकर भीम ऐप को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रही है, जिससे धीरे-धीरे वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में उनकी वृद्धि हुई है।

# आयोग ने की 37 प्रकरणों पर सुनवाई

## विधवा की बेटी को 1.5 एकड़ जमीन दिलाया जाएगा, आयोग ने सामाजिक बहिष्कार समाप्त कराया




**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, सदस्य डॉ अनिता रावटे ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छग महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश स्तर में 206 वीं एवं जिला स्तर में 6 वीं नम्बर की सुनवाई हुई। महासमुंद जिला की जनसुनवाई में कुल 37 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गए थे। जिसमें 12 प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया, 03 प्रकरण जांच हेतु दिया गया तथा 08 प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया गया एवं बाकी के प्रकरण विचाराधीन है। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में अनावेदक हर बार समझौता करने की बात से मुकर जाता है तथा आवेदिका को भरण पोषण नहीं देता है और मारपीट करता है। अनावेदक गांव का सरपंच है जो अपने पत्नि व बच्चे को कोई भी सहयोग नहीं करता है। आयोग द्वारा अंतिम समझाईश दिया गया। 1 सितम्बर 2023 को अनावेदक को आयोग कि सदस्य डॉ् अनिता रावटे, डीएसपी महासमुंद, काउंसलर सखी सेंटर एवं संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के समक्ष आवेदिका को 5 लाख रूप्ए देगा। पत्पश्चात आयोग को रिपोर्ट मिलने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाएगा।

अन्य प्रकरण में 24 महिलाओं द्वारा आयोग में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया जिसमें सुनवाई की गई। जिसमें अनावेदकगणों ने संयुक्त रूप से दो अलग.अलग फायनेंस कंपनी से आवेदिका गणों का आधार एवं थम लगवाकर करीब 1 करोड़ रूपए की ठगी किया। आयोग ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी महासमुंद को जांच हेतु कहा गया। आयोग को रिपोर्ट मिलने पर प्रकरण की आगे की कार्यवाही कि जाएगी। अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति की मृत्यु डेढ़ पूर्व हो चुकी है जिसमें उसे पति का हिस्सा नहीं मिला है, इसलिये प्रकरण दर्ज कराई गई है। अनावेदक ने बताया कि उसके दो बेटे है जिसमें से छोटे बेटे की मृत्यु हो गई है। अनावेदक ;ससुर के पास 3 एकड़ जमीन है जिसे पूरा उसका बड़ा बेटा कमा.खा रहा है। अनावेदक ने बताया कि आधी जमीन आवेदिका की पुत्री के नाम पर है जिसे वह कमा.खा सकती है दोनों पक्षों का सुलह नामा 1 सितम्बर 2023 को सदस्य डॉ अनिता रावटे, डीएसपी महासमुंद, काउंसलर सखी सेंटर एवं संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के समक्ष किया जायेगा। आयोग को रिपोर्ट मिलने पर प्रकरण की आगे की कार्यवाही कि जावेगी। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों को आयोग ने सुना उनके मध्य साथ में रहना संभव नहीं होने कि स्थिति में आयोग द्वारा दोनों पक्षों को शादी में दिये सामान की सूची लेकर 22 अगस्त 2023 को आयोग कार्यालय रायपुर बुलाया गया है। जहां दोनों पक्षों का सुलह नामा बनवाया जाएगा जिसमें अनावेदक 5 लाख रूपये आवेदिका को देने हेतु आयोग कार्यालय रायपुर में उपस्थित होगा। शेष सामान की सूची की पुष्टि होने पर आदान प्रदान सदस्य डॉ अनिता रावटे, डीएसपी महासमुंद, काउंसलर सखी सेंटर एवं संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के समक्ष किया जाएगा। आयोग को रिपोर्ट मिलने पर प्रकरण की आगे की कार्यवाही की जाएगी। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने सामाजिक बहिष्कार किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें अनावेदकगणों ने कहा कि सामाजिक बहिष्कार नहीं किया है। आयोग ने अनावेदकगणों को समझाईश दिया कि आज के बाद आवेदिका के साथ किसी भी तरह सामाजिक बहिष्कार करने पर आवेदिका थाना में एफआईआर दर्ज करा सकती है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में आवेदिका के डेढ़ वर्ष की बच्ची को अनावेदकगण जबरदस्ती अपने पास रखे है और दोनों के बीच सामाजिक तलाक होने की जानकारी दिया गया। अनावेदक लोकेश को गंभीर त्वचा रोग हुआ जिसका ईलाज रायपुर में चल रहा है। आवेदिका को बच्ची को लेकर 24 अगस्त 2023 को महिला आयोग में समस्त दस्तावेज के साथ सुनवाई हेतु उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

# विहिप ने धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में मांस मदिरा वर्जित करने की मांग



**मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार भाटापारा में जिला मुख्यालय से लगभग 40 कि. मी. दूर घने जंगलों एवं पहाड़ी पर बसा प्राचीन पर्यटन एवं धार्मिक स्थल तुरतुरिया आजकल सुर्खियों में है। जहां बरसात में कलकल बहते झरने एवं मान्यतानुसार महर्षि वाल्मीकि की तपो स्थली लव कुश की जन्मस्थली एवं माँ काली एवं सीता माता का प्राचीन मंदिर मातागढ़ पर्यटकों से गुलजार है। वही बीते दिन कुछ असमाजिक तत्वों ने शराब के नशे में धुत्त होकर वनकर्मी पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। इसी बात को लेकर विश्व हिन्दू परिषद जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम जिलाधीश चन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला समेत सम्पूर्ण प्रदेश भर के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल से मांस मदिरा के सेवन एवं क्रय विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की।

विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी (मिक्की) ने जानकारी देते हुए कहा की पूरे प्रदेश में जितने भी धार्मिक एवं पर्यटन स्थल हैं वहां शराबियों एवं असमाजिक तत्वों के कारण माहौल खराब हो रहा है। एक तरफ राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीराम पथ वनगमन मार्ग बना रही है और दूसरी तरफ गली मोहल्लों गांव गांव में वैध अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से करवा रही है। जिससे धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के मार्ग शराब की टूटी बोतलों से जानलेवा हो गए हैं एवं प्लास्टिक कचरे प्रदूषण और गंदगी का सबसे बड़ा कारक बन गए हैं। जिससे हमारी आस्था के केंद्र एवं मनोरम पर्यटन स्थल जहां सलाना लाखों लोग देश के विभिन्न हिस्सों एवं विदेशों तक से पहुँचते हैं उन्हें गंदगी असुरक्षा एवं असुविधा के साथ असमाजिक तत्वों का भी सामना करना पड़ता है और इससे हमारी आस्था के साथ साथ पर्यावरण को भी खासा नुकसान हो रहा है। इसी संबंध में विहिप जिला कार्यकारिणी ने ज्ञापन के माध्यम से सभी धार्मिक स्थलों, श्रीराम पथ वनगमन मार्ग, पर्यटन केंद्रों एवं वन परिक्षेत्रों में मांस मदिरा के सेवन, क्रय विक्रय को प्रतिबंधित करने एवं ऐसे स्थानों को दूषित करने एवं नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाए जिससे की हमारे धार्मिक एवं पर्यटन स्थल स्वच्छ व सुरक्षित हो।

# श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट ने रंगमंच, कांजी हाऊस के लिए किया भूमिपूजन



**सिलाई प्रशिक्षण का किया शुभारंभ**

**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट के द्वारा ग्राम सेम्हराडीह में रंग मंच भवन का भूमि पुजन किया गया। साथ ही ग्राम करही में ग्रामीणों की मांग पर कांजी हाऊस कमरा निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। साथ ही श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से प्लांट के आस पास के आश्रित ग्रामों में ग्राम की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने निरंतर सिलाई प्रशिक्षण नि:शुल्क कराया जा रहा है।

17 अगस्त को ग्राम करही में सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया अब तक के श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आस पास के आश्रित ग्रामों में लगभग 300 महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ग्राम सेम्हराडीह के सरपंच प्रतिनिधी चेतन वर्मा, एवं ग्रामवासी ढेलुराम बघेल, महेश वर्मा, ग्राम पंचायत परकीडीह के आश्रित ग्राम करही में कांजी हाऊस के लिए भूमि पूजन में ग्राम पंचायत के सरपंच जसपाल रात्रे, सुनील बघेल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। श्री सीमेंट लिमिटेड से सी. एस. आर. प्रमुख अशोक कुमार वर्मा, टिकेन्द्र उपाध्याय एवं बिरेन्द्र बघेल उपस्थित थे।

# आज से प्रदेश के स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ रहेंगे हड़ताल पर

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता के निर्देशन में छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के बैनर तले 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने की तैयारी कर ली है। स्वास्थ्य संयोजक संघ कसडोल विकास खंड के अध्यक्ष चेतन क्षत्रिय ने बताया कि विगत दिनों 11 अगस्त को हेल्थ फेडरेशन के 12 संगठन सांकेतिक हड़ताल के लिए 40000 अधिकारी कर्मचारी तूता धरना स्थल में जुटे थे जिसके बाद से ही अनिश्चित कालीन आंदोलन की तैयारी संगठन के अधिकारियों द्वारा तैयार कर ली गई थी, अनिश्चित कालीन हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कैडर के साथ भेदभाव के कारण ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (एएनएम एमपीडब्ल्यू), डॉक्टर, नर्सिंग कैडर एनएचएम, वाहन चालक एवम् विभिन्न कैडर बेमुद्द हड़ताल के लिए बाध्य है।

ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रो में 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्य करने वाले ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको की मुख्य मांगो में ग्रेड पे संशोधन है जिसके लिए पूर्व में 2018 में 47 दिन 2022 में 11 दिन का अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जा चुका है जिस पर वर्तमान मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के ठोस आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित किया गया था लेकिन मांगे पूरी नही होने पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने विधानसभा के मानसून सत्र से पूर्व सभी 90 विधायकों से मुख्यमंत्री के नाम समर्थन पत्र प्राप्त किया था, 26 जून को बस्तर में संघ का अधिवेशन हुआ था जिसमे प्रदेश सरकार के मंत्री कवासी लखमा द्वारा मुख्यमंत्री से चर्चा कर अनुपूरक बजट में हमारी मांगो को पूरा करवाने की सहमति दी थी, लेकिन अनुपूरक बजट में भी मांगे नही पूरी होने से प्रदेश के 18000 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको में भारी आक्रोश है जिसके लिए 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन आंदोलन में जाने का फैसला किया है। इस पर बात करने पर प्रदेश स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला आईटी सेल प्रभारी चेतन सिंह एवं जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि 21 अगस्त के अनिश्चित कालीन हड़ताल की योजना तैयार हो चुकी है इसमें प्रदेश भर के 12 संगठन के कुल 40000 अधिकारी कर्मचारी जिसमे डॉक्टर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकनर्सिंग कैडर, एनएचएम, वाहन चालक संघ शामिल होंगे जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में इमरजेंसी जैसी स्थिति बन सकती है, इमरजेंसी सेवा, पोस्टमार्टम, टीकाकरण, ओपीडी सेवाएं, बाधित होगी जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होंगी।

# स्वर्णकार महिला मंडल ने की संसदीय सचिव से भेंट



**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार महिला मंडल महासमुंद की महिलाओं ने शुक्र वार को विधायक एवं संसदीय सचिव से मुलाकात की और महिला मंडल के क्रियाकलापों की जानकारी दी।

इस दौरान मंडल की महिलाओं ने विधायक द्वारा घोषणा किए गए समाज के भवन के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा ठेकेदार तय कर दिया गया है और जल्द ही भूमिपूजन किया जाना है। महिलाओं ने विधायक को भूमिपूजन में आने का न्यौता देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से संचालित पंजीकृत महिला समिति द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों मंष भवन की उपयोगिता सार्थक सिध्द होगी। मंडल की महिलाओं ने समय.समय पर संसदीय सचिव द्वारा दिए गए सहयोग के लिए छग स्वर्णकार महिला मंडल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगे भी सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा जताते हुए सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान महिलाओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर से भी भेंट की। इस दौरान संगठन की महिलाओं की ओर से प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सरला सोनी, उपाध्यक्ष जयश्री सोनी, सचिव पूर्णिमा सोनी, कोषाध्यक्ष राखी सोनी एवं कार्यकारिणी सदस्य रेणु सोनी मौजूद रहे।

# विकास कार्यों के लिए नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत मंडी रोड में हाट बाजार निर्माण के अंतर्गत कार्य किए जाने नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा कार्य प्रारंभ किए जाने श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान संबंधित वार्ड क्रमांक 10 के पार्शद मनोज कांत पुरेना एवं वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद सविता साहू के द्वारा भी पूजन किया गया। हाट बाजार सहित अन्य निर्माण कार्यो के लिये 121.15 लाख से कार्य कराया जायेगा। इस अवसर पर हाट बाजार निर्माण के लिए 02 पृथक पृथक कार्य में वार्ड क्रमांक 10 में 26.53 लाख एवं वार्ड 8,13 में 32.62 लाख के कार्यों का भूमि पूजन के साथ ही 62.00 लाख से मण्डी काम्प्लेक्स के आस-पास उन्नयन कार्य हेतु भी संयुक्त रूप से पूजन कार्य॰म आयोजित किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद एवं सभापति संकेत शुक्ला, अमितेश नेताम, सतीष पटेल, श्रीमती रीटा केशरवानी, डिगेश्वरी नामदेव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंद कुमार साहू, कमल टंडन, विजय केशरवानी, एल्डरमेन हेमचंद केशरवानी, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, नरेश केशरवानी, पार्षद प्रतिनिधि राजू सलूजा, कमल भारद्वाज, प्रदीप साहू, रविंद्र नामदेव, लक्ष्मी साहू, महेश कुमार गुप्ता, अंशु ताम्रकार उप अभियंता विनोद यादव, स्वाती दुबे, गणेशराम पाड़े, जय वर्मा, रजनीष मिश्रा, सालिकराम वर्मा, गुरुदत्त तिवारी सहित बाजार क्षेत्र के व्यापारीगण व नागरिकगण उपस्थित थे।


**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 5981/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 09/05/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर योजना के अंतर्गत श्रीमती आशा राज पति श्री छोटे लाल राज को जनता मकान क्रमांक 498 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 09.05.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202307210900025 अ/20 (2) वर्ष 2022-2023
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमन सोनी पति पुरूषोत्तम सोनी निवासी ग्राम बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 18 ए प्लाट नं. 114 क्षेत्रफल 110 वर्गफीट भूमि को आबंटन की मांग करते हुए व्यवस्थापन हेतु मेनटेनेंस खसरा, शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर (नजूल) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से प्रकरण जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, बलौदाबाजार

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**ईश्तहार**

मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ- जिला रायपुर, तहसील- रायपुर प.ह.नं.- 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202223440822600193

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी कोमल, प्रबल, विमल सोनकर पिता/पति तीजऊराम सोनकर पता- अश्वनीनगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1099/1 (0.0630) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सुलोचना बाई पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, श्रीमती सरस्वती हमीरवासिया पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, गौरीशंकर अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग, सुरेश अग्रवाल पिता/पति हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग, श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग के नाम पर पंजीयन/फौती होने उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.08.2023 को जारी किया जाता है।

(सील) — तहसीलदार, तहसील रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**आरंग, जिला- रायपुर (छग)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...../अ-6 अ/वर्ष 2022-2023
ग्राम ओड़कर, प.ह.नं.- 32

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी चेलक पिता स्व. सूखचंद चेलक निवासी सेरीखेड़ी पोस्ट व थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर के द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ओड़का प.ह.नं. 68 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर छग स्थित भूमि खसरा नंबर 53/2, 349/2 रकबा क्रमश: 0.360, 0.090 हे. भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को फौती नामांतरण के आधार पर दिनांक 13.04.2022 को आवेदक अश्वनी, संजय, जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका के नाम पर ऋण पुस्तिका जारी किया गया है, पूर्व पटवारी के द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक अश्वनी, संजय, जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका का नाम दर्ज किया गया था किन्तु वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में नवीन पटवारी आने के पश्चात उक्त भूमि पुन: फौती नामांतरण के पूर्व का ही नाम अश्वनी, निर्मल, संजय का नाम दर्ज दिखा रहा है। उपरोक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में स्व. निर्मल को विलोपित कराकर उसके विधिक वारिसान जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका का नाम उल्लेखित कराकर रिकार्ड दुरूस्त हेतु आवेदक द्वारा आवेदन सहपत्र सहित अ.वि.अ. (रा.) आरंग जिला रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 01.09.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) — नायब तहसीलदार, आरंग

**मुकदमें के फैसले के बारे में समंस**
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)

दीवानी मुकदमा नं. 11/2023 सन्
प्रो.क्र.89/2023 पेशी तारीख 13/09/2023

अदालत अनिल कुमार बारा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01. बस्तर स्थान जगदलपुर

जेम्स मैथ्यू व अन्य .. मुद्दई
शहीद महेन्द्र कर्मा चिकित्सालय व अन्य.. मुद्दालेह

बनाम: - 1 -आम जनता

क्योंकि आवेदक ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 11 / 2023 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हें इस समस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 13 माह 09 सन् 2023 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर समझा दी हो और जो कि मुकदमे के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमे का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमे के आखरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 14 माह 08 सन् 2023 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — जज (अनिल कुमार बारा) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01. बस्तर स्थान जगदलपुर


## देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगायें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अत: छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

**सचिव**
**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**
**दैनिक देशबन्धु**
**रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.)**


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KUMESH JAIN S/O KANMAL JAIN resident of 17 A RAVI NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name KUMESH JAIN S/O KANMAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is KUMESH KUMAR JAIN S/O KANMAL JAIN in all Government and other documents.

KUMESH KUMAR JAIN
17 A RAVI NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JAIN SOMYA S/O KUMESH KUMAR JAIN resident of 17 A RAVI NAGAR KENAL CANIL ROAD NEAR SHYAM PLAZA RAVI NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name JAIN SOMYA S/O KUMESH KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SOMY JAIN S/O KUMESH KUMAR JAIN in all Government and other documents.

SOMY JAIN
17 A RAVI NAGAR KENAL CANIL ROAD NEAR SHYAM PLAZA RAVINAGAR RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHANDANI HARIRAMANI D/O JAIND LAL HARIRAMANI resident of WARD NO 35 SCHOOL ROAD BEHIND GURUDWARA MAYAPUR AMBIKAPUR SURGUJA (C.G.) 497001 have changed my old name CHANDANI HARIRAMANI D/O JAIND LAL HARIRAMANI so in future I should be recognized by my new name that is HEER NAGWANI W/O DINESH NAGWANI in all Government and other documents.

HEER NAGWANI
WARD NO 35 SCHOOL ROAD BEHIND GURUDWARA MAYAPUR AMBIKAPUR SURGUJA (C.G.) 497001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MADHAVI PUROHIT W/O MUKESH VYAS resident of 42/269, WARD NO 42 VYAS NIWAS NEAR MUKHYA-MANTRI BANGLA CIVIL LINES RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MADHAVI PUROHIT W/O MUKESH VYAS so in future I should be recognized by my new name that is MADHAVI VYAS W/O MUKESH VYAS in all Government and other documents.

MADHAVI VYAS
42/269, WARD NO 42 VYAS NIWAS NEAR MUKHYAMANTRI BANGLA CIVIL LINES RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK resident of H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK so in future I should be recognized by my new name that is MOHMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK in all Government and other documents.

MOHMMAD SHAHID
H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHD SALMAAN S/O ABDUL RAJJAK resident of H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.) have changed my old name MOHD SALMAAN S/O ABDUL RAJJAK so in future I should be recognized by my new name that is MOHMMAD SALMAN S/O ABDUL RAJJAK in all Government and other documents.

MOHMMAD SALMAN
H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DONGARWAR PRAKASH MULCHAND S/O MULCHAND DONGARWAR resident of H NO 176 WARD NO 31 AZAD CHOWK BIRGAON RAIPUR (C.G.) have changed my old name DONGARWAR PRAKASH MULCHAND S/O MULCHAND DONGARWAR so in future I should be recognized by my new name that is PRAKASH DONGARWAR S/O MULCHAND DONGARWAR in all Government and other documents.

PRAKASH DONGARWAR
H NO 176 WARD NO 31 AZAD CHOWK BIRGAON RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिंभौरी**
**जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202308232500008/ ब-121/वर्ष 2022-2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुनील कुमार पिता राधेश्याम एवं अन्य 03 निवासी ग्राम गुधेली तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदकगण के नाम पर ग्राम गुधेली प.ह.नं. 13 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 805 रकबा क्रमश: 1.49 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 1.49 हे. राजस्व अभिलेख में शामिल खाते में दर्ज है। जिसे धर्मवीर सिंह पिता लालजी सिंह निवासी टाटीबंध तहसील व जिला रायपुर के पास कोरोना काल में आर्थिक व गंभीर परिस्थिति का सामना करते हुए एवं मां के ईलाज के लिए अत्यधिक कर्ज होने के कारण ऋण अदायगी हेतु विक्रय किए जाने के संबंध में अनुमति प्रदान किए जाने हेतु आवेदक द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा के समक्ष आवेदन पेश किया है जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा प्रस्तुत करना हो वह दिनांक 01.09.2023 को/पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2023 को जारी किया गया है।

(सील) — तहसीलदार, भिंभौरी

# मत्स्य नीति व मछलीपालन को कृषि का दर्जा मिलने से मत्स्य पालन में अभूतपूर्व वृद्धिः मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर जिले में स्थित ग्राम फुंडहर में आयोजित छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज प्रदेश संगठन भूमि पूजन एवं वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निषाद समाज मेहनतकश समाज है। हमारी सरकार ने निषाद समाज के हित में बहुत सारे निर्णय लिए। समाज के लोगों को सरकार में भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया। हमने मछुआ कल्याण बोर्ड बनाया और इसके अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया। केंवट समाज मछली पालन के व्यवसाय के जुड़ा हुआ है। समाज के कल्याण के लिए हमने मत्स्य नीति बनाई। मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया, जिससे मछली पालन में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने ''निषाद समाज की विभूतियाँ' पुस्तक, तथा दुर्गा प्रसाद पारकर द्वारा रचित 'केंवट कुंदरा' नामक पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम. आर. निषाद मौजूद थे।



■ मुख्यमंत्री फुंडहर में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार सभी समाज को साथ लेकर चल रही है। सभी समाज के कल्याण के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। भेंट-मुलाकात के दौरान विभिन्न समाजों की मांग पर भवन निर्माण के लिए राशि दी गई है। जिस समाज के पास जमीन नहीं है उनके प्रस्ताव पर 10 परसेंट की दर से शासकीय जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना प्रारंभ किए गए। हमारी सरकार 67 प्रकार की लघु वनोपज की खरीदी कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जेब में पैसा पहुंचने आम लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य के हर जिले के हर ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। गरीब बच्चों को अंग्रेजी में शिक्षा मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। हमारे द्वारा हाट बाजार क्लीनिक योजना से लेकर नए मेडिकल कॉलेज तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहारों को लोग उत्साह से मना सकें, इसके लिए राज्य शासन ने प्रमुख स्थानीय त्यौहारों में अवकाश की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ के लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी विकास किया जा रहा है। कौशल्या माता मंदिर का विस्तार किया गया है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ निषाद समाज के उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद, श्रीमती गायत्री कैवर्त, मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य श्रीमती अमृता निषाद एवं देवकुमार निषाद सहित छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अन्य जिलों के आए पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या के समाज के लोग मौजूद थे।

# सीएम ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना के तहत महासमुंद जिले के लिए 7 तथा संभाग के अन्य जिलों के लिए 43 पशु मोबाइल चिकित्सा इकाईयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, वरिष्ठ केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ शिव डहरिया, अमरजीत भगत, मोहन मरकाम, संसदीय सचिव एवं महासमुन्द विधायक विनोद चन्द्राकर, बसना विधायक देवेंन्द्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक किस्मतालाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष महासमुन्द यतेन्द्र साहू, डॉ रश्मि चंद्राकर मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर शुरू किया है। जिसके तहत चिकित्सायुक्त 163 मोबाईल वैन के माध्यम से गौठानों,ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जीपीएस लगे मोबाईल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया गया है। जिसमें डायल कर कॉल सेंटर से उपस्थित पशु चिकित्सक से चिकित्सकीय परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।



# राज्य के 14 लाख से अधिक किसानों को 6290 करोड़ का कृषि ऋण वितरित

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य में 14 लाख से अधिक किसानों को चालू खरीफ सीजन के लिए 6290 करोड़ 19 लाख 71 हजार रूपए का ऋण दिया जा चुका है, जो कि इस साल ऋण वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। खरीफ सीजन-2023 में राज्य के किसानों को 6100 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंको के माध्यम से दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसकी पूर्ति खरीफ के मध्य में ही हो चुकी है। सहकारी बैंकों द्वारा जरूरतमंद किसानों को खरीफ फसलों की बुआई, निदाई सहित अन्य कार्यों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण दिए जाने का सिलसिला लक्ष्य पूर्ति के बाद भी जारी है।

खरीफ सीजन-2023 में अल्पकालीन कृषि ऋण लेने के मामले में बालोद जिले के किसान सबसे आगे रहे हैं। अभी तक बालोद जिले के सर्वाधिक एक लाख 7 हजार 357 किसानों ने 430 करोड़ 5 लाख रूपए का ऋण आदान सामग्री एवं नगद के रूप में प्राप्त किया है।

**NECC**

| 21.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.25 | 80 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 185 |
| डिलीवरी | 440 सैकड़ा | | |
| दर्जन अंडा 65 रु. | | | |
| मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु. | | | |

CSPFA

# बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा को कांग्रेस प्रवेश नही देने का प्रस्ताव कार्यकर्ताओं ने पारित किया

**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधायक प्रमोद कुमार शर्मा के कांग्रेस प्रवेश के अटकलों के बीच हजारों की संख्या में कांग्रेस जनों द्वारा बैठक अयोजित कर कांग्रेस प्रवेश पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए राजनितिक प्रस्ताव पारित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष विरोध प्रकट करने की बात कहीं।

बलौदाबाजार विधानसभा अंतर्गत सभी पांच ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिक्रम गिरी बलौदाबाजार ग्रामीण, रुपेश ठाकुर बलौदा बाजार शहर, भुनेश्वर वर्मा सुहेला, देवा टंडन तिल्दा शहर, बलदाऊ साहू तिल्दा ग्रामीण के नेतृत्व में हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने बैठक में प्रमोद शर्मा के कांग्रेस प्रवेश पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि पांच वर्षों तक प्रमोद शर्मा द्वारा नगरीय निकाय चुनाव, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सहित उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफकाम करते हुए भाजपा को सहयोग प्रदान किया। पांच वर्षों तक भाजपा के साथ मंच साझा करते हुए कांग्रेस की सरकार की खिलाफ्त करते रहें। पुरे कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के प्रति निरकुंश रहें। प्रमोद शर्मा के खिलाफविधान सभा में भारी आक्रोश व्याप्त है। विधायक प्रमोद शर्मा के कांग्रेस प्रवेश से क्षेत्र के निष्ठावान कांग्रेसजनों की भावनाएं आहत होगी। उक्त भावनाओ के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओ ने हाथ उठाकर प्रस्ताव पारित करते हुए प्रमोद शर्मा के कांग्रेस प्रवेश पर विरोध दर्ज किया।



उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से राजा तिवारी, गंभीर सिंह ठाकुर, संजू सिंह, प्रभाकर मिश्रा, नीलेश बंजारे, पदमेश्वरी साहू, छल्ला साहू, रवि वर्मा लक्ष्मीनारायण वर्मा, शारदा सोनी, धर्मेन्द्र वर्मा, दीपक साहू, डीगेश्वरी नामदेव, परमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, रविंद्र नामदेव, सुन्दर लाल साहु, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू, मनोज प्रजापति, सुखराम साहू, नीलकंठ साहू, हरक साहू, चरण वैष्णव, टीकाराम साहू, टाप लाल वर्मा, दीनदयाल साहू, देवेन्द्र बंजारे, रामदयाल साहू, सुखदेव साहू, हेमचन्द केसरवानी, अविनाश मिश्रा, पुनीत राम साहू, दुष्यंत जोशी, घनाराम वर्मा, सुरेंद्र साहू, दीपक धृतलहरे, आयुष भतपहरी ओम कश्यप, रजत कश्यप, गजानंद साहू, प्रशांत गुप्ता, सूर्यकान्त वर्मा, योगेश गर्ग, सलमान शेख, अजय भारती, सोमनाथ वर्मा, राजेश साहू, गणेश ध्रुव, कृष्णा यादव, रेनू ध्रुव, गंगा प्रसाद पैकरा, धनेश ध्रुव, केशव साहू, रामकुमार ध्रुव आदि काफी संख्या में उपस्थित थे।




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर, मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

# शहर जिला कांग्रेस ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई



**युवा भारत का सपना साकार कर राजीव गांधी ने देश में रखी संचार क्रांति की नींव**

**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा रविवार को राजीव भवन में भारत-रत्न पूर्व प्रधानमंत्री व संचार क्रांति के निर्माता स्व. राजीव गांधी की 79 वीं जयंती सादगी व गरिमा के साथ मनाई गई। तत्पश्चात राजीव भवन में कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को पुष्प अर्पित किया व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ श्रद्धांसुमन अर्पितआई की और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गाँधी जी का जन्म 20 अगस्त 1944 में मुंबई में हुआ। इनकी प्राथमिक शिक्षा देहरादून के प्रतिष्ठित विद्यालय में हुई और आगे की पढ़ाई इन्होंने लन्दन में की उसके बाद इन्हें केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग किया। 1970 में पायलेट के तौर पर इंडियन एयर लाइंस में काम करने लगे। भारतरत्न राजीव गाँधी 40 वर्ष के भारत के पहले युवा प्रधानमंत्री थे यह बहोत ही सरल स्वभाव के धैर्यवान व्यक्ति थे। अहम व ठोश निर्णय सदैव पार्टी से परामर्श लेकर ही करते थे यह बहोत ही सरलशील युवा के प्रतिबिम्ब थे। देश के लिए एक नवीन अनुभव की छवि रखते थे। इन्होंने देश को आधुनिकता की तरफ अग्रसर किया। 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार भी इन्ही की देन है। अपने जीवन काल मे भारत को विश्व के शिखर पर पहुँचाया।

संसदीय सचिव, विधायक रेखचन्द जैन ने उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदानों को बताया और कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनके हित मे कई निर्णय व बदलाव किए पंचायती राज का निर्माण भी इन्ही की देन है। आज उन्ही के बदौलत आदिवासी गरीब किसान की जो मूलभूत समस्याएं भी पंचायती राज के माध्यम से हल हो रही है। उनकी दूर-दृष्टि और इच्छा-शक्ति आज लोगों को लाभान्वित कर रही है।

महापौर सफीरा साहू ने कहा कि राजीव देश के 9 वें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में गम्भीर और महत्वपूर्ण निर्णय से इस देश को उचाईयों के शिखर पर पहुँचाया सरलता से राजनीति को चलाने में इनका कोई तोड़ नही था। इस दौरान पार्षद कोमल सेना, कमलेश पाठक, बलराम यादव, हरीश साहू एल्डरमैन, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय बिसाई, उपाध्यक्ष संदीप दास, जॉर्ज टोप्पो, सायमा अशरफ, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी, एनएसयूआई ग्रामीण अध्यक्ष नीलम कश्यप, विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश ठाकुर, महेश द्विवेदी एवं अन्य के साथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उड़ीसा के तीन भाजपा विधायक करेंगे जिले की प्रत्येक विधानसभा का दौरा



- **22 से 28 अगस्त तक बस्तर में डालेंगे डेरा, बूथ से लेकर विधानसभा स्तर तक कार्यकर्ताओं से करेंगे मेलमिलाप**
- **विधानसभा चुनाव की तैयारियों में ताकत झोंक रही भाजपा**

**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिये अपनी तमाम तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। उड़ीसा से भाजपा के तीन विधायक एक सप्ताह के प्रवास में बस्तर जिले में डेरा डालेंगे और जिले की तीन विधानसभाओं में प्रत्येक में अलग-अलग सघन दौरा कर बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर की बैठक करते हुये चुनावी तैयारियों की मजबूत रुपरेखा बनायेंगे। आगामी 22 अगस्त से 28 अगस्त तक उड़ीसा के भाजपा विधायक सतत बस्तर प्रवास पर रहेंगे।

भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को उड़ीसा के भाजपा विधायकों के बस्तर जिले में विधानसभा स्तरीय प्रवास को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई जिसमें जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में प्राणप्रण से जुट जाने कहा व उड़ीसा के विधायकों के बस्तर प्रवास विषय में रुपरेखा तैयार की गयी। उड़ीसा से आने वाले भाजपा विधायक नित्यानंद गोंड को बस्तर विधानसभा क्षेत्र, नउरी नायक को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र और सुभाष पाणिग्रही को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा व कार्यकर्ताओं से मेलमिलाप करना है और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने कमियों को दूर कर रणनीति बनानी है। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि जिले की सभी विधानसभा सीटों में भाजपा के जीत का परचम लहराने प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्पित है। जिला स्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से बैदूराम कश्यप, मनीराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, व्ही एस राजपूत, रैतूराम बघेल, संजय विश्वकर्मा, राजेन्द्र बाजपेयी, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, सतीश सेठिया, परिस बेसरा, फूल सिंह सेठिया, विनायक गोयल, नरसिंह ठाकुर, आर्येन्द्र सिंह आर्य, अविनाश श्रीवास्तव, राधेश्याम पन्द्रे, छबिलेश्वर जोशी, अरूण परिहार, अर्जुन पाण्डेय, धरमु मण्डावी, पुरूषोत्तम जोशी, देवी प्रसाद बेंजाम, मोहन राम मौर्य, नरेंद्र जोशी, अशोक ठाकुर, चन्द्रकांत भण्डारी, लक्ष्मी नाथ नेताम, बलदेव मण्डावी, नंदलाल देवांगन, सुदन ठाकुर आदि सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# 51 नार्मदश्वर शिवलिंग का हुआ हवनात्मक महा रुद्राभिषेक, 51 ग्राम में करेंगे स्थापना



**सोमवार की संध्या होगा सांस्कृतिक आयोजन : सक्षम**

**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के सिरहासार भवन में चल रहे सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) के नर्मदेश्वर हवनात्मक महारूद्राभिषेक का रविवार को समापन किया गया। महारूद्राभिषेक के समापन के बाद हवन हुआ, जिसमें भक्तों ने पूर्णाहूति दी। बताया जाता है कि दो दिनों में कुल 1210 लोगों ने भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। अलग-अलग चरणों में हुए महारूद्राभिषेक में जहां लोगों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही सिरहासार भवन में भंडारा भी हुआ, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। 16 अगस्त से शुरू हुए अनुष्ठान का समापन सोमवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। सक्षम पदाधिकारियों ने बताया कि महारूद्राभिषेक में शामिल होने 1 हजार लोगों का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पहली बार आयोजित महारूद्राभिषेक में 1200 से ज्यादा भक्तों ने भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सिरहासार भवन में शनिवार की सुबह शुरू हुए महारूद्राभिषेक के अनुष्ठान में जहां पहले दिन करीब 500 से ज्यादा भक्तों ने भगवान का रूद्राभिषेक किया था, वहीं रविवार को 700 से ज्यादा भक्तों ने नर्मदेश्वर शिवलिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर ने बताया कि अनुष्ठान के लिए 51 नर्मदेश्वर शिवलिंग मंगवाए गए थे, जिनकी पूजा सभी भक्तों ने रूद्राभिषेक से की। इसके बाद अब इनकी स्थापना अलग-अलग गांवों के मंदिरों व जगहों में की जाएगी।

**आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा महारुद्राभिषेक के अनुष्ठान का समापन**

सोमवार की शाम सिरहासार भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए विभिन्न गीत व नृत्य स्पर्धाएं होंगी। इनमें धार्मिक, आध्यात्मिक व देशभक्ति गीतों पर बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही 16 अगस्त से आयोजित हुई विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# जिला प्रशासन की पहल पर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता महाअभियान में सभी लोगों ने निभाई सहभागिता



**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आयुक्त हरेश मंडावी सहित जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों-सदस्यों और युवोदय के स्वयंसेवक, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों के साथ ही आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में भाग लिया। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के सभी लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी। इस दौरान निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों, समाजसेवी संगठनों, दलपत सागर बचाओ अभियान व इंद्रावती बचाओ अभियान से जुड़े सदस्य, युवोदय के स्वयंसेवक के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कार्य में भाग लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में महत्ती योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही दलपत सागर के रानी घाट के समीप एकत्रित होकर सरोवर से जलकुंभियों को निकालने के लिए लगातार हाथ बंटाया। रविवार को सभी ने अधिक समय तक ज्यादा जलकुंभियों को निकालने की बात कहते हुए आगामी रविवार को फिर से ज्यादा लक्ष्य रखने का संकल्प लिया।

# धनवंतरी मेडिकल स्टोर में जेनेरिक दवाइयों में एमआरपी से 65 प्रतिशत की छूट की जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना सुनिश्चित करें : आयुक्त



**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने आज शहर मे संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासन की महत्ती योजना धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल जिसमें लोगों को जेनेरिक दवाइयों में एमआरपी से 65 प्रतिशत की छूट दिया जाता है जिससे लोगों को दवाई लेने से काफी पैसों की बचत होती है। शहर में महारानी अस्पताल परिसर एवं लालबाग परेड ग्राउंड के सामने दो धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है। आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के दोनों मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व मेडिकल संचालकों से चर्चा कर दवाइयों की पर्याप्त स्टॉक के अलावा अन्य जानकारी के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही आयुक्त ने इसकी व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया, जिससे इस योजना का लाभ जनमानस उठा सके।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ने कम लागत वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करने और राज्य के कमजोर लोगों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना नाम से योजना शुरू की है। इस योजना का क्रियान्वयन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सभी नगरीय निकायों में संचालित इस योजना के अंतर्गत ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाइयां 65 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दौरान भोलाराम पटेल व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# डॉ. पीयूष रंजन साहू का हुआ सम्मान



**उन्हें देश के पांच श्रेष्ठ एंथ्रोपालाजिस्ट होने का गौरव प्रदान किया गया**

**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। वर्ल्ड एंथ्रापॉलाजी कांफ्रेंस का आयोजन बीते दिनों भूवनेश्वर के कलिंग सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में हुआ था। इस आयोजन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा थे। इस कांफ्रेंस में बस्तर के मानव सर्वेक्षण कायार्लय प्रभारी डा. पीयूष रंजन साहू को सम्मानित किया गया। उन्हें देश के पांच श्रेष्ठ एंथ्रोपालाजिस्ट होने का गौरव प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अर्जून मुंडा ने उन्हें पदक व प्रशस्तिपत्र प्रदान किया। इस आयोजन में खास बात यह रही कि यहां पर बस्तर की दो प्रमुख बोली- भाषा पर आधारित शब्दकोश का विमोचन भी अतिथियों ने किया।

**हल्बी, गोंडी का हिंदी व अंग्रेजी डिक्सनरी रचा**

बस्तर की प्रमुख बोली जाने वाली हल्बी व गोंडी बोली-भाषा पर आधारित दो डिक्सनरी का विमोचन यहां किया गया। इस शब्दकोश का लेखन व संपादन डा. पीयूष रंजन साहू व शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में एंथ्रोपालाजी व ट्राइबल स्टडीज विषय में पदस्थ् असिस्टेंट प्रोफसर डा. सुकृता तिर्की ने सामूहित तौर से किया है।

इस बारे में चर्चा करते हुए डा. पीयूष व सुकृता ने बताया कि यूनेस्कों आने वाले दस साल यानि 2031 तक आदिवासी बोली-भाषा के संरक्षण व संवर्धन की थीम पर कार्य कर रही है। ऐसे मौके पर इस शब्दाकोश का महत्व और बढ़ गया है। इन दोनों शब्दकोंश में छह हजार से अधिक शब्दों का संग्रह किया गया है। इनके हिंदी व अंग्रेजी में अर्थ बताए गए हैं। सम्मान व विमोचन समारोह में पूर्व वाइस चांसलर प्रो पीसी जोशी, प्रो केके मिश्रा, प्रो दीपक बेहरा कलिंग विश्वविद्यलया कुलपति, सांसद अच्युत सामंत, आईएएस एबी होता, प्रो केके बासा डीजी एएसआई, नरेश वैद्य आईएएस व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार ने दिलाया न्याय, पीसीसी चीफ और भूपेश बघेल क्रेडिट लेना बन्द करें, समाज को कांग्रेसी कर रहे गुमराह : विनय सोना

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने किया माहरा समाज के साथ न्याय : केदार कश्यप





**माहरा समाज के पदाधिकारियों ने कहा- कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने किया था समाज के साथ धोखा**

**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के द्वारा पिछले दिनों माहरा समाज मात्रात्मक त्रुटि को सुधार कर अनुसूचित जाति में शामिल किया किया है। यह बिल लोकसभा व राज्यसभा में पास होने के बाद कानून बन गया है जिसके तहत अब माहरा समाज को लंबित मांग पूरी हुई है। रविवार को माहरा समाज के सामाजिक पदाधिकारियों ने भानपुरी में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवम् भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी व जगतु माहरा के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री मंत्री केदार कशयप ने सामाजिक पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के न्याय की लड़ाई में भाजपा सदैव साथ रही लेकिन तत्कालीन कांग्रेस की केंद्र सरकार ने समाज को केवल वोट बैंक समझा लगातार वर्षो से संघर्ष कर रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। समाज के सम्भागीय महासचिव बाबुल नाग ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पर सवाल उठाते हुए कहा कि जातिगत त्रुटि को सुधार करना उन्हें न्याय दिलाना केंद्र का विषय है। वर्तमान मोदी सरकार ने इस विषय को संज्ञान लेकर न्याय दिलाया है तो कांग्रेस सांसद दीपक बैज व भूपेश बघेल समाज को गुमराह कर रहे है, झूठा श्रेय ले रहे है, कांग्रेस बताए किस आधार पर श्रेय ले रहे है। माहरा समाज के सम्भागीय अध्यक्ष विनय सोना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने मंत्री रहते हुए लगातार प्रयास किया लेकिन केंद्र में उस समय की कांग्रेस सरकार ने ध्यान नहीं दिया जिसके कारण समाज को योजनाओं से वंचित रहना पड़ा। अब सरकार के सभी योजनाओं का लाभ समाज को मिलेगा। हमारा समाज पीढ़ियों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, डाक्टर रमन सिंह का आभारी रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, भुनेश्वर नाग, दिलिप पेद्दी, बलराम बेसरा, दयाराम नाग, डिकेश वासुदेव नाग, पूरन बघेल, सोवन गन्दामी, घासी राम, राजेन्द्र बघेल, कशयप, अमित कशयप, अजय बघेल, सुखलाल नाग, आर एस, राय, तिरसिंग बघेल, बलिनाथ बघेल, पारेश बघेल, फूलसिंह बघेल, अंतु बघेल, निलाप बघेल, रूपचंद नाग, मनु बघेल, नरेंद्र बघेल, प्रताप बघेल, दिनेश बघेल, सुखपाल बघेल, किशोर नाग, तिलक नाग, जइत बघेल, मूलचंद नेताम, दीपचंद बघेल, रूपेश बघेल, सुखलाल नाग, कुलेश बघेल, दिनेश कोराम, बालसु कोराम, नर्सिंग कोराम, नृसिंह नेताम, रमेश नेताम, नारायन कोराम, पनकू कोराम, सन्तोष कोराम समेत बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की आपसी फूट हो रही सार्वजनिक, निगम अध्यक्ष का अपमान सर्वदा गलत : आलोक



**जगदलपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस की आपसी फूट और अन्तर्कलह लगातार सार्वजनिक हो रही है। नगर निगम में महापौर परिषद द्वारा निगम अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद का बार-बार अपमान करने का प्रयास हो रहा है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने आरोप लगाते हुये कहा कि नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू द्वारा सदन में दिये गये निर्देशों की अवहेलना महापौर परिषद के सदस्य खुले रुप में जानबूझकर कर रहे हैं। 28 जुलाई को सामान्य सभा की बैठक में महापौर सहित एमआईसी सदस्यों को भाजपा पार्षदों के प्रश्नों के लिखित जवाब सात दिवस में देने निगम अध्यक्ष ने निर्देशित किया था, मगर चौबीस दिन बीतने के बाद भी एमआईसी सदस्य पूर्णत: लिखित जवाब देने कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। भाजपा पार्षदों के प्रश्नों के आधे उत्तर ही भेजे गये है। इन्हीं एमआईसी सदस्यों द्वारा निगम अध्यक्ष को विकास विरोधी कहने का दुस्साहस तक सदन में किया जा चुका है।

भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि नगर निगम में सत्तासीन कांग्रेस की आपसी लड़ाई में महापौर व निगम अध्यक्ष के बीच खींचतान जगजाहिर हो रही है। महापौर परिषद द्वारा निगम अध्यक्ष को अपमानित करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा जा रहा है, जो अच्छी परंपरा नहीं है। एक एमआईसी सदस्य ने सामान्य सभा की बैठक में महापौर परिषद के मुताबिक निर्णय नहीं होने पर निगम अध्यक्ष कविता साहू पर विकास विरोधी होने का आरोप लगा दिया था। वर्तमान में भाजपा पार्षदों को लिखित उत्तर भेजने के निगम अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश को भी महापौर परिषद ने मानने से इंकार ही कर दिया है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि बिना महापौर की सहमति के यह सभी स्थितियां निर्मित हो रही है। सत्ता के राग द्वेष में निगम अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद का अपमान उचित नहीं है। आलोक अवस्थी ने कहा कि निगम अध्यक्ष का पद किसी भी राजनीतिक दल से पृथक होता है। सत्ताधारी कांग्रेस दल सामान्य सभा की बैठक में निगम अध्यक्ष से मनचाहे निर्णय व उनके अनुसार ही कार्यवाही करने दबाव बनाना चाहता है। ऐसा नहीं होने पर निगम अध्यक्ष का अपमान करने लगातार कोशिश की जा रही है। यह परिपाटी व ऐसी दूषित राजनीतिक सोच सर्वदा निंदनीय व कतई स्वीकार योग्य नहीं है।

# नवगठित अनुविभाग छिंदगढ़ व तहसील दोरनापाल का शुभारंभ

## शासन-प्रशासन को लोगों के करीब लाने की पहल



**सुकमा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की जंयती 'सदभावना दिवस' के अवसर पर राज्य में 13 अनुविभाग और 18 तहसीलें वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके तहत सुकमा जिले में छिंदगढ़ अनुविभाग (राजस्व)एवं दोरानापाल तहसील का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। वर्तमान में सुकमा जिले में 03 अनुविभाग एवं 6 तहसील हो गए है। नवगठित अनुविभाग एवं तहसील में आज से विधिवत कामकाज शुरू हो गया है। नवगठित अनुविभाग एवं तहसील के शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। छत्तीसगढ़ शासन ने सार्वजनिक सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने और संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिए नवगठित अनुविभाग(राजस्व) एवं तहसील का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन के बीच पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास हासिल करना ही छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य लक्ष्य है। इसलिए छत्तीसगढ़ शासन-प्रशासन का विकेंद्रीकरण कर रही है। साथ ही अनुविभाग एवं तहसील के शुरू होने से लोगों के समय की बचत होगी। इस अवसर पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों लाभान्वित हुए और राजीव युवा मितान क्लबों और ग्राम पंचायतों को मिली परब सम्मान निधि की राशि का आंतरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय प्रताप केश, प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल अजय मरावी, जनपंद पंचायत छिंदगढ़ अध्यक्ष देवलीबाई नाग, जिला पंचायत सदस्य राजूराम नाग और अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए देश के हर नागरिक करें मतदान



**राजनांदगांव,** 20 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने आज शासकीय डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर स्थित मतदान केन्द्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने, स्थानांतरण तथा संशोधन के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बीएलओ से कहा कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे क्षेत्र जहां मतदान का प्रतिशत कम है, वहां मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। इसके लिए सभी बीएलओ नागरिकों को जागरूक करें और इसमें अपना योगदान दें। 19 एवं 20 अगस्त 2023 को चलाए जा रहे, इस अभियान में मतदाता सूची में जोड़े गए नाम तथा अन्य फार्म अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार, अविहित अधिकारी द्वारा इस संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली तथा डोर टू डोर जागरूकता के माध्यम से नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है। लोकतंत्र मजबूती के लिए यह जरूरी है कि देश के हर नागरिक मतदान करें और अपना सक्रिय योगदान देकर भागीदारी निभाएं। इसके लिए व्यापक पैमाने पर स्वीप अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है।

**कलेक्टर ने शा. डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उमावि बंसतपुर स्थित मतदान केन्द्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने तथा संशोधन के कार्य का किया निरीक्षण**

# खैरागढ़ विस से विक्रांत का टिकट फायनल

## भाजपा के समर्थकों में उत्साह



**खैरागढ़,** 20 अगस्त। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने राजनांदगॉव जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नाम को फायनल किया है। केसीजी जिले का प्रत्याशी घोषित कर दिया है। विक्रांत ने अपनी राजनीति की शुरुआत खैरागढ़ नगर पंचायत से शुरू की थी विक्रांत अपनी राजनीति में लगातार सक्रिय रहे। जनपद पंचायत खैरागढ़ के अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में विक्रांत बाजार अतरिया क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी जीत कर विजयी हुए थे।

## सुंदरम साहू का एमबीबीएस में चयन



**डोंगरगांव,** 20 अगस्त। नगर साहू संघ डोंगरगांव के उपाध्यक्ष एवं मां गायत्री पैथोलॉजी के संचालक डॉक्टर बिसनाथ साहू एवं शिक्षिका ओमेश्वरी साहू के पुत्र सुंदरम साहू का चयन एमबीबीएस शासकीय महाविद्यालय महासमुंद में हुआ है सुंदरम साहू के चयन पर कुमार कांत साहू हिरेंद्र साहू विजय श्री साहू एवं साहू समाज के कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी है।

# राजनांदगांव में भागवत साहू का ऐतिहासिक स्वागत

**राजनांदगांव,** 20 अगस्त। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष भागवत साहू का भव्य स्वागत कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष भागवत साहू का आज राजनांदगांव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन था भागवत साहू जी प्रात: 11ः00 बजे माता भामेश्वरी मंदिर सिंघोला पहुंचे 12ः00 बजे महापौर निवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की 1ः00 बजे राजनांदगांव में शीतला माता मंदिर में दर्शन दिए उसके बाद स्थानीय विश्राम गृह में जोरदार आतिशबाजी के साथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवत साहू का स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत सभा को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, ने संबोधित किया तत्पश्चात भागवत साहू जिला अध्यक्ष बनने पर अपने शीर्ष नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुटता से मिलकर काम करेंगे आने वाले विधानसभा लोकसभा और सभी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुत अधिक मतों से जीता कर लाएंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी भी पहुंचे और नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को गले मिलकर बधाई दी। कोठारी जी ने अपने शीर्ष नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कहा कि आप सभी के सहयोग से जिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद को निभा पाया हूं। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देने के लिए पूरे जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता राजनांदगांव पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, भारत जोड़ो पदयात्रा क्रांति बंजारे, महामंत्री पंकज बांधव, कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू, सुदेस देशमुख, नरेश डाकलिया, रमेश डाकलिया, जिला प्रवक्ता रूपेश दुबे एवं राहुल तिवारी, संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, शिशुपाल भारती, तरुण सिन्हा एवं सौरभ अग्रवाल, पप्पू धकेता, नलिनी मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष क्रमश: रितेश जैन, संजीव गोमास्ता, घनश्याम देवांगन, सुरेश सिन्हा, रतन यादव, सूर्यकांत जैन, रोशनी सिन्हा, चुम्मन साहू, निसार अली, शालिक राम गेडाम, डॉ. सुलोचना मारकंडे, गौतम वर्मा, तुल दास साहू, एल्डरमेंन शकील कुरेशी, अकिल मेमन, भारत भूषण मेश्राम, राजू राजपूत, रवि साहू, लता साहू, टुमेश नेताम, प्रकाश ठाकुर सहित कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी ने शीर्ष नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किया**

## सार-संक्षेप

### अधिकारियों ने मतदान केंद्र में पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा

**बालोद,** 20 अगस्त। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत 19 और 20 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया गया। एसडीएम बालोद शीतल बंसल ने मतदान केंद्र करकाभाट में पहुंचकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ से मतदान केंद्र में प्राप्त कुल आवेदन के संबंध में जानकारी ली।

### मंत्री डहरिया को चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया

**आरंग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चुनाव घोषणा पत्र एवं चुनाव प्रबंधन समिति की सूची प्रेषित की गई है। जिसमें आरंग के विधायक और मंत्री शिवकुमार डहरिया को चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री डॉ.डहरिया को बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त पदाधिकारीगण का हार्दिक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है। इसके अलावा प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी मंत्री डॉ.डहरिया को जिम्मेदारी देने के लिए ढ्डष्ट का आभार व्यक्त किया है।मंत्री डॉ.डहरिया के निर्वाचन क्षेत्र आरंग में कांग्रेस के सभी विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजनों ने भी हर्ष व्यक्त कर मंत्री डॉ.डहरिया को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

# एनएसयूआई ने निकाला स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा यात्रा

## प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में एनएसयूआई द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाला गया जिसमें राजनांदगांव शहर के युवाओं ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा दिग्विजय कॉलेज चौक से निकाली गई जिसको राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

तिरंगा यात्रा में विशेष अतिथि के रुप में शामिल निखिल द्विवेदी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा की आज हम उस दिन का जश्न मना रहे हैं जब हमारे देश को ब्रिटिश राज से आजादी मिली थी यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम अपने पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करते हैं ऐसे में युवा नागरिकों के रूप में, हमें एकता बनाए रखने और प्रगति की दिशा में काम करने की जरूरत है आज देश में अराजकता फैली हुई है देश के हर कोने में धर्म के नाम पर आग लगाई जा रही है भाई को भाई से लगाया जा रहा है आज हम सबको खड़ा होकर देश में एकता और अखंडता संदेश शांति कायम करने की जरूरत है

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने बताया कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी के आवाहन पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन एनएसयूआई द्वारा किया गया था भारत के इतिहास में हर भारतीय नागरिक के जीवन में 15 अगस्त सबसे महत्वपूर्ण दिन है यही वह दिन है जब भारत को 200 साल की अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी 15 अगस्त 1947 के दिन हमारा देश गुलामी के बेड़ियां काटकर ब्रिटिश शासन के चंगुल से आजाद हुआ था इसके बाद यह दिन भारत के संविधान में अंकित हो गया हर भारतीय 15 अगस्त को इस खास दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम उत्साह के साथ मनाता आ रहा है इस साल भारत की आजादी के 76 वर्ष पूरे हो गए हैं देश अपना स्वतंत्रता दिवस मना रहा है आजादी के नायकों को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरगाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन एनएसयूआई राजनांदगांव द्वारा किया गया था तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत जी महापौर हेमा देशमुख जी शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जी राज्य पर्यटन मंडल के सदस्य निखिल द्विवेदी जी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, सेवा दल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष विप्लव शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विवेक बहादुर सिंह, शहर कांग्रेस प्रवक्ता शुभम शुक्ला, आदित्य सिंह बैंस, सुनील रॉय, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष, उज्जवल निर्मलकर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, साहिल सागर, संदीप डहरे एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष साहिल वर्मा, विकाश देवांगन, घनश्याम साहू, विष्णु साहू जयप्रकाश साहू, रूपम तिवारी, दीनबंधु यदु, युगल साहू, शशांक डोंगरे, जयंत पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए।



# कोड़िया में पं. प्रदीप मिश्रा का शिवपुराण 2 से 8 अक्टूबर तक को लेकर बैठक



**देवकर,** 20अगस्त (देशबन्धु)। कोडिया में शिव महापुरण पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के मुखारविंद से 2 से 8 अक्टूबर तक ग्राम कोडिया में स्वयंभू भगवान शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीण एंव मुख्य आयोजक प्रदीप साहू व कांशीराम साहू के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में श्री शिव महापुरण कथा का आयोजन हेतु चर्चा किया गया।उक्त बैठक में प्रवचन हेतु अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले म.प्र.)के मुखारविंद से होना तय किया गया हैं।कथा दिनांक 02 से 08 अक्टूबर 2023 को होना तय किया गया हैं।बैठक में आयोजक सीमित के संरक्षक व अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि पुवँ में 07 से 13 अक्टूबर 2023 का समय तय किया गया था, परंतु विटलेश सेवा सीमित सीहोर द्वारा तिथि को परिवर्तन किया गया।जोकि अब 02 से 08 अक्टूबर 2023 का समय प्राप्त हुआ है ।कथा स्थान को भी चयनित किया गया हैं।जोकि कोडिया से नंदिनी अहिवारा मार्गों पर धान मंडी के सामने भाटा है जोकि लगभग 22 एकड़ का हैं।जिसे चयनित किया गया है।तथा भक्तों के लिए वाहन की पार्किंग व्यवस्था भी किया गया है।जोकि इस प्रकार है दुर्ग - बालोद के भक्तों के लिए ग्राम कोडिया में शा.स्कूल के पीछे मैदान में धमधा - कवधाँ तरफ से आए भक्तों के लिए मेडेसरा जोशी पारा में रायपुर- महासुमंद तरफ से आए भक्तों के लिए ग्राम पोटिया में व्यवस्था किया गया है।

## ट्रेन स्टॉपेज ना मिलने से नाराज जनता ने कहा-

# काश रायगढ़ या राजनांदगांव के सांसदों को आचार संहिता तक राजधानी का सांसद बना देते

**भाटापारा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दो लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों की सक्रियता और जनता के प्रति उनकी जवाबदारी को देखते हुए यहां की जनता भी उनकी कायल हो गई और सोच रही है की कानून या लोकसभा में ऐसा कोई प्रावधान होता तो यहां के सांसद को लंबी छुट्टी में भेजकर विधानसभा चुनाव की अचार संहिता लगते तक उनको यहां का सांसद बना कर जनता की मांगो को पूरा किया जा सकता। भाटापारा की जनता इस समय काफी व्यथित हो चली है।पिछले साढ़े 4 साल कहे या मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाटापारा में एक भी ट्रेनों का स्टॉपेज यहां नही मिला।रायपुर रेल डिविजन का भाटापारा रेलवे स्टेशन संपूर्ण जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन है और रेलवे के सभी मापदंडों में ट्रेनों के स्टॉपेज की पूरी पात्रता रखता भी है लेकिन स्टॉपेज जैसा मेटर पालिसी मेटर होने और इसका अधिकार रेल मंत्रालय के पास होने के कारण भाटापारा की जनता वहा तक नही पहुंच पा रही है और जिसको वहा तक भेजी है उनके द्वारा कोई ठोस पहल नही किए जाने से अंचल नेतृत्व विहीन हो गया है।जनता इतनी टूट चुकी है और वो सोच रही है निर्वाचित होने के बाद जनता के प्रति जवाब दारी नही निभाने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी ऐसा कोई कानून का प्रावधान बनाना चाहिए,काम ना करने वालो को लंबी छुट्टी पर भेज कर उनके स्थान पर किसी अन्य जनप्रतिनिधि को वैकल्पिक व्यवस्था तक उस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि बनाया जा सके।

भाटापारा रेलवे स्टेशन पर 24 जोड़ी ट्रेनों याने 48 ट्रेनों का ठहराव नही है। अंचल की जनता पिछले साढ़े 4 साल से चिकित्सा की दृष्टि से,शिक्षा की दृष्टि से,धार्मिक दृष्टि से,पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग अपने सांसद विधायक से करते आ रही है,लेकिन जनता की मांग को लगातार अनसुनी कर दिया जा रहा है,जबकि सांसद भी भाजपा और विधायक भी भाजपा का होने के बाद जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है,जबकि इसी प्रांत के रायगढ़ और राजनांदगांव के सांसदों की सक्रियता और जनता के प्रति उनके लगाव से उस क्षेत्र में लगातार ट्रेनों के स्टॉपेज मिलने से नगर की जनता उन सांसदों की कायल हो गई है,दीवानी हो चुकी है इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने है और उसकी अचार संहिता लगने के डर से भयभीत क्षेत्र की जनता व्यथित मन से देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगा रही है कि कोई ऐसा बदलाव या कानून बनाए जिसमे कार्य ना करने या जनता के प्रति अपनी जवाब दारी का ईमानदारी से निर्वहन ना करने वाले जनप्रतिनिधियों को उस क्षेत्र से लंबी छुट्टी पर भेज कर उनके स्थान पर सक्रिय जनप्रतिनिधि को वैकल्पिक व्यवस्था तक वहा पदस्थ किया जा सके। बहरहाल भाटापारा की जनता लगभग आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज देने की मांग रेल मंत्रालय से की है।



# बच्चों को आत्महत्या रोकथाम हेतु दी गई गेट कीपर ट्रेनिंग



**सुकमा,** 20 अगस्त। सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ अभय सिंह तोमर के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ महादेव बारसे के मार्गदर्शन में शासकीय बालक आवासीय विद्यालय पोटा केबिन केरलापल में छात्रों को डीएमएचपी टीम साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन तथा साइकेट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा च्आत्महत्या गेटकीपर की ट्रेनिंगज्ञ दी गई। जिसमें आत्महत्या क्या है आत्महत्या के प्रभाव व दुष्प्रभाव व सुरक्षात्मक कारक व आत्महत्या के संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ छात्रों को परिवार व समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने व समाज में जागरूकता लाने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आवासीय पोटा केबिन विद्यालय के अधीक्षक रामशरण विश्वकर्मा व मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक ओम प्रकाश गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एमबीबीएस में भूमिका का चयन



**डोंगरगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सुरगी के समीपस्थ ग्राम कोटराभांठा की कुमारी भूमिका साहू ने. उनका चयन जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीएस की पढ़ाई हेतु हुआ है. भूमिका ने कोटा ( राजस्थान) में रह कर एमबीबीएस की पढ़ाई की. इस बीच देश में कोरोना का खतरनाक दौर चला. इस संकट की घड़ी में भी भूमिका ने एक सकारात्मक सोच रख कर पढ़ाई की. परिवार का भी बहुत बढ़िया सपोर्ट मिला । भूमिका प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन किया. भूमिका के परिवार में शिक्षा के प्रति एक अच्छा माहौल है. उनके दादा जी हीरामन लाल साहू शिक्षक रहे हैं. उनके पिता जी भूपेन्द्र कुमार साहू प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए रहे है.सृजन स्कूल कोटराभांठा, सुरगी के संचालक रहे. वर्तमान में वे बचेली में ह्स्ष्ठ्ठ में पद पर पदस्थ है साथ ही वे साहित्य से भी बहुत लगाव रखते हैं । उपलब्धि पर परिवारिक जनों के साथ मंडल साहू संघ मुड़पार के अध्यक्ष जीवन लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष खिलावन राम बनपाल, हीरामन लाल साहू शिक्षाविद,साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक ओमप्रकाश साहू अंकुर, सलाहकार महेन्द्र कुमार बघेल मधु, साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, सचिव कुलेश्वर दास साहू, अमृत दास साहू,मंडल साहू संघ मुड़पार के सचिव हेमंत कुमार साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद साव, सचिव रोशन लाल साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत कुमार साहू, इन्द्र कुमार साहू, हरिनारायण साहू, गोपाल राम साहू,राजेश साहू ,डा.एस कुमार साहू, डोहर दास साहू एवं अन्य लोग सम्मिलित है।

# आज से डॉक्टर, नर्सकर्मियों का अनिश्चितकालीन महाआंदोलन

**जगदलपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों का लेकर 4 साल 7 महीने से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हो पाई है। जबकि इन मांगों को पूरा कराने का आश्वासन देने वाले स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव इस समय डिप्टी सीएम हो गए हैं। इसके साथ ही सीएम भूपेश बघेल की अनदेखी का खामियाजा 45 हजार कर्मचारी भुगत रहे हैँ। सालों से मांगों के पूरा नहीं होने के चलते नाराज कर्मचारी अब अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जा रहे हैँ। यह बात छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता ने कही। उन्होने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार प्रदेश भर के डॉक्टर, नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के साथ हजारों स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल मे शामिल हो रहे है।

स्वास्थ्य फेडरेशन द्वारा 5 सूत्रीय मांग द्वारा जिसमे स्वास्थ्य विभाग के एएनएम - एमपीडब्ल्यू. नर्सिंग संवर्ग कर्मचारीयों कि वेतनविसंगति, चिकित्सकों के लंबित वेतनमान, भत्ते एवं स्टायपेंड, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित विशेष कोराना भत्ता साथ ही चिकित्सालयों मे डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ के साथ हिंसा शामिल है। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग के 12 बड़े संगठन सीडा , जेयूडीए, जेडीए, एफएमजी और यूडीएफए डॉक्टर एसोसिएशन, डेंटल सर्जन, छग. स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छग, छग. प्रदेश नर्सेज एसोसिएशन, परिचारीका कर्मचारी कल्याण संघ, छ.ग. एनएचएम संघ एवं छग शासकीय वाहन चालक संघ शामिल हो रहे है। स्वास्थ्य फेडरेशन के पदाधिकारी डॉ इकबाल हुसैन एवं गुप्ता ने बताया कि राज्य के इतिहास में पहली बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एकमंच पर एकजुट हुए है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अब तक हमारी मांगों को पूरा करने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही, जिन जिन विभागों के कर्मचारयों ने अपनी मांग को पूरा कराने के लिए हड़ताल की सरकार ने उनकी मांगों को माना, लेकिन हमने हमारी हड़ताल के चलते होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखकर



**इस हड़ताल के लिए सीएम भूपेश व डिप्टी सीएम को ठहराया जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर**

अब तक हड़ातल नहीं की जिसका खामियाजा हमें आर्थिक तौर पर भुगतना पड़ रहा है । अब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए हड़ताल पर जाने की योजना बना लिए हैं। प्रदेश स्तर पर होने वाली इस हड़ताल में फेडरेशन के पदाधिकारीयों मे डॉ मनु प्रतापसिंह, डॉ रीना राजपूत. देवाश्रीसाव, डॉ विनय वर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा, डॉ वी.के. पेगवार, डॉ कमलेश इजारदार, डॉ हिरासिंह लोधी के साथ हजारो स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल होगें ।

**सरकारी योजनाओं के संचालन पर पड़ेगा असर, इलाज भी होगा प्रभावित**

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पहली बार इस हड़ताल का असर शहर से लेकर गांव तक में दिखाई देगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले के उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर शहरी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की सेवाएं प्रभावित होंगी। इसके साथ ही शासकीय चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्रों मे ओपीडी के साथ पोस्टमार्डम, एमएलसी जैसे अत्याआवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ आईपीडी वार्ड मे भर्ती मरीजों को मिलने वाले नर्सिंग सेवा भी नर्सिंग कैडर के हड़ताल से प्रभावित होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के हड़ताल से टीकाकरण, प्रसव, मिशन इन्द्रधनुष और शिशु संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यकम प्रभावित होगा। इसका कारण राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारीयों के साथ सौतेला व्यवहार है। राज्य के चिकित्सक, नर्स एवं स्वास्थ्य संयोजको द्वारा कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में सरकार का साथ बिना किसी विरोध के दिया एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया उसके बाद भी लंबित मांगे एवं घोषणाएं पर भी अमल नही लाया गया । लंबे समय से सरकार स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य संयोजक, नर्सिंग संवर्ग एवं चिकित्सकों कि मांगों की उपेक्षा कर रही है।

# लुभा में उड़ान क्रीड़ा व युवा विकास संस्थान छग ने कराया मैराथन

**कोण्डागांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। उड़ान क्रीडा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में माकड़ी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लुभा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुभा से स्वामी विवेकानंद हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रूपचंद सोरी जनपद सदस्य माकड़ी, कार्यक्रम अध्यक्ष धाधुराम मरकाम सरपंच, विशेष अतिथि रामचंद्र मरकाम सरपंच सोडसिवनी एवं विशेष अतिथि धर्मसिंह मरकाम आयोजक समिति उपाध्यक्ष कमलराम मरकाम, रामलाल मरकाम, घासीराम पांडे, सुकमन मरकाम आदि थे। 10 किलोमीटर स्वामी विवेकानंद हॉफ मैराथन दौड़ उड़ान क्रीडा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मंडावी, बिसलाल नेताम मीडिया प्रभारी, हेमलाल मंडावी ब्लॉक अध्यक्ष, गुलशन नेताम, परमेश्वर मंडावी, कमलेश मरकाम, मुकेश कुमार, मनीषा मंडावी एवं उड़ान क्रीडा के समस्त सदस्य और संस्था के संस्थापक भारतलाल मंडावी के विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौड़ में राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे, जिसमें प्रथम स्थान आशुतोष कुमार भिलाई प्रथम श्रेणी 5000 प्राप्त, द्वितीय स्थान ईश्वर प्रसाद चेस्ट 352 टेकारी, तृतीय पुरस्कार गुलाबराम चेस्ट नंबर 119 ग्राम चीपरेल एवं महिला वर्ग में रुक्मणी साहू चेस्ट 321 प्रथम स्थान 5000, कुमारी कामिनी चेस्ट नंबर 472 द्वितीय स्थान 2500, तृतीय स्थान कुमारी ममता कश्यप चेस्ट नंबर 003 आए। साथ में पैदल चल प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें प्रथम स्थान कमलेश कुमार ग्राम पंचायत लुभा उपसरपंच रहे। 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेकर एवं अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर प्रतिभागियों ने अपना विशेष योगदान दिया। साथी आयोजक समिति लुभा के गणमान्य द्वारा मिले विशेष सहयोग से युवाओं की प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए ऐसा कार्यक्रम हमेशा करते रहने की बात की। ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य ने संदेश दिया कि खेल के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहन मिलने के साथ प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। बिसलाल नेताम उड़ान क्रीडा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ के जिला उपाध्यक्ष द्वारा लोगों के बीच उड़ान कीड़ा के कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरुक करने की कोशिश की गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में गांव के युवा साथियों एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



# पूर्व अध्यक्ष नपा कैलाश पोयाम ने उम्मीदवारी के लिए सौंपा आवेदन

**कोण्डागांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश पोयाम ने आगामी विधान सभा में अपनी दावेदारी करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को अपना बायोडाटा सौंपा है। ज्ञात हो कि टिकट के दावेदारों को आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से प्रेषित करना होगा, किसी भी बड़े नेता या चुनाव समिति के सदस्यों द्वारा सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



**चुनाव क्षेत्र क्र. 83 में आजमाएंगे अपना भाग्य**

**कांग्रेस पार्टी में विधायक हेतु आवेदन देने की प्रक्रिया**

17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन लिए जाएंगे। दावेदारों से आवेदन की कोई फीस नहीं ली जाएगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएंगे, जिसे भरकर देना होगा। 24 तारीख अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नामों को लेकर मीटिंग पूरी कर ली जाएगी। ब्लॉक कमेटी 1 से 5 नामों का पैनल बनाकर दे सकती है, हांलाकि कमेटी के पास आए सारे आवेदन उन्हें डीसीसी यानी जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे। 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी के पाए आए आवेदन और उनके प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे। 29 अगस्त तक हर हाल में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक किया जाना है। जिला कांग्रेस कमेटी 3 नामों का पैनल बनाकर पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास सौंपेगी, जिसमें सारे आवेदन और प्रस्ताव दोनों ही शामिल होंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में विधायक मोहन मरकाम जो प्रदेश सरकार में मंत्री हैं, उनके अलावा पूर्व मंत्री व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी भी उम्मीदवारी की दौड़ में षामिल होकर कोण्डागाँव विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 83 से कांग्रेस के टिकट पर भाग्य आजमाने को लेकर अपने समर्थको के साथ लामबंद होते नजर आ रहे हैं।

# महान पार्श्व गायक मुकेश के शताब्दी जयंती समारोह कार्यक्रम में पहुंचेंगे मुख्तार शाह

**जगदलपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले 30 सालों से भारत सहित दुनिया में मुकेश कुमार के गाने वाले मुख्तार शाह 6 सितंबर को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित एक प्राइवेट रिसोर्ट में लोगों को गाना सुनाएंगे। इस गायक ने अब तक मुकेश के गानों का शो 30 देशों में दे चुके हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। यह बात मुकेश फैन्स क्लब के सदस्यों ने रविवार को प्रेसवार्ता में दी। सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर उनसे 27अगस्त को समय मांगा गया था, लेकिन पहले से उनकी बुकिंग लंदन के लिए हो गई थी। इसके बाद उनसे जगदलपुर में आने के लिए समय मांगा गया तो उन्होंने 6 सितंबर का समय दिया, जिसके बाद से क्लब के सदस्य उनके आने को लेकर तैयारियों में जुट गए हैं। मुकेश फैंस क्लब के सदस्य विनय मोहन मिश्र,राजेश महंत, गुप्तेश्वर नायक, प्रशांत दास ,कुमार दीपक ने बताया कि शाह ने वालीवुड के करीब सभी कलाकारों और संगीतज्ञों के साथ काम कर चुके हैं। वर्ष 2015 में उन्होंने 13 घंटे तक मुकेश कुमार के गाने गाकर लिमका बुक आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। जगदलपुर में होने वाले इस कार्यक्रम का संचालन विधि जैन करेंगी। यह कार्यक्रम शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। सदस्यों ने बताया कि जैन अब तक अलका याज्ञनिक, उदित नारायण, कुमार सानू और अन्य कई गायकों के कार्यक्रम का संचालन कर चुकी है। शाह को 2019 में गुजरात गौरव का सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दिया जा चुका है वे बस्तर में पहली बार आ रहे हैं। शोलो सांग अकेले गाएंगे और डूईट बस्तर के कलाकारों के साथ



**पहली बार बस्तर के संगीत प्रेमी जनता मुख्तार शाह की आवाज में सुन सकेंगे मुकेश के सदाबहार गीत**

प्रेसवार्ता के दौरान सदस्यों ने बताया कि शाह जगदलपुर में कार्यक्रम के दौरान शोलो सांग अकेले गाएंगे। जबकि डूईट सांग वे बस्तर के महिला कलाकारों के साथ गांएगे। शाह के साथ कौन सी महिला गायक गाना गाएंगी इसे जल्द ही तय किया जाएगा। गौरतलब है कि जब बस्तर के मुकेश फैंस के सदस्य शाह को आमंत्रित करने गए थे शाह जगदलपुर का नाम सुनकर डर गए थे, जिसके बाद सदस्यों ने उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया और जगदलपुर तक लाने में सफलता प्राप्त की। सदस्यों ने कहा कि जगदलपुर में आडिटोरियम का अभाव होने से इस कार्यक्रम को एक प्राइवेट कार्टेज में किया जा जा रहा है। प्रेसवार्ता में गाजिया अंजुम , हेमा गुरुवारा,इंदिरा मिश्र, बलराज शर्मा , महेंद्र महापात्र और अन्य लोग मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक को वापस लाने, प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 19 अगस्त 2023 को शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी (भाग-1, 2 व 3) तथा एमएससी (सेमेस्टर-1 व 3) के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के संस्था प्रमुख सी.आर.पटेल को रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद को कार्य सहयोग से मुक्ति दिलाकर गुण्डाधुर महाविद्यालय में ही वापस नियुक्त करने के सम्बन्ध ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि संस्था के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद का कार्य सहयोग हेतु स्थानांतरण नवीन महाविद्यालय मर्दापाल में हुआ है और विद्यार्थी इस निर्णय से असंतुष्ट हैं।


### हिमांशु ब्यूटी पार्लर अकादमी में ध्वजारोहण



**चारामा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त आजादी के अवसर पर नगर चारामा में संचालित हिमांशु ब्यूटी पार्लर अकादमी में ध्वजारोहण कियांगया ।जिसके बाद देश भक्ति गीत संगीत के बाद लगभग 15 कार्यकर्ता प्रशिक्षु बहनों आदर्श पुलिस थाना चारामा जनसंपर्क में पहुंचकर, थाना प्रभारी गुप्ता से अनुमति लेकर वहां के महिला आरक्षक को अपने थाना आने की उद्देश्य की जानकारी बताए, जिसमें श्रीमती सरिता मंडावी महिला आरक्षक, श्रीमती चंद्रकला उइके महिला आरक्षण एवं श्रीमती अंजना सिन्हा महिला आरक्षक को बैच लगाकर कैप पहनाकर उनके हाथों में नेल आर्ट बनाया, जिसमे तिरंगा एवं अशोक चक्र की आकृति दी गई।

# विशेष शिविर में 4477 आवेदन प्राप्त

**भानुप्रतापपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार आज विधानसभा 80 भानुप्रतापपुर के समस्त 266 मतदान केंद्रों में 19 और 20 अगस्त को मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण का विशेष शिविर का आयोजन किया गया । आज भानुप्रतापपुर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर और एसडीएम प्रतीक जैन ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।19 एवं 20 अगस्त के शिविर में कुल 4477 आवेदन प्राप्त हुए। इस विशेष शिविर में नया नाम जोडने के लिए प्रारूप 6 जिसमें पुरूष 888 महिला 986 कुल 1874 , नाम विलोपन के लिए प्रारूप 7 जिसमें पुरूष 648 महिला 732 कुल 1380 और नाम संशोधन, शिप्टिंग ,डुप्लीकेट ईपिक एवं दिव्यांग मार्किंग के लिए प्रारूप 8 जिसमें पुरूष 583 महिला 640 कुल 1223 आवेदन प्राप्त हुए। आज भानुप्रतापपुर के रिटर्निंग आफिसर और एसडीएम प्रतीक जैन द्वारा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पंहुचकर मतदान केद्रों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। आज एसडीएम प्रतीक जैन ने भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल के सुदुर मतदान केंद्रों तक जाकर औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं से संवाद किया । एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ और अविहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घर घर सर्वे के दौरान जितने भी पात्र मतदाता पाये गये है जो अक्टुबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण कर रहे है ऐसे सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोडा जावे। साथ ही साथ गांव से यदि कोई बहुत समय से स्थायी रूप से बाहर निवासरत है। जिनकी मृत्यु हो चुकी है या विवाह से बाहर है उनका नाम विलोपन करें। विवाह वाले प्रकरणों में खास तौर से ध्यान देवें इनके लिए फार्म 8 भरे जिससे उनकी शिप्टींग हो सके। निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 2 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान सभी 266 मतदान केंद्रीं में बीएलओ ,अविहित अधिकारी एवं सुपरवायजरों की नियुक्ति की गयी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची का शुद्विकरण कार्य के लिए जुलाई माह में ही बीएलओ ने घर घर जाकर सर्वे का कार्य कर चुके है ।इसके आलावा मतदाता सूची में दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। साथ ही साथ 80 आयु वर्ग से उपर के मतदाताओं का चिन्हांकन, नवविवाहिता का चिन्हांकर कर सभी को मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी पूरे विधानसभा के मतदान केंद्रों में जोर शोर से चलाया जा रहा है। आज मतदान केंद्र के निरीक्षण में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा ,तहसीलदार दुर्गुकोंदल कृष्ण कुमार पाटले,निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी सुपरवायजर भी अपने अपने क्षेत्रों में रहे।



**एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों में पहुंचकर औचक निरीक्षण**

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर मरीजों में फल बांटा

**कोण्डागांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कॉंग्रेसियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही मरीजों को फल भी बांटा गया। आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा भारत में कम्प्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधान मंत्री स्व.राजीव गांधी के जयंती के अवसर पर कांग्रेस भवन कोंडागांव में जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजनों की मौजूदगी में श्रद्धांजलि दी गयी। मौजूद कॉंग्रेसियों के बीच जिला अध्यक्ष झूमूक दिवान एवं वरिष्ठ कोंग्रेसियों ने राजीव गाँधी के दौर में हुए कार्यों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के लिए जितनी योजनाएं बनाई थी, वे आज धरातल पर दिख रहे हैं, आज के भाजपाई मित्र कहते हैं कि कांग्रेस ने इतने वर्षों में क्या किया है? तो वे जिन स्कूलों में पढ़े हैं, वहां से लेकर जिस आधुनिक भारत में जी रहे हैं, यह सब राजीव गाँधी की सोच है। कॉंग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा के बाद जिला अस्पताल कोंडागांव में पहुंच कर मरीजों को फल बांटा। इस दौरान कैलाष पोयाम, बुधराम नेताम, रितेश पटेल, भारत देवांगन, तरुण गोलछा, बंटी शर्मा, तबस्सुम बानो, हेमा देवांगन, सकुर खान, नंदू दिवान, नरेन्द्र देवांगन, बुधराम कश्यप, योगेंद्र पोयाम, गन्नू पोयाम, अनीता पोयाम, ललिता नेताम, सुनील रैकवार, कामदेव पोयाम, रितेश गुप्ता, शोभा बघेल, आई.पी.श्रीवास, योगेंद्र राठौर, सर्वेश सेठिया, गीतेश बघेल, पर्मेन्द्र देवांगन, लक्की सोढ़ी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# टीबी मुक्त पंचायत बनाने का कार्यक्रम संचालित




**चारामा,** 20 अगस्त। पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा चारामा विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हल्बा के सभी पंचायत सदस्यों को पिरामल स्वास्थ्य टीम के रुपेंद्र देवदास( डीपीसी) के द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान करके पंचायत के अंतर्गत सघन टीबी जांच का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसके अंतर्गत घर-घर जाकर लक्षण आधारित लोगो को चिन्हाकित कर उनके सुबह का बलगम जांच के लिए लिया गया ।इस प्रकार पूरे पंचायत में 40 लोगों का बलगम कंटेनर के माध्यम से लिया गया, तत्पश्चात उसे पैथालॉजी जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्बा भेज दिया गया है ।जांच रिपोर्ट आने के पश्चात जिनका जांच रिपोर्ट पॉजिटिव होगा ,उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी पंचायत सदस्य सरपंच श्री संजय उईके, उपसरपंच लालजी यादव व समस्त पंचगण व अन्य ग्रामीणों तथा आरएचओ मरकाम जी लैब टैक्नीशियन देवांगन जी का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

# स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, नर्स, ग्रा. स्वा. संयोजक, ड्रायवर व अन्य कर्मचारी करेंगे हड़ताल

**कोण्डागांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रेस वार्ता आयोजित करके जिला स्वास्थ्य फेडरेशन जिला कोण्डागांव के संयोजक द्रुपत सेठिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया है कि जिले में पहली बार जिला अस्पताल कोण्डागांव सहित जिले के लगभग 122 उप स्वास्थ्य केंद्र, 22 प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ डॉक्टर, नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, ड्राइवर एवं अन्य कर्मचारी सामूहिक रूप से अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल में जाने से जिले में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से प्रभावित होंगी एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रभावित होंगी। ऐसी सेवाओं में आपातकालीन सेवाएं, प्रसव, ओपीडी, राष्टीय मिशन, इंद्रधनुष, नियमित टीकाकरण, शिशु संरक्षण कार्यक्रम और मौसमी बीमारी जैसे उल्टी दस्त मलेरिया आदि जैसी स्वास्थ्य सेवाओं के बंद रहने से इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा।

अब तक के सबसे बड़े इस आंदोलन में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (एएनएम/एमपीडब्ल्यु) नर्स संवर्ग एवं डॉक्टर, बान्डेड डॉक्टर आंदोलन में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संगठन एकजुट होकर शासन द्वारा घोषणा पत्र में शामिल स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की वेतन विसंगति सुधारे जाने, मुख्य मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कोविड कार्य में लगे अमले को विशेष कोरोना भत्ता दिए जाने, वेतन विसंगति से जूझ रहे स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी, नर्सिंग कैडर दोनों की वेतन विसंगति व अनुबंधित चिकित्सा अधिकारियों (पोस्ट एमबीबीएस एवं पोस्ट एमडी, एमएस) जैसे कई कैडर की वेतन में विगत छः वर्षों से कोई वृद्धि नहीं किए जाने तथा पोस्ट एमबीबीएस एवं पोस्ट एमडी व एमएस की बॉन्ड अवधि 1 वर्ष कम करने एवं विसंगति दूर करने का प्रयास आज तक नहीं किए जाने आदि अपनी मांगों को शासन के सामने रखकर बात करेंगे। ज्ञात हो कि मुख्य मंत्री ने स्वयं निर्देश देकर पिंग्या कमिटी बनाया था, जिसका रिपोर्ट 4 साल बाद भी सार्वजनिक नहीं किया गया है, ऐसे में मुख्य मंत्री की बातों पर और कमिटी की रिपोर्ट पर कर्मचारी व जनता विश्वास कैसे करे ?



छग में डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ लगातार हिंसात्मक घटना को लेकर आए दिन न्यूज देखने को मिलता है, ऐसे में चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों में डर बना हुआ है, ऐसी घटना पर लगाम लगाने हेतु ठोस कार्यवाही व विभागीय एफआईआर करने, डॉक्टर को 4 स्तरीय वेतनमान प्रदाय किए जाने, जूनियर डॉक्टर के स्टायफंड में वृद्धि किए जाने की मांग इत्यादि शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग में जहां 20 कर्मचारी का सेटअप है, वहां केवल 7 से 10 के सेटअप से कार्य लिए जाने से कार्यरत कर्मचारियों में कार्य का बोझ लगभग दोगुना हो गया है, इसके लिए सेटअप के आधार पर भर्ती किया जाए। समस्त जनरल अवकाश एवं अन्य अवकाश में भी स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्यकर्मी को कार्य करना पड़ता है, अन्य विभाग में मुख्य मंत्री ने शनिवार तक अवकाश दिया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में अवकाश मिलना मुश्किल होता है, जिसके लिए अवकाश के दिवस का अतिरिक्त भुगतान किया जाए, ताकि सभी स्वास्थ्य कर्मी उत्साह के साथ कार्य कर सके। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिन स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साहवर्धन करना चाहिए, उनको वर्तमान सरकार द्वारा सिर्फ छला गया है। आसपास के राज्यों में कोविड में समस्त स्वास्थ्यकर्मी को एक माह का अतिरिक्त वेतन प्रदाय किया गया है, लेकिन छग सरकार इसके उलट स्वाथ्यकर्मी का एक दिन का वेतन लेकर उनको और डिप्रेस करने का कार्य किया है, सभी कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी से दबावपूर्ण कार्य लेकर प्रदेश को कई अवॉर्ड दिलाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के बारे भी कुछ घोषणा ना करने से प्रदेश के 40000 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी परेशान हैं और इसके लिए अस्पताल बंद कर रोड में उतरने को विवश हैं, जिसमें जिला कोण्डागांव के लगभग 650 कर्मचारी एवं अधिकरी अनिश्चितकालीन हडताल में शामिल होंगे।

उल्टा पुल्टा

एक बहु अपने ससुर से कहती है– बाबू जी, इलाइची ख़तम हो गयी है आते समय बाजार से लेते आना।
**ससुर** – हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।
**बहू**– ठीक है, आगे से ध्यान रखूंगी !!!
अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए!
**बहू**– बाबू जी, माँ जी ख़तम हो गयी हैं आते समय, बाजार से लेते आना...

## संपादकीय

### लोगों के बीच पहुंचेगा प्रशासन

*प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से सबसे छोटी व महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई तहसील होती है। तहसीलदार इसके प्रमुख होते हैं, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी होते हैं। छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में 1 नवम्बर 2 को अस्तित्व में आया था। उस समय 16 जिलों का यह राज्य था। यह महसूस किया गया कि लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ वाले हिस्से में जिलों के पुनर्गठन की सिफारिश जिला पुनर्गठन आयोग ने कर दी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था क्योंकि राजनैतिक नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के हिस्से के प्रशासन और विकास पर नजर ही पड़ पाती थी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से यह हिस्सा वैसे भी काफी दूर पड़ता था। पृथक राज्य बना तो सरकार ने प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों के पुनगर्ठन की प्रक्रिया शुरु की। आज जिलों की संख्या 33 हो गई है। जब जिले बढ़े तो अनुविभागों और तहसीलों की संख्या भी बढ़ती चली गई। अब राज्य में 122 व 25 तहसीलें हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी की जयंती पर 2 अगस्त को 13 अनुविभाग व 18 नई तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अब लोगों को इन कार्यालयों में होने वाले कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और खर्च दोनों बचेगा। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो प्रशासनिक खर्च बचाने की भी चिन्ता थी। तत्कालीन वित्त मंत्री डा.रामचंद्र सिंहदेव ने राज्य में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए इस पर अधिक जोर दिया। मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे, जो प्रशासनिक अधिकारी रह चुके थे। उन्होंने संभागायुक्त कार्यालयों को बंद करने का फैसला कर लिया। बाद में डा. रमन सिंह सरकार ने कार्यालयों की उपयोगिता महसूस हुई और सभी संभागायुक्त कार्यालय बहाल कर दिए गए। जिलों के साथ अनुविभागीय और तहसीलों की संख्या बढ़ती चली गई। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के इस जमाने में कई सहकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई है। अब सरकारी कार्यालयों में भौतिक रूप से छानबीन और सुनवाई से जुड़े मामले ही देखें-सुनें जाते हैं। नए अनुविभागों व नई तहसीलों के गठन से इन न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारा तेजी से होगा। जमीन के बंटवारे, सीमांकन आदि के लिए लोगों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार इन सब मामलों को साथ कानून-व्यवस्था का काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। प्रशासनिक इकाइयां क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटी होती हैं तो प्रशासनिक कार्यों के साथ ही विकास में तेजी आती है। नए जिलों के गठन के बाद वहां विकास में आई तेजी देखी जा सकती है। लोगों में भी अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। उनके लिए हर छोटे-बड़े काम के लिए भी सरकारी कार्यालयों के दरवाजे पर दस्तक देना आसान हो जाता है। छत्तीसगढ़ आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल चुकी है। खर्च से ज्यादा चिन्ता प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने की है ताकि वे सरकार की विकास योजनाओं का लाभ आगे आकर ले सकें। नए अनुविभाग और नई तहसीलों में पदस्थ अधिकारी लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे और योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।*

# सातवें सावन सोमवार पर शिवालयों में भक्तों की उमड़ेगी भीड़

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। सावन का आज सांतवा सोमवार है। ऐसे में शिव मंदिरों में आज सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रहने की उम्मीद है क्योंकि आठवें सोमवार के बाद रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जायेगा जिसके के बाद सावन का महीना समाप्त हो जायेगा। रायपुर के शिलालयों में दर्शन करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी उम्मीद है। वैसे भी सावन के इस महीने में मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। सावन का आज तीसरा और सांतवा सोमवार है। ऐसे में शिव मंदिरों में आज सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगेगी।



रायपुर के प्राचीन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में लोगों ने भगवान भोले को जलाभिषेक किया। मंदिर के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की बात करें तो यहां पांच सौ वर्ष पूर्व बूढ़ातालाब के किनारे शिवलिंग की पूजा की जाती थी। मान्यता है कि शिवलिंग पर हमेशा सर्प लिपटे रहते थे। श्रद्धालु तालाब में स्नान करने के बाद शिवलिंग पर जलाभिषेक करते थे। करीब 75 वर्ष पहले पुष्टिकर ब्राह्मण समाज ने यहां पर भव्य मंदिर बनवाकर शिवलिंग को प्राण प्रतिष्ठित की। रायपुर का बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का मुख्य केंद्र है। मंदिर के पुजारी के अनुसार आदिवासी समाज के कुल देवता बूढ़ादेव के नाम पर बूढ़ातालाब का निर्माण हुआ था। इसी तालाब के किनारे स्थित शिवलिंग को बूढ़ेश्वर शिवलिंग कहा जाने लगा। बाद में मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर परिसर में प्राचीन कुआं है। इस कुएं के जल से ही शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। कुएं के सामने भोलेनाथ के अवतार भैरव बाबा की प्रतिमा खुले आसमान तले विराजित है इस प्रतिमा का सोन चांदी के बर्क से अगहन माह की अष्टमी तिथि पर विशेष श्रृंगार किया जाता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान गणेश, कार्तिकेय, पार्वती, नंदीदेव भी प्रतिष्ठापित हैं। एक बड़े हाल के बीच छोटा सा गर्भगृह बना है और चारों ओर अनेक देवी.देवता विराजित हैं। राधा–कृष्ण, श्रीराम–सीता के मंदिर है।

**हर सोमवार को विशेष श्रृंगार**

पुजारी पंडित महेश पांडेय ने बताया कि मंदिर में सावन के हर सोमवार को किया जाने वाला श्रृंगार प्रसिद्ध है। यहां पर विविध सामग्री से शिवलिंग का श्रृंगार किया जाता है। अलग–अलग रूपों में भोलेनाथ को सजाया जाता है। जलाभिषेक की व्यवस्था की जाती है। पुराने वटवृक्ष से लोगों की आस्था जुड़ी है। मंदिर में दर्शन करने की विशेष महत्व है।

**प्रसिद्ध है भस्म आरती**

यहां महाशिवरात्रि और सावन महीने में दर्शन करने के लिए रायपुर सहित आसपास के जिलों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि भव्य तरीके से मनाई जाती है। महाशिवरात्रि पर सुबह शिवलिंग पर भस्म आरती की जाती है। बनारस उज्जैन और रामेश्वर ज्योतर्लिंग से भस्म मंगवाकर उसी भस्म का लेपन किया जाता है। सुबह से दोपहर तक जलाभिषेक होता है। शाम को भांग धतूरा चांदी मालीपाणा के बर्क से श्रृंगार किया जाता है।

**200 साल पुराना वटवृक्ष**

बूढ़ेश्वर मंदिर में 200 साल पुराना वटवृक्ष है। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र इस वृक्ष के नीचे वट सावित्री व्रत पूजा करने सैकड़ों महिलाएं पहुंचती हैं। इसी वृक्ष के नीचे ही नृसिंह जयंती पर नृसिंह लीला का भव्य मंचन किया जाता है जो पूरे प्रदेशभर में मशहूर है। मंदिर परिसर में भगवान शिव के अवतार भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के ऊपर गुंबद नहीं बनाया गया है। भैरव अष्टमी पर मंदिर में लोग दर्शन करने पहुंचते हैं।

## नाग पंचमी की भी रहेगी धूम



नाग पंचमी हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष,, के पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती है और उन्हें दूध से स्नान कराया जाता है। लेकिन कहीं.कहीं दूध पिलाने की परम्परा चल पड़ी है। नाग को दूध पिलाने से पाचन नहीं हो पाने या प्रत्यूर्जता से उनकी मृत्यु हो जाती है। शास्त्रों में नागों को दूध पिलाने को नहीं बल्कि दूध से स्नान कराने को कहा गया है। इस दिन नवनाग की पूजा की जाती है। आज के पावन पर्व पर वाराणसी काशी में नाग कुआँ नामक स्थान पर बहुत बड़ा मेला लगता ह किंवदन्ति है कि इस स्थान पर तक्षक गरूड़ जी के भय से बालक रूप में काशी संस्कृत की शिक्षा लेने हेतु आये परन्तु गरूड़ जी को इसकी जानकारी हो गयी और उन्होंने तक्षक पर हमला कर दिया परन्तु अपने गुरू जी के प्रभाव से गरूड़ जी ने तक्षक नाग को अभय दान कर दिया उसी समय से यहाँ नाग पंचमी के दिन से यहाँ नाग पूजा की जाती है यह मान्यता है कि जो भी नाग पंचमी के दिन यहाँ पूजा अर्चना कर नाग कुआँ का दर्शन करता है उसकी जन्मकुन्डली के सर्प दोष का निवारण हो जाता है। नागपंचमी के ही दिन अनेकों गांव व कस्बों में कुश्ती का आयोजन होता है जिसमें आसपास के पहलवान भाग लेते हैं।

## हमने कांग्रेस के रातों की नींद उड़ा दी है : साव



**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से 21 नामों का ऐलान एक दिन पहले ही किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ भाजपा अपनी चुनावी बढ़त के रूप में देख रही है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने शनिवार को कहा कि हमारे इस निर्णय से कांग्रेसियों की नींद उड़ गई है। हमने अपनी हारी हुई सीट पर नामों का पहले ऐलान कर प्रत्याशियों को तैयारी के लिए लंबा समय दिया है। इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में मीडिया से बात करते हुए साव ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेती है। इसी की वजह से अब बूथ, मंडल और विधानसभा स्तर पर हमने गतिविधियां तेज कर दी हैं। भाजपा चुनाव कमेटी ने 90 में से 21 विधानसभा में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है, ये ऐलान हमारी जीत का पैगाम है।

## दूसरे दलों से आए लोगों को कांग्रेस की टिकट नहीं : बैज

- **लोकतांत्रिक पार्टी है कांग्रेस, प्रत्याशियों की सूची पर जनता व कार्यकर्ताओं की देख रहे हैं पसंद**

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रक्रिया अभी जारी है।कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है, जनता और कार्यकर्ताओं की पसंद को देख रहे हैं।ब्लॉक स्तर से सभी आवेदन पीसीसी को आएंगे।प्रदेश कांग्रेस से स्क्रीनिंग कमेटी और फिर सीईसी को जाएगा।31 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरे दल से आए नेताओं व अधिकारियों को कांग्रेस की टिकट नहीं मिलेगी। इस मुद्दे पर पार्टी में बड़े नेताओं के बीच चर्चा हो चुकी है। टिकट केवल कांग्रेस के समर्पित नेता व कार्यकर्ताओं को मिलेगी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की सूची जारी होने के बाद उनका संकट कम नहीं हो रहा है।21 प्रत्याशियों को बालि का बकरा बना दिया।वे चुनाव जीत नहीं पाएंगे, उनका प्रयास सफल नहीं होगा।कांग्रेस पार्टी की सभी सीटों पर जीत होगी।

आम आदमी पार्टी की गारंटी पर दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार घिरी हुई है।खुद की भी गारंटी नहीं है और छत्तीसगढ़ में आकर क्या गारंटी देंगे। क्षेत्र और परिस्थितियां भी अलग है। दिल्ली में अलग परिस्थितियां है, और छत्तीसगढ़ की परिस्थितियां अलग है। यहां की जनता स्वीकार नहीं करेगी।जनता ने कांग्रेस को स्वीकार कर लिया है।राष्ट्रीय दल चुनाव में यहां रहेंगे।लोकल या क्षेत्रीय दल सफल नहीं होंगे।

कांग्रेस में नई नियुक्तियों को लेकर उन्होंने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय महासचिव से चर्चा की गई है। बहुत जल्द इसका अनुमोदन मिलेगा।वहीं राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे की पुष्टि करते हुए कहा कि युवा मितान सम्मेलन का कार्यक्रम होगा और युवाओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश की जनता को भी संबोधित करेंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का भी 8 सितंबर को दौरा होगा। वे भी छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करेंगे।

# खड़गे की टीम में स्थायी सदस्य बनीं फूलोदेवी

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टीम में ताम्रध्वज साहू को जगह मिली है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी का ऐलान आज हो गया है।सूची में 39 नाम शामिल हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ से केवल ताम्रध्वज साहू का ही नाम है। साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा को भी कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल किया गया है।

कांग्रेस के सियासी दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ देश में कांग्रेस के लिए सबसे मजबूत राज्य है। जिस तेजी से छत्तीसगढ़ के नेताओं का कद कांग्रेस में बढ़ा उस लिहाज से उम्मीद की जा रही थी कि 3 से 4 नाम खड़गे की नई टीम में शामिल किए जा सकते हैं। लेकिन हाईकमान ने केवल दो ही नामों पर भरोसा जताया। इनमें भी फूलो देवी नेताम स्थाई सदस्य हैं।





**ताम्रध्वज साहू को क्यों चुना गया ?**

सारे समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सूची जारी की गई है। ताम्रध्वज साहू पार्टी में वो चेहरा हैं, जिन्होंने साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी लहर में भी दुर्ग लोकसभा से जीत हासिल की थी। आलाकमान के विश्वसनीय अपने शांत और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं जिनका विवादों से दूर–दूर तक नाता नहीं रहा। ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस में ओबीसी का बड़ा चेहरा माना जाता है। वे एआईसीसीमें राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 2018 के चुनाव में जीत के बाद मुख्यमंत्री के लिए जिन 4 नामों की चर्चा थी, उनमें ताम्रध्वज साहू का भी नाम शामिल था। हाईकमान ने भूपेश बघेल को प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी, जिसके बाद ताम्रध्वज साहू की तरफ से किसी भी तरह की नाराजगी सामने नहीं आई।उनकी तरफ से पार्टी के लिए कभी बागी तेवर नहीं देखे गए इसलिए नेतृत्व का भरोसा ताम्रध्वज साहू पर और बढ़ गया।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा की केवल 11 सीटें ही है, ऐसे में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू राज्य में सबसे बड़े वोट बैंक से साहू समाज यानी ओबीसी वर्ग से आते है।

# वंदे भारत ट्रेन का नया लुक, पहली बार पटरी पर उतरी भगवा कलर वाली ट्रेन

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत अब जल्द ही आपको नए रंग–रूप में दिखाई देगी. अभी तक देश में चल रहीं वंदे भारत ट्रेनों का रंग सफेद और नीला है. अब इसके रंग में बदलाव देखने को मिलेगा. रेलवे की चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा बनाई गई नई 8 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस नारंगी (भगवा) और ग्रे रंग की है. इसके अलावा वंदे भारत ट्रेन में लगे चीते के लोगों में बदलाव किया गया है. साथ ही इसके फीचर्स में करीब 25 बदलाव किए गए हैं, जिसकी जानकारी रेलवे ने पहले ही शेयर कर दी थी. नारंगी रंग की इस वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल हो चुका है. जल्द ही रेलवे इसके परिचालन पर फैसला लेगा. माना जा रहा है भविष्य में लॉन्च होने वंदे भारत ट्रेन को इसी रंग में लाया जाएगा।



वंदे भारत ट्रेन के रंग के अलावा इसके फीचर्स में भी बदलाव किया गया है. सीट को पहले से अधिक आरामदायक और गद्देदार बनाया गया है. वॉशबेसिन की गहराई बढ़ाई गई है. सीट का रिक्लाइनिंग ऐंगल बढ़ाया गया है. चार्जिंग पॉइंट को भी सुव्यवस्थित किया गया है. एग्जिक्यूटिव कार में सीट का कलर लाल से सुनहरा नीला किया गया है. ड्राइविंग ट्रेलर कोच में व्हीलचेयर के लिए सिक्योरिंग पॉइंट दिया गया है. टॉयलेट्स में लाइट 1.5 से बढ़ाकर 2.5 वॉट की गई। इसके अलावा पर्दों को ज्यादा मजबूत और कम ट्रांसपेरेंट बनाया गया है. टैप में पानी के बहाव को बेहतर किया गया है. एग्जीक्यूटिव चेयरकार की लास्ट सीटों के लिए भी मैगजीन बैग्स दिए गए है।

# स्वास्थ्य कर्मियों की बेमुद्दत हड़ताल आज से

## अस्पतालों में कामकाज होगा प्रभावित, मरीजों की बढ़ेगी परेशानी

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के करीब 40 हजार कर्मी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कल से बेमुद्दत हड़ताल पर रहेंगे। वेतन विसंगति, अनियमित वेतन, कोरोना भत्ता डॉक्टरों समेत मेडिकल स्टाफ पर हो रही हिंसा को लेकर प्रदेश के हर जिले में स्वास्थ्य कर्मी धरना प्रदर्शन कर रैली निकालेंगे।



नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मिली 20 साल की सजा, सहेली के घर जाते वक ?त सुनसान जगह ले जाकर बुझाया था हवस

फेडरेशन के सदस्य टारजन गुप्ता ने जानकारी दी कि पहली बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक मंच पर जुट रहे हैं। पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर शहर क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की सेवाएं एकसाथ प्रभावित होंगी।इस हड़ताल के चलते शासकीय चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के साथ–साथ पोस्टमार्टम और एमएलसी की सुविधा भी नहीं मिल पाएगी। नर्सों के भी हड़ताल पर जाने की वजह से वार्ड में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित होगी।हेल्थ फेडरेशन ने कमल वर्मा, संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन को पत्र भेजकर अपनी हड़ताल के लिए समर्थन मांगा है। साथ ही सभी जिला संयोजकों को हेल्थ फेडरेशन के पक्ष में समर्थन पत्र जारी करने एवं हड़ताल स्थल में आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचने का अनुरोध किया है।

# अगले 10 सालों की जरूरतों को पूरा करेगा नया बिजली सब स्टेशन

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रखी आधारशिला, लगभग 50 करोड़ की लागत से बनेगा 132 केव्ही सब स्टेशन

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी प्रदेश के ग्रामीणों और वनांचल क्षेत्रों में आर्थिक विकास की गतिविधियों में तेजी लाने विद्युत अधोसंरचना पर ठोस कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने बसना के ग्राम तरेकेला में ट्रांसमिशन कंपनी के 132 केव्ही उपकेंद्र निर्माण के लिये भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। लगभग 49 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस सब स्टेशन एवं नए लाइन से क्षेत्र में अगले 10 सालों तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के दो नए 33/11केव्ही सब स्टेशन



भुलका (सरायपाली) एवं घोंच (खल्लारी) का लोकार्पण भी किया तथा पांच प्रस्तावित 33/11 सब स्टेशन बसना के शेर, पचरी, गांजर तथा खल्लारी के कुदारीबहरा, कंचनपुर का भूमिपूजन किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने बताया कि बसना विधानसभा अंतर्गत ग्राम राजपालपुर (तरेकेला) में 132 /33 केव्ही उपकेंद्र एवं 30 किमी 132 केव्ही लाइन का निर्माण कार्य का शीध्र प्रारंभ किया जाएगा। इस 132/33 केव्ही उपकेंद्र की स्थापना से उपरोक्त संपूर्ण क्षेत्र में विगत लंबे समय से व्याप्त लो वोल्टेज की की समस्या का सम्पूर्ण निदान हो जाएगा। कृषि आधारित क्षेत्र होने के कारण सिंचाई हेतु विद्युत की सुचारू व्यवस्था हो जाएगी, जिससे कृषि क्षेत्र में किसानों की काफी उन्नति होगी।यह संपूर्ण क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण मांग थी, जो पूर्ण हो रही है। इस उपकेंद्र की स्थापना से 6 वितरण केद्र के अंतर्गत 8 नग 33/11उपकेद्र संयोजित होंगे तथा 163 ग्रामों के 31000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जिसमें कुछ बड़े गांव भंवरपुर, पिरदा, आरंगी, पथरला, राजपुर, लिमदरहा, जगदीशपुर, बम्हनी, दुरुगपाली, नवगड़ी, अजगरखार सहित अन्य गांव शामिल हैं।



# रायपुर को नो प्लास्टिक जोन बनाने का संकल्प

## ऐसेज़ अंतरराष्ट्रीय विवि छात्र समूह एवं वर्ल्ड मिशन सोसाइटी तथा नगर निगम का अभियान




**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आज जय स्तंभ चौक से मालवीय रोड होते हुए कालीबाड़ी तक एसेज जो छात्रों का अंतरराष्ट्रीय दल है पर्यावरण की दिशा में वर्ल्ड मिशन सोसाइटी के साथ कार्य कर रही है जिसमें साउथ कोरिया के छात्र तथा वर्ल्ड मिशन समिति के स्वयंसेवक समूह छात्र दल शामिल होकर नगर निगम जॉन 4 की टीम के साथ और रायपुर शहर को नो प्लास्टिक जोन बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से आग्रह किया कि वह झोला लेकर बाजार जाएं। तथा प्लास्टिक का उपयोग ना कर नाली नालों को जाम होने से बचाए ।उक्त अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा ने एसेज अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दल तथा वर्ल्ड मिशन सोसाइटी के साथ विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों से जाकर आग्रह किया कि और रीसायकल एवं री यूज़ होने वाली हंड्रेड माइक्रोन से ऊपर की झिल्ली का उपयोग करें,, तथा नालों में या नालियों में फेंकने के बजाय डस्टबिन की गाड़ी में ही देवे प्रमोद दुबे ने शपथ दिलाते हुए कहा कि रायपुर शहर में ओपन ड्रेनेज बड़ी समस्या है लोगों को चाहिए कि वह स्वयं आगे आकर नालों में एवं नालियों में झिल्ली एवं पन्नी को डालने से बचें,तथा लोगों को भी टोकने का काम करें उक्त अवसर पर नगर निगम जॉन 4 के अधिकारियों गोपाल प्रधान वीरेंद्र देवांगन सम्राट सहित प्रशांत ठेंगड़ी उत्तम साहू देवेंद्र यादव राजू सोनी मुन्ना मिश्रा अभिनय दुबे दिनेश ठाकुर अमित नायडू बाकर अब्बास बंसी कन्नौजे,राहुल गुप्ता नवरत्न माहेश्वरी सुभाष बजाज मोहित पुजारी मोहन साहू भूपेंद्र जल छतरी डोमेश शर्मा सुनील ध्रुव डॉ विष्णु राजपूत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष महंत ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। राजीव गांधी की जयंती को ''सद्भावना दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा एवं विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संदेश मे विस. अध्यक्ष महंत ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रांति के जनक माने जाते हैं। उन्होंने देश में संचार एवं कम्प्यूटर क्रांति लाने में विशेष योगदान दिया। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार दिलाया। राजीव गांधी ने नई शिक्षा नीति में शिक्षा को व्यावसायिकता के साथ जोड़ने का सार्थक प्रयास किया था। वे अपनी उदार सोच, स्वप्नदर्शी एवं व्यापक दृष्टि से भारत को एक नई ऊर्जा का स्त्रोत बनाना चाहते थे। उन्होंने सत्ता के विकेन्द्रीकरण एवं पंचायतों को अधिक अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने कहा कि-उनके बताये सिद्धांतो तथा मार्ग पर चलकर ही देश विकास एवं तरक्की की ओर अग्रसर हो सकता है।

# बुजुर्गों को द्वारकाधीश व सोमनाथ मंदिर की नि:शुल्क तीर्थयात्रा करवाएगा सिंधु एकता संघ

**रायपुर,** 20 अगस्त। सिंधु एकता संघ द्वारा जारी मानव सेवा के अंतर्गत पांचवी बुजुर्ग तीर्थयात्रा द्वारकाधीश व सोमनाथ जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज व अध्यक्ष चंदू माखीजा ने बताया आज सिंधु एकता संघ परिवार द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की इस वर्ष दीपावली के चौथे दिन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। ये यात्रा रायपुर से द्वारकाधीश जाएगी जिसमें 60 वर्ष व उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को संघ द्वारा तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। जिनके रहने खाने व परिवहन की व्यवस्था सिंधु एकता संघ द्वारा निशुल्क की जाएगी । बुजुर्गों के पंजीयन हेतु रायपुर शहर के सिंधी बहुल क्षेत्रों को पांच जोन में विभाजित किया जाएगा ताकि सभी बुजुर्ग आसानी से अपने पास के पंजीयन स्थलों में पंजीयन करवा सकें। संघ द्वारा 100 बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। अधिक पंजीयन आने पर संतों की उपस्थिति में लाटरी सिस्टम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। अगले सप्ताह से पंजीयन स्थल तय करके पंजीयन लेना शुरू कर दिया जाएगा। आज बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आगे की तैयारियों पर चर्चा की गई ।बैठक में मुख्य रूप से भारत चंदवानी सुभाष बजाज चंदू माखीजा ज्ञानू उदासी श्याम गजवानी कुमार बोधवानी संतोष डोडानी संगीत बजाज राकेश लुडवानी मुकेश पोपटानी मनोहर नागदेव महेश वाधवानी सूरज जेठानी रिक्की जुड़ानी योगेश नानवानी सुरेंद्र जेसरानी चंदन पंजवानी राजू चंदनानी रवि पारवानी अमित मूलचंदानी देवेन्द्र माखीजा अमित छाबड़ा आदि शामिल रहे।

# नवा रायपुर में वन विभाग के 17 सौ पेड़ बिल्डर ने काटे

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नवा रायपुर में बिल्डर ने 1700 से ज्यादा पेड़ काट दिए। इतने पेड़ कटने के दौरान वन विभाग के अफ़सर और पूरा अमला खामोश बैठा रहा। हैरानी की बात है कि इसमें ज्यादातर पेड़ वन विभाग के लगाए गए थे। करीब 10 साल पहले वन विभाग ने ही प्लांटेशन करवाया था। इसके बावजूद पूरा अमला तब सक्रिय हुआ जब लोगों ने जिला प्रशासन के अफ़सरों से शिकायत की। कटे हुए पेड़ों को जब्त किया गया।

### 45 लाख जुर्माना

अब पूरे मामले की जांच की बाद बिल्डर प्रकाश दावड़ा को 45 लाख जुर्माने का नोटिस जारी किया गया है। वन विभाग के अफ़सरों का कहना है कि प्लांटेशन और रख रखाव में इतने साल जितना पैसा खर्च किया गया थाए उसका हिसाब निकाला गया है। उसी के अनुसार बिल्डर से पैसे मांगे गए हैं। नवा रायपुर के नवागांव में करीब 10 साल पहले वन विभाग ने करीब 25 एकड़ राजस्व भूमि में प्लांटेशन किया था। उसी जमीन के पास बिल्डर प्रकाश दावड़ा की जमीन है। प्लांटेशन के बाद बिल्डर ने सरकारी जमीन को भी अपने जमीन में शामिल कर घेरेबंदी कर ली थी। अभी बिल्डर ने अपनी निजी भूमि के अलावा राजस्व भूमि के प्लांटेशन को कटवा दिया। पेड़ कटवाने के अलावा बिल्डर ने राजस्व भूमि का भी समतलीकरण शुरू करवा दिया था। गांव के सरपंच को इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने शिकायत की। उसके बाद गुपचुप चल रहे खेल का भंडाफोड़ होने के साथ ही वन विभाग के अफ़सरों की लापरवाही सामने आई। नवा रायपुर में आला अफ़सरों का जहां रोज आना जाना होता है वहां अवैध कटाई का खुलासा होने पर डिप्टी रेंजर राजेश शुक्ला पर ही कार्रवाई की गई। बाकी किसी भी जिम्मेदार से जवाब तलब तक नहीं किया गया। अब आला अफ़सर कह रहे हैं कि वन विभाग का जितना पैसा खर्च हुआ था प्लांटेशन में उसे बिल्डर से वसूल किया जाएगा। विभाग में चर्चा है कि कुछ अफ़सरों की मिलीभगत के कारण ही बिल्डर ने वन विभाग के लगाए पौधों का काट दिया। वह कटे हुए पेड़ों को गाड़ियों में लादकर ले जा रहा था तब प्रशासनिक अमला पहुंचा और गाड़ी व पेड़ों को जब्त करवाया गया।

# प्रत्याशी घोषित होते ही भाजपा में भगदड़ व बगावत : कांग्रेस

**रायपुर,** 20 अगस्त। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर में धर्मांतरण के नाम पर बयानबाजी करने वाली भाजपा ने लुंड्रा से प्रबोध मिंज को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा गुड खाती है और उसको गुलगुले से परहेज है भाजपा प्रत्याशियों की प्रोफाईल भाजपा के कथनी और करनी के अंतर को समझने के लिये पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इंदिरा बैंक के घोटाले में करोड़ो रूपये घूस लेने वाले तथा नक्सलियों को गृहमंत्री रहते चंदा देने वाले रामविचार नेताम को भी प्रत्याशी बनाया है। रामविचार नेताम के परिजनों के ऊपर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा की जमीन को कूटरचित दस्तावेज और षड्यंत्र कर अपने नाम में कराने का आरोप है। जिसके कारण भाजपा के ही कार्यकर्ता उनके विरोध में है। श्री शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ टिकिट पाये विजय बघेल को पाटन की जनता के विरोध का सामना करना पड़ रहा। भाजपा ने हारने वाली गारंटी की 21 सीटों पर उम्मीदवार उतार कर प्रदेश में चुनाव के पहले ही अपनी हार स्वीकार लिया है। एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। भाजपा में 21 प्रत्याशी घोषित होते ही भगदड़ और बगावत की स्थिति बन गयी है। जिन्हे प्रत्याशी बनाया गया है वे चुनाव नहीं लड़ना चाहते है उनको लगता है कि उन्हे बलि का बकरा बनाया गया है। इसके साथ दूसरे और तीसरे क्रम के नेता अपने साथ पार्टी द्वारा अन्याय किये जाने का हवाला देकर बगावत में उतर आये है। उनका दावा है कि जब हारने के लिये पार्टी ने उम्मीदवार उतारा है तो हमें क्यो अवसर नही दिया।

# आज मंत्री डहरिया करेंगे आरंग विस से दावेदारी

**आरंग,** 20 अगस्त। आरंग विधानसभा से प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ.शिवकुमार डहरिया सोमवार 21 अगस्त को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से अपनी दावेदारी का आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू को आरंग के राजीव भवन में सौपेंगे। कांग्रेस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री डॉ. डहरिया सोमवार 21 अगस्त को दोपहर 12.00 बजे आरंग विधानसभा से अपनी दावेदारी का आवेदन आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू को सौपेंगे। इस दौरान विकास खंड आरंग एवं चंदखुरी के समस्त पदाधिकारी , ज़िला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य गण ,जोन अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ,बूथ अध्यक्ष ,बूथ प्रभारी ,बूथ लेवल एजेंट ,राजीव युवा क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्य , ज़िला महिला कांग्रेस , युवा कांग्रेस , हस्ड्ढ ,समस्त सोसाइटी अध्यक्ष, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, गौठान अध्यक्ष, नगर पालिका , नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदगण ,जनपद अध्यक्ष, ज़िला पंचायत सदस्य, जनपत सदस्य, सरपंच गण एवं सभी पदाधिकारी एवं आरंग विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल होंगे।

# जिंदगी न मिलेगी दुबारा की क्लास लगी सालेम इंग्लिश स्कूल में



**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवम रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिंदगी न मिलेगी दुबारा पर कार्यशाला सालेम इंग्लिश स्कूल में आयोजित की गई।

सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया नशा मुक्ति ट्रैफिक नियम एवम हेल्थ एंड हाइजीन पर कार्यक्रम रखा बहुत सार्थक रहा। आयोजन बच्चो ने बहुत रुचि दिखाई बच्चो से प्रश्न पूछे गए बच्चो को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए जिसमे मुख्य अतिथि डॉ नीरज पहलाजनी महिला चिकत्सक ने अपने उद्बबोधन में कहा मेरी पढ़ाई दिल्ली में हुई और मेने कभी नही सोचा था की में डॉक्टर बनुगी पर कक्षा ग्यारवीं में मेरी टीचर ने मुझे समझाया और एक टास्क दिया जिसको मेने अपने जीवन में ठान लिया और उसके बाद मैने डॉक्टर का पेशा चुना।

उन्होंने कहा बच्चे आज एक प्रण ले जीवन में सबको कुछ ऐसा करना है की आपको आपका स्कूल ये बोले ये स्टूडेंट सालेम में पढ़ाई किया था। विशेष अतिथि छगन मुंदड़ा ने कहा सभी बच्चो को खान पान अच्छा खाना चाहिए और अगर राजधानी के अनुरूप रहना है तो सबसे पहले हमको ट्रैफिक नियम जानकारी होना बहुत जरूरी है। सबसे अपील नशे से सबको दूरी बनाए रखे ।विशेष अतिथि डॉ एन डी गजवानी ने कहा बारिश में बच्चो को तरल पदार्थ एवम ठेले के खाने से बचना चाहिए जितना हो सके घर के खाने का सेवन करे। ट्रैफिक विभाग से टी के भोई ने कहा विस्तार से बच्चो को ट्रैफिक नियम समझाए।

मोटिवेशनल स्पीकर मोगरे ने कहा नशा अच्छे अच्छे घर को बर्बाद कर देता है बच्चे आप सभी इस बुरी आदतों से दूर रहे। हेल्थ टिप्स पर डॉक्टर मानसी ने कहा बच्चो को ब्रश हर तीन माह में बदलना चाहिए और रात को ब्रश जरूर करे।

# धोखा खाए हुए अनियमित कर्मचारियों में वादा घोषणा नहीं अपितु गारंटी कार्ड से आशा की किरण जागी : विजय झा

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा कल माना स्थित जैनम मानस भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में वादा या घोषणा पत्र नहीं अपितु गारंटी कार्ड जारी किया गया। 10 गारंटी में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का गारंटी देने से उनमें आशा की किरण जागी है।



कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के चुनाव का शंखनाथ करते हुए छत्तीसगढ़ की जनता को 10 गारंटी कार्ड जारी किया है। भाजपा द्वारा 15 साल के कार्यकाल में किए गए वादे को पूरा न करने पर, कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता में आने पर 10 दिन में नियमितीकरण करने का वादा किया गया था। दोनों के द्वारा अपने वादों को पूरा नहीं किया गया तथा वादाखिलाफी की गई है। सवाल 2 सरकारों के वादाखिलाफी का नहीं है, 15 साल भाजपा और 5 साल कांग्रेस 20 साल का जीवन का महत्वपूर्ण समय प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों का समाप्त हो चुका है। अब श्री अरविंद केजरीवाल ने अनियमित कर्मचारियों को नियमितीकरण का गारंटी दिया है। जिसमें अनियमित कर्मचारी, ठेका प्रथा, प्लेसमेंट, कलेक्टर दर सहित ऐसे कर्मचारी जो शासन के राजकोष से वेतन तो प्राप्त कर रहे हैं किंतु वे नियमित कर्मचारी की श्रेणी में नहीं आतें है वह सब अनियमित कर्मचारी कहलाएंगे। साथ ही ठेका प्रथा, प्लेसमेंट बंद कर प्रदेश मैं व्याप्त दलाली प्रथा को समाप्त करने से लाखों रुपए शासन का सुरक्षित बचेगा जो इनके जीवन के लिए भविष्य सुधारने में महत्वपूर्ण होगा। ऐसे सभी कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में आशा की किरण जगी है। श्री झा ने कहा है कि श्री अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक रूप से घोषित किया कि यह 10 गारंटी मर जाएंगे, सर कट जाएगा, लेकिन गारंटी को पूरा किया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती मंगन बाई सिन्हा



**कुरुद,** 20 अगस्त। ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी श्रीमती मंगन बाई सिन्हा पति स्व. डॉ अर्जुन सिन्हा 90 वर्ष की लंबी अस्वस्थता के चलते रविवार सुबह निधन हो गया। वे स्थानीय भाजपा नेता पंकज सिन्हा और सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा की मां थी। स्व. मंगन सिन्हा की अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्तागण शामिल हो श्रद्धाजंलि दी।

# राजीव गांधी जयंती पर युकां ने निकाली सद्भावना पदयात्रा




**रायपुर,** 20 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर युवा कांग्रेस के कोमल अग्रवाल व मो. सिद्दीक के नेतृत्व में राजीव एक संकल्प के बैनर तले सद्भभावना पदयात्रा निकाली गई। जयस्तंभ चौक से निकली पदयात्रा का राजीव गांधी चौक राजीव प्रतिमा में समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के विचारों पर चलकर मानवता व देश की सेवा करने का संकल्प लिया।

**युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं राजीव गांधी**

कोमल अग्रवाल व मोहम्मद सिद्दीक ने कहा राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर देश को वैश्विक स्तर पर विकसित करने का प्रयास किया। वह युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानते थे। इसलिए युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। राजीव गांधी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। देश का युवा उनके सपनों के भारत को बनाने के लिए संकल्पित है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश काँग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ,रेहान खान,राजेश केडिया,आनंद पांचाल ,वार्ड अध्यक्ष जावेद दद्दा,सागर वाकड़े,राजेश त्रिवेदी,शरद गुप्ता,राजेश पाठक, एन एस यूआई से मुनेश गौतम, श्रेयांस शुक्ल, विजय बघेल,नईम,अनिल,राजेश कटारे,विजय बाफना,मोहम्मद शकील राजा सहित न कांग्रेस जन शामिल हुए ।

# आकार ले रहे विघ्नहर्ता

**भाटापारा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रंग तो तेज हैं ही। अब पोशाक जैसे स्वरूप देने के लिए जरूरी सामग्री की खरीदी पर अच्छी-खासी रकम खर्च करनी पड़ेगी। असर यह कि गणेश पूजा समितियों को विघ्नहर्ता के लिए न्यौछावरी बीते बरस की तुलना में ज्यादा देनी होगी।



गणेश प्रतिमाओं को आकार दिया जाने लगा है। सूरजपुरा मार्ग पर घर के बरामदे में मूर्तिकार तिलकराम वर्मा जुटे हुए हैं, गणेश प्रतिभाओं को स्वरूप देने के लिए। एक माह बाद आ रहे गणेश पर्व के लिए अभी से बड़ी तीन प्रतिमा के आर्डर ले चुके तिलक उत्साहित है कि हो रही पूछ-परख से उम्मीद है कि इस वर्ष गणेश पंडाल की संख्या में बढ़त के प्रबल आसार हैं।

**तेजी पहली बार पोशाक में**

बड़ी प्रतिमाओं के लिए बेहद जरूरी पोशाक की कीमतों में जोरदार उछाल आया है। हालांकि डिजाइन आकर्षक हैं। जरी और लेस की कीमत भी बढ़ी है लेकिन आई तेजी के बावजूद समितियों का रुझान जानने के बाद पोशाक की खरीदी के लिए आर्डर दिए जाने लगे हैं। आकर्षक नख-शिख पर भी तिलक गंभीरता के साथ ध्यान दे रहे हैं।

**पीछे यह भी नहीं**

प्रतिमा बनाने के लिए बेहद अहम मिट्टी की खरीदी पर किलो पीछे अब 25 रुपए देने पड़ रहे हैं। बीते बरस इसकी खरीदी 20 रुपए किलो की दर पर की गई थी। इसी तरह रंग की खरीदी पर 5त्न अतिरिक्त रकम खर्च करनी पड़ रही है। आवश्यक है, इसलिए प्रारंभिक जरूरत जिस रंग की होती है, उसकी खरीदी की जा चुकी है।

**न्यौछावरी ज्यादा**

फ्रेम, मिट्टी, रंग और पोशाक में आई तेजी के बाद प्रतिमा निर्माण की लागत में वृद्धि आने लगी है। लिहाजा गणेश पूजा समितियों को न्यूनतम 50 रुपए और अधिकतम 500 रुपये प्रतिमा के लिए ज्यादा न्यौछावर करने होगें ।बताते चलें कि मूर्तिकार तिलकराम वर्मा के पास तीन बड़ी प्रतिमाओं के लिए आर्डर बुक करवाए जा चुके हैं।

# रायपुर उत्तर विधानसभा से पंकज मिश्रा की दावेदारी



**रायपुर,** 20 अगस्त। रायपुर उत्तर विधानसभा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य,प्रतिनिधि प्रदेश कांग्रेस युवा नेता पंकज मिश्रा ने आज अपना आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के सामने प्रस्तुत किया है ।प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को ब्लॉक अध्यक्ष के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना है। इसी कड़ी में आज पंकज मिश्रा ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ अपना आवेदन जमा किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण जंघेल को उन्होंने अपना आवेदन दिया और कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक जन जन को पहुंचाने का काम किया जा रहा है ।प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हम पुन: सरकार बनाएंगे। आज मुख्य रूप से बिज्जू बंजारे,अमर कुर्रे,गोपी जाल,संजू राव,वोकेश देवांगन,दुर्गेश सारथी,पंकज त्रिपाठी,संजू ठाकुर,गौतम साहू,बिज्जू बघेल,सत्तर चौहान,मो तहसीन,नरेश नवानी,सन्नी खटवानी,विकास जुसेजा,लोकेश वर्मा,योगेश तिवारी,पंकज ठाकुर,सैफ़ शाह,शाहिद कुरैशी,मनीष दास,रोमी वोहरा,विजय जादव,हर्षद पटेल,संकल्प मिश्रा,बॉबी सोनकर,जितेंद्र यादव, हेमंत पटेल,सचिन पांडेय,मनीष तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

इंदिरा प्रियदाशिर्नी बैंक घोटाला

# फर्जी कंपनियों को लोन दिया

## लोन देने की लिमिट थी 10 हजार, दिए 1.1 करोड़

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)।इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक 29 साल पहले 1995 में करोड़ों का घोटाला करने की प्लानिंग से ही खोला गया था।बैंक से कर्ज की लिमिट केवल 10 हजार थी लेकिन कंपनियों को 1.1 करोड़ लोन दे दिया गया।हैरान करने वाली बात है कि सभी फर्जी कंपनियों को लोन दिया गया। एक भी कंपनी वजूद में नहीं थी। कागजों में कंपनी बनाकर जालसाजों ने 21 करोड़ लोन ले लिया। बैंक लोन के पैसों को फर्जीवाड़ा करने वालों ने बड़ी कंपनियों के शेयर खरीदने में निवेश कर दिए। बाद में उन शेयरों को बेच दिया। अब इतने साल बाद पुलिस ने फाइल खोली तो एक माह में ही डेढ़ करोड़ रुपए वापस प्राप्त किए गए हैं।525 पीड़ितों के 15 करोड़ अभी भी डूबे हैं। इन पैसों को जालसाजों ने किन कंपनियों में निवेश है किया है पुलिस को इसका पता चल गया है।उन कंपनियों को नोटिस जारी कर दिया गया है। पूरे घोटाले में बैंक के अधिकारियों से लेकर सीए तक की सांठगांठ थी। बैंक अफसरों ने प्लानिंग से ही पंण् बंगाल और महाराष्ट्र में रजिस्ट्रेशन वाली ऐसी कंपनियों को 1.1 करोड़ तक लोन दे दिए जिनका वजूद ही नहीं था। कागजों में कंपनी बनाकर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाकर लोन का आवेदन दे दिया है। इतनी बड़ी रकम कर्ज देने के पहले पड़ताल नहीं की गई। इस तरह एक.दो नहीं 40 से ज्यादा शैल फर्जी कंपनियों को 18 करोड़ का कर्ज बांट दिया गया। इन फर्जी कंपनियों के नाम से कर्ज लेने वाले जालसाजों ने कुछ महीने किश्त जमा की। उसके बाद एक के बाद एक कर किश्त देना बंद कर दिया। लोन के पैसे जैसे ही मिलने बंद हुए बैंक डूब गया और अगस्त 2005 में संचालकों ने चुपचाप इसमें ताला लगा दिया।

### बैंक मैनेजरए सीए का बेटा मास्टर माइंड

पुलिस की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि तत्कालीन बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा और सीए का बेटा नीरज जैन घोटाले का मास्टर माइंड हैं। नीरज जैन और उसके भाई ने कोलकाता नागपुर और छत्तीसगढ़ के अलग.अलग पते व नाम की फर्जी कंपनी बनायी। इन कंपनियों की ओर से व्यापार के लिए कर्ज लेने आवेदन खुद लिया। जाली दस्तावेजों से बैंक ने लोन जारी कर दिया। बैंक मैनेजर को 5 हजार तक लोन देने का अधिकार था। उससे ज्यादा 10 हजार तक का लोन संचालक मंडल के आदेश से दिया जाता था। उमेश ने दस्तावेज में फर्जीवाड़ा कर 1.1 करोड़ तक का लोन दे दिया।2005 में बैंक बंद हो गया।2006 में बैंक ने इन्हीं कंपनियों के खाते में 3 करोड़ और जमा कर दिया। इस तरह 21 करोड़ फर्जी कंपनियों को दिया गया।

### पैसा रिकवरी का प्रयास ही नहीं

**किया:** पुलिस के तत्कालीन जांच अधिकारी फर्जी कंपनियों तक पहुंच गए लेकिन उनसे पैसा रिकवरी का प्रयास नहीं किया गया। जबकि ट्रांजेक्शन की पूरी जानकारी उसी समय सभी को थी। जिन लोगों ने कोर्ट से स्टे लिया। उनके खिलाफ अपील भी नहीं की गई। जबकि फर्जी कंपनियों ने कर्ज लेकर 42 कंपनियों में शेयर खरीदा। कुछ साल बाद उन शेयर को बेच दिया। पुलिस अब इन्हीं कंपनियों से संपर्क कर पैसा वापस करा रही है।

### सब्जी बेचने वालों ने लिखाई 35 हजार डूबने की पहली एफआईआर

बैंक में 21 करोड़ का घपला हुआ था। लेकिन पहली एफआईआर में केवल 35 हजार का गबन ही दर्ज किया गया था। पुरानी बस्ती निवासी रवि विक्रम और शंकर सोनकर सहित सब्जी कारोबारियों ने शिकायत दर्ज कराई थी। किसी ने 5 हजार तो किसी ने 10 हजार डूबने की जानकारी दी थी। पुलिस केवल 35 हजार का गबन ही पहली एफआईआर में लिखा था। बाद में जांच आगे बढ़ती गई और घोटाले की परतें उधड़ती गई। बैंक 2005 में बंद हुआ। इसके छह माह बाद अगस्त 2006 में पहली एफआईआर दर्ज की गई। उसमें केवल 15 लाइनें ही लिखीं गई थीं। इसी एफआईआर में बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा और सुलोचना आडिल समेत अन्य के नाम थे। शासन ने जांच के लिए टीम बनाई। पुलिस ने बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा नीरज जैन के अलावा सुलोचना आडिल किरण शर्मा दुर्गा देवी संगीता शर्मा सविता शुक्ला सरोजनी शर्मा रीता तिवारी नीरज जैन संजय समेत 19 लोगों को आरोपी बनाया गया। इसमें 13 उस समय सक्रिय राजनीति से जुड़े नेताओं की पत्नियां थींए जो संचालक मंडल में थीं। 5 लोगों ने कोर्ट से स्टे ले लिया था। बाकी 14 को गिरफ्तार किया गया। इसमें से 4 की मौत हो चुकी है।

### नार्को टेस्ट को बनाया आधार

17 साल बाद पुलिस ने कोर्ट में इस केस को नए सिरे से खोलने की अर्जी लगाई। उस समय बैंक के तत्कालीन मैनेजर और मुख्य आरोपी उमेश सिन्हा ने नार्को टेस्ट के दौरान कई राजनेताओं के नाम लिए थे। बड़े लोगों के नाम थे। इस वजह से केस रोक दी गई थी। अब सरकार बदलने के बाद पुलिस के माध्यम से फाइल खोली गई है ।उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट रिपोर्ट को आधार बनाया गया है। 17 साल पुराने मामले की फिर से जांच की जा रही है। पुलिस का फोकस गरीब खाताधारकों को पैसा लौटना हैं। पौने दो करोड़ वापस कराया गया है। और भी पैसा वापस कराया जाएगा। जांच में नए आरोपी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशांत अग्रवाल**
**एसएसपी रायपुर**

# आज दिव्य कांवड़ यात्रा गुढ़ियारी से शुरू होकर महादेव घाट जाएगी



**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर अंतर्गत पश्चिम विधानसभा मे सोमवार को आयोजित होने जा रही दिव्य काँवड़ यात्रा संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में निकली जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के मुख्य उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।विधि-विधान से पूजा करने के पश्चात् यह यात्रा प्रारंभ की जाएगी। इस यात्रा को लेकर धर्म गुरु एवं पंडितों द्वारा बताया गया है कि कल श्रावण के पावन पवित्र मास शुक्ल पक्ष (द्वितीय शुद्ध) नाग पंचमी सोमवार (पुरुषोत्तम मासोपरान्त) होने के कारण इस दिन का बहुत ही बड़ा महत्व है। इस दिन यात्रा निकालने से इसका बहुत ही शुभ योग बनता है। यह यात्रा जन कल्याण के लिए राष्ट्र कल्याण के लिए बहुत ही शुभ होगी।

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम का शुभारंभ
- देवी-देवताओं की झाँकी व भक्ति कार्यक्रमों से होगा भगवान भोलेनाथ को रिझाने का प्रयास : विकास

विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि श्रावण के पावन अवसर पर सोमवार 21 अगस्त को मारुति मंगलम भवन गुढ़ियारी में पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर उनके काँवड़ की पूजा करने के पश्चात् यह यात्रा प्रारंभ की जाएगी। इस दिव्य काँवड़ यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न देवी-देवताओं की झाँकी एवं लोकमंच भक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को रिझाने का प्रयास किया जाएगा। उनसे प्रदेश की खुशहाली की कामना भी करेंगे।

विकास उपाध्याय ने बताया यह यात्रा गुढ़ियारी मारुति मंगल से गुढ़ियारी पड़ाव होते हुए शुक्रवारी बाजार, फिर पहाड़ी चौक होते हुए भारत माता चौक, फिर सीएसईबी के पास से होते हुए कर्मा माता चौक, उसके बाद कबीर चौक होते हुए फ्लाई ओवर चढ़कर तेलघानी नाका चौक पहुंचेगी ।फिर अग्रसेन चौक होते हुए आजाद चौक थाना के सामने आमापारा होते हुए लाखेनगर वाले रास्ते से अश्वनी नगर, सुन्दर नगर चौक होते हुए रायपुरा चौक से सीधे महादेव घाट मार्ग होते हुए बाबा हटकेश्वर नाथ महादेव श्री शंकर भगवान के मंदिर में पहुँचकर हटकेश्वर शिवलिंग में जल एवं दुग्धाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

इस यात्रा के लिए पूर्व से ही विधायक विकास उपाध्याय ने समस्त श्रद्धालुओ से अनुरोध व अपील की है कि वे अपने परिवार सहित, समाज के प्रतिनिधि, सदस्य एवं साथी माता एवं बहने इस दिव्य काँवड़ यात्रा में भाग लेकर देवा दी देव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भारी संख्या में इस यात्रा के भागीदार बनें।

# रेलवे स्टेशन से दो गांजा तस्कर गिरफ्तार



**आरोपियों से 20 किलो से ज्यादा गांजा जब्त**

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आरपीएफपोस्ट रायपुर ने शनिवार को 2 गांजा तस्कर को 20 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 5 हजार रुपये बताई जा रही है टीम ने दोनों आरोपी को आपरेशन नारकोस के तहत पकड़ा है मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्लेटफार्म नं 05.06 पर विकलांग शौचालय के पास बताए हुलिए और सामान के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को घेरा बंदी कर पकड़ा गया दोनों के पास रखे दो पिट्ठू बैग को चेक करने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गयाण् नाम पता पूछने पर दोनों ने अपना नाम सर्जेश सिंह पता. शिव बहादुर सिंह उम्र .20 साल निवासी ग्राम मदरो पोस्ट. परसिया थाना जवा जिलाृ रीवा म.प्र, प्रशांत दुबे पिता विजय कुमार दुबे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कढ़ीहाई पोस्ट कोनीएथाना अतरैला जिला रीवा म प्र का रहने वाला बताया दोनों के पास रखे दोनो पिट्ठू बैग को चेक करने पर 2 पैकट कुल 04 पैकेट गांजा होना पाया जिसका कुल वजन 20 किलो 500 ग्राम था इसकी कीमत दो लाख पांच हजार रुपये है उक्त दोनों आरोपीयो को एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया पूछताछ में दोनों आरोपीयो ने बताया कि बरामद गांजा को रेल मार्ग से डभौरा ;रीवा म प्र बेचने के लिये जाने वाले थे

# सटोरियों की उड़ी नींद, बुकी नवीन बत्रा ने उगले 12 से अधिक नाम, जल्द होगी गिरफ्तारी

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। महादेव आनलाइन क्रिकेट सट्टा एप के बड़े बुकी नवीन बत्रा की गोवा से गिरफ्तारी के बाद से छत्तीसगढ़ के सटोरियों की नींद उड़ी हुई है। आनलाइन सट्टे पर कार्रवाई के बाद से नवीन फरार चल रहा था। पिछले दिनों लोगों की व्यक्तिगत पहचान संबंधी दस्तावेज लेकर फर्जी खाते खुलवाने वाले गैंग के आरोपियां की गिरफ्तारी के बाद नवीन बत्रा का नाम सामने आने पर पुलिस सक्रिय हुई थी। इसी बीच गोवा पुलिस ने उसे एक फाइव स्टार होटल में 11 साथियों के साथ घेरा। शनिवार को रायपुर लाने के बाद नवीन से रातभर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने सट्टे के खेल से जुड़े अलग.अलग पैनल के 12 से अधिक सटोरियों के नाम उगले है। नवीन को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी थी लेकिन बीमार होने के कारण रविवार को उसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। पुलिस अफसरों का दावा है कि जल्द ही कुछ और बड़े खाइवालों की गिरफ्तारी होगी।

पुलिस के जानकार सूत्रों ने बताया कि नवीन बत्रा से सट्टे के खेल से जुड़े कई राज खुलने की संभावना है। नवीन लंबे समय से महादेव एप के सरगना सौरभ चंद्राकर रवि उप्पल से सीधे जुड़ा रहा है। उसके नेटवर्क दुबई से लेकर यूएस तक फैले हैं। नवीन मुंबई और गोवा में बैठकर आनलाइन क्रिकेट सट्टे का कारोबार करता था। सट्टे का करोड़ों रूपये इधर से उधर करने के लिए वह छत्तीसगढ़ के पांच सौ से अधिक लोगों के बैंक खाते का इस्तेमाल करता था। नवीन के खिलाफ सूरजपुर में एक



युवक के खुदकुशी के मामले में भी अपराध दर्ज है। दूसरी ओर शीमर्स क्लब के संचालकों के पार्टनरों तक पुलिस के अब तक हाथ नहीं पहुंच पाए हैए केवल संचालक नितिन मोटवानी ही गिरफ्त में आया है।

### सट्टे में अग्रिम जमानत ली तो जालसाजी में किया गिरफ्तार

नवीन बत्रा काफी चालाक खाइवाल है। उसे पकड़वाने में महावीरनगरए शंकरनगर क्षेत्र के उसके खास दोस्तों ने पुलिस की मदद की थी। पंडरी और सिविल लाइन पुलिस थाने में सट्टा जुआ का केस दर्ज होने पर उसने गिरफ्तारी से बचने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली थी। पुलिस ने भी उसके दांव के उलट खमतराई थाने में दर्ज जालसाजी के केस में गिरफ्तारी की। सिविल लाइन और पंडरी पुलिस ने पांच अगस्त को शीमर्स क्लब के संचालक नितिन मोटवानी और उसके साथी सागर जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन दो दिन बाद उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई। जेल से छूटने के बाद से दोनों गायब है। पुलिस ने उनके साथी रायगढ़ के सानू बेरीवाल करण अग्रवाल दीपक भूटानी उर्फ सिंधी एजाज उर्फ मन्नू के अलावा नवीन बत्राए अजय जैन और ओडिशा के फैजू को आरोपित बनाया है। नवीन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को अब बड़े खाइवाल अरुण अग्रवाल अतुल अग्रवाल की तलाश है। पुलिस अफसरों ने बताया कि महावीरनगर निवासी नवीन बत्रा बड़ा बुकी है। उसके कनेक्शन देश और विदेश के बड़े खाइवाल से जुड़े निकले हैं। वह छोटे सटोरियों को 10.10 लाख रुपए में आइडी व लाइन बेचता था। वह खुद भी पांच लाख से ऊपर का दांव लेता था। नवीन के गुर्गे यहां कमीशन लेकर गरीबों के नाम से बैंक खाता खुलवाते थे और उसी खाते में सट्टा के पैसों का ट्रांजेक्शन होता था। पुलिस का दावा है कि नवीन से सट्टे के खेल से जुड़े कई राज खुलने की उम्मीद है।

### 12 से अधिक की तलाश, पांच सौ से अधिक खातों में ट्रांजेक्शन

गरीबों का दस्तावेज लेकर खाता खुलवाने के मामले में पुलिस ने अब तक 21 लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं 12 से अधिक लोगों की तलाश की जा रही है। जांच में पांच सौ से ज्यादा दूसरों के नाम से बैंक खाता मिले है। ये खाते खाताधारक की बिना जानकारी के खोले गए थे। इन खातों में ही सट्टा के पैसों का लेन.देन होने के सबूत पुलिस को मिले हैं। इसके आधार पर कुछ लोगों की गिरफ्तारी होनी है। सिटी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी का कहना है कि नवीन बत्रा से पूछताछ में सट्टे के खेल से जुड़े कई बड़े खाइवाल के नाम सामने आए है। इसके आधार पर जल्द और गिरफ्तारी करेंगे। फिलहाल नवीन को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया।

# सस्ते मकान बनाने का झांसा देकर लोगों से ठगी

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सस्ती कीमत पर मकान बनाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने दो सगी बहनों पर अपराध दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये दोनों बहनें मूलत: बिहार की रहने वाली हैं और बीते पांच वर्ष से रायपुर में रह रही हैं।

### सस्ती कीमत पर मकान बनाने का देती थी झांसा

पुलिस के मुताबिक न्यू शांत नगर निवासी मोहम्मद फारुख खान तथा अन्य लोगों की शिकायत के आधार पर प्रीति तथा प्रिया चौधरी के खिलाफठगी का अपराध दर्ज किया गया है। फारुख के मुताबिक उसकी पत्नी का फेसबुक के माध्यम से इनसे संपर्क हुआ। दोनों बहनों ने उसे सस्ती कीमत पर मकान बनाने का झांसा देते हुए उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद उसके घर भी पहुंच गईं। वहां उन लोगों ने इमोशनल तरीके से ब्लैकमेल करते हुए मकान बनाने का ठेका हासिल किया और साढ़े पांच लाख रुपये में मकान बनाने का झांसा दिया।



**दो युवती हिरासत में**

पुलिस की प्रारंभिक जांच.पड़ताल में पता चला है कि दोनों बहनों ने 50 से 60 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। फारुख का कहना है कि दोनों बहनों ने मकान बनाकर देने तथा मकान निर्माण के लिए अपडेट देने के लिए एक वाट्सएप गुप्र भी बनाया था। नींव खोदने तक की फारुख को वाट्सएप गुप्र में जानकारी मिलती रही। बाद में जब मौके पर जाकर देखा तो दोनों बहनों के फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। फारुख के मुताबिक कालम खड़ा करके दोनों बहनों ने सात फीट नींव खोदने का झांसा दिया था। मौके पर जाकर देखा तो कालम के लिए सात के बजाय पांच फीट नींव खोदी गई थी। साथ ही कालम में भी दो से तीन माह पूर्व पानी से भीग चुके सीमेंट का पीवीसी डाल रही थीं। साथ ही कालम में तय मानक के सरिया का उपयोग नहीं किया जा रहा था। फारुख का कहना है कि काम की गति और अमानक काम को देखते हुए दोनों बहनों से उन्होंने पैसे लौटाने कहा तो उन लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर वाला चेक थमा दिया जो बैंक में डिसआर्डर हो गया। जब फारुख ने पुलिस में शिकायत की बात कही तो उन लोगों ने एक चेक और दिया और इसके बाद उस चेक का पेमेंट स्टाप करवा दिया। प्रीति तथा प्रिया के खिलाफउसके आफिस में काम करने वाले स्टाफ अलीशा साहू ने भी ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अलीशा ने पुलिस को बताया कि फेसबुक के माध्यम से इन बहनों से उससे संपर्क कर पहले दोस्ती की और इसके बाद उसे अपनी बहन बनाते हुए अपने आफिस में काम पर रखा। इसके बाद इमोशनल ब्लैकमेल करते हुए उसकी मां के सोने के जेवर बंधक बनाकर बैंक से लोन लिया। अलीशा ने बताया कि उसका अकाउंट खुलवाकर बैंक से लोन हासिल किया जिसका ईएमआइ वह बैंक में जमा कर रही है।

# पुलिस का अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान



**अलग-अलग धाराओं के तहत 508 आरोपियों को भेजा गया जेल**

### 76 विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंटी एवं 56 वारंटी गिरफ्तार



थाना प्रभारियों को स्थायी गिरफ्तारी वारंटो की तामिली हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसके तारतम्य में आज समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी गिरफ्तारी वारंटीयों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान कार्यवाही के दौरान अलग, अलग थानों के 76 विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंट एवं 56 गिरफ्तारी वारंट इस प्रकार 132 स्थायी गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वारंटीयों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)।अपराधों की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने तथा सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहरध्अपराध अभिषेक माहेश्वरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चंद्राकर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई के नेतृत्व में थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना के बलों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम के साथ अपने.अपने थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए गुण्डा बदमाश निगरानी बदमाशए संदिग्ध व्यक्ति असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान कार्यवाही के दौरान 19 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट 03 आरोपियों को आर्म्स एक्ट तथा गुण्डा निगरानी बदमाश असमाजिक तत्वों अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों एवं संदिग्धों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं धारा 109 में 16 आरोपियों धारा 110 में 50 आरोपियों धारा 151 में 20 आरोपियों तथा धारा 107 116 में 400 आरोपियों के तहत इस प्रकार कुल 508 आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 44 व्यक्यितयों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पुलिस ने ली होटल, रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों की क्लास



**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। तेलीबांधा थाना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। निर्देश के परिपालन मे आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर सचिंद्र कुमार चौबे एवं थाना प्रभारी तेलीबांधा फैजल होदा शाह द्वारा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने हेतु थाना क्षेत्र में संचालित होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में होटल रेस्टोरेंट संचालकों को होटल के सामने मुख्य मार्ग पर वाहन पार्क होने से सामान्य यातायात को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया साथ ही होटल के सामने सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त गार्ड की व्यवस्था कर होटल के भीतर ही वाहन पार्क कराने समझाइश दिया गया। साथ ही होटल ढाबा के सामने मुख्य मार्ग पर ग्राहकों का वाहन पार्क किए पाए जाने पर वाहन चालक के अतिरिक्त होटल रेस्टोरेंट ढाबा संचालकों के ऊपर भी वैधानिक कार्यवाही किये जाने के संबंध मे निर्देशित किया गया।

**सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था करने निर्देश**

# राजधानी में वाहन चोर गिरोह सक्रिय

**रायपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अगर आप बाइक या कार रखते हैं और पार्किंग प्लेस में अपनी बाइक या कार पार्क करते हैं तो सावधान हो जाइए। शहर में वाहन चोर गिरोह सक्रिय हो चुका है। वाहन चोर गिरोह के सदस्य सार्वजनिक स्थाना की पार्किंग प्लेस में खड़ी वाहनों को अपना निशाना बना रहे हैं। वाहन चोरी का ताजा मामला रायपुर के कलर्स मॉल से सामने आया है जहां बेखौफचोर दिनदहाड़े वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। मॉल में खड़ी दोपहिया वाहन की चोरी करते हुए चोर की ये वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

**माल से दिनदहाड़े ले उड़ा बाइक**



पुलिस ने चोरों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल यह मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा इलाके के संजयनगर निवासी धमेंद्र बेहरा 33 पचपेढ़ी नाका रोड स्थित कलर्स माल में फैशन फैक्टरी में काम करते हैं। 10 अगस्त को वे अपने दोस्त महेंद्र प्रधान के नाम से पंजीकृत पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 06 जीई 7137 से सुबह 11 बजे कलर्स माल पहुंचे और वहां के पार्किंग में बाइक का हैंडल लाक करके काम करने चले गए थे। कुछ समय बाद वापस लौटे तो बाइक गायब थी। आसपास तलाशने पर बाइक का पता नहीं चला तब घटना की जानकारी महेंद्र प्रधान को देकर थाने में चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मॉल के पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो अज्ञात चोर बाइक को चुराकर ले जाता हुआ कैमरे में कैद दिखाई दिया।

उल्टा पुल्टा

एक बहु अपने ससुर से कहती है- बाबू जी, इलाइची ख़तम हो गयी है आते समय बाजार से लेते आना।

**ससुर** - हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।

**बहू**- ठीक है, आगे से ध्यान रखूंगी !!!

अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए!

**बहू**- बाबू जी, माँ जी ख़तम हो गयी हैं आते समय, बाजार से लेते आना...

## संपादकीय

### लोगों के बीच पहुंचेगा प्रशासन

*प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से सबसे छोटी व महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई तहसील होती है। तहसीलदार इसके प्रमुख होते हैं, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी होते हैं। छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में 1 नवम्बर 2000 को अस्तित्व में आया था। उस समय 16 जिलों का यह राज्य था। यह महसूस किया गया कि लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ वाले हिस्से में जिलों के पुनर्गठन की सिफारिश जिला पुनर्गठन आयोग ने कर दी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था क्योंकि राजनैतिक नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के हिस्से के प्रशासन और विकास पर नजर ही पड़ पाती थी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से यह हिस्सा वैसे भी काफी दूर पड़ता था। पृथक राज्य बना तो सरकार ने प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों के पुनगर्ठन की प्रक्रिया शुरू की। आज जिलों की संख्या 33 हो गई है। जब जिले बढ़े तो अनुविभागों और तहसीलों की संख्या भी बढ़ती चली गई। अब राज्य में 122 व 250 तहसीलें हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी की जयंती पर 20 अगस्त को 13 अनुविभाग व 18 नई तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अब लोगों को इन कार्यालयों में होने वाले कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और खर्च दोनों बचेगा। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो प्रशासनिक खर्च बचाने की भी चिन्ता थी। तत्कालीन वित्त मंत्री डा.रामचंद्र सिंहदेव ने राज्य में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए इस पर अधिक जोर दिया। मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे, जो प्रशासनिक अधिकारी रह चुके थे। उन्होंने संभागायुक्त कार्यालयों को बंद करने का फैसला कर लिया। बाद में डा. रमन सिंह सरकार ने कार्यालयों की उपयोगिता महसूस हुई और सभी संभागायुक्त कार्यालय बहाल कर दिए गए। जिलों के साथ अनुविभागीय और तहसीलों की संख्या बढ़ती चली गई। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के इस जमाने में कई सहकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई है। अब सरकारी कार्यालयों में भौतिक रूप से छानबीन और सुनवाई से जुड़े मामले ही देखें-सुनें जाते हैं। नए अनुविभागों व नई तहसीलों के गठन से इन न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारा तेजी से होगा। जमीन के बंटवारे, सीमांकन आदि के लिए लोगों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार इन सब मामलों को साथ कानून-व्यवस्था का काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। प्रशासनिक इकाइयां क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटी होती हैं तो प्रशासनिक कार्यों के साथ ही विकास में तेजी आती है। नए जिलों के गठन के बाद वहां विकास में आई तेजी देखी जा सकती है। लोगों में भी अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। उनके लिए हर छोटे-बड़े काम के लिए भी सरकारी कार्यालयों के दरवाजे पर दस्तक देना आसान हो जाता है। छत्तीसगढ़ आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल चुकी है। खर्च से ज्यादा चिन्ता प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने की है ताकि वे सरकार की विकास योजनाओं का लाभ आगे आकर ले सकें। नए अनुविभाग और नई तहसीलों में पदस्थ अधिकारी लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे और योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।*

# 5 वर्षों से निगम का नलघर स्थित शॉपिंग काम्पलेक्स सफेद हाथी हो रहा साबित

**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नये बस स्टैंड के सामने नलघर शापिंग काम्पलेक्स की दूकानें विगत 5 वर्षो से खाली पड़ी है। तमाम असुविधाओं के अलावा महंगीदर व किराये के कारण ग्राहक इसे लेने से कतरा रहे है। दोनों तल मिलाकर अलग अलग साईज की कुल 44 दूकानों में से सिर्फ 7 दूकानें ही बिकी है। इनमें सिर्फ दो दूकानें ही खुली है। शेष दुकानों को किसी की राशि पूरी न पटने तो किसी की तकनीकी प्रक्रिया पूरा न होने के कारण क्रेताओं को अधिपत्य नहीं सौंपा गया है।

लगभग 10 करोड़ की लागत से 66 हजार वर्गफुट में स्थापित इस शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण सन् 16-17 में शुरू हुआ था जो सन् 20 में बनकर तैयार हुआ। अभी भी इसमें लिफ्ट लगना शेष है। यहां पर बेसमेंट सहित पूरे एरिया में पानी भर जाता है। पानी भर जाने की वजह बाजू में ही नलघर होना है जहां का पानी ओव्हर फ्लों होकर अक्सर यहां बहता रहता है। भारी गर्मियों के दिन में भी यहां पानी भरता है। नगर निगम द्वारा अक्सर पानी को निकालने की कार्रवाई की जाती है मगर पानी फिर से भर जाता है। इस समस्या के स्थाई समाधान की जरूरत है। यह समस्या शापिंग काम्पलेक्स बनाने की जिस समय योजना बनाई जा रही थी तब भी नोट की गई थी। तत्कालीन विपक्षी पार्षदों ने भी इसे लेकर आपत्ति की थी। तब कहा गया था कि पानी टंकी के बाजू से काम्पलेक्स बनाना सुरक्षा की दृष्टि से घातक होगा। इसी तरह यहां नलघर का पानी अक्सर भरे रहने की बात कही गई थी मगर तत्कालीन महापौर एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे कोरी आशंका बताया था और काम्पलेक्स का निर्माण शुरू कर दिया गया था। यह काम्पलेक्स अब बनकर तैयार है मगर शुरू में जो संदेह व्यक्त किया जा रहा था वह अभी भी बरकरार है। काम्पलेक्स की छत व पानी की टंकी में पर्याप्त दूरी है मगर जमीन में बहता पानी नहीं रोका जा सका है।



**10 करोड़ की लागत से निर्मित काम्पलेक्स की 44 में केवल 7 दूकानें आबंटित**

अलग अलग साइज में निर्मित इन दूकानों की आफसेट प्राईज 13 लाख से 25 लाख से 35 लाख रूपये तक है। मासिक किराया 2 हजार से लेकर 6 हजार रूपये प्रतिमाह है।

मौके पर यह भव्य काम्पलेक्स होने के बावजूद यहां की दूकानों को लेने में लोगों की दिलचस्पी काफी कम नजर आ रही है। इसकी बड़ी वजह महंगी आफसेट प्राइज के अलावा काम्पलेक्स का माहौल व्यवसायिक नहीं बताया जा रहा है। शुरू में इसे डाक्टरों के लिये बनाये जाने की बात कही जा रही थी। अभी यह सभी के लिये उपलब्ध है। जानकारों के अनुसार डाक्टर भी इसमें रूचि नहीं दिखा रहे है।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक
# संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 15-16 सितम्बर को पुरई में



**दुर्ग/राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 के आयोजन के संबंध में संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभाग स्तरीय आयोजन के तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विकासखंड दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरई में 15 एवं 16 सितम्बर को कराने का निर्णय लिया गया।

संभागायुक्त श्री कावरे ने आयोजन के लिए सात सदस्यीय समिति का भी गठन किया। इस समिति में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक समेत दुर्ग जिले के कलेक्टर जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य और दुर्ग के जिला खेल अधिकारी को शामिल किया गया है। संभागायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के लिए प्रतिभागियों और प्रबंधन दल के सुरक्षा के साथ आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी, एम्बूलेंस और फर्स्ट एड किट एवं अन्य व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

# ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल करने से समर्थकों में हर्ष



**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यसमिति में विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को शामिल करने से उनके समर्थकों में भारी उत्साह है। कार्यसमिति में पूरे देश से 39 सदस्यों की सूची में श्री साहू को शामिल किया गया है। श्री साहू को कार्यसमिति में शामिल किये जाने पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख सहकारिता प्रकोष्ठ से रिवेन्द्र यादव, अय्यूब खान, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्री साहू को बधाईयां दी है।

# कांग्रेस विधायक छन्नी साहू के ऊपर हमला, बाल-बाल बची

**छुरिया**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की सबसे चर्चित रहने वाली विधायक श्रीमती छन्नी साहू पर आज शाम जोंधरा के एक कार्यक्रम के दौरान चाकू से हमला किया गया .

■ **आरोपी बाल पकड़ गले पर करना चाहता था वार !**

नशे में धुत युवक ने चाकू से हमला किया है. इस हमले में विधायक को हाथ में चोट आई है. जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया लाया गया.है बताया जा रहा है कि विधायक छन्नी साहू एक कार्यक्रम में जोधारा गांव गई हुई थी. जहां युवक ने इस घटना को अंजाम दिया है. फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर डोगरगाँव थाने मे बिठा लिया गया है. सूत्रो से जानकारी के मुताबिक हमला करने वाले आरोपी का नाम खेमचंद सिन्हा बताया जाता है। हमले में विधायक को मामूली चोट बताई जा रही हैं घटना को लेकर क्षेत्र में जरूर सनसनी फैल गई है।





आरोपी खेमचंद सिन्हा के इरादे नहीं थे नेक, मात्र 22 वर्ष का है पिता का साया नहीं है माता से अलग अपनी बुआ के यहां रहता है और अंडा का ठेला चला कर अपना गुजर-बसर करता है ।ग्रामीणों और नाम न छापने की शर्तो पर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी दादागिरी का भी शौक रखता है वह मात्र गांव में अपना दशहत का वातावरण निर्मित करने के लिए ही उक्त घटना को अंजाम दिया।

जोंधरा के प्राथमिक शाला भवन के अतरिक्त कमरा और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ?8लाख और ?5लाख स्वीकृत हुए है। जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा की विधायक ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# गिरधारी नगर में जलाई गई वृद्धा की शिनाख्त हुई

## प्रेम प्रसंग पर पर्दा डालने आरोपी प्रेमी प्रेमिका ने मिलकर की हत्या, तीन आरोपियों से पूछताछ जारी

**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। गिरधारी नगर में स्थित एक सोसायटी प्रबंधक के मकान से लगे स्टोर में लगी आग और उस आग में पूरी तरह जल चुकी महिला की शिनाख्त होने के बाद पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया है। इस पूरे मामले का एक दर्दनाक पहलू यह है कि इस मामले के दो आरोपियों सुप्रिया यादव एवं उसके कथित प्रेमी उमेश साहू ने 90 वर्षीया वृद्धा सुरजा बाई मरकाम को बेवजह जला दिया। यह महिला अपना इलाज कराने आरोपी कथित डॉ. उमेश साहू के पास पहुंची थी । इस नृशंस कांड के पीछे एक प्रेम प्रसंग है जिसे छुपाने के लिये कथित प्रेमी जोड़े आरोपी सुप्रिया यादव उसके कथित प्रेमी उमेश साहू एवं साहू के मित्र प्रदीप जंघेल ने घटना को मिलजुल कर अंजाम दिया। फिलहाल मोहन नगर पुलिस ने धारा 302, 201, 120 बी 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। संभवतया कल 21 अगस्त को इन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जा सकता है।



इस सनसनीखेज हत्याकांड की संपूर्ण जानकारी आज एस.पी. शलभ कुमार सिन्हा ने पत्रवार्ता लेकर प्रेस को दी।

पुलिस के अनुसार 15 व 16 अगस्त की दरम्यानी रात डेढ़ बजे के आसपास भूपेन्द्र यादव के गिरधारी नगर निवास से लगे गोदाम में आग देखी गई । जिसकी सूचना आरोपी सुप्रिया यादव की जेठानी मधु यादव पति रामदास यादव ने देखा और उसने परिवार को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते पूरा परिवार मौके पर एकत्रित हो गया। इसमें सिर्फ सुप्रिया नही थी। मौके पर चूड़ी बिछिया पड़ी देखकर लोगों को सुप्रिया के जलकर मरने की पुष्टि हो गई। इसी आधार पर मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया था। दूसरे दिन दोपहर पुलिस को सुप्रिया के खैरागढ़ व जालबांधा के बीच में अचेतावस्था में पड़ी देने जाने की सूचना मिली। उसे 112 के माध्यम से सुप्रिया को मायके गंडई पहुंचाया गया। इधर मोहन नगर पुलिस में भी इस बात की पुष्टि हो गई कि सुप्रिया यादव अभी जीवित है। इसके बाद पुलिस सुप्रिया को लेकर दुर्ग पहुंची । इसे लेकर पुलिस ने ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# नौकर के भरोसे दूकान छोड़ना पड़ा भारी लेपटाप, मोबाईल सहित 70 हजार गायब

**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में एक दुकानदार को नौकर के भरोसे दुकान छोड़ना भारी पड़ गया । दरअसल दुकानदार अपनी बहन को लेने नागपुर गया था और पीछे से दुकान की देखभाल करने पत्नी को कहा । पत्नी दुकान नौकर के भरोसे छोड़कर चली गई। इस बीच उसने दुकान से एक लैपटाप, नगदी रकम और मालिक की बाइक लेकर फरार हो गया । वापस लौटने के बाद दुकानदार ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद दुर्ग पुलिस ने धारा 381 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हरना बांधा निवासी नीधिश खंडेलवाल (43) की स्टेशन रोड पर किराने व मनिहारी का दुकान है। 18 अगस्त की सुबह वह अपनी बहन को लाने नागपुर गया और दुकान देखरेख की जिम्मेदारी पत्नी किरण खंडेलवाल को दी । दोपहर करीब 12.30 बजे किरण खंडेलवाल जरूरी काम आने से नौकर मनीष कुमार कश्यप को दुकान सौंप कर चली गई। लगभग एक घंटे बाद जब वह लौटी तो दुकान का शटर गिरा था और उसमें ताला लगा था ।

■ **पुलिस मामला दर्ज कर नौकर की तलाश में जुटी**

दुकान बंद देख किरण खंडेलवाल ने अपने पति को फोन लगाया और इसकी जानकारी दी । पति के कहने पर पत्नी ने आसपास पतासाजी की तो उनकी दुकान के पास की एक पान दुकान वाले ने बताया कि उसके नौकर मनीष ने चाबी उसे दी है। इसके बाद किरण खंडेलवाल ने जब दुकान खोला तो काउंटर से लैपटॉप व दो मोबाइल फोन गायब मिले। गल्ले का ताला भी टूटा था और उसमें से करीब 70 हजार कैश गायब हो गया । यहीं नौकर दुकान के बाहर खड़ी उनके पति की बाइक भी लेकर भाग गया था ।

दूसरे दिन 19 अगस्त को पति वापस लौटा और अपने नौकर मनीष कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# गंजपारा दुर्गोत्सव की तैयारियां शुरू, कार्यकारिणी का गठन



**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति की आगामी शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर बैठक पंचवटी मांगलिक प्रांगण दुर्ग में आहुत की गई जिसमें वर्ष 2023.2024 हेतू कार्यकारिणी का गठन एवं इस वर्ष नवरात्र पर्व पर होने वाले कार्यक्रमो पर चर्चा की गई।

गंजपारा दुर्गोत्सव समिति अपना 56 वां वर्ष मनाने जा रही है इसी कड़ी में श्री गंजपारा दुर्गोत्सव समिति विभिन्न आयोजनों पर चर्चा हेतु एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

माता दुर्गा की मूर्ति प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नागपुर के मूर्तिकार से बनवाई जा रही है बैठक पश्चात समिति के जो सदस्य या सदस्यों के परिवार से जिनका भी निधन हो गया है उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

नई कार्यकारिणी इस प्रकार है : संरक्षक मंडल कमल नारायण रूंगटा महेंद्र सेक्सरिया संतोष रूंगटा संजय रुंगटा राधेश्याम शर्मा चतुर्भुज राठी कृष्णा दुबे शालिग्राम दुबे संजोजक नवल अग्रवाल किशोर जैन विनीत जैन ।

अध्यक्ष रवि पीडीआर महासचिव मनोज शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मिश्रा कोषाध्यक्ष मुकेश राठी उपाध्याय शैलेश तिवारी पंकज रूंगटा अमित यादव मोनू नामदेव दीपक चोपड़ा सतबीर शर्मा सचिव हेमंत रूंगटा आशीष सेक्सरिया रणछोड़ भुतडा महेंद्र गांधी राजू अग्रवाल जितेंद्र राठी सहकोषाध्यक्ष नितिन अग्रवाल सहसचिव विवेक मिश्रा ऋषि साहू राहुल साहू मनोज सिन्हा पंकज यादव आदित्य शर्मा मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा यादव सौरभ पंड्या अमित बंछोर राकेश चक्रधारी विकास गुप्ता को बनाया गया है सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं दी।

# निरीक्षण दल ने कृषि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का लिया जायजा

**बेमेतरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2023 में जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर से राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के द्वारा बेमेतरा जिले के आमीन ट्रेडर्स रांका विकास खंड बेरलाए मां महामाया ट्रेडर्स कठिया विकास खंड बेरला और विकास खंड बेमेतरा के विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।



उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज.स्कंध पंजी,बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# फिर दो दिन से नगर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**दुर्ग,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी में बाढ़ के चलते विगत दो दिनों से नगर में नलों द्वारा पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। नगर निगम के पूर्व सभापति एवं भाजपा प्रवक्ता दिनेश देवांगन ने आरोप लगाया है कि नगर विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल की गलत नीतियों के कारण दुर्ग वासियों को गर्मी के बाद अब बरसात में भी जल संकट से जूझना पड़ रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत दुर्ग नगर निगम को पेयजल समस्या के निराकरण हेतु 153 करोड़ की राशि दी गई है। इसके बावजूद दुर्ग शहर की पेयजल समस्या हल नहीं की जा रही है।

**स्थिति के लिये विधायक, मेयर दोषी : देवांगन**

# मंत्री मरकाम ने किया शहीद वीर नारायण सिंह चौक व मंगल भवन का भूमि पूजन

**बेमेतरा**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम आज जिला मुख्यालय बेमेतरा स्थित टाउन हॉल में ज़िला आदिवासी समाज द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में संसदीय सचिव व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री मोहन मरकाम ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह चौक व सर्व आदिवासी समाज मंगल भवन, गुनरबोड़ का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पौने पाँच सालों में समाज के सभी वर्गों के साथ आदिवासी समाज भी शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, कला-संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से तरक्की कर रहा है। देश-प्रदेश के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। उन्होंने उपस्थित बच्चों से मन लगा कर पढ़ाई-लिखाई कर आगे बढ़ने की बात कही।





उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देवगुड़ियों और घोटुलों को सहेजने और संवारने का काम राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही आदिवासी तीज-त्यौहारों के उत्साहपूर्वक आयोजन के लिए आदिवासी परब सम्मान निधि योजना शुरू की गई है। आदिवासी संस्कृति का परिचय देश-दुनिया से कराने के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की शुरूआत की गई है। विश्व आदिवासी दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

मंत्री मरकाम ने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिये। मरकाम ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। संसदीय सचिव व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया।

# दुनिया में राजीव का नाम अमर रहेगा : कुरैशी



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने खुर्सीपार स्टेडियम में शहीद राजीव गांधी के आदमकद प्रतिमा में 79वें जयंती के अवसर पर सज्जन दिक्षित श्रीमति तुलसी साहू, के. कोटेश्वर राव. समयलाल साहू ने माल्यअपर्ण कर जन्मदिन मनाया और राजीव गांधी के कार्यकाल में देश के लोगों को जो लाभ मिला उसको भूलाया नहीं जा सकता है। श्री कुरैशी ने कहा राजीव गांधी अपने भाषणों में हमेशा 21वीं सदी में तरक्की की चर्चा टेलीफोन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के जरिये देश का विकास पंचायत के माध्यम से पूरे देश के गांव में तरक्की के लिए एवं महिलाओं को अधिकार दिया देश के नौजवानों के 21 वर्ष मतदान की उम्र को 18 वर्ष किया राजीव गांधी के सोच को साकार करने के लिए 1992 में 73, 74 संविधान संशोधान के जरिये पंचायती राज का उदय हुआ देश के हजारों गांव में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना कि जिसमें बच्चों को 6 वीं से लेकर 12वीं तक मुफ्त शिक्षा, हॉस्टल में रहने की सुविधा आज कई हजारों की तादाद में स्कूलें खुल गये है। यह देश की बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अब्दुल कादिर सिद्धिकी, तुलसी पटेल, डी कामराज, श्रीमति मीरा बंजारे, राजेश कुमार, नईम बेग, अयाज खान, धर्मेंद वैष्णव, तमजीद अहमद, मुरलीधर, गोपाल यादव, दीदार भाई, गायत्री देवांगन, प्रमोद प्रभाकर, एल चैतन्य, अजय यादव, प्रसाद, कौशल्या देवी, जवाहर भगत, संजय लाखे, अजय यादव, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मण राव, दिनेश पाठक, विनय पांड, रामेश्वर यादव, उषा सिंग, अंजनी सिंग, रामजीत राय, लखबीर सिंह, श्याम नारायण, भागवत, शमीम बानो, राजेश चैधरी, सुन्दर गुप्ता, टी नारायण, आदि उपस्थित थे।

# वैशाली नगर से बृज-अतुल ने पेश की दावेदारी



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा सीट बहुत ही प्रतिष्ठित सीट मानी जा रही है। 2008 में विधानसभा के बाद इस सीट पर तीन बार विधानसभा चुनाव हुए। जिसमें तीन बार भाजपा और एक बार विधानसभा में कांग्रेस ने जीत हासिल की। साल 2018 के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के विद्या रत्न भसीन ने जीत हासिल की। वास्तविक भाजपा के नेता स्वर्गीय विद्यारत्न भसीन की अपने विधानसभा क्षेत्र में अच्छी पकड़ थी और जनसेवा एवं समाज सेवा में वे सदैव बने रहे थे। सरल एवं जनता की सेवा में सहजता उपलब्धता उनकी पहचान थी। इस साल होने वाले चुनाव में यह देखने को मिलेगा कि बीजेपी और कांग्रेस किससे अपना प्रत्याशी घोषित करती है। अगर ंग्रेस की बात करें तो तीन बार के चुनाव में हार की बैठक के बाद कांग्रेस के लिए यह सीट संकट का सबब बन गई है। लगातार हार के कारण इस सीट पर प्रबल दावेदारों की कमी है जो कांग्रेस को सीट देकर जीत हासिल कर सकती है। ऐसे समय में अगर उस विधान सभा सीट से अगर कांग्रेस को अपनी जीत सुनिश्चित करनी हो तो ऐसे में सर्वमान्य नेता को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए जो सबको साथ लेकर चलने में महारत हासिल करता हो।

कांग्रेस के प्रबल दावेदार वैसे तो कई नाम है। हाल ही में कांग्रेस से पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, अतुल चंद साहू ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। बृजमोहन सिंह ने राजनीतिक जीवन 1982 में शुरू हुई जब उन्होंने भिलाई कल्याण कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में विजय प्राप्त की। में अपनी सेवा देते रहे एवं वर्ष 1991 से 1994 तक मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के सदस्यों के पद पर भी आसीन रहे। वर्ष 1994 से 1998 तक विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण भिलाई दुर्ग के उपाध्यक्ष पद पर रह कर आम जनता के प्रति दायित्व का पूर्ण रूप से विकास किया गया। वर्ष 2016 में तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का भिलाई नगर पालिक निगम सांसद प्रतिनिधि भी उन्हें नियुक्त किया गया। इसके अलावा समय समय पर बहुत से पदों पर रह कर पार्टी के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर उन्होंने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया है वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉक्सिंग संघ के उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के चेयरमेन पद पर हैं एवं समय-समय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जो भी निर्देश जारी किये जाते हैंए सभी कार्यक्रमों में सक्रियता के साथ कार्य करते नजर आते हैं ऐसे में यदि कांग्रेस आलाकमान चाहे वैशाली नगर विधान सभा की सीट पर अपना परचम लहराना तो वो शख्स जो कांग्रेस को जीत दिला सके ऐसा प्रबल दावेदार एकमात्र बृजमोहन सिंह ही नजर आता है जिस पर दांव खेल कर कांग्रेस इस सीट पर अपनी विजय का परचम लहरा सकती है।



### अतुल की प्रवल दावेदारी

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अतुलचंद साहू ने वैशाली नगर विधानसभा से विधायक पद के लिए ब्लॉक अध्यक्ष को पेश की दावेदारी पेश कर दी है। वे वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अतुलचंद साहू ने वैशाली नगर विधानसभा से विधायक पद के लिए प्रवल दावेदार माने जा रहे है। वे वायर ड्रायरिंग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ-साथ भिलाई में प्रतिष्ठित व्यापारी भी है। उन्होनें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनेक पदों में रहते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान की है। अतुल चंद साहू की पकड़ साहू समाज में भी अच्छी खासी है। वे समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्यो में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते है। उनकी युवाओं में भी अच्छी खासी पकड़ है।

# मुख्यमंत्री ने भारत के निधन पर जताया शोक

**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सड़क दुर्घटना में घायल भारत यादव की मृत्यु पर दुख जताया है। परिजनों को 4 लाख रूपए देने की घोषणा की मुख्यमंत्री ने की है। आज 20 अगस्त मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल भारत यादव की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की है। उन्होंने मृतक के परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि आज सवेरे पाटन में बोलेरो और दोपहिया वाहन एक्टिवा की टक्कर में भारत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पाटन के शासकीय अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है।

# 'चेतना' स्टील मेल्टिंग शॉप-2 का एक अभिनव प्रयास

**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप मैकेनिकल सेक्शन द्वारा एक अनूठी और अभिनव सुरक्षा पहल शुरू की गई। इस पहल को चेतना - सुरक्षा की बात श्रम वीरों के साथ नाम दिया गया। अपने सभी कर्मियों को काम करने के सुरक्षित तरीके को अपनाने के लिए, संवाद करने और प्रोत्साहित करने में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 अग्रगामी रहा है। इसी संदर्भ में, सीसीएस मैकेनिकल अनुभाग ने सुरक्षा पर बातचीत के लिए 100 अनुबंधित श्रमिकों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ एचआरडीसी में आमंत्रित किया था। चेतना सत्र का उद्देश्य कार्यस्थल पर जोखिमों और खतरों के प्रति अनुबंधित श्रमिकों को संवेदनशील बनाना था। महाप्रबंधक एसईडी एस के अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा घर से शुरू होती है और हमें इस बात से बहुत कुछ सीखना है कि हमारी गृहिणियां घर पर चीजों को कैसे सुरक्षित रखती हैं। महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य एसएमएस-2 में दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। महाप्रबंधक एसईडी डॉ. अनंत सोनटके, ने घर पर सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर जोर दिया और बताया कि कैसे हमारा दृष्टिकोण हमें घर पर जोखिमों और खतरों से निपटने में मदद कर सकता है और हमेशा से करता रहा है। मुख्य महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल ने, एसएमएस-2 में की जा रही विभिन्न सुरक्षा पहलों के बारे में विस्तार से बात की और उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षित रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल सामान्य ज्ञान का विषय है और किसी को कार्यस्थल पर उन गतिविधियों से बचने के लिए पूरी तरह सतर्क और सचेत रहना चाहिए जो सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि कटिंग सेट में एनआरवी का उपयोग न करना, वेल्डिंग मशीनों में ईएलसीबी का उपयोग न करना, पीपीई का ठीक से उपयोग न करना, भार ढोने वाली ईओटी क्रेन के नीचे चलना कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिनमें हमारी लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि एसएमएस-2 एक बड़ा परिवार है और अगर हम मिलकर काम करेंगे तो कोई दुर्घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह चेतना कार्यक्रम का पहला सत्र है और भागीदारी बहुत उत्साहजनक रही। सुरक्षा अधिकारी आफताब आलम द्वारा एक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के साथ हुई। प्रश्नोत्तरी के दौरान प्रतिक्रियाओं से संकेत लेते हुए उन्होंने कहा कि यदि बच्चे और गृहिणी यह पहचान सकते हैं कि तस्वीर में क्या असुरक्षित है, तो हम सभी निश्चित रूप से पहचान सकते हैं। विभागीय सुरक्षा अधिकारी गौरव सिंघल ने उदाहरणों सहित क्यू कार्ड के बारे में भी बताया। सत्र की अध्यक्षता करते हुए, श्री घोषाल ने उन्हें सुरक्षित रूप से काम करने के लिए जो भी सहायता की आवश्यकता होगी, प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती माधवी, श्रीमती अंजली सिंह, नीलम, जानकी, दीपशिखा, जेसिका, उषा, श्रीमती पुष्पा उपाध्याय, गुलशन कुमार, विनोद कुमार, रवि कुमार प्रसाद, रवि देशलहरे, जी शंकर, दिनेश कुमार साहू, श्री पासवान, आनंद सिंह, जसदीप, सचिन, पुरेंद्र, राजू सागर आशीष हिरवानी को सेफ्टी क्विज में भाग लेने के लिए आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक टी गोविंद एवं महाप्रबंधक राकेश असाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक निकुंज सिंघल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम का संचालन संजीव सिंह द्वारा किया गया।



# 12 घंटे में 137 वारंट की तामिल कराई गई



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बीति रात्रि पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में लेकर फरार वारंटीओं को गिरफ्तार करने निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव, अनंत साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, दुर्ग के मार्गदर्शन में बीति रात्रि 9 बजे से कांबिंग गश्त कराया गया था। जिसके बाद जिला दुर्ग के समस्त थाना एवम चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 137 वारंटो की तामिल कराई गई। दुर्ग पुलिस के द्वारा आरोपियों के वारंटों की तामील कराने कांबिंग गश्त की। इस गश्त के दौरान राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। कांबिंग गश्त में लंबे समय से फरार वारंटीयो को पकड़ने में सफलता मिली। थानों में वारंट के लंबित मामले बढ़ने, आरोपित के फरार होने व वारंट तामीली नहीं होने से न्यायालय मे प्रकरण लंबित थे। वारंट की तामीली होने से पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। दुर्ग पुलिस के द्वारा कल से लगातार चल रही इस कवायद में कल टीम बनाकर निगरानी बदमाश, गुंडा बदमाशों की भी रात में सकुनत में सरप्राइस चेकिंग की गई और उन्हें हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा फरार वारंटियो की गिरफ्तारी के लिए कॉबिंग गश्त चलाने हेतु दिए निर्देश के बाद में यह तीसरी दफ़ संयुक्त रूप से वारंटियों की गिरफ़्तारी का अभियान था स इन अभियानों से विगत दो माह में 650 से अधिक वारंटियों को गिरफ़्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# तनाव व मुकाबला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई ने तनाव और मुकाबला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में तनाव हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। कामकाज के दौरान हम किसी न किसी बात को लेकर तनावग्रस्त हो जाते हैं। कई बार तनाव इतना बढ़ जाता है कि वह हमारे दैनिक जीवन के अन्य कार्यों पर प्रभाव डालने लगता है। इसी बात हो ध्यान में रखते हुए कि कैसे हम अपने तनाव से दूर रह सकते हैं एवं इसका मुकाबला कर सकते हैं, पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के वक्ता डॉ. जी. वी. मेश्राम, चिकित्सा अधिकारी, आईसीएमआर सेंट्रल जोन, एम्स, रायपुर रहीं। डॉ. मेश्राम ने तनाव, इसके कारणों और इसके लिए जिम्मेदार हार्मोन के बारे में जानकारी देकर सत्र की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर तनाव के परिणाम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि हम तनाव को कैसे कम कर सकते हैं। उन्होंने सत्र का समापन रिलैक्सेशन एक्टिविटी के साथ किया। जिसमें उन्होंने सिखाया कि एक खुशहाल एवं तनाव मुक्त जीवन के लिए हमारे दिमाग से नकारात्मक यादों और विचारों को कैसे खत्म किया जाए। डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, डीन, अकादमिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि तनाव को नियंत्रण में रखने के लिए हमें अपने व्यवहार, नजरिये तथा आसपास के माहौल में परिवर्तन करना चाहिए तथा व्यायाम के माध्यम से हम अपनी शारीरिक एवं मानसिक तनाव को कम कर सकते हैं। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रीति को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका एवं मेट्स यूनिवर्सिटी की गणित विभाग की शोधार्थी श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव को उनके गणित विषय के शीर्षक डार्क एनर्जी द्वारा प्रभुत्व वाले ब्रह्मांड संबंधी मॉडल का एक अध्ययन पर मेट्स यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। इस शोध कार्य को इन्होंने शोध निदेशक डॉ ए जे खान प्राचार्य एवं विभाग अध्यक्ष, गणित विभाग, मेट्स यूनिवर्सिटी तथा डॉ. जी के गोस्वामी, प्रोफेसर, नेताजी सुभाष चंद्र यूनिवर्सिटी, दिल्ली के सह निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध मौखिक परीक्षा हेतु डॉ. डी के दास, प्रोफेसर, गणित विभाग, एमपी क्रिश्चियन कॉलेज भिलाई, सब्जेक्ट एक्सपर्ट के रूप में उपस्थित थे। श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव भिलाई निवासी एवं शंकराचार्य महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में कार्यरत डॉ. कमलेश किशोर श्रीवास्तव की धर्मपत्नी है। इनकी इस उपलब्धि पर श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के चेयरमेन आई.पी. मिश्रा, , जया मिश्रा, श्री शंकरार्य महाविद्यालय की प्राचार्या अर्चना सहित शंकराचार्या परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धी पर उन्हे वधाई व शुभकामनाएं दी।



# ब्लास्ट फर्नेस के कर्मवीरों को मिला शिरोमणि सम्मान



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन वेलफेयर बिल्डिंग-8 ब्लास्ट फर्नेस के सभागार में किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य प्रदर्षन करने के लिए विभाग के कार्मिकों को षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जुलाई 2023 माह के लिए स्वप्निल कुमार चटप, ओसीटी एवं अखिल कुमार राठौर, ओसीटी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कार्मिकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उनके जीवन साथी हेतु प्रषंसा पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबन्धक ब्लास्ट फर्नेस सौम्य तोकदार ने अपने सम्बोधन में ब्लास्ट फर्नेस की चुनौतियों एवं संयंत्र के लाभ के लिए दैनिक कार्य में किए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों पर विषेष जोर देते हुए सभी पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने एवं अपने सहकर्मियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए कहा। समारोह में अन्य वरिष्ठ अधिकारी अरविंद गुप्ता, आर आनंद, राजेश गायकवाड़, गुज्जू श्रीनिवास, एस के दोकानिया, एल सी पी डोढ़ी एवं हेमन्त वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपने सम्बोधनों में सभी पुरस्कार विजेताओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सहायक महाप्रबन्धक ब्लास्ट फर्नेस बीजू जॉर्ज ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देष्य, महत्व एवं योजना के बारे में बताया कि अपने कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं संगठन के उद्देष्यों को पूरा करने के लिए व सुरक्षा के मानक मापदंडो के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कार्यपालकों एवं गैर कार्यपालकों का सम्मान करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन श्रीवास्तव, कनिष्ठ अधिकारी सोहील अहमद व साजिद हुसैन खान, श्रीमती ममता, श्रीमती हसीना बेगम, श्रीमती दिव्या एवं सुश्री उर्मी वर्मा का भी विषेष योगदान रहा।

# बीएसपी सेक्टर-2 पेयजल आपूर्ति में बदलाव

**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। इस्पात नगरी के सेक्टर-2 क्षेत्र में डेंगू के प्रसार की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाए जन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से डेंगू के रोकथाम हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यों को निष्पादित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि डेंगू रोकथाम व नियंत्रण के लिए सप्ताह में एक दिन मंगलवार को जल आपूर्ति का समय को परिवर्तित किया जाएगा। अत: उपरोक्त सुझाव को ध्यान में रखते हुए लगातार तीन मंगलवार को नियमित पेयजल की आपुर्ति सुबह के समय सेक्टर-2 क्षेत्र में नहीं किया जाएगा ताकि आप इस समय में बचे हुए पानी को खपत कर लें। अपने घरों के पानी की टंकियों साफ कर लें ताकि लार्वा पनपने ना पाए इससे डेंगू रोकथाम में मदद मिलेगी। अस्थायी रूप से जल की आपूर्ति 11 से 12 बजे के बीच केवल मंगलवार 22 29, अगस्त व 5 सितम्बर को रहेगा।

# फोटोग्राफी से कैद तस्वीर हमेशा जिंदा रहती है



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। तस्वीरें हमेशा जिंदा रहती है कहते हैं कि अगर किसी पल को अमर करना है तो उसे तस्वीरें को कैद कर लो हम लम्हों को कैद नहीं कर सकते हैं मगर ख्वाइश होती है काश यह किसी किताब के पन्नों की तरह तस्वीरें हमेशा जिंदा रहती है। जब चाहे उलट पलट कर देख लेते हैं इंसान की इन्हीं इच्छा को मूर्त रूप देने के लिए फोटोग्राफी वरदान के रूप में सामने आई है। विश्व फोटोग्राफी डे पर प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने अपने विचार साझा करते हुए जानकारी दी विश्व भर के फोटोग्राफर को एकजुट करना विश्व फोटोग्राफी 2023 प्रशांत कुमार क्षीरसागर 2023 विश्व फोटोग्राफी थीम के बारे में जानकारी दी 2023 थीम लैंडस्केप की गई है। फोटोग्राफी हमारी कहानी कहती है फोटोग्राफी के माध्यम से अपनी कहानी शेयर करना और दूसरों के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना फोटोग्राफी शक्तिशाली माध्यम है, जो लोगों की अपनी भावना विचार और अनुभव को व्यक्त करने के लिए अनुमति देता है। यह एक ऐसी कला है जो अपने लोगों को एक साथ ला सकती है और दुनिया को बेहतर सुंदर फोटोग्राफी के माध्यम से दिखा सकती है। विश्व फोटोग्राफी प्रेमी के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण है इस दिन हम सब एक दूसरे को बधाई विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत 19 अगस्त 1839 को हुई थी जिसकी घोषणा फ्रेंच अकादमी का साइंसेज ने की थी 19 अगस्त 2023 विश्व फोटोग्राफी डे मनाया जाता है आज फोटोग्राफी की दुनिया पूरी तरह से बदल रही है आज जिसके पास स्मार्टफोन है वह एक फोटोग्राफर है स्मार्टफोन के कैमरे आज कई कैमरे टक्कर दे रहा है विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन गैलरी की मेजबानी की गई थी। यह दिन फोटोग्राफी के शौकीन या प्रोफेशनल फोटोग्राफरों के लिए एतिहासिक था, क्योंकि भले ही यह अब तक की पहली ऑनलाइन गैलरी थी, लेकिन इस दिन 250 से ज्यादा फोटोग्राफरों ने तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से अधिक देशों के लोगों ने वेबसाइट देखी थी। कहा जाता है कि अमेरिका के फोटो प्रेमी रॉबर्ट कॉर्नेलियस ऐसे शख्स थे, जिन्होंने दुनिया की पहली सेल्फी क्लिक की थी। उन्होंने साल 1839 में ये किया था। हालांकि उस समय उन्हें ये नहीं पता था कि ऐसा फोटा क्लिक भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। यह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरा में कैद किया है।

# इंटक के प्रयास से श्रमिकों के वेतन में हो रहा सुधार



**भिलाईनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू द्वारा सदस्यता अभियान के तहत संयंत्र के विभिन्न विभागों में श्रमिकों से चर्चा की एवं उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। विभिन्न विभागों के श्रमिकों द्वारा लगातार स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यालय में आकर सदस्यता ले रहे हैं एवं अपनी समस्या दर्ज करा रहे हैं समस्या को लेकर यूनियन द्वारा संयंत्र प्रबंधन एवं ठेका कंपनी से चर्चा की जा रही है जिसके पश्चात ठेका श्रमिकों के वेतन एवं अन्य अन्य समस्याओं में सुधार हो रहा है एवं श्रमिकों द्वारा वेतन संबंधी शिकायत की जा रही है शिकायत को यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू द्वारा यूनियन के संरक्षक भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं संयंत्र प्रबंधन को अवगत कराकर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। जिससे ठेका श्रमिकों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और उनके वेतन में लगातार सुधार हो रहा है। उप महासचिव इंद्रमणि ने बताया कि ठेका श्रमिकों की सदस्यता लेने के पश्चात श्रमिकों में एक आस जगी है और उनकी समस्या सुनने वाला एक संस्था कार्य कर रही है एवं उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है और धीरे-धीरे कंपनियों द्वारा नौकरी से निकालने का डर खत्म करके संयंत्र के प्रति समर्पण भाव से काम कर रहे हैंए और ठेका में सुधार होने से वेतन में भी सुधार हो रहा है। श्रमिकों ने कहा बीएसपी के नियमित कर्मचारियों के समान भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य सभी ठेका श्रमिकों का जल्द से जल्द सामूहिक दुर्घटना बीमा किया जाए जिससे श्रमिकों में एक सुरक्षा की भावना निर्मित हो भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा जल्द से जल्द सामूहिक दुर्घटना बीमा कराया जाए। एसएमएस 3 श्रमिकों को 2 महीने का वेतन दिलाया गया। एसएमएस 3 के क्रेन क्षेत्र कार्यरत ठेका कंपनी द्वारा क्रेन ऑपरेटर का काम करने वाले श्रमिकों को 2 महीने जून एवं जुलाई का वेतन नहीं दिया गया था जिसकी जानकारी इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर एवं उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडे द्वारा दी गई। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू तुरंत पहल कर श्रमिकों को 2 महीने का वेतन दिलाया गया। ठेका अवधि तक बने एक गेट पास। संयंत्र में हो रहे ठेके में अभी एक महीना एवं 3 महीना का गेट पास बनाया जा रहा है जबकि ठेका अवधि 2 साल का है एवं 3 महीने पहले मेडिकल हुआ है और नया ठेका चालू होने से फिर मेडिकल कराने कहा जा रहा है।श्रमिकों ने मांग की एक बार मेडिकल होने के उपरांत उसकी अवधि1 साल तक वैध रहनी चाहिए एवं ठेका अवधि तक एक बार में गेट पास बनाना चाहिए और ठेके श्रमिकों के गेट पास में संयंत्र के सभी गेटों से आने.जाने की सुविधा प्रदान होनी चाहिएए एवं गेट पास में ही रात्रि पाली की अनुमति होनी चाहिए।अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की समस्याओं पर संयंत्र प्रबंधन से चर्चा कर सुधार किया जा रहा है और जो भी नए विषय आ रहे हैं उसे पर उच्च प्रबंधन से चर्चा कर सुधार किया जाएगा। इंटक द्वारा संयंत्र प्रबंधन से लगातार चर्चा कर वेतन में सुधार एवं अन्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयासरत है। संयंत्र प्रबंधन लगातार सभी विषयों पर सकारात्मक पूर्वक कार्य करते हुए समस्याओं का निराकरण कर रही है। सदस्यता अभियान में सी पी वर्मा , दीनानाथ सिंह, आर दिनेश, सुरेश कुमार, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, जसवीर सिंह, डीपी खरे, जयराम, संतोष ठाकुर, रिखी राम साहू, कान्हा जयकुमार उपस्थित थे।

## झुग्गी झोपड़ी प्रदेश अध्यक्ष मो. अमजद का कल जांजगीर दौरा

**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपडी प्रदेश अध्यक्ष मो. अमजद खान का दौरा 22 अगस्त को जांजगीर चांपा जिला में होगा। जहां नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भोजराम टंडन के अगुयाई में आभार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के संगठन पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी।

# पार्टी जिस व्यक्ति को बनाएगी प्रत्याशी मतभेद भूला कर कांग्रेस को जिताना : भूपेश

**दल्लीराजहरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के बीएसपी ओपन एयर थिएटर में आयोजित संकल्प शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधते हुए

कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाकर तोड़ने का काम करती है। जबकि कांग्रेस हमेशा जोड़ने का कार्य करती है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर नफरत को मिटा कर मोहबत की दुकान खोलने का काम किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने संकल्प शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने नही दिया जा रहा है उनकी सदस्यता समाप्त कर बंगला भी छीन लिया गया था । अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर उन्हें सब कुछ वापस मिल गया है। मणिपुर जल रहा है इसमें हजारों आदिवासी की हत्या हो गई है लेकिन सरकार इस संबंध में कुछ बोल नही रही है। कांग्रेस के सरकार में सभी वर्ग को लाभ मिल रहा है मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों में सुधार कार्य किया गया है। भाजपा के समय बस्तर में बंद 3000 स्कूल को पुन: शुरू किया गया है। इसी तरह सभी वर्ग का मानदेय व पार्षदों का निधि बढ़कर उनका सम्मान किया गया है। किसान वर्ग भी काफी खुश है। भाजपा सरकारी संपत्ति को बेचने का कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अबकी बार 75 पार का नारा भी लगवाया। इससे पूर्व उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने का कार्यकर्ता को संकल्प दिलाया।साथ ही यह भी कहा की जिस किसी भी व्यक्ति को पार्टी विधानसभा चुनाव का टिकिट देती है आप सभी को बिना मत भेद मनभेद को परे रख कर व्यक्ति व पार्टी के लिए बढ़चढ़ कर कार्य कर कांग्रेस को जिताना है व प्रदेश में फिर से 2023 में कांग्रेस की सत्ता लाने में सार्थक भूमिका का निर्वाहन करना है। स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्र के विधायक एवं महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने कांग्रेस के कार्यकाल की तारीफ की और कार्यकर्ताओं को पार्टी से मिली जबाबदारी से अधिक कार्य करने की सलाह दी साथ ही कहा की आज यहां भरोसा



### किसानों युवाओं हर वर्ग का उत्थान करने संकल्प कों कांग्रेस कर रही पूरा : अनिला भेड़िया

का सम्मेलन व संकल्प शिविर इसलिए हो रहा है क्योकी जो भरोषा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आप को दिया था उसे पुरा कर के दिखाया छत्तीसगढ़ की सरकार गरीबों मजदूरों और कमजोर किसानों युवाओं महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा कर रही है। जिससे आज शहर से लेकर गांव के अंतिम छोर तक के नागरिक संतुष्ट है। साथ ही उन्होने यह भी कहा की भाजपा 15 साल तक सत्ता में रहकर किसानों मजदूरों और गरीबों का विकास नही कर पाई। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में 45 लाख उपभोक्ता परिवारों को छूट का लाभ दिया है। 72 लाख परिवारों का राशन कार्ड बनवाया है। साथ ही प्रदेश में अंग्रेजी मीडियम स्कूल का संचालन कर लगभग 4 लाख बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। मंत्री अनिला भेड़िया ने यह भी कहा की कांग्रेस की सरकार 2018 में जो भी चुनावी घोषणा किये थे उसे पुरा कर के दिखाया है। पुरे देश में छत्तीसगढ़ में किसानों का धान समर्थन मूल्य 2500 रूपये में सरकार खरीद रही है अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान किसानों से कांग्रेस सरकार खरीदी करेगी।जिसकी पुरे देश में चर्चा होती है। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, संतराम नेताम विधायक केशकाल ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया ,वीरेश ठाकुर, मंत्री प्रतिनिधि पियूष सोनी ,नगर पालिका अध्यक्ष शिबु नायर, रतिराम कोसमा, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर,कोमेश कोर्राम, संगीता नायर, पुनीत राम सेन अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्थानीय विधायक के खिलाफ भाजपा का चक्काजाम व प्रदर्शन

**गुरुर,** 20 अगस्त। क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब बिक्री और जुआ सट्टा के खिलाफ भाजपाइयों ने स्थानीय विधायक के खिलाफ स्थानीय मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजयूमो नरेश साहू,नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू,युवा मोर्चा अध्यक्ष आदित्य पीपरे,दुर्गानंद साहू, अजेंद्र साहू,देवघर साहू,चंदन सिन्हा,जनार्दन सिन्हा, हरिकृष्ण गंजीर,संध्या साहू,सुशीला साहू,कृतिका साहू,दीपा साहू, प्रतिभा साहू, तामेश्वरी साहू एवं खिलेश्वरी साहू के साथ भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन किया। भाजपाइयों ने कहा कि अवैधानिक कार्य करने वाले को कांग्रेस सरकार संरक्षण दे रही है। क्षेत्र में लगातार जुआ सट्टा शराब के कारण क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के राज में सर्वत्र असुरक्षा का वातावरण है। इस सरकार के शासन काल में लोगो का जानमाल सुरक्षित नहीं है। इस सरकार ने शराब बंदी का वादा कर घर घर तक शराब पहुंचा रहे है।गांव गांव में शराब बिक्री के कारण नौजवान युवाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।गंगाजल जैसी पवित्र जल को हाथ में लेकर कसम खाने वाले इस सरकार युवाओं के साथ छल किया जा रहा है।भाजपाइयों ने कहा यह सरकार भ्रष्टाचार की सरकार इनकी गौठान योजना भी पूरी तरह भ्रष्टाचार का गढ़ बन गई है यहां चारा पानी चिकित्सा किसी भी प्रकार का सुविधा नहीं है।भाजपाइयों ने कहा अब समय आ गया है कि हम सबको एक साथ मिलकर कार्य करना है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही बदलबो-बदलबो ए दारी कांग्रेस के सरकार बदलबो कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के दु:ख भरी 5 साल पूर्ण होने को है, इस 5 वर्ष के कार्यकाल में भूपेश बघेल और उनके स्थानिय विधायक द्वारा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नही किया गया, परंतु सिर्फ विकास के नाम मे भ्रष्टाचार किया है, आज अपराध अपने चरम सीमा पर है केंद्र सरकार की प्रदान की गई राशि और केंद्र सरकार की योजनाओं को अपने नाम से प्रसारित कर अपनी सरकार की बड़ाई कर रहे है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए,इस सरकार को बदलने के लिए भारतीय जनता पार्टी संजारी बालोद विधानसभा क्र 59 जिला बालोद के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और घेराव का आयोजन किया गया।



## ब्लाक कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव को किया याद



**डोगरगढ़,** 20 अगस्त। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आह्वान में जिला संगठन प्रभारी अरुण सिसोदिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल , डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में आधुनिक भारत के निर्माता युवाओं को 18 वर्ष में वोट देने का अधिकार देने वाले देश में कंप्यूटर युग की शुरुआत करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जन्म जयंती डोगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम सहसपुर पर राजीव के तेल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर मनाया गया और उनके द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान को लोगों को बताया और राजीव जी अमर रहे के नारे लगे इस अवसर पर उपस्थित डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच युवराज चंद्रवंशी, चैतू खपरी सरपंच प्रतिनिधि थानुराम मंडावी, दयाल साहू, उमेंद्र साहू , प्रशादी साहू, किस्मत मंडावी ,मनखन दास, भीषण साहू ,राम पुकार मंडावी एवं अन्य ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे ।

# 24 को गुरुर में विधि विधान से विराजेंगे भगवान पशुपतिनाथ

**गुरुर,** 20 अगस्त। नगर के काल भैरव देऊर मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ की 24 अगस्त को भव्य प्राणप्रतिष्ठा करने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सावन के महीने में शिवभक्तों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। भगवान पशुपतिनाथ जी के प्राणप्रतिष्ठा का यह विधिविधान समारोह तीन दिनों तक चलेगा।

मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पांडेय ने कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 21अगस्त को अंचल के समस्त शिवभक्तों द्वारा जल कलश यात्रा निकाली जायेगी,यह जलकलश यात्रा देउर मंदिर से गणेशा तालाब कोलिहामार तक निकाली जायेगी जिसमे सभी शिवभक्त शामिल हो सकते हैं। उसी दिन भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा का अन्नाधिवास भी सम्पन्न होगा। 22 अगस्त को भगवान का महास्नान किया जाएगा। तत्पश्चात 23 अगस्त को भगवान पशुपतिनाथ का फलाधिवास एवं शैय्याधीवास किया जाएगा। ये सभी प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व किये जाने वाले विधि विधान, नियम व पूजन है। भगवान पशुपतिनाथ जी की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे से पूरे विधिविधान और मंत्रोच्चारण से प्रारंभ हो जाएगा। भगवान की प्राणप्रतिष्ठा पूजन सम्पन्न होने के बाद भगवान का श्रृंगार और आरती किया जाएगा। भगवान की भव्य आरती इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी क्योंकि नगर में पहली बार लाखर बाती(1 लाख बाती के दीप) से भगवान की भव्य आरती की जावेगी, जिसका संकल्प नगर के एक शिवभक्त शर्मा परिवार द्वारा किया गया है।



### काल भैरव देउर मंदिर में होगी भव्य प्राणप्रतिष्ठा समारोह

मंदिर आचार्य पंडित सुरेश पांडेय ने बताया कि काल भैरव देऊर मंदिर में पूरे सावन भर रुद्राभिषेक किया जा रहा है। तथा 22 अगस्त से 25 अगस्त तंक शिवमहापुराण की कथा प्रवचन भी दोपहर 3 से 5 के बीच किया जा रहा है जिसमे अंचल के धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। मंदिर समिति के समस्त सदस्यों ने अंचल के समस्त धर्मप्रेमियों को उपरोक्त कार्यक्रमो में सम्मलित होने की अपील की है और भगवान पशुपतिनाथ जी के प्राणप्रतिष्ठा समारोह हेतु सबको आमंत्रित किया है।

## सार-संक्षेप

### शिव महापुराण कथा श्रवण करने वाले भक्तों के लिए रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था

**बालोद।** पं. प्रदीप मिश्रा जी का शिव महापुराण 25 अगस्त दिन शुक्रवार को बालोद में होने जा रहा है उक्त आयोजन में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए बाहर से आए हुए विप्र परिजनों के लिए जुंगेरा के मां बंजारी राइस मिल पर रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था रखी हुई है जो भी बाहर से ब्राह्मण समाज के लोग आएंगे वह यहां रात्रि विश्राम कर सकते हैं। यह आयोजन बालोद ब्राह्मण समाज की ओर पूर्णतया निशुल्क रहेगा सीधा प्रसारण के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था भी की जा रही है। इस राइस मिल पर लगभग 500 से 1000 आदमी रह सकते है और भोजन भी कर सकते हैं यह सभी निशुल्क रहेगा बालोद ब्राह्मण समाज की ओर से रहेगा।

### मुख्यमंत्री का जन्मदिन कुम्हारी में मनाया जाएगा



**कुम्हारी,** 20 अगस्त। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री इस बार अपना जन्मदिन कुम्हारी में मनाएंगे जिसके लिए कॉंग्रेसी बड़े जोरशोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस संबंध में अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने बताया कि इसबार के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे उत्साह से लगे हुए हैं। बारिश के मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने के लिए वाटरप्रूफ छत बनाया गया है। प्रात: 11 बजे से प्रदेश के लोककला की 17 मंडलियां अनवरत अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। चूंकि मुख्यमंत्री का यह 63 वां जन्मदिन है इसलिए 63 कार्यकर्ता रक्तदान भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही आतिशबाज़ी की भी तैयारी है। सभी आम वाले लोगों के लिए सुबह से ही भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

## निधन

### श्रीमती मंगन बाई सिन्हा

**कुरुद,** 20 अगस्त। ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी श्रीमती मंगन बाई सिन्हा पति स्व. डॉ अर्जुन सिन्हा 90 वर्ष की लंबी अस्वस्थता के चलते रविवार सुबह निधन हो गया। वे स्थानीय भाजपा नेता पंकज सिन्हा और सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा की मां थी। स्व. मंगन सिन्हा की अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्तागण शामिल हो श्रद्धांजंलि दी।



# नाग पंचमी आज, सनातन संस्कृति में इस दिन का महत्वपूर्ण स्थान

**बालोद,** 20 अगस्त। भारत में नाग पंचमी जुलाई या अगस्त के महीने में मनाई जाती है। यह कई पौराणिक कथाओं से जुड़े सांपों को समर्पित एक विशेष दिन है। लोग अलग.अलग रीति.रिवाजों से सांपों की पूजा करते हैं और उनसे खुशियां मांगते हैं। कुछ जगहों पर तो लोग असली सांपों की भी पूजा करते हैं और उन्हें दूध पिलाते हैं। कालिया नाग को हराने के बाद उनकी स्त्रियों ने भगवान कृष्ण से उनके जीवन की भीख मांगी। गोकुल निवासियों को परेशान न करने का वादा करने के बाद कृष्ण ने उनकी जान बचाई। नाग पंचमी पर कालिया नाग पर कृष्ण की विजय का जश्न मनाया जाता है। साथ ही सांप अपने गुप्त ज्ञान और बुद्धिमत्ता के लिए भी जाने जाते हैं। उनमें कुछ नकारात्मक लक्षण भी होते हैं जैसे स्वामित्व, क्रोध और लालच। इसलिए नाग पंचमी पर लोग सांपों या नाग देवता की पूजा करते हैं ताकि वे अपने परिवार को सांप द्वारा काटे जाने से बचा सकें। इस दिन ज्यादातर महिलाएं व्रत रखती हैं और सूर्यास्त तक कुछ भी नहीं खाती.पीती हैं। परिवार के सदस्यों को प्रसाद के रूप में खीर और दूध दिया जाता है। महिलाएं दीवारों पर सांप बनाती हैं और उन्हें दूध, मक्खन, पानी और चावल देती हैं। फर्श पर अलग.अलग रंगों से सांप के आकार की रंगोली बनाई जाती है। ग्रामीण इलाकों में लोग सांपों का घर की खोज करते हैं जहां उन्हें लगता है कि सांप रहते हैं। प्रार्थना के रूप में सांपों का घर पर धूप जलायी जाती है और साँपों को दूध पिलाया जाता है। नाग पंचमी भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाने वाला एक जीवंत और महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन सांपों की पूजा और अनुष्ठानों के माध्यम से लोग नागों की शक्ति में अपनी श्रद्धा और विश्वास प्रदर्शित करते हैं। हिंदू धर्म में लोग कई देवी.देवताओं का सम्मान करते हैं। नाग पंचमी पर साँपों का सम्मान किया जाता है। नाग सभी प्रमुख हिंदू देवताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। भगवान विष्णु शेषनाग पर शयन करते हैं भगवान शिव अपने गले में नाग लपेटे रहते हैं और गणेश करधनी की जगह नाग पहनते हैं। इसलिए इस दिन अन्य देवताओं की तरह नागों की भी पूजा की जाती है।




### प्रकृति में सांपों की दुनिया का है विशेष योगदान

महाभारत के अनुसार कुरु वंश के राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय अपने पिता की तक्षक सर्प के काटने से हुई मृत्यु का बदला लेने के लिए सर्प यज्ञ कर रहे थे जिसे सर्पसत्र कहा जाता है। बुद्धिमान ब्राह्मण की मदद से उसने एक पवित्र अग्नि स्थापित की और सभी साँपों को मारना शुरू कर दिया। यज्ञ इतना तीव्र था कि सारे साँप यज्ञकुण्ड में गिर रहे थे। तक्षक इससे दूर हो गया और मदद के लिए राजा इंद्र के पास गया। यज्ञ इतना प्रबल था कि इन्द्र भी उसमें खिंच गये। सभी देवताओं ने मनसादेवी से सर्पसत्रयज्ञ को रोकने के लिए कहा। उन्होंने अपने पुत्र अस्तिका से कहा कि वह जनमेजय से भी ऐसा ही करने को कहे। अस्तिका ने जनमेजय को अपने शास्त्रों से प्रभावित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस प्रकार अस्तिका ने जनमेजय से सर्पसत्र को समाप्त करने के लिए कहा। इसके बाद इंद्र और तक्षक बच गये। तब से यह दिन नाग महोत्सव के नाम से जाना जाता है। नाग पंचमी एक अनूठा त्योहार है जो प्राचीन पौराणिक कथाओं में सांपों की भूमिका और भारतीय संस्कृति में उनके महत्व को याद दिलाता है। यह दिन हिंदुओं के लिए बहुत धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। हालाँकि इसे साँपों की पूजा करने का एक सरल कार्य माना जा सकता है नाग पंचमी एक जीवंत उत्सव है जो मानवता और प्रकृति के बीच आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक है।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई



**बालोद,** 20 अगस्त। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती रविवार को स्थानीय राजीव भवन में मनाई गई। ब्लाक कांग्रेस के बैनर तले आयोजन में स्वण् राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री और एक करिश्माई राजनेता थे। जिन्होंने भारत की आईटी क्रांति में मदद के लिए बड़े कदम उठाए। उन्होंने राष्ट्र के लिए राजीव गांधी के अपार योगदान की प्रशंसा की और उन्हें 21वीं सदी के भारत का वास्तुकार कहा। इस अवसर पर ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, आदित्य दुबे, शभु साहू, पुष्पेंद्र तिवारी, नवाब तिगाला, हसीना बेगम तिगाला, मुरारी देशमुख, दाऊद खान सहित बड़ी सँख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ...

श्रीमती छन्नी साहू पहुंची थी ग्रामीणों में खुशी का वातावरण था मंच पर जैसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होने वाला था उसी समय परदे के पीछे से आरोपी ने विधायक के बाल पकड़कर जानलेवा हमला करने की कोशिश की जिसे विधायक ने हाथ से बचाने की कोशिश की जिस वजह से हाथ में चोट आई उसके बाद मौजूद लोगों द्वारा आरोपी को धर दबोचा गया और कुटाई भी की जिसे पुलिस के हवाले किया गया गई बताया जाता है कि वह नशे मे धूत था।

### गिरधारी नगर में जलाई गई ...

सुप्रिया से कड़ी पूछताछ करनी शुरू की तो पूरा मामला प्याज की परतों की तरह खुलता गया। पत्रवार्ता में एसपी व टीम ने बताया कि सुप्रिया गिरधारी नगर में अपने पति दो बच्चों जेठ जेठानी सास के साथ रहती थी। सास की टोकाटाकी से त्रस्त थी। इधर गंडई के एक मेडिकल स्टोर्स के संचालक उमेश साहू से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। उमेश साहू मेडिकल स्टोर्स का संचालक होने के नाते लोगों का इलाज भी करता था। 21 जुलाई 23 को उमेश साहू एक परीक्षा दिलाने दुर्ग आया था। यहीं पर सुप्रिया के साथ मिलकर सुप्रिया व उमेश ने घर से भागने की योजना बनाई। इस षड़यंत्र योजना के तहत उमेश एक वृद्धा का शव लेकर गिरधारी नगर आया और स्टोर रूम में वृद्धा की लाश छिपा दी। रात्रि जब पूरा परिवार खा पीकर सो गया तब उमेश व सुप्रिया तथा एक अन्य साथी प्रदीप जंघेल ने पूरी घटना को अंजाम दिया। वृद्धा की लाश जलाकर ये तीनों ही मौके से फरार हो गये। रास्ते में आरोपी उमेश साहू ने सुप्रिया को खैरागढ़ व जालबांधा मार्ग पर छोड़कर भाग गया।

पत्रवार्ता में बताया गया कि मृतका वृद्धा सुरजा बाई मरकाम (90) उससे पास से काफी समय से इलाज करा रही थी। इस बार जब वह दवाइयां लेनी आई तो आरोपी ने गला दबाकर उसे मार दिया। इसके बाद लाश को बोरे में भरकर फ्रिज में रख दिया। उसने यह जानकारी अपने मित्र प्रदीप जंघेल को दी फिर ये दोनों दोस्त एक हीरो होण्डा मे लेकर 15 अगस्त की रात्रि करीब 10 बजे गंडई से निकले व रात्रि करीब 1 बजे सुप्रिया के घर के पास पहुंचे स्टोर में लाश रखी। इस रूम में पहले से ही कंडा लकड़ियां रखी थीं वहां सुरजा बाई की लाश को पेट्रोल डालकर जला दिया। इसके बाद उक्त तीनों आरोपी मौके से फरार हो गये। रास्ते में सुप्रिया को अपने बच्चों की याद आने पर वह दुर्ग अपने घर लौटने की जिद करने लगी। इस पर उमेश व उसका मित्र उसे वहीं छोड़ आगे निकल गये।

इस पूरे मामले में एसपी शलभ सिन्हा ने स्वयं नजर रखीं और मातहत अधिकारियों की टीम का मार्गदर्शन किया। इसमें एडीशनल एसपी संजय ध्रुव शहर, एएसपी ग्रामीण अनंत साहू, सीएसपी मणिशंकर चंद्रा, उपपुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा के मार्गदर्शन एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, व थाना प्रभारी मोहन नगर विजय यादव की टीम लगातार सक्रिय रहकर इस मामले का पर्दाफाश करने में सफल रहीं।

उक्त कार्यवाही में थाना मोहन नगर से उनि शीशुपाल चंद्रवंशी, सउनि प्रमोद सिंह, प्रआर अजय विश्वकर्मा, शहीद खान, महिला प्रआर मोनिका गुप्ता, आरक्षक सचिन सिंह, विश्वजीत टण्डन, शकील खान तारकेश्वर, भूषण जोशी, देवव्रत ठाकुर, महिला आरक्षक नीतू पद्माकर, शशिकला देशमुख एवं एसीसीयू से सउनि राजेश पाण्डेय, शमित मिश्रा, प्रआर नरेन्द्र सिंह, शिव तिवारी, चन्द्रशेखर बंजीर, सत्येन्द्र मढ़रिया, आरक्षक शौकत, शोभित सिन्हा, नरेन्द्र सहारे, रिन्कू सोनी, अमित दुबे, भावेश पटेल, डी प्रकाश, गुनित कुमार, राजकुमार चन्द्रा, बालमुकुन्द, चित्रसेन, केशव साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### निरीक्षण दल ने कृषि विक्रेताओं के...

उपलब्ध कृषि आदान सामग्री आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं जैसे कृषकों को नियमानुसार बिल नहीं देनाए मूल्य सूची प्रदर्शित न करना एस्कंध पंजी का संधारण न करना आदि अनियमितताएं पाए जाने पर 5 विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध आदान सामग्रियों को जब्त कर संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समाधान कारक जवाब प्राप्त नहीं होने पर लायसेंस रद्द किया जायेगा ।

## ओलंपिक खेलों के माध्यम से अपनी हुनर को एक नई उड़ान देने का दिया मौका : प्रभा



**डोंगरगढ़,** 20 अगस्त। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू ने ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल महोत्सव कार्यक्रम ग्राम रामाटोला में सम्मिलित होकर कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के माध्यम से युवाओं को एवं हमारी महिला बहनों को एक नई पहचान बनाने तथा अपनी हुनर को एक नई उड़ान भरने का मौका दिया है वह सराहनीय है । उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के माध्यम से हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति धरोहर परंपरा को सजाने एवं सवारने का काम हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया जा रहा है तथा गांव में छुपे हुए कला एवम प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा अवसर आप सभी के बीच रखा वह प्रशंसनीय है इसके लिए मै मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं । राजीवगांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से गांव-गांव खेलकूद ,हरेली त्यौहार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर गांव में भाईचारा एवं उल्लास का वातावरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है तथा किसानों और युवाओं के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर निरंतर छत्तीसगढ़ आज आगे बढ़ रहा है

## नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार




**डोंगरगढ़,** 20 अगस्त। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर नाबालिग से दोस्ती करने के बाद छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है । मामले में गंभीरता लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मिली जानकारी के अनुसार बालिका दिनांक 20/08/2023 के 12ः45 बजे अपने माता-पिता के साथ थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की, राधिका नगर निवासी अयान कुरैशी पिता हहीम नजीर कुरैशी के साथ इंस्टाग्राम के माध्य से दोस्ती हुई थी। दोनो के मध्य आपस में सामान्य बातचीत होता था । माता पिता के द्वारा मना करने पर बातचीत करना बंद कर दिया था। दिनांक 15/08/2023 को आयन कुरैशी के द्वारा बेईज्जती करने की नियत से स्कूल में आकर मेरे साथ मोबाईल फोन पर बातचीत क्यो नही करते हो कहकर हाथ बहां पकडकर बेईज्जत किये है । पीड़िता के चिखने चिल्लाने व मना करने पर डर के कारण स्कूल परिसर से निकल कर भाग गये। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 508/23 धारा 354,354 (क)506 भादवि 08 पाक्सो एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया । वरिष्ठ वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम तैयार कर तत्काल आरोपी की अयान कुरैशी पिता हहीम नजीर कुरैशी निवासी राधिका नगर डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ में 75 प्लस सीट जीतकर कांग्रेस की पूर्ण सरकार बनाएगे : भूपेश

**गुण्डरदेही,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत अर्जुन्दा के लोकरंग प्रांगण में आयोजित संकल्प शिविर मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए जहां उन्होंने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की 15 साल की सरकार 15 सीट में सिमट गई अभी 13 सीटे भाजपा के पास है सीएम ने दावा करते हुए कहा कि ऐसा कोई वर्ग और परिवार नहीं है जिसे हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला हो मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में 75 प्लस सीट जीताकर पूर्ण सरकार बनाएगे वहीं विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए लड़ रहे कार्यकर्ताओं को उदाहरण देते हुए समझाया कि तीन केला दो आदमी आपस में बंटवारा के लिए लड़ रहे थे उसी बीच तीसरा आदमी आया और तीनो केला खा गया लड़ने वालों को कुछ हासिल नहीं हुआ और तीसरा आदमी बाजी मार लिया इसी तरह टिकट के लिए मत लड़ो तुम दोनों के बीच तीसरा आदमी फायदा उठाकर निकल जाएगा इसलिए पार्टी संगठन के प्रति निष्ठावान रहें जो भी प्रत्याशी घोषित होते हैं उन्हें पुरा तन मन देकर अत्याधिक वोटों से विजय दिलाए भाजपा पर तंज कसते हुए



मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा मंदिर व गाय के नाम पर वोट मांगते हैं और जीतने के बाद भुल जाते है लेकिन जनता भाजपा के चाल और ढाल को जानती है भाजपा की जहां डबल इंजन की सरकार है वहां धान का समर्थन मुल्य 1250 रूपए में खरीद कर किसानो को छल रहें हैं लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार 25 सौ रूपए में खरीदीं कर राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों के साथ न्याय कर रहा है छत्तीसगढ़ में हमारे कांग्रेस सरकार का शपथ लेने के बाद किसानों का कर्ज माफ किया।

## पार्टी जिसे टिकट देगी उनके लिए समर्पित होकर काम करेंगे: कुंवर निषाद

संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने एक एक बुथ लेवल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कहा कि आप जीतेंगे तों पार्टी जीतेंगे पार्टी जिसे भी टिकट देगी उनके लिए हमें समर्पित रहते हुए काम करेंगे हम सबको आपसी मतभेद को भुलाकर आने वाले विधानसभा चुनाव को जीतकर पुन: कांग्रेस की सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाएगे

## मुख्यमंत्री के समक्ष 586 नए कार्यकर्ता कांग्रेस मे हुए शामिल

संकल्प शिविर कार्यक्रम में 586 नए कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए जिन्हें कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर कांग्रेस कमेटी में कार्यकर्ता के रूप में शामिल किया इससे अंदाजा लगाया जा रहा है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यों से जनता खुश हैं और दोबारा उत्साह से कांग्रेस पार्टी के सरकार बनाने के लिए एक एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है चुनाव से महज दो महीने पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस में नए कार्यकर्ता जुड़ने से पार्टी अपने आप को मजबूत करते हुए नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुण्डरदेही विधानसभा के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संकल्प शिविर में प्रचंड बहुमत से पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

## संकल्प शिविर में ये रहे मौजूद

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर बिरेश ठाकुर मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी विनोद वर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू संतुराम पटेल कोदुराम दिल्लीवार ब्लाक सचिव पुनम साहू बुथ के पदाधिकारी एनएसयूआई के कार्यकर्ता सेवादल महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस सहित हजारो की संख्या मे कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# बालिका/महिलाओं को अपराध, नशा मुक्ति के खिलाफ, सायबर, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक

**बेमेतरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बालक/बालिकाओ/ महिलाओं की सुरक्षा एवं जन चौपाल/समाधान शिविर के माध्यम से गांव एवं स्कुल, कालेजों में छात्र/छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 19.08.2023 को थाना दाढी स्टाफ के द्वारा शासकीय कन्या हाई स्कुल दाढी के शिक्षक/ शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बालक/बालिकाओ पर होने वाले अपराधो के बारे में बताकर उनके रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं यातायात सड़क संकेत तथा किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।



इस दौरान शासकीय कन्या हाई स्कुल दाढी के प्राचार्य धर्मेंद्र ग्वाल वंशी, अन्य शिक्षक/ शिक्षिका एवं थाना दाढी स्टाफ प्रधान आरक्षक यागेश्वर देशमुख, आरक्षक ऋतुराज सिंह, संजय चंद्राकर, लालचंद भारती एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**गुण्डरदेही,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सतमरा के सरपंच योगिता साहू व उपसरपंच भोजराम साहू के नेतृत्व मे पंचो के साथ पंचायत परिसर व गांव के विभिन्न चौक चौराहे पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया सरपंच योगिता साहू ने कहा कि पौधों का रोपण करके ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंचो के साथ मिलकर गांव मे प्रमुख जगहो पर व पंचायत परिसर में पौधारोपण किया सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बहुत जरूरी है उप सरपंच भोजराम साहू ने पेड़-पौधों को जीवन के लिए अमूल्य बताया वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाने मे सहयोगी हैं। साथ ही हमें फल फूल छांव व लकड़ियां प्रदान करते है इस अवसर पर पंच चंदर साहू दीपिका सिन्हा सीमा साहू दक्षराज साहू चुनेश्वरी साहू चंदा बाई जमुना बाई नागेश्वर साहू सरिता साहू महेंद्र साहू टेकराम साहू दीपक साहू कोमीन ठाकुर मीरा साहू दुरपेश सिन्हा सचिव नोहर पटेल संतराम सिन्हा रोजगार सहायक व ग्रामीण शामिल थे।

# खैरागढ़ विधासभा से युवा नेता विजय वर्मा ने की टिकट की मांग

■ विजय वर्मा के दावेदारी से कांग्रेस में उत्साह का माहौल

**खैरागढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि व खैरागढ़ विधानसभा के युवा कांग्रेसी नेता विजय वर्मा ने छुईखदान ब्लाक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल सहित अन्य कॉंग्रेसी कार्यकर्ताओ समक्ष विधिवत ढंग से खैरागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अपना आवेदन जमा किया है। पाठको बता दें कि विजय वर्मा पिछले दो बार से विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी कर रहे हैं। तथा पिछले साल हुए विधानसभा के उपचुनाव में भी दावेदारी किया था। जिसमे कांग्रेस पार्टी से विजय वर्मा को प्रबल दावेदार माना जा रहा था। क्षेत्र में विजय के नाम की चर्चा लगातार हो रहा था। विजय वर्मा का दौरा हर गांव में लगातार रहा है। और राज्य सरकार की योजना को जन जन तक आज भी पहुंचा रहे है। विजय वर्मा की लोकप्रियता के चलते जनता सीधे उनके निवास में जाकर अपनी समस्या रखते हैं। बता दें कि विजय युवाओ से लेकर सभी वर्गों में अपनी जबरदस्त पकड़ बनाये हुए हैं।वही अगर देखा जाए तो उनकी धर्मपत्नी निर्मला वर्मा के जिला पंचायत क्षेत्र में आज भी बहुत ही बढ़िया छवि बनाये हुए हैं। साथ ही विजय वर्मा खुद एक किसान है तथा किसानों की पीड़ा को समझने वाला व्यक्ति है। किसानों की समस्या हो या अन्य किसी मसले पर सीधे अधिकारियों के पास जाकर समस्या का निराकरण करने के लिए लगातार कार्य करते हैं। वही कांग्रेस के बड़े नेता भी विजय वर्मा कार्यो की प्रशंसा करते रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले 10 सालों से खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए हर गाव में जाकर बूथ स्तर में मीटिंग लेकर पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं हर सुख दुख में पहुँच जाते हैं। विजय वर्मा खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आमजनता के बुलावे पर विजय वर्मा हर सुख दुख में सम्मिलित होते हैं। साथ ही विधानसभा समीकरण के हिसाब से देखा जाए तो लोधी समाज से आने वाले विजय वर्मा सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ बनाये हुए हैं। जिसका फायदा उनको विधानसभा चुनाव में मिल सकता है। कांग्रेस पार्टी यदि विजय वर्मा को अपना उम्मीदवार बना देता है। तो खैरागढ़ विधानसभा की सीट में कांग्रेस पार्टी को फायदा मिलने के आसार हैं। क्योंकि विजय वर्मा का वनांचल क्षेत्र में जबरदस्त पकड़ है वही मैदानी इलाकों में भी उनकी लोकप्रियता के चलते व उनके कार्यो से सभी वर्ग उनके चहेते बने हुए हैं। आवेदन पत्र जमा करने के बाद उनकी दावेदारी की चर्चा खूब हो रही है कि इस बार कांग्रेस विजय वर्मा को अपना प्रत्यासी बना सकता है। आवेदन जमा करने के दौरान पार्षद प्रकाश महोबिया, मनोज चौबे,जनपद सदस्य मंगला धुर्वे, जनपद सदस्य मोती राम,



नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, ललित जंघेल, नारायण, बीजेलाल, शैलेन्द्र तिवारी, सोहन पाल, गोवर्धन मेरावी, देवकुमार, हमीदा बेगम, संजू, केदार मेश्राम, बसेरुदीन सहित अन्य कॉंग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे।

# दुर्ग संभागीय स्तर के बैठक में शामिल हुए खैरागढ़ के शिवसैनिक



**खैरागढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शिवसेना की दुर्ग संभागीय स्तर की बैठक भिलाई में इंडियन काफी हाऊस में रखा गया था। जिसमें 6 जिले की जिला अध्यक्ष व विधानसभा स्तर की पदाधिकारी शामिल हुए वहीं बैठक की अध्यक्षता स्व प्रान्त प्रमुख धनंजय सिंह परिहार कर रहे थे। श्री परिहार ने बैठक में संबोधित करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में शिवसेना लगातार बिना सत्ता में रहे भी आम जनता के लिए सड़क की लड़ाई लड़ते आ रही है। चाहे वह बेरोजगार किसान मोर्चा हो, नगरनार मोर्चा, हो य अभी तोड़ो मोर्चा, हो शिवसेना हमेशा जनता के बीच में जाकर जनता का काम करते आई है। इसलिए अब शिवसेना राजनीति की ओर अग्रसर होकर छत्तीसगढ़ के कई विधानसभा सीट पर अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी वहीं संभागीय स्तर बैठक में पहुंचे खैरागढ़ जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह बघेल ने प्रान्त प्रमुख के समक्ष खैरागढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने की बात रखी जिसमें प्रमुख ने अस्वस्थ किया कि शिवसेना खैरागढ़ से बीजेपी, कांग्रेस, के खिलाफ दमदार प्रत्याशी चुनाव मैदान उतारेगी वहीं बैठक में प्रान्त प्रमुख धनंजय सिंह परिहार प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश सचिव, दिनेश ठाकुर, शंकर चैनानि, संगठन महामंत्री राजेश ठावरे, दुर्ग जिला अध्यक्ष सम्राट सिंह, कौशलेंद्र सिंह बघेल, श्रीराम ठाकुर, पंकज साहु, मुकेश श्रीवास, नरेंद्र सेन, महेन्द्र सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए थे।

# खैरागढ़ व्यवहार न्यायालय में ध्वजारोहण करने के बाद किया वृक्षारोपण

**खैरागढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव के 76 वें वर्षगांठ पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में फहराया गया तिरंगा झंडा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप व व्यवहार न्यायाधीश वर्ग - 2 गुरुदास देवांगन,अधिवक्ता गण, कोर्ट स्टाफ की मौजूदगी में तिरंगा झंडा फहराया गया न्यायाधीश चन्द्रकुमार कश्यप ने कहा की ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए सभी लोगो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी न्यायाधीश कश्यप ने कहा कि 15 अगस्त 1947 का दिन भारत के इतिहास और हर भारतीय नागरिक के लिए सबसे अहम दिन है। यही वह दिन है जब पहली बार भारत के लोगों ने एक आजाद देश में सांस लेना शुरू किया। आज हमारे देश को अंग्रेजों की 200 सालों की गुलामी से मुक्ति मिले 76 बरस पूरे हो गए हैं। भारत अपना 77 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम-धाम और पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। यह ऐतिहासिक दिन है और हमारे देशवासियों के बीच देशप्रेम, समर्पण और एकता का प्रतीक है। सरकार के हर घर में तिरंगा अभियान में देश की जनता पूरे जोश के साथ हिस्सा ले रही है। भारत के उन महान ज्ञात अज्ञात छह लाख से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है। जिनके त्याग और बलिदान के चलते भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिली थी। इस दिन सभी को राष्ट्र निर्माण, देश के विकास व रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। हमें भारतीय संविधान में लिखीं बातों का पालन करें यही देश का सम्मान है। आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है।



व्यवहार न्यायालय परिसर में एडीजे सहित समस्त न्यायिक अधिकारी कर्मचारी व अधिवक्ता गणों द्वारा इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में अधिवक्ता गण सुभाष ठाकुर, नीरज झा, सुरेश ठाकुर, अल्ताफ अली, विक्रम यादव, शत्रुहन वर्मा, प्रकाश सिंह ठाकुर, सुरेश भट्ट, भुनेश्वर वर्मा, घम्मन साहू, विक्रम यदु, गजेंद्र ठाकरे, पृथ्वीराज सिंह, सर्वेश ओसवाल, सूर्यदमन सिंह, रामकुमार जांगड़े संदीप दास वैष्णव, शत्रुघ्न वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, योगेश चंदेल, ज्ञानदास बंजारे, मनराखन देवागन, विशाल,सत्यकला, न्यायिक कर्मचारीगण देवेश श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा, व्यास नारायण राठौर, रोहित साहू, मनोहर देवांगन, प्रशन्न श्रीवास्तव, आरके लांझकर, अमरनाथ जयसवाल, शुभम स्वर्णकार, पीतांबर कश्यप, संतोष बारले, भुनेश्वर कौशिक, राहुल संडे, देवचरण वर्मा, डीके ठाकुर, विनय सोनी, दिनेश साहू, मनीष गुप्ता, पूजा बनसोड, दयाराम धुर्वे, सुरेश ठाकुर, पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, छविराज, कला प्रजापति सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम सहित गौरवपथ पर किया गया पौधारोपण



**बेमेतरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सावन महीने के पावन पर्व पर नगर के दो श्मशान घाट सहित तालाब किनारे बेल का का पौधा सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा पत्रकार आनंद प्रकाश साहू तथा यातायात महासंघ के जिला अध्यक्ष राम गोपाल साहू ने सहित अन्य लोगों ने लगाया सबसे पहले गौरव पथ पर स्थित तालाब के पास बेल वृक्ष लगाए गए तदुपरांत कवर्धा रोड पर स्थित मुक्तिधाम पर बेल पौधारोपण किया गया और अंत में सिंघौरी वार्ड के पास स्थित मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया बता दे कि सावन महीना देवों के देव महादेव को अति प्रिय है इस माह में शिवजी की पूजा अर्चना करने से भक्तों को मनचाहा फल प्राप्त होता है सावन के महीने में शिव भक्तों को वृक्षों का रोपण अवश्य करना चाहिए इससे भक्तों के घर में सुख समृद्धि बढ़ता है परिवार के सदस्य निरोगी रहते हैं सावन के महीने में पीपल ,वट, शमी, एवं बेल के पौधे का रोपण करना चाहिए। इससे पर्यावरण की भी रक्षा होती है शास्त्रों में सावन के महीने को विशेष माह कहा गया है वैसे प्रतिदिन शिवजी की पूजा अर्चना करते रहना चाहिए सनातन परंपरा में भगवान शिव ऐसे देवता हैं जो सिर्फ एक लोटा जल और बेलपत्र चढ़ाने मात्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं हिंदू धर्म के अनुसार यदि कोई भक्त पूरे श्रावण मास शिव जी को जल चढ़ाकर बेलपत्र अर्पित करता है उसकी बड़ी से बड़ी मनोकामना भगवान शिव जल्द ही पूरा करते हैं इसके साथ यह भी बताया जाता है कि किसी भी शव को बेल वृक्ष का छाया मिलने मात्र से ही उनकी मुक्ति हो जाती है इसीलिए दोनों मुक्तिधाम पर बेल का वृक्ष लगाया गया है ।

# प्रदेश में सरकार बनाने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बूथ के कर्मठ कार्यकर्ताओ की होती है: छाबड़ा

**बेमेतरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधासनभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ चलो अभियान के तहत शहर जोन स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमत्री भारत रत्न स्व- राजीव गांधी की तैल चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता का सेवक है ,आम जनता की सेवा करने के लिए हर एक कार्यकर्ता अपने जीवन न्योछावर कर देता है 2018 में हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीन चौथाई सीट लाकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी थी,प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर लोगों ने भरोसा जताया तभी प्रदेश में 15 साल की सरकार भाजपा की सरकार 15 सीटों पर सिमट कर रह गई। आज भाजपा के पास बताने के लिए कुछ नहीं बचा है। सिर्फ झूठ के सहारे उनकी राजनीति चल रही है। लगातार महंगाई बढ़ाने का काम केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है, जबकि राज्य सरकार लगातार लोगों के जेब में पैसा पहुंचाने का काम कर रही है,कांग्रेस संगठन की सबसे छोटी इकाई गांव/शहर में बने बूथ कमेटी है जिसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी घर घर जाकर सरकार के कामों और योजनाओं को पहुंचने के साथ ही मोदी सरकार के नौ साल विफलताओं को रखने की है,कांग्रेस के किसी भी सम्मेलन में अगर किसी बात की चर्चा होती है,कांग्रेस पार्टी को अगर कोई चुनाव जीताता है,ओ बूथ के हमारे कार्यकर्ता जो कड़ी मेहनत कर चुनाव जीताते है, अगर आज मैं यहां एक विधायक के रूप में खड़ा होकर भाषण दे रहा हूं वो ताकत,आशीर्वाद आप सभी कार्यकर्ताओं की देन है, जो प्रत्येक चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी कोई भी हो,कांग्रेस पार्टी के पंचा छाप,हो सिंबाल हो उसके लिए लड़ते है, हर चुनाव में हमारे बूथ के कार्यकर्ता कड़ी परिश्रम कड़ी मेहनत करते हैं हम अपने बूथ से किस प्रकार कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर जिताए अगर बुथ में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी की जीत होती है,तो सबसे ज्यादा खुश होता है ओ हमारे बूथ के जबाज कार्यकर्ता होते है और अगर किसी बूथ में किसी कारण से पीछे हो जाते हैं तो सबसे ज्यादा दुखी कोई होता ओ हमारे बूथ के कार्यकर्ता दुखी होते है,आज के समय में सबसे बड़ी शक्ति सबसे बड़ी ताकत हैं बुथ है,जितना अच्छा मजबूत बुथ होगा जितना अच्छा सक्रिय बुथ होगा, निश्चित रूप से उस बूथ से उतना अच्छा परिणाम मिलेगा हम सभी को बूथों में जाने का यह एक सुनहरा अवसर है प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल जी के कुशल नेतृत्व में इस पौने पांच वर्षो मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गाँव से लेकर शहरो के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई जा रही है, प्रदेश सरकार गांव,गरीब और किसानों की सरकार जो लगातार विकास के लिए कर रही है ,प्रदेश सरकार ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ छत्तीसगढ़ में पंचायतों को मजबूत और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य की जा रही है,किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है,किसान भाई कड़ी धूप में तपस्या कर,हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है,ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है,किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं,मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित करने के साथ प्रदेश में किसानों का सिंचाई कर माफ कर कर्जमाफी की गई और बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है,गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो में चावल प्रदान करने के साथ पशुपालकों से 2 रुपए किलों में गोबर भी खरीदा जा रहा है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है, छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी गाँव, गरीब और मजदूरों की सरकार है, शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में भी सरकार द्वारा लगातार कदम उठाया जा रहा है,प्रदेश में गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराकर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ को जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है,



इस अवसर पर श्री इंद्रदत्त लखन पाल पर्यवेक्षक अखिल भारतीए राष्टिय कांग्रेस कमेटी, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस अध्यक्ष बेमेतरा,लुकेष वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,बंसी साहू, रामाधार साहू,कैलाश साहू, जोगिंदर छाबड़ा,सुनील नामदेव,रीता पाण्डे, गुलजार अली, मनोज शर्मा सभापति, आशीष राम ठाकुर सभापति, अखीलेश नामदेव सभापति,राजू साहू पार्षद,शत्रोहन साहू, जया साहू पार्षद, धरम वर्मा पार्षद,जनता साहू एल्ड्रमैन, चंद्रप्रकाश शीतलानी एल्ड्रमैन,शंकर चौहान एल्ड्रमैन,गुलजार अली,वाहिद रवानी, बलवंत साहू, शीताराम यदु, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, भावसिंह राज, शिरीष शर्मा, देवशरण गोसाई,अजय सेन,विक्की मिश्रा, डेनिम सेन, ऋतिक तिवारी, प्रतिक दुबे,धुव्र रजक, राजेन्द्र साहू,सन्नी सलूजा, रावेंद्र देवांगन एल्डरमैन, जगजीत सिंह, रूबी सलूजा, नाथू राम सेन, अमित कोटवानी,रवि मोटवानी, अनिल दुबे,चतुरदास मानिकपुरी, गुरेन्द्र वर्मा सहीत बडी संख्या पदाधिकारीगण, सदस्यगण, कार्यकर्तागण रहे उपस्थित।

# सोमनी मे नहीं बना गौठान, सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के प्रति प्रशासन जवाबदेह नहीं

**राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गांव जो 27 ग्रामों के प्रमुख केन्द्र के रूप मे जाना जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है 'सोमनी' में- प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, गो-धन न्याय योजना- के अन्तर्गत गौठान निर्माण प्रशासनिक उदासीनता और निष्क्रीयता की भेट चढ़ गया है जिसके चलते करीबन पांच- माह हो जाने के बावजूद, नही - बन पाया, जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है।

ज्ञात हो कि गौठान निर्माण हेतु शासन से 6,23,21120 (छः लाख तेइस हजार दो सौ ग्यारह) रुपये- स्वीकृत हुये कई महीनों बीत गये, फिर भी गौठान नहीं बना, पूर्व में अनुविभागीय = अधिकारी (राजस्व) तहसीलदार, जनपद सी.ई.ओ सहित अधिकारियों का दौरा निर्माण स्थल में हुआ था, जिसमे सफाई करवाने एवं निर्माण कार्य तत्काल आरंभ कराने निर्देशित भी किया गया। फिर भी ग्राम सोमनी में गौठान आज पर्यन्त



तक नही करा पाना आश्चर्य जनक है,जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है। गौठान निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया, खसरा 262, 263 में शासकीय भूमि है। पता चला है, की मौका मुआाइना व पंचायत पदाधिकारियों से बात भी हुई है कि गोठान निर्माण स्थल पर- अवैध कब्जा हो. गया है, उक्त स्थल कर कब्जा हटा कर गौठान निर्माण करवाने-पंचायत प्रस्ताव एवं ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित हुए कई माह हो गया, उपरोक्त प्रस्ताव ग्राम पंचायत के पंजी में दफन है, जो पंजी से बाहर- नही निकला।

आखिर गौठान निर्माण के नाम पर कार्य शुरू करने प्रशासन एवं ग्राम पंचायत क्यों डर रही है ।बहरहाल प्रदेश शासन के इस. महत्वाकांक्षी योजना गौठान निर्माणज्ज का ग्राम सोमनी में इस योजना का लाभ- गाँव वालों को नही मिल पाया।

गोबर खरीदी के नाम पर बांस-बल्ली पोलीथीन की झोपडी बनाया गया है, वो भी अनुपयोगी साबित हो रहा है, वहां गोबर खरीदी नहीं हो रहा है ।

दूसरी ओर पंचायत मद की राशि-दस हजार रुपये फूंक दिया गया। ग्रामीण सचिवालय के जर्जर भवन में गोबर खरीदी की जा रही थी, अब कचरा संग्रहण केन्द्र का भवन पूर्व कार्यकाल में निर्मित है, में गोबर खरीदी की जा रही है। केवल खाना पूर्ति हो रहा है ।यदि गौठान का निर्माण हो जाता-तो गोबर खरीदी भी वही होता। प्रस्तावित - गौठान निर्माण स्थल पर ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा वृक्षारोपण कर अवैध कब्जा कर लिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी- प्रदेश के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के महत्वाकांक्षी योजना- गोठान निर्माण- का- ग्रामवासियों को लाभ दिलाने कुछ नहीं कर पा रहे हैं ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है, कि शासन की योजना का क्रियान्वयन धरातल पर हो सके अन्यथा ग्रामीण जन जीवन को बेहतर करने सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं की स्थिति धरातल पर माकुल नजर आएगी।

# गैंदाटोला मे भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू को विजयी बनाने लिया संकल्प



**छुरिया,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्गा मंदिर चौक गैंदाटोला में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू जी को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया .

गीता घासी साहू को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी घोषित किए जाने पर पूरे विधान सभा क्षेत्र मे खुशी का लहर दौड़ पड़ी हैं लगातार लोगो मे उत्साह देखने को मिल रहा है,भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर विधायक प्रत्याशी गीता घासी साहू को जीत दिलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री एम डी ठाकुर जी अपेक्स बैंक के पूर्व डायरेक्टर श्री मिथिलेश दुबे,विजय अग्रवाल , डॉ असीम राय , वसीम कुरैशी गौरव अग्रवाल , दिलीप साहू, दिलेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायण, लोकेंद्र ठाकुर, पिंटू वर्मा, महेंद्र साहू ,लोकेश साहू, धनेश्वर गुप्ता जगदीश साहू, मनीष त्रिपाठी ,रवि कुमार उपस्थित रहे।

# पाटन विधानसभा में हार का स्वाद चखने को तैयार रहें भूपेश बघेल: मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरूद्ध भाजपा से दुर्ग सांसद विजय बघेल को चुनावी रण में उतारे जाने के कदम पर तंज कसने वाले मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव ने इसे कांग्रेसी नेताओं का बड़बोलापन करार दिया है और कहा है कि यही बिगड़ेबोल कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा निर्वाचन में करारी शिकस्त दिलायेंगे। मंत्री अमरजीत भगत के द्वारा दिये गये इस बेतुके बयान पर कि, पाटन में सांड के सामने भाजपा ने बछड़ा छोड़ दिया है, पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने कांग्रेसी नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि कांग्रेसी नेताओं द्वारा दिया गया बयान स्वस्थ्य लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की मर्यादा के विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा विजय बघेल की तुलता बछड़े से किये जाने, या उन्हें बलि का बकरा बताये जाने के बयान को स्तरहीन राजनीति का परिचायक, अशोभनीय एवं अति आत्मविश्वास की निशानी बताया है जो आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पराजय का कारण साबित होगी । भाजपा नेता मुध ने तंज कसते हुए कहा है कि माननीय मंत्री जी अपने पार्टी के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तुलना सांड से कुछ सोच समझकर ही कर रहे हैं, जिसपर भाजपा सहित प्रदेश की जनता को कोई आपत्ति नहीं हैं क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांड में कई तरह की समानता देखी जा सकती है। दोनों ही अंहकारी एवं अपनी मनमर्जी के मालिक हैं और किसी की भी नहीं सुनते। दोनो ही बुद्धिबल से अधिक बाहुबल पर विश्वास करते हैं और अपना नुकसान करने से भी नहीं चूकते, दोनों ही अपनी ताकत के नशे में चूर रहते हैं, दोनों ही विवेक से काम नहीं लेते, और दोनों ही सिर्फ अपना पेट भरने की जुगत में लगे रहते है और अपने आसपास की दुनिया से बेसुध रहते हैं। और तो और ये दो ही अपना भला बुरा नहीं समझते और जिस भी खेत में घुस जाते हैं उस खेत को उजाड़ कर ही दम लेते हैं, फिर चाहे वह खेत अपना हो या पराया। पूर्व सांसद मधु ने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी जिस कद्दावर भाजपा नेता को बछड़ा समझने की भूल कर रही है वही आगामी चुनाव में कांग्रेसी सांड को पाटन में नथनी पहनाकर भाजपा के विजय का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने कांग्रेस पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा है कि भाजपा राष्ट्रीय सह प्रदेश संगठन को अपने नेता विजय बघेल की काबिलियत पर पूरा भरोसा है। विजय बघेल जी ने पहले भी कांग्रेसी नेता भूपेश बघेल को पाटन विधानसभा क्षेत्र में करारी शिकस्त दी है और इस बार पुन: यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन से उनके विरूद्ध चुनाव लड़ने का साहस जुटा पाये, तो पुन: हार का स्वाद चखने के लिये तैयार रहें।



# जामा मस्जिद पठानपारा के सदर बने हाजी रईस अहमद शकील



**राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देशन में पहली बार हुये प्रजातांत्रिक तरीक़े से पारदर्शी औऱ निष्पक्ष चुनाव में राजनांदगांव शहर जामा मस्ज़िद सदर के ओहदे पर हाजी रईस अहमद शक़ील साहब 17 मतों से निर्वाचित हुये।

नवनियुक्त सदर ने मुस्लिम समुदाय व आमजनों का आभार व्यक्त किया व कहा यह चुनाव अहम रूप से समाज च्क्कल्याणज्ज व समाज च्सुधारज्ज की दिशा में काम करेगा। उक्त चुनाव में नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डो के मुस्लिम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के पश्चात देर शाम मतों की गणना की गई।जिमसें निकटतम प्रतिद्वंदी जावेद अंसारी 17 मतों से पराजित हुये। तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा ने प्रमाण-पत्र देकर जीत की घोषणा की। मिली जानकारी के अनुसार छग राज्य वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार जामा मस्जिद पठानपारा, राजनांदगांव के मुतवल्ली का चुनाव एसडीएम राजनांदगांव की देख-रेख मे मुतवल्ली मार्गदर्शिका 2022 के अनुसार किया गया। आज शहर के 4 मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रईस अहमद शकील और जावेद अंसारी मैदान में थे। आज सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य मतदान संपन्न हुआ, जिसमें समस्त 51 वार्डो में निवासरत 18 वर्ष पूरा कर चुके पुरूष मुस्लिम मतदाताओं ने मतदान किया। इस चुनाव में कुल 3664 मतदाता शामिल थे, जिसमें टोटल मत 2290 पड़े। मतदान पश्चात जामा मस्जिद के बाड़े में तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा की देख-रेख में मतगणना शुरू हुई, जिसमें जावेद अंसारी को कुल 1124 मत मिले और रईस अहमद शकील को कुल 1141 मत मिले, 25 मत अवैध मिले। इस तरह रईस अहमद शकील को 17 मतों से जीत हासिल हुई। जनाब जावेद अंसारी को किताब का निशान एवं जनाब रईस अहमद शकील को तराजू का निशान रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार द्वारा आबंटित किया गया था। मतदान हेतु नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चार मतदान केंद्र पहला बाड़ा जामा मस्जिद पठानपारा, दूसरा मुस्लिम जमात खाना जूनी हटरी, तीसरा मोती मस्जिद, चौथा सामुदायिक भवन गौरी नगर रावण ग्राउण्ड में सुबह 7.30 बजे से 3 बजे तक किया गया, जिसके बाद मतगणना एवं परिणाम की घोषणा जामा मस्जिद पठानपारा से की। एडहॉक कमेटी जामा मस्जिद के सदस्य सुहैल रिजवी ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया हेतु तहसीलदार व नायब तहसीलदार राजनांदगांव को रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया था, इनके सहयोग हेतु आबिद बेग, एडहाक कमेटी के संयोजक हामिद खान, खालिद अंसारी, आदिल रिजवी, आसिम अहमद, इकबाल हुसैन को अधिकृत किया गया था एवं उक्त मतदान केंद्रों हेतु मतदान दल का गठन भी किया गया था।

# आज सप्तम सावन सोमवार को बाबा महाकाल करेंगे नगर भम्रण, भक्तों पर करेंगे कृपादृष्टि

**राजनांदगांव,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बाबा श्री महाकाल पालकी यात्रा एवं महाकाल सेना आयोजन समिति के संयोजक पवन डागा एवं संरक्षक नीलू शर्मा ने बताया की महाकाल मंदिर उज्जैन की तर्ज पर सावन मास के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर की सावन पालकी शोभा यात्रा का आज दिनांक 21 अगस्त को सातवॉ पड़ाव संपन्न होगा। बाबा की इस सावन पालकी यात्रा को राजनांदगॉव की धर्मप्रेमी जनता एवं शिवभक्तों का अगाध प्रेम, अटूट आस्था एवं अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। पूर्व की छः सावन पालकी यात्रा की तरह आज भी संस्कारधानी राजनांदगॉव में बाबा श्री महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में धर्मप्रेमी जनता के सानिध्य में किया जा रहा है।

सप्तम पालकी यात्रा आज 21 अगस्त दोपहर 12 बजे स्थानीय शिव नगर, पुराना ढाबा से प्रारंभ होकर, चिखली क्षेत्र से ओवर ब्रिज के नीचे स्टेशनपारा मुदलियार कॉलोनी मार्ग स्थित मंदिर पहुंचेगी,जहां हरिहर मिलन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पश्चात् बाबा की पालकी गौरीनगर शीतला मंदिर के लिए रवाना होगी और वहां मंदिर प्रांगण में यात्रा विश्राम लेगी।

शिवभक्तों द्वारा अपने आराध्य बाबा महाकाल जी की पालकी यात्रा प्रभु श्री चंद्रमौलेश्वर जी के स्वरूप में पूरी गरिमा एवं भव्यता के साथ निकाली जाएगी जिसमें बाबा महाकाल के भक्तगण विभिन्न श्रृंगार एवं वेशभूषाओं में दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शिव भक्तों द्वारा बाबा की पालकी यात्रा का विभिन्न मार्गों पर भव्य स्वागत सत्कार एवं पूजा अर्चना की जायेगी और प्रभू अपनी पालकी शोभा यात्रा में उपस्थित भक्तजनों पर कृपादृष्टि डालकर उनको मनवांछित आशीर्वाद प्रदान करेंगे और उनके कष्ट हरेंगे ।आयोजन समिति के विशेष प्रयास से इस बार पालकी यात्रा के समय सुप्रसिद्ध भजन गायक खिलेश यादव एवं ग्रुप अपने सुमधुर आवाज में भजन गीत गाकर भक्तजनों को बाबा महाकाल के प्रेम और भक्ति के रंग में सराबोर करेंगे। आयोजन समिति के पवन डागा एवं नीलू शर्मा ने संस्कारधानी के शिव भक्तों एवं धर्मावलम्बीजनों से बाबा श्री महाकाल जी की सावन पालकी यात्रा में सपरिवार उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।


## देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगायें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अत: छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

सचिव
देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष
दैनिक देशबन्धु
रामसागरपारा, रायपुर ( छ.ग. )



**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईशतहार**

रा.प्र.क्र 202308231800005/ ब-121/वर्ष 2022-2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हंसराज चौधरी निवासी गांधीनगर गुढ़ियारी तहसील रायपुर जिला रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम नवागांव प.ह.नं. 15 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 574/1 रकबा क्रमश: 0.38 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.38 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसे मयंक वर्मा पिता गया प्रसाद निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर के पास पारिवारिक कारणों से आर्थिक स्थिति खराब हो जाने के कारण व अपने नाम की भूमि पर पक्का मकान का निम्रण कराया जिसके कारण अत्यधिक कर्ज होने से ऋण अदायगी हेतु विक्रय किए जाने के संबंध में अनुमति प्रदान किए जाने हेतु आवेदक द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा के समक्ष आवेदन पेश किया है जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा प्रस्तुत करना हो वह दिनांक 01.09.2023 को/पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2023 को जारी किया गया है।

(सील) तहसीलदार भिंभौरी



**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**

**उद्घोषणा**

क्रमांक 5981/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 09/05/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर योजना के अंतर्गत श्रीमती आशा राज पति श्री छोटे लाल राज को जनता मकान क्रमांक 498 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 (तीस)वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 09.05.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )



**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202307210900025 अ/20 ( 2 ) वर्ष 2022-2023
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमन सोनी पति पुरूषोत्तम सोनी निवासी ग्राम बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार नगर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 18 ए प्लाट नं. 114 क्षेत्रफल 110 वर्गफीट भूमि को आबंटन की मांग करते हुए व्यवस्थापन हेतु मेनटेनेंस खसरा, शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर ( नजूल ) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार के माध्यम से प्रकरण जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार बलौदाबाजार



**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**

**ईशतहार**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला रायपुर, तहसील- रायपुर प.ह.नं.- 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202223440822600193

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी कोमल, प्रबल, विमल सोनकर पिता/पति तीजऊराम सोनकर पता- अश्वनीनगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1099/1 (0.0630) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सुलोचना बाई पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, श्रीमती सरस्वती हमीरवासिया पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखे नगर रायपुर छग, गौरीशंकर अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग, सुरेश अग्रवाल पिता/पति हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग, श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पिता/पति स्व. हरिप्रसाद अग्रवाल पता लाखेनगर रायपुर छग के नाम पर पंजीयन/फौती होने उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.08.2023 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार तहसील रायपुर



**न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर(छग)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...../अ-6 अ/वर्ष 2022-2023
ग्राम ओड़कर, प.ह.नं.- 32

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी चेलक पिता स्व. सूखचंद चेलक निवासी सेरीखेड़ी पोस्ट व थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर के द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ओड़का प.ह.नं. 68 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर छग स्थित भूमि खसरा नंबर 53/2, 349/2 रकबा क्रमशः 0.360, 0.090 हे. भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को फौती नामांतरण के आधार पर दिनांक 13.04.2022 को आवेदक अश्वनी, संजय, जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका के नाम पर ऋण पुस्तिका जारी किया गया है, पूर्व पटवारी के द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक अश्वनी, संजय, जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका का नाम दर्ज किया गया था किन्तु वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में नवीन पटवारी आने के पश्चात उक्त भूमि पुन: फौती नामांतरण के पूर्व का ही नाम अश्वनी, निर्मल, संजय का नाम दर्ज दिखा रहा है। उपरोक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में स्व. निर्मल को विलोपित कराकर उसके विधिक वारिसान जयदीप, संध्या, नितिश, अमरीका का नाम उल्लेखित कराकर रिकार्ड दुरूस्त हेतु आवेदक द्वारा आवेदन सहपत्र सहित अ.वि.अ. (रा.) आरंग जिला रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 01.09.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार आरंग



**मुकदमें के फैसले के बारे में समंस**
( सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5 )

दीवानी मुकदमा नं. 11/2023 सन्
प्रो.क्र.89/2023 पेशी तारीख 13/09/2023

अदालत अनिल कुमार बारा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01. बस्तर स्थान जगदलपुर

जेम्स मैथ्यू व अन्य .. मुद्दई
शहीद महेन्द्र कर्मा चिकित्सालय व अन्य.. मुद्दालेह

बनाम: - 1 -आम जनता

क्योंकि आवेदक ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 11 / 2023 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हें इस समस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 13 माह 09 सन् 2023 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर समझा दी हो और जो कि मुकदमे के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके ( या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमे का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमे के आखरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 14 माह 08 सन् 2023 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

जज
( अनिल कुमार बारा )
मुहर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01.
बस्तर स्थान जगदलपुर



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KUMESH JAIN S/O KANMAL JAIN resident of 17 A RAVI NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name KUMESH JAIN S/O KANMAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is KUMESH KUMAR JAIN S/O KANMAL JAIN in all Government and other documents.

**KUMESH KUMAR JAIN**
17 A RAVI NAGAR RAIPUR
(C.G.) 492001



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JAIN SOMYA S/O KUMESH KUMAR JAIN resident of 17 A RAVI NAGAR KENAL CANIL ROAD NEAR SHYAM PLAZA RAVI NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name JAIN SOMYA S/O KUMESH KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SOMY JAIN S/O KUMESH KUMAR JAIN in all Government and other documents.

**SOMY JAIN**
17 A RAVI NAGAR KENAL
CANIL ROAD NEAR SHYAM
PLAZA RAVINAGAR RAIPUR
(C.G.) 492001



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHANDANI HARIRAMANI D/O JAIND LAL HARIRAMANI resident of WARD NO 35 SCHOOL ROAD BEHIND GURUDWARA MAYAPUR AMBIKAPUR SURGUJA (C.G.) 497001 have changed my old name CHANDANI HARIRAMANI D/O JAIND LAL HARIRAMANI so in future I should be recognized by my new name that is HEER NAGWANI W/O DINESH NAGWANI in all Government and other documents.

**HEER NAGWANI**
WARD NO 35 SCHOOL ROAD
BEHIND GURUDWARA
MAYAPUR AMBIKAPUR
SURGUJA (C.G.) 497001



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MADHAVI PUROHIT W/O MUKESH VYAS resident of 42/269, WARD NO 42 VYAS NIWAS NEAR MUKHYA-MANTRI BANGLA CIVIL LINES RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MADHAVI PUROHIT W/O MUKESH VYAS so in future I should be recog-nized by my new name that is MADHAVI VYAS W/O MUKESH VYAS in all Government and other documents.

**MADHAVI VYAS**
42/269, WARD NO 42 VYAS
NIWAS NEAR MUKHYAMANTRI
BANGLA CIVIL LINES RAIPUR
(C.G.) 492001



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK resident of H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK so in future I should be recognized by my new name that is MOHMMAD SHAHID S/O ABDUL RAJJAK in all Government and other documents.

**MOHMMAD SHAHID**
H NO 8/125 MAHADEV
WARD PURANA BUS STAND
KANKER (C.G.)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHD SALMAAN S/O ABDUL RAJJAK resident of H NO 8/125 MAHADEV WARD PURANA BUS STAND KANKER (C.G.) have changed my old name MOHD SALMAAN S/O ABDUL RAJJAK so in future I should be recognized by my new name that is MOHMMAD SALMAN S/O ABDUL RAJJAK in all Government and other documents.

**MOHMMAD SALMAN**
H NO 8/125 MAHADEV
WARD PURANA BUS STAND
KANKER (C.G.)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DONGARWAR PRAKASH MULCHAND S/O MULCHAND DONGARWAR res-ident of H NO 176 WARD NO 31 AZAD CHOWK BIRGAON RAIPUR (C.G.) have changed my old name DONGARWAR PRAKASH MULCHAND S/O MULCHAND DONGARWAR so in future I should be recognized by my new name that is PRAKASH DONGARWAR S/O MULCHAND DONGARWAR in all Government and other documents.

**PRAKASH DONGARWAR**
H NO 176 WARD NO 31 AZAD
CHOWK BIRGAON RAIPUR
(C.G.)



**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईशतहार**

रा.प्र.क्र 202308232500008/ ब-121/वर्ष 2022-2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुनील कुमार पिता राधेश्याम एवं अन्य 03 निवासी ग्राम गुधेली तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदकगण के नाम पर ग्राम गुधेली प.ह.नं. 13 स्थित कृषि भूमि ख.नं. 805 रकबा क्रमश: 1.49 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 1.49 हे. राजस्व अभिलेख में शामिल खाते में दर्ज है। जिसे धर्मवीर सिंह पिता लालजी सिंह निवासी टाटीबंध तहसील व जिला रायपुर के पास कोरोना काल में आर्थिक व गंभीर परिस्थिति का सामना करते हुए एवं मां के ईलाज के लिए अत्यधिक कर्ज होने के कारण ऋण अदायगी हेतु विक्रय किए जाने के संबंध में अनुमति प्रदान किए जाने हेतु आवेदक द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा के समक्ष आवेदन पेश किया है जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा प्रस्तुत करना हो वह दिनांक 01.09.2023 को/पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2023 को जारी किया गया है।

(सील) तहसीलदार भिंभौरी

उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर, मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।



# कांग्रेसजनों ने उत्साह से मनाया रश्मि का जन्मदिवस



**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बीते19 अगस्त को जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चन्द्राकर के जन्मदिन को कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ भव्य रूप से राजीव भवन महासमुंद मे व जिला के अनेक स्थानो मे मनाया। महासमुंद विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की उपस्थिति में ढोल नगाड़ों के साथ राजीव भवन महासमुंद मे जन्मदिन मनाया गया जहा विधायक व संसदीय सचिव ने डा रश्मि चन्द्राकर को साफा पहनाया तत्पश्चात केक कटवाकर जन्मदिन की बधाई दी। अध्यक्ष डा रश्मि ने अपने जन्मदिन की शुरुआत बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ की।इसके बाद बिरकोनी गौठान में गौठान की महिला समूह व रीपा मे काम रही महिला समूह के साथ मनाया।हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा के शिक्षको व छात्र छात्राओ के साथ मनाया, गृहग्राम बेमचा पंचायत भवन मे ग्राम पंचायत के सदस्यो के साथ मनाया, जनपद पंचायत महासमुंद मे जनपद सदस्यो व जिलापंचायत सदस्यो एवं अधिकारियो के साथ मनाया। नगर पालिका महासमुंद मे पालिका अध्यक्ष राशी महिलांग व पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चन्द्राकर एवं पूर्व संसदीय सचिव मकसूदन चन्द्राकर की गरिमामय उपस्थिती मे मनाया। ग्राम मलीडीह में वरिष्ट कांग्रेस नेता अरुण चंद्राकर व जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर के द्वारा व ग्राम मरौद मे थनवार यादव व कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। राजीव भवन महासमुंद मे विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चांवला, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जिला वनोपज यूनियन अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, श्रम विभाग सदस्य लक्ष्मी देवांगन, जिला पंचायत सभापति बसंता ठाकुरए शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन साहू, रवि निषाद, रवि कश्यप, सरपंच सुनीता चंद्राकर, गुरमीत चांवला, सोमेष दवे, तुलसी साहू, प्रदीप चन्द्राकर, सुनिल चंद्राकर, अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष सचिन गायकवाड, प्रवक्ता निर्मल जैन, हर्षित चंद्राकर, नितेंद्र बेनर्जी, सरपंच शत्रुघन चेलक, समेत जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंहुचकर उन्हें बधाईयां दी।जिलाध्यक्ष को मोबाइल पर उनके जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की ओर से टेलिफोनिक बधाई का सिलसिला लगातार जारी रहा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के नेताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भी बधाई संदेश प्रेषित किये।

# भाजपा के विधायक प्रत्याशी रोहित साहू को बधाई देने उमड़ा जनसैलाब



- बधाई देने प्रतिदिन आ रहे हैं हजारों की संख्या में
- कार्यकर्ताओं और आम जनों की ऐतिहासिक भीड़ देखकर भाजपा के वरिष्ठ नेता गदगद

**राजिम,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र राजिम से भाजपा की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू का निरन्तर जनसंपर्क एवं वरिष्ठ नेताओं से भेंट मुलाकात का सिलसिला जारी है। भाजपा और भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। पूरे विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने से रोहित साहू को बधाई देने ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने कन्धे पर उठाकर फूल मालाओं से लाद दिया, इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू कार्यकर्ताओं व आमजनों का आशीर्वाद लेते रहे और सभी का चरणवन्दना कर जनसमर्थन मांगा। रविवार को उन्हें बधाई देने के लिए ग्राम पितइबन्द, रावड, बकली, पोखरा, परसदाजोसी, बासीन, हतखोज, कोमा, किरवई ,बोरसी बहेरापाल, रामनगर, कौन्दकेरा, रोहिणा, खुटेरी, सिर्रीखुर्द, देवरी ,जेन्जरा, श्यामनगर, भसेरा, फिंगेश्वर, परसदा कला, बम्हनी, खड़मा, बरबहरा, कुन्डेल, सिंधौरी, खुड़सा, बिजली, रवेली,पातोरी, परतेवा, तरीघाट, लफन्दी, परसट्टी, सेंदर, गाड़ाघाट, छुरा ,गरियाबंद, फिंगेश्वर ,राजिम, पांडुका,राजनकट्टा, पोड़,, कोपरा, चरोदा, टेका, पतोरा सहित अंचल के अनेको गांव के कार्यकर्ता ,भाजपा नेता व आमजन उपस्थित रहे।

# मूक-बधिर बच्चों द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवापारा-राजिम,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय नारी शक्ति तेजस्विनी ग्रुप के द्वारा मूक-बधिर संस्था के बच्चों को भी डांस और गीत में भाग लिया और इस प्रोग्राम को देखने दर्शक पहुंचे दर्शकों ने इन मूकबधिर के प्रोग्राम की सराहना संस्था की शिक्षकों ने प्रोग्राम देखने आए आगंतुकों का स्वागत किया वा आभार व्यक्त किया और कहा ऐसे ही बच्चों को आगे बढ़ाते रहे जिससे उन्हे संबल मिले ।

# बच्चों के प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा में शिक्षकों के साथ माता पिता भी दे ध्यान : रंजना



**धमतरी,** 20 अगस्त (देशबन्धु)।ग्राम पंचायत धौराभाठा के आश्रित ग्राम रावनगुड़ा के माध्यमिक शाला परिसर में विधायक की अनुशंसा से स्वीकृत सांस्कृतिक कला मंच निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहे, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच किरण मुरली सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गुलाब राम साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, झुमुक लाल साहू, नरेश यदु, गिरधारी लाल यदु, गोवर्धन साहू ग्राम पटेल, घनश्याम यदु, शैलेंद्र साहू, गोपाल साहू, देव कुमारी साहू, मुकेश सिंहा उपस्थित रहे।लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद विधायक रंजना साहू ने स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ साथ उपस्थित पालकगणों, व गुरुजनों से कहा कि बच्चों के प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा में गुरुजनों के साथ माता पिता का योगदान अति आवश्यक है, निरंतर टीवी मोबाइल जैसे उपकरणों के कारण हमारे बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए स्कूल में शिक्षक जो अध्यापन कार्य करते हैं उसको घर में उसके माता-पिता अगर बच्चों पर ध्यान दे तो निश्चित ही परिणाम बहुत अच्छा होगा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा में बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि यह प्रारंभिक शिक्षा होती है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि सांस्कृतिक कलामंच निर्माण होने से बच्चों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में हो रही दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा।कार्यक्रम में आए समस्त अतिथि जनों का एवं निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए सरपंच किरण मुरली सिन्हा ने विधायक का अभार प्रकट किए।

लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएल यदु, ग्रामीण अध्यक्ष कनक कुमार साहू, अन्नु लाल साहू, लोचन साहू, ताराचंद साहू, चंद्रहास साहू, रेखा कोसरिया, लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चे व पालकगण, ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आज का अभ्यारण्य संघर्ष समिति रिसगांव और ग्रामीणों की प्रस्तावित प्रदर्शन-चक्काजाम स्थगित

**बैठक आयोजित कर अधिकारियों ने समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों को किया आश्वस्त**



**धमतरी,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अभ्यारण्य संघर्ष समिति रिसगांव के सदस्य और ग्रामीणों की 21 अगस्त को प्रस्तावित प्रदर्शन/चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है। दसअसल कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के दिशा-निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी की उपस्थिति में क्षेत्र की मांगों के संबंध में अभ्यारण्य संघर्ष समिति रिसगांव और अधिकारियों की बैठक आज ग्राम पंचायत भवन रिसगांव में रखी गई थी।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी ने रिसगांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का आश्वस्त ग्रामीणों को किया।साथ ही शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा सड़क व्यवस्था को दुरूस्त करने की जानकारी संघर्ष समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों को दी। वहीं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी सितम्बर माह तक शिक्षक विहीन और कम शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी जाएगी। इस अवसर पर सहायक अभियंता विद्युत विभाग ने गांव में विद्युतीकरण करने के संबंध में पुन: स्मरण पत्र जारी किये जाने की जानकारी ग्रामीणों को दी। बैठक में अभ्यारण्य संघर्ष समिति के सदस्यगण संतुष्ट हुए और 21 अगस्त को उनके द्वारा प्रस्तावित प्रदर्शन/चक्काजाम को स्थगित करने की जानकारी दी। इस मौके पर विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# घर मे चोर को देखकर महिला हुई बेहोश घर में रखे नगद, सोने व चांदी के गहने पार




**नवापारा राजिम,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। घर में महिला को अकेली देखकर अज्ञात चोरों ने नगद,सोने एवम चादी से हाथ साफकर दिया। घटना ग्राम टीला के घर में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टीला की महिला श्री मति खिलेश्वरी साहू पति कृष्णा साहू टीला में रहती है जो अपनाजीवनयापन के लिए खेती किसानी का काम करती है कि 19अगस्त.2023 को तकरीबन 11 बजे दिन में पानी भर रही थी घर के पीछे का दरवाजा खुला था। घर में अकेली थी घर के बाकी सदस्य खेत में काम करने के लिये गये थे उसी दौरान घर के पीछे दरवाजे से दो अज्ञात व्यक्ति आये जिसे देखकर मै बेहोश हो गयी होश आने के बाद देखी तो घर मे रखे गोदरेज के आलमारी मे रखे नगदी 4000 रूपये में 500 सौ का नोट ,चांदी का करधन 30 तोला किमती करीबन 12000 रूपये एक जोडी चांदी का पायल, 10 तोला किमती 6000 रूपये ,एक जोडी सोने का टाप्स किमती 6000 रूपये, दो नग मराठी माला सोने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छग श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल की बैठक



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 20 अगस्त रविवार को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी संघ कसडोल का बैठक पत्रकार सदन कसडोल में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में आगामी 27 अगस्त को रायपुर में होने वाले प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ सम्मेलन के बारे में चर्चा-परिचर्चा की गई।

बैठक संघ के जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल की अध्यक्षता में ब्लाक अध्यक्ष साहेब लाल साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर उपस्थित पदाधिकारियों से विचार विमर्श व रायपुर में होने वाले श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रादेशिक स्तर पर आयोजित सम्मेलन में शामिल होने एवं संघ की एकता एवं मजबूती तथा आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। वहीं आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान संघ के सभी पदाधिकारी पत्रकार देवेंद्र साहू संरक्षक, सुनील तिवारी, सतीश शर्मा, युवराज यादव, एम एल वर्मा, महेश शर्मा, पुरुषोत्तम कैवर्त, प्रवीण ढोमने, केशव साहू, जीवन लाल रात्रे, संतोष थवाईत, आदम खान आदि उपस्थित रहे।

# महासमुंद को ननि और भोरिंग को नपं बनाने की घोषणा, संसदीय सचिव ने सीएम का जताया आभार



**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद नगर पालिका को नगर निगम और ग्राम भोरिंग को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। साथ ही कम्पोजिट बिल्डिंग की घोषणा करते हुए कहा कि इसे आगामी बजट में जोड़ा जाएगा। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और नगर पंचायत का दर्जा मिलने से महासमुंद के साथ ही भोरिंग का समुचित विकास हो सकेगा। तिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय में आज रविवार को आयोजित राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं का राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिस पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समोराह के मुख्य मंच से ही संसदीय सचिव श्री चंद्राकर की मांगों का जिक्र करते हुए कहा महासमुंद नगरपालिका को नगर निगम बनाने, भोरिंग ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने तथा कम्पोजिट बिल्डिंग की घोषणा की। इधर तीन बहुप्रतिक्षित मांगों के पूरा करने की घोषणा पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि महासमुंद नगरपालिका से नगर निगम बनने से बजट कई गुणा बड़ जाएगा। सड़क, पानी और मकान की सुविधा बड़ जाएगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद नगरपालिका को नगरनिगम बनाए जाने लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी और नागरिक इसका सपना संजोए थे। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नगरनिगम बनाने की घोषणा के साथ ही वह सपना पूरा हो गया। महासमुंद के नगर निगम बनने के बाद सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान में बढ़ोत्तरी होगी। शहर की आवश्यकताओं को देखकर संसाधन बढ़ाए जाएंगे और अधिकारी.कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। जिससे यहां होने वाले विकास कार्यों में तेजी आएगी। इसी तरह भोरिंग के नगर पंचायत बनने से भी विकास के द्वार खुलेंगे। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महासमुंद को करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात देने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज रविवार को जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 703 करोड़ 96 लाख रूपए के 224 विकास कार्यों की सौगात देते हुए भूमिपूजन.लोकार्पण किया। जिसमें महासमुंद मेडिकल कॉलेज के लिए भवन निर्माण भी शामिल हैं। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया है।

# निगम व नगर पंचायत की घोषणा पर सीएम का नपाध्यक्ष ने जताया आभार



**महासमुंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। महासमुंद में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूर्व मांग के अनुरूप महासमुंद नगर पालिका को निगम बनाने की घोषणा किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि महासमुंद को निगम बनाने की मांग वर्षों से शहरवासियों द्वारा की जा रही थी। विगत दिनों गृहमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू को संसदीय सचिव विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर और स्वंय उनके द्वारा मंत्री से निगम बनाने के लिए मांगपत्र सौंपा था, जिस पर गृहमंत्री श्री साहू द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराकर जिले में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान उनके द्वारा घोषणा कराए जाने का आश्वासन दिया गया था। श्रीमती महिलांग ने महासमुंद को निगम के साथ ही ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा पर भी मुख्यमंत्री का आभार जताया है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि अब निगम बनने के बाद महासमुंद में और तेजी से विकास होगा तथा सुविधाओं में भी विस्तार होगा। भोरिंग के भी नगर पंचायत बनने से यंहा के ग्रामीणों को शहरी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, गृहमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया,राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज,पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, द्वारिकाधीश यादव, विधायक देवेंद्र बहादुर, विधायक किस्मत लाल नन्द, आलोक चन्द्राकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चन्द्राकर सहित मंच और सभा में उपस्थित समस्त कांग्रेस नेतागण और उपस्थित जन समुदाय को निगम और नगर पंचायत की घोषणा के लिए बधाई दी और उनका भी आभार जताया।

# वीएचपी बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत ने बीजेपी से कसडोल के लिए की दावेदारी



**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा कसडोल जो छत्तीसगढ का सबसे बडा विधानसभा क्षेत्र है। इस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नही की है। इस विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी की टिकट पर वीएचपी बजरंग दल जिला बलौदाबाजार के जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत पाण्डेय ने दावा ठोका है। उनका कहना है कि जब से देश आजाद हुआ है आज तक उनके लवन नगर के योग्य, शिक्षित, सनातनी व्यक्तियों को न तो विधायक का टिकट दिया गया और न ही लोकसभा चुनाव मे सांसद की टिकट दिया गया। विधानसभा क्षेत्र कसडोल में स्थानीय योग्य व्यक्तियों की उपेक्षा की जाती रही है और हमारें क्षेत्र के बाहर के व्यक्तियों को टिकट दिया गया। जिनका खुद का वोट इस विधानसभा से नही है वो हमारा विधायक बन जाता था।

उन्होने कहा कि भगवान श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या मे बन रहा है लेकिन उस रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकि जी का आश्रम जो कि इसी विधानसभा के कसडोल क्षेत्र के कसडोल ब्लॉक के तुरतुरिया ग्राम में है, उनके विकास पर आज तक किसी नेता ने ध्यान नही दिया। तुरतुरिया में तुरतुरिया माता का प्राचीन मंदिर भी है।इस मंदिर के जीर्वोद्वार के लिए आज तक किसी ने ध्यान नही दिया। लवन नगर लव के नाम से और कसडोल नगर को कुश के नाम से जाना जाता है लेकिन आज तक किसी से लवन कुश मंदिर बनाने के लिए नही सोंचा। इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत की रक्षा और वन क्षेत्र कसडोल की सुरक्षा पर किसी राजनेता की कोई रूची नही रही। श्री पाण्डेय ने कहा कि अगर उन्हे बीजेपी से टिकट मिलती है तो निश्चित रूप से उनकी ही जीत होगी क्योकि आम मतदाता उनके साथ में है। उन्होने आम मतदाताओं के बीच रहकर काम किया 10 वर्ष तक शिक्षण कार्य, पांच वर्ष तक कलेक्टर कार्यालय के सांख्यिकी विभाग के पदस्थ रहे विधायक निधि सांसद निधि का कार्य उन्होने संभाला। आज भारतीय जीवन बीमा निगम में मुख्य बीमा सलाहकार के पद पर कार्यरत है।

# कांग्रेसजनों ने मनाया राजीव गांधी जयंती



**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेसजनों द्वारा पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की 79 वी जयंती के अवसर पर गार्डन चौक स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजानो द्वारा राजीव गांधी की जीवन, व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस ग्रामींण अध्यक्ष विक्रम गिरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, राजा तिवारी, गंभीर सिंह ठाकुर, संजू सिंह, प्रभाकर मिश्रा, संदीप पाण्डेय, नीलेश बंजारे, पदमेश्वरी साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गांजा तस्करी के आरोपी हुए दोष मुक्त

**बलौदाबाजार,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत गांजा तस्करी के प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफकी गई कार्यवाही पश्चात न्यायालय में प्रकरण चला जहां आरोपियों के खिलाफआरोप सिद्ध नही होने पर गांजा तस्करी के आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना पलारी अंतर्गत घटना दिनांक 29.06.2018 के आधार पर पलारी पुलिस आरोपीगण योगेश वर्मा एवं खुमान वर्मा को धारा 20(बी) (11) (बी) स्वापक औषधि अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अभियोग पत्र प्रथम अपर सत्र विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत की गई। जहां पर अभियोजन ने अपने साक्षियों का परीक्षण-प्रतिपरिक्षण कराया गया। विद्वांन प्रथम विशेष न्यायाधीश ने आरोपीगणों के युवा अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी एवं अभियोजन पक्ष का श्रवण करने के पश्चात प्रकरण का सूक्ष्म परीक्षण कर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिले में श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

■ शासन की योजनाओं का लाभ लेकर मजदूर के बच्चे भी कर रहे हैं नौकरी-अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल

■ जिले के 14 हजार 794 हितग्राहियों को 4 करोड़ 35 लाख 53 हजार से ज्यादा राशि की मिली सौगात



**धमतरी,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शासन की मंशानुरूप श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज धमतरी जिला मुख्यालय स्थित शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की है और उन्हीं योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचने आज मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि आप सभी को शासन की इन योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, क्योंकि जब आपको इन योजनाओं की जानकारी होती है तभी आप योजनाओं का लाभ ले पायेंगे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशानुरूप अब श्रम विभाग द्वारा आपको दी जाने वाली सामग्रियों की राशि सीधे आपके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले श्रम विभाग में श्रमिकों के लिए सिर्फ 10 योजनाएं संचालित थी, परंतु अब 30 योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ लेकर अब मजदूर के बच्चे भी सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग द्वारा किसी भी योजना का लाभ दिलाने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, अगर कोई आपसे किसी तरह की राशि की मांग करता है, तो उसकी शिकायत श्रम विभाग अथवा उनसे करें। इस दौरान श्री अग्रवाल ने जिले को 14 हजार 794 हितग्राहियों को 4 करोड़ 35 लाख 53 हजार से ज्यादा राशि की सौगात दी। जिसमें मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना अंतर्गत 4 हजार 150 हितग्राहियों को एक करोड़ 54 लाख 6 हजार 396, मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के 30 हितग्राहियों को 2 लाख 37 हजार, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के 4 हजार 143 हितग्राहियों को एक करोड़ 44 लाख 29 हजार 478 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 6 हजार 267 हितग्राहियों को 94 लाख 500 रुपए, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 20 बालिकाओं को 4 लाख और मिनीमाता महतारी जतन योजना की 184 माता को 36 लाख 80 हजार रुपए उनके खाते से सीधे जमा किए गए।

कार्यक्रम को नगर निगम धमतरी के महापौर विजय देवांगन, दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निशु चंद्राकर और श्री शरद लोहाना ने भी संबोधित की और उपस्थित श्रमिको को शासन को योजनाओं को जानकारी दी और इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने कहा।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने श्रमिको के साथ किया भोजन- आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कार्यक्रम में आए श्रमिकों के बीच जाकर उनके साथ भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता देखी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित श्रमिकों से बातचीत की व उनका हाल-चाल पूछा।

श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता, श्रम संसाधन केंद्र योजना, श्रमिकों के बच्चे हेतु निशुल्क पुस्तक गणवेश सहायता योजना, निर्माण श्रमिक निशुल्क कार्ड योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, श्रमिक बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, विशेष शिक्षा सहायता योजना, मोबाइल रजिस्ट्रेशन वेन योजना, सायकल सहायता योजना, सिलाई मशीन सहायता योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंहअन्न योजना, उज्जवला योजना, मजदूर पुनर्वास सहायता योजना, श्रम मित्र, दाई दीदी ई रिक्शा सहायता योजना, श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना, आवास योजना और सिटीजन कार्ड योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# ओलावृष्टि मुआवजा को लेकर आज एसडीएम का घेराव : स्मिता चंद्राकर



**बागबाहरा,** 20 अगस्त (देशबंधु)। जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रवि फसल सीजन वर्ष 2022-23 के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की फसल ओला वृष्टि एवं लगातर बारिश के चलते पूरी तरह से नष्ट हो गया था इस प्राकृति आपदा के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ा था।ओलावृष्टि के बाद में अनेक गांवों का दौरा कर किसानों के खेतों का निरीक्षण कर शासन प्रशासन से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग किया था परंतु चार माह होने को जा रहा है आज पर्यंत तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है।उक्त मामले को लेकर 14 अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा को मिलकर 20 अगस्त तक किसानों को मुआवजा नहीं मिलने पर घेराव करने ज्ञापन दिया गया था।

आज दिनांक तक किसानों को राजस्व विभाग द्वारा मुआवजा राशि भुगतान सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिलने पर गांव गांव में किसानों का बैठक कर घेराव की रूपरखा पर चर्चा हुई सभी किसानों ने मुआवजा राशि नहीं मिलने पर शासन प्रशासन के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए 21अगस्त को क्षति पूर्ति राशि की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा का घेराव में ओलावरिस्ट प्राभावित सभी गांव के किसानों को आन्दोलन में भाग लेने का अपील भी किया जा रहा है।

# बागबाहरा अंचल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बागबाहरा,** 20 अगस्त (देशबंधु)। नगर समेत ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस पर्व को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा भाषणबाजी एवं राष्ट्रीय गीत-संगीत का आयोजन भी शानदार हुआ। सबसे पहले नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती हीरा सेतराम बघेल, तहसील कार्यालय में एसडीएम सृष्टि चंद्राकर, जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती स्तिमा हितेश चंद्राकर, पुलिस थाना में थाना प्रभारी महेश साहू, जल संसाधन विभाग में एसडीओ गिरीश टिकरिहा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीईओ कौशल कुमार वर्मा,वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय में रेंजर विकास चंद्राकर, व्यवहार न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश टोप्पो , कृषि ?उपज मंडी समिति में अध्यक्ष तेजन चंद्राकर एवं बीआरसी कार्यालय में समन्वयक केवल राम टंडन ने ?ध्वजारोहण किया । इसी तरह ग्राम पंचायत तुपकबोरा में सरपंच श्रीमती जान्हवी मोहन साहू,ग्राम पंचायत भोथा में सरपंच श्रीमती गायत्री बाई नेहरू लाल ?पाडे ,ग्राम पंचायत ?घोयनाबाहरा में सरपंच श्रीमती सविता ठाकुर ,ग्राम पंचायत कमरौद ? में सरपंच श्रीमती प्रेमीन बाई ध्रुव एवं सचिव अश्वनी कुमार साहू



, ग्राम पंचायत बीके बाहरा में सरपंच जनक राम ध्रुव ,ग्राम पंचायत ?पतेरापाली में सरपंच तामेश्वर निषाद , ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सुखरीडबरी में अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल एवं प्रबंधक यशवंत महोबिया , ग्राम पंचायत खल्लारी मे सरपंच उमेश्वरी ठाकुर एवं सचिव राजकुमार कठोलिया , ग्राम पंचायत बिहाझर में सरपंच डोमन लाल यादव, ग्राम पंचायत मोंगरापाली-रेवा में सरपंच हेमलता सिन्हा , सरपंच प्रतिनिधि खेमराज सिन्हा , सचिव भोलाराम दीवान , ग्राम पंचायत साल्हेभांठा में सरपंच खोरबाहरा राम साहू, ग्राम पंचायत सुनसुनिया में सरपंच भेखलाल चंद्राकर , ग्राम पंचायत गांजर में सरपंच श्रीमती पानो बाई मेहर, ग्राम पंचायत. करहीडीह में सरपंच खेमराज ठाकुर, ग्राम पंचायत खुर्शीपार में सरपंच दिलीप कुमार चक्रधारी, ग्राम पंचायत खोपली में सरपंच रमन लाल वर्मा, ग्राम पंचायत नर्रा में सरपंच गोपाल किशन पटेल एवं ग्राम पंचायत राटापाली में सरपंच उत्तर कुमार ध्रुव ने झंडोत्तोलन किया। तथा मुख्यमंत्री के नाम संदेश को पढ़कर आम जनता को सुनाया। प्रातः कालीन नगर एवं गांवों में स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रभात रैली नारे के साथ निकाली गई। तत्पश्चात स्कूलों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय गीत संगीत का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम के बाद लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया।

# चुनाव घोषणा पत्र समिति के संसदीय सचिव यादव को सदस्य बनाए जाने पर खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त

**बागबाहरा,** 20 अगस्त (देशबंधु)। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं।

जहां एक ओर भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 21 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र निर्माण समिति, अनुशासन समिति, चुनाव मैनेजमेंट समिति के सदस्यों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की इस सूची में महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक व शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें घोषणा पत्र समिति , निर्माण समिति, अनुशासन समिति एवं चुनाव मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जिसके चलते खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। और कार्यकर्ता, पदाधिकारी शासन के संसदीय सचिव व अपने लाडले विधायक द्वारिकाधीश यादव को लगातार बधाई दे रहे हैं।

वही बागबाहरा के देशबन्धु के वरिस्ठ पत्रकार से चर्चा के दौरान संसदीय सचिव श्री यादव ने बताया कि हमारे मुखिया छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में हमारी सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिसका लाभ आज जनता को प्राप्त हो रहा है।

श्री यादव ने बताया कि चुनावी घोषणा तो हर पार्टी करती है लेकिन उसे पूरा वही पार्टी कर पाती है। जिसके इरादों में दम होता है और जनता जिसके ऊपर विश्वास करती है।

2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने हमारे नेता भूपेश बघेल पर विश्वास जताया था। और हमारी पार्टी ने भी जो वादा जनता जनार्दन से किया था वह निभाया है।

श्री यादव ने बताया कि आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए हमारी पार्टी के द्वारा जो जन घोषणा पत्र निर्मित किया जा रहा है। उसकी समिति में मुझे सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। उसके लिए मैं आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करता हूँ, तथा उनके द्वारा दी गई जिम्मेदारी का मैं तत्परता के साथ निर्वाह करूंगा। और फिर से छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार का निर्माण जनता जनार्दन का आशीर्वाद से होगा यह आप तय मानिए। और जनता को विश्वास दिलाता हूं कि हमारे घोषणापत्र घोषणापत्र नहीं हमारी पार्टी का शपथ पत्र होगा जिसे हम अक्षरश- सब पूरा करेंगे।

# चातुरी नन्द ने चौहान सेना के साथ पौधरोपण किया



**सरायपाली** 20 अगस्त (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष समाजसेविका चातुरी डिग्री लाल नंद ने शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला तोरेसिन्हा में पौधारोपण कर क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पहले भी श्रीमती नंद और उनकी टीम के द्वारा विभिन्न जगहों पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया है जिसमे अरेकेल के शमशान घाट में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमे 150पौधे रोपे गए थे

श्रीमती नंद ने स्कूली बच्चों को वृक्षारोपण करने के फायदे बताएं उन्होंने कहा की पौधों की जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं जिससे मिट्टी का अपरदन नही होता है जिससे मिट्टी संरक्षित रहती है वृक्ष बादल को अपनी ओर आकर्षित करती है जिससे बारिश होती है और अच्छी बारिश से फसलें और कृषि भी की जाती है

वृक्ष वायु को शुद्ध वायु प्रदान करते है इसलिए इनको पर्यावरण के फेफड़े कहा जाता है

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ प्रधान पाठक पात्रे सर प्रधान सर भोई सर छत्रपति सर के साथ संस्थापक शशिकांत चौहान जागेश भारद्वाज नगरपालिका सभापति हरदीप सिंह रैना रूबी सिंह ठाकुर आईबीसी न्यूज 24से भूषण साहू अंकुश चौहान विक्की चौहान लक्ष्मीनारायण चौहान नरेश्वर चौहान प्रियांशु हिमांशु चौहान परमानंद दास राकेश दास संतोष दास सूरज चौहान आदि उपस्थित रहे

इस अवसर पर सरपंच विनय पटेल और शाला शिक्षक शिक्षिकाएँ, स्कूली बच्चे समेत चौहान सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अमितेश शुक्ला का बड़ा बयान, राजिम में नहीं करेगा साहू कार्ड काम, पिछले चुनाव में भी मुझे साथ मिला

■ राजिम विधनसभा से टिकट के लिए प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक अमित शुक्ला ने पेश किया आवेदन



**गरियाबंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को गरियाबंद पहुंचे प्रथम पंचायत मंत्री और राजिम विधायक अमितेश शुक्ला ने भाजपा से रोहित साहू को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। विधायक ने कहा कि भाजपा जातिवाद की राजनीति करती है लेकिन राजिम में साहू कार्ड नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि जनता यह सब देखती है कि किसकी छबि अच्छी है, कौन अच्छा काम करेगा, कौन क्षेत्र का विकास कर सकता, कौन परिवार के रूप में भावनात्मक रूप से जुड़ा है, ये सब बातो को देखती है। इसलिए ये कार्ड वार्ड कुछ नही होता, पांच साल पहले भी ये समाज था और मैं 58 हजार वोट से जीता था। उन्होंने कहा कि भाजपा पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस में योग्यता के आधार पर टिकट दी जाती है। भाजपा के लोग धर्म और जाति की बात करते है। दरअसल मीडिया ने विधायक शुक्ल से भाजपा द्वारा दो महीने पहले प्रत्याशी के घोषणा करने और रोहित साहू के टिकट देकर साहू कार्ड खेलने को लेकर सवाल किया था। जिसके जवाब में विधायक ने यह बड़ा बयान दिया।

बताना लाजिमी है कि शनिवार को विधायक अमितेश शुक्ल छत्तीसगढ़ ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल होने गरियाबंद पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को अपने दावेदारी को लेकर आवेदन पेश किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि हाई कमान के द्वारा टिकट वितरण को लेकर तय की गई प्रक्रिया के तहत उन्होंने टिकट को लेकर फॉर्म जमा किया है। हाई कमान तय करेगा किसको टिकट देना है। उल्लेखनीय है क आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेस ने दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। फिलहाल ब्लॉक स्तर में जिले के दोनो विधनसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले कांग्रेसियों से आवेदन लिया जा रहा है। अब तक राजिम विधानसभा से एक तथा बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा से सात से ज्यादा कांग्रेसियों ने अपनी दावेदारी को लेकर आवेदन पेश किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक आवेदन की अन्तिम तिथि 22 अगस्त के बाद इसे पैनल बनाकर जिला कमेटी के पास भेजा जाएगा।

इधर, इसके पहले शनिवार को प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने भी चुनाव को लेकर पानी दावेदारी पेश की। शनिवार शाम विधायक शुक्ल अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन पहुंचे और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को टिकट को लेकर अपनी दावेदारी का आवेदन बायोडाटा सहित पेश किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजुद थे। इसके पहले विधायक शुक्ल के गरियाबंद पहुंचने पर कांग्रेसियों ने आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान यहां चुनावी माहौल दिखा। नामांकन दाखिले के जैसे उत्साह और भीड़ अमितेश शुक्ल के साथ नजर आई।

## राजिम रहा शुक्ला परिवार का गढ़

फुल देखनी है कि छत्तीसगढ़ के राजिम विधानसभा की सीट बहुत चर्चित और शुक्ला परिवार का गढ़ भी है। 1998 उपचुनाव से लेकर लगातार विजय शुक्ला यहां से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 1998 की जीत के बाद 2003 और 2013 में उन्हें हार मिली है वही 2008 और 2018 में वहां से जीतने में सफल रहे हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने 58000 से अधिक मतों से जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया था। इस बार भी चुनाव को लेकर विधायक शुक्ला आशान्वित है। विधायक शुक्ल ने भी कहा कि राजिम विधानसभा मेरा परिवार है, यह मेरी कर्म भूमि है। यहां मैं चुनाव नहीं लड़ता बल्कि क्षेत्र की जनता मेरे लिए लड़ती है।

# गोरक्षा आंदोलन के परम प्रेरणास्त्रोत स्वामी करपात्री जयंती महोत्सव संपन्न

**भाटापारा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की जयंती समारोह के उपलक्ष में आज मारवाड़ी कुमार शिव मंदिर प्रांगण में दिव्य रुद्राभिषेक समारोह सत्संग संगोष्ठी का भव्य कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ इस अवसर पर श्री शास्त्री जी ने अपने सारगर्भित प्रवचन में भक्तों को स्वामी जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर धर्म संस्कृति समाज एवं राष्ट्र के लिए सनातन परंपरा का अनुपालन करते हुए जन जागरण का कार्य सक्रियता पूर्वक करते रहने का संदेश दिया स्वामी श्री करपात्री जी महाराज ने विषम परिस्थितियों में स्वधर्म का पालन करते हुए भारतीय संस्कृति वर्णाश्रम धर्म व्यवस्था वैदिक परंपरा अनुकूल देश में दिव्य वातावरण निर्माण के साथ धर्म नियंत्रित पक्षपात विहीन शोषण मुक्त सर्वहितप्रद सनातन शासन तंत्र की स्थापना हेतु जीवन पर्यंत अद्भुत प्रयास कर धर्म संघ राम राज्य



परिषद के माध्यम से अलौकिक उदाहरण प्रस्तुत किया भारत की अखंडता एवं धर्म सापेक्ष राजनीति की स्थापना तथा हिंदुओं के प्रशस्त मान बिंदुओं की रक्षा हेतु बड़े-बड़े क्रांतिकारी आंदोलनों का नेतृत्व कर धर्म जागरण के द्वारा लोगों के हृदय में ईश्वर धर्म तथा राष्ट्र के प्रति विशेष भावना जागृत किया भौतिकवादी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोकने में स्वामी श्री करपात्री जी महाराज का योगदान इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु महान यज्ञ का संपादन एवं दिल्ली में गौ रक्षा के लिए उन्होंने संसद का घेराव करवाकर अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया जिसमें 1000000 गौ भक्त उपस्थित हुए थे उन्होंने व्यास परंपरा के अनुसार गुप्त ज्ञान विज्ञान को प्रकट किया विकृत ज्ञान विज्ञान को शोधन किया तथा सूत्रात्मक ज्ञान को विस्तारित कर अनेकों ग्रंथों की रचना की आज उनके द्वारा लिखित ग्रंथों का अधिक से अधिक प्रचार की आवश्यकता है जैसे कि वेदार्थ पारिजात, भक्ति सुधा,विचार-विमर्श तथा रामायण मीमांसा आदि अद्भुत ग्रंथ अनुशीलन करने योग्य है उनके द्वारा प्रदर्शित आदर्श मार्ग अत्यंत उपयोगी है इस अवसर पर धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्यों सहित श्रद्धालु भक्तजन भारी संख्या में उपस्थित थे श्री नरेश शर्मा सतनारायण जोशी दीपक राय प्रेमचंद्र भूषाणिया विजय शर्मा नरेश चौबे राजू यादव लोकेश जोशी महेश चौबे रमेश श्रीमाली गौरव बावला मोहन केसरवानी राजेश उपाध्याय हेमंत मल शिवम गुप्ता नरेश केसरवानी शंकर शर्मा श्रीमती सुषमा मिश्रा सरिता शर्मा चेतना साहू श्रीमती शशि दुबे शालू शर्मा हेमंत गुप्ता जी आदि अनेक भक्तों ने अंत में हिंदू राष्ट्र निर्माण संकल्प पूर्ति हेतु सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर जीवन को कृतार्थ किया।

# खपरी से भूतेश्वर नाथ कांवरिया की टोली रवाना

**पलारी** 20 अगस्त (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम खपरी भ से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 71कांवरिया की टोली गरियाबंद भूतेश्वर नाथ के लिए रवाना हुए ग्रामीणों द्वारा उन्हें श्रीफल से सम्मानित कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर रवाना किए कांवरिया बोल बम का नारा लगाते व भजन कीर्तन करते हुए त्रिवेणी संगम राजिम कुंभ स्नान कर त्रिवेणी संगम शिव मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात वहां से जल भरकर गरियाबंद के लिए रवाना होंगे कांवरिया द्वारा शिव झांकी एवं कीर्तन भजन करते हुए पैदल पदयात्रा कर बाबा भूतेश्वर नाथ पर जल चढ़ाएंगे और विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर अपने परिवार सहित गांव की खुशहाली की कामना करेंगे इस अवसर पर देवेंद्र सेन जुगल कनोजे पोषण यादव भैया राम यादव पंकज निषाद छोटू यादव रूपेश यादव लोकेश निषाद समीर ध्रुव गीत कुमार ध्रुव दीपक कनौजिया सागर बघेल रजत ध्रुव अमन सेन टोबो लहरे भोज राम निषाद हेमराज निषाद दुर्गेश निषाद यशवंत निषाद भुवन कोसरिया बालक दास भारद्वाज तिलक साहू सहित गांव के ग्रामीण एवं कांवरिया उपस्थित थे।



## झुग्गी झोपड़ी प्रदेश अध्यक्ष मो. अमजद का कल जांजगीर दौरा

**बलौदाबाजार**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपडी प्रदेश अध्यक्ष मो. अमजद खान का दौरा 22 अगस्त को जांजगीर चांपा जिला में होगा। जहां नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भोजराम टंडन के अगुयाई में आभार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के संगठन पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी।



# सोनाखान पुलिस ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

**पिथौरा**, 20 अगस्त। सोनाखान पुलिस चौकी द्वारा कोठारी के समीप खराब सड़क में मवेशी भर कर खड़ी एक ट्रक को जप्त किया है। ट्रक में कोई 50 मवेशी लदे है। ट्रक चालक और खलासी फरार बताए जा रहे है।सूत्रों के अनुसार उक्त ट्रक महाराजी एवम नवागांव के बन्द वन चौकी के बेरियर तोड़ कर राष्ट्रीय राज मार्ग 53 की ओर बढ़ रहा था।





मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात कोई 11 बजे एक ट्रक क्रमांक ष्द्04 ह्क्त6091 पिथौरा कसडोल मार्ग पर देवगढ़ घाट के पहले नवागांव के पास खराब हो कर खड़ी एक ट्रक के बाजू कीचड़ होने के बावजूद जल्दीबाजी में ट्रक निकलते समय ट्रक फंस गई।सुबह ग्रामीणों ने देखा तब सड़क में फंसी उक्त ट्रक मवेशियों से खचाखच भरी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सोनाखान पुलिस चौकी में दी। जहां से चौकी प्रभारी श्री पाटिल तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पहुच गए।घटना स्थल पर दो ट्रके एक साथ फंसने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है।इन पँक्तियोबक लिखे जाने तक पुलिस मोटर मिस्त्री बुलाकर पहले से फंसी खराब ट्रक को निकलवाने के प्रयास में जुटी है।

**हरियाणा की ट्रक नम्बर रायपुर का**

अवैध रूप से मवेशी ले जा रही ट्रक के चेसिस नम्बर से पुलिस को पता चला कि उक्त आरोपी ट्रके छत्तीसगढ़ की नही बल्कि हरियाणा की है जिसका असली नम्बर ।।क्र55 क्त0627 है। जिसका मालिक गुड़गांव निवासी अलका इलाहाबादी है।बहरहाल फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मवेशियों की तस्करी करने वाले ट्रक का चालक ट्रक फंसते ही फ़रार हो चुका है। याब पुलिस यह पता लगाने जुटी है कि ट्रक में फर्जी नम्बर क्यो लिखा गया है? ट्रक में भरे कोई आधा सैकड़ा मवेशी कहा कि कत्लखाने में ले जाये जा रहे थे।वैसे कयास लगाया जा रहा है कि उक्त ट्रक पिथौरा से रारामा 53 पकड़ कर किसी महानगर में मवेशी ले जाने के प्रयास में थे।

**चालक व खलासी फरार**

**वन विभाग का काम भगवान भरोसे**

वनों से अवैध कार्य रोकने शासन प्रति माह करोड़ो रूपये खर्च करती है।इसके लिए बाकायदा सभी जांच चौकी नाकों में चौकीदारों की नियुक्ति भी की गई है।परन्तु मात्र वेतन लेकर काम नही करने के आदि वन कर्मी रात 11 बजे से ही जांच नाका खोल कर अपने घरों में सोए थे लिहाजा मवेशी भरी उक्त ट्रक लगातार दो बेरियर तोड़ कर निकल चुकी थी।बेरियर टूटने की जानकारी भी वन विभाग को नही मिली।वरना मवेशी लदी ट्रक वन जांच चौकी में ही पकडी जाती।

**मवेशी भूख प्यास में बेहाल**

फर्जी नम्बर की ट्रक में लड़े कोई आधा सैकड़ा मवेशी भूख प्यास से बेचैन देखे गए।सोनाखान पुलिस चौकी प्रभारी श्री पाटिल के अनुसार पहले से फंसी ट्रक को निकलवाया जा रहा है।उसके निकलने के बाद सभी मवेशियों को धनसीर गौशाला लेजाकर रखा जाएगा।

# सशिमं नवापारा में सेवा संस्कार प्रशिक्षण का समापन

**नवापारा राजिम**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में तीन दिवसीय सेवा संस्कार केंद्र प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमे



मुख्य अतिथि गोपाल यादव प्रांत कार्यवाह, प्रधानपाठक नवापारा, अध्यक्षता गणेश शंकर मिश्र सेवानिवृत कलेक्टर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, विशेष अतिथि जनक कंसारी माधव सेवा समिति सदस्य, रमेश पहाड़िया माधव सेवा समिति अध्यक्ष, वीरेंद्र साहू व्यवस्थापक श्री रामजानकी शिक्षण समिति नवापारा, तरूण कुमार साहू प्राध्यापक राजीव लोचन कालेज, गौरी शंकर निर्मलकर प्राचार्य रहें।

- कुछ आतंकी प्रवृत्ति के लोग हिंदुत्व के विरूद्ध खड़े हैं : गोपाल यादव
- नक्सली क्षेत्रों में भी हमारे शिक्षक बंधु संस्कार केंद्र चला रहे हैं : चंद्र कुमार डडसेना

सेवा क्षेत्र शिक्षा प्रांत प्रमुख चंद्र कुमार डडसेना ने वृत कथन में कहा की नक्सली क्षेत्र में भी संस्कार केंद्र चल रहे हैं। दहशत और आतंक से भरे माहौल में संस्कार के बीज बोने का कार्य हमारे शिक्षक बंधु कर रहे हैं मुख्य अतिथि गोपाल यादव ने कहा की राष्ट्र धर्म के संरक्षण हेतु कष्ट सहकर अपने सुख- सुविधा को त्यागकर सेवा कार्य करे। अध्यक्षता कर रहे गणेश शंकर मिश्र ने कहा-मै हिंदू धर्म को बढ़ाने के लिए कम से कम दस संस्कार केंद्र संचालित करूंगा शिक्षा के साथ संस्कार बचपन में हमे नहीं दिया गया जो दुर्भाग्य की बात है।गुलामी के बारे मे जो परोसा गया वहीं जानते है। कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी प्राचार्य पलारी ने किया।आभार वीरेंद्र कुमार साहू ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कृष्ण कुमार वर्मा नरेश यादव, बाल्मिकी धीवर, संजय सोनी रेणु निर्मलकर,नंद कुमार साहू नरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू नारायण पटेल दीपक देवांगन, धनेश्वरी साहू निकिता तराने ममता साहू, परमेश्वर सिन्हा निकिता यादव मोनिका मालवीय मंजू साहू जयश्री साहू, अन्य कर्मचारी पुष्पा साहू हेमनाथ साहू लव पटेल जानकी साहू का प्रमुख योगदान रहा।

# आकार ले रहे विघ्नहर्ता

**भाटापारा**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। रंग तो तेज हैं ही। अब पोशाक जैसे स्वरूप देने के लिए जरूरी सामग्री की खरीदी पर अच्छी-खासी रकम खर्च करनी पड़ेगी। असर यह कि गणेश पूजा समितियों को विघ्नहर्ता के लिए न्यौछावरी बीते बरस की तुलना में ज्यादा देनी होगी।



गणेश प्रतिमाओं को आकार दिया जाने लगा है। सूरजपुरा मार्ग पर घर के बरामदे में मूर्तिकार तिलकराम वर्मा जुटे हुए हैं, गणेश प्रतिभाओं को स्वरूप देने के लिए। एक माह बाद आ रहे गणेश पर्व के लिए अभी से बड़ी तीन प्रतिमा के आर्डर ले चुके तिलक उत्साहित है कि हो रही पूछ-परख से उम्मीद है कि इस वर्ष गणेश पंडाल की संख्या में बढ़त के प्रबल आसार हैं।

**तेजी पहली बार पोशाक में**

बड़ी प्रतिमाओं के लिए बेहद जरूरी पोशाक की कीमतों में जोरदार उछाल आया है। हालांकि डिजाइन आकर्षक हैं। जरी और लेस की कीमत भी बढ़ी है लेकिन आई तेजी के बावजूद समितियों का रुझान जानने के बाद पोशाक की खरीदी के लिए आर्डर दिए जाने लगे हैं। आकर्षक नख-शिख पर भी तिलक गंभीरता के साथ ध्यान दे रहे हैं।

**पीछे यह भी नहीं**

प्रतिमा बनाने के लिए बेहद अहम मिट्टी की खरीदी पर किलो पीछे अब 25 रुपए देने पड़ रहे हैं। बीते बरस इसकी खरीदी 20 रुपए किलो की दर पर की गई थी। इसी तरह रंग की खरीदी पर 5त्न अतिरिक्त रकम खर्च करनी पड़ रही है। आवश्यक है, इसलिए प्रारंभिक जरूरत जिस रंग की होती है, उसकी खरीदी की जा चुकी है।

**न्यौछावरी ज्यादा**

फ्रेम, मिट्टी, रंग और पोशाक में आई तेजी के बाद प्रतिमा निर्माण की लागत में वृद्धि आने लगी है। लिहाजा गणेश पूजा समितियों को न्यूनतम 50 रुपए और अधिकतम 500 रुपये प्रतिमा के लिए ज्यादा न्यौछावर करने होगें।बताते चलें कि मूर्तिकार तिलकराम वर्मा के पास तीन बड़ी प्रतिमाओं के लिए आर्डर बुक करवाए जा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया 13 नए अनुविभाग व 18 नई तहसीलों का लाइव शुभारंभ

**बिलाईगढ़**, 20 अगस्त(देशबंधु)। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोधन न्याय योजना सहित कई योजनाओं अंतर्गत राशि वितरण के साथ-साथ राज्य के 13 नये राजस्व अनुविभाग और 18 नई तहसीलों का लाइव शुभारंभ किया गया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष से इस लाइव कार्यक्रम में जुड़कर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय ने जिले के नया तहसील ''सरसींवा'' का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती पदमा मनहर शामिल हुईं।



**मुख्य अतिथि चन्द्रदेव राय ने किया सरसींवा तहसील का शिलान्यास**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री राय ने कहा कि राजीव गांधी नहीं होते तो ये सूचना क्रांति नहीं होती। सूचना क्रांति से भारत के विकास को चरम सीमा तक पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान सरसींवा को तहसील बनाने का वादा किया था और आज उन्होंने पूरा किया। पहले 20 किलोमीटर दूर भटगांव जाना पड़ता था, अब 5-7 किलोमीटर पर तहसील बन गया है। हमारे क्षेत्रवासियों को नजदीक में तहसील का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री श्री मुख्यमंत्री बघेल और प्रभारी मंत्री श्री उमेश पटेल के सहयोग से जिले का भरपूर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा किसानों, गरीबों, वनवासियों और सभी छत्तीसगढ़िया के विकास एवं उद्धार के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' के उद्देश्य को मूर्त रूप में स्थापित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि तहसील बनने में पहले कई बरस बीत जाते थे, लेकिन संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय जी के योगदान से सरसींवा तहसील का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, वन मंडलाधिकारी श्री गणेश यू.आर., एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत श्री हरिशंकर चौहान, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सरसींवा क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

**नवीन तहसील सरसींवा है 75 ग्राम और 22 पटवारी हल्का नंबर**

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बिलाईगढ़ विकासखंड के कस्बानुमा ग्राम सरसींवा अब नवीन तहसील बन गया है। साथ ही साथ जारी अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पंचायत भी बन जाएगा। इस तहसील में कुल 75 ग्राम हैं, जिसमें 22 पटवारी हल्का नंबर, 47 ग्राम पंचायत, 74 आबाद ग्राम, 1 विरान ग्राम-करनापाली, 1 वन ग्राम-मण्डलपुर, मकबूजा रकबा 14502.045 हेक्टेयर, कुल गैर मकबूजा रकबा 3867.418 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 18379.463 हेक्टेयर, कुल खातेदार 23 हजार 795, कुल जनसंख्या 83 हजार 701 और 3 राजस्व निरीक्षक मंडल सरसींवा, बिलासपुर और गिरसा हैं। सरसींवा तहसील की सीमा पूर्व में सारंगढ़ से, पश्चिम में भटगांव से, उत्तर में जैजेपुर (जिला-सक्ती) से और दक्षिण में बसना (जिला महासमुंद) से जुड़ा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### आज मंत्री डहरिया करेंगे आरंग विस से दावेदारी

**आरंग**, 20 अगस्त। आरंग विधानसभा से प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ.शिवकुमार डहरिया सोमवार 21 अगस्त को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से अपनी दावेदारी का आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू को आरंग के राजीव भवन में सौपेंगे। कांग्रेस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री डॉ. डहरिया सोमवार 21 अगस्त को दोपहर 12.00 बजे आरंग विधानसभा से अपनी दावेदारी का आवेदन आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू को सौपेंगे। इस दौरान विकास खंड आरंग एवं चंदखुरी के समस्त पदाधिकारी, ज़िला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य गण, जोन अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ लेवल एजेंट, राजीव युवा क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्य, ज़िला महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ह्रस्द्ब, समस्त सोसाइटी अध्यक्ष, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, गौठान अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदगण, जनपद अध्यक्ष, ज़िला पंचायत सदस्य, जनपत सदस्य, सरपंच गण एवं सभी पदाधिकारी एवं आरंग विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल होंगे।आपको बता दे कि कांग्रेस ने पहली बार दावेदारों से ऑनलाइन आवेदन भी मंगाया है. ब्लॉक से आए आवेदन पर जिला स्तर पर चर्चा होगी और प्रदेश चुनाव समिति को तीन से पांच दावेदारों का पैनल भेजा जाएगा. चुनाव समिति के सदस्यों की मानें तो उम्मीदवार चयन में पहली प्राथमिकता जीतने वालों को दिया जाएगा. वहीं क्षेत्र में जातिगत समीकरण को ध्यान में रखा जाएगा।



# अभनपुर भाजपा प्रत्याशी से कार्यकर्ता असंतुष्ट

**नवापारा राजिम**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा ने 21 सीट तो घोषित कर दी और जहां तक सवाल है 21 सीटे उनको दी गई है जो पूर्व में पंच सरपंच या जनपद सदस्य रह चुके हैं मगर अभनपुर विधानसभा में गोबरा नवापारा दो बार नगर पालिका अध्यक्ष रहने के बाद भी उनको टिकट नहीं दी गई इसे नगर मे काफी आक्रोश का वातावरण है भाजपा के विजय गोयल विगत कई वर्षो से राजनीति में है और भाजपा के लिए काम करते आ रहे हैं इस बार नगर के लोगों को नगर से ही प्रत्याशी चुने जाने की उम्मीद थी।विदित हो कि अभनपुर विधानसभा का हार जीत का निर्णय नगर पालिका क्षेत्र गोबरा नवापारा-के मतदातायो के द्वारा ही तय किया जाता रहा है यदि विजय गोयल को टिकट मिलती है तो पालिका क्षेत्र से श्री गोयल को एक तरफा वोट पडता क्योंकि वह नगर का प्रत्याशी कहलाता जाति समीकरण में भी देखा जाए तो जब-जब राजिम विधानसभा से समान टिकट दी गई तो अभनपुर से साहू को टिकट दी गई और जब भी वहां से साहू को टिकट दी साहू दी गई तो राजिम मे सामान्य को टिकट दी गई इस बार पार्टी ने दोनों जगह से साहू को टिकट दी हे राजिम से रोहित साहू और अभनपुर से इन्द्रकुमार साहू को प्रत्याशी बनाया हे। जो नगर में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है कहीं यह चर्चा का विषय पार्टी के लिए भारी न पड़ जाए। राजिम विधानसभा में यह स्थिति है कि वहा के प्रत्याशी रोहित साहू से मिलने रोज हजारों आदमी आ रहे हैं मगर अभनपुर विधान सभा मे यहां यह स्थिति है कि उनके गाव को छोड़कर उसे कोई नही जानता। पत्रकार तो हर नेताओं को जानते हैं मगर इंद्र कुमार का नाम पहली बार सुना गया है यहां तक कि भाजपा कार्यकर्ता इंद्र कुमार कौन है यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं यह नगर भ्रमण के दौरान इन्द्रकुमार के साथ 50 कार्यकर्ता भी साथ नहीं थे अभनपुर विधानसभा से आप पार्टी नगर के वरिष्ठ नेता के ऊपर डाल रही डोरे। नगर वासियों का भी उक्त नेता पर दबाव उक्त वरिष्ठ नेता नगर वासियों के दबाव में आकर आप पार्टी से चुनाव लडे तो बिगड़ सकता है भाजपा का समीकरण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आप पार्टी नगर के एक वरिष्ठ नेता के साथ पत्ते खोलने को तैयार है नगर वासियों का दबाव भी उत्त वरिष्ठ नेता के ऊपर भी दबाव बना हुआ है नगर वासी एवं अभनपुर विधानसभा से आप पार्टी के स्थानीय एव प्रदेश प्रभारी स्थानीय वरिष्ठ नेता के ऊपर डोरे डाल रहे हैं उनका कहना है आप से चुनाव लड़े पूरा सहयोग दिया जाएगा नगर वासियों का भी दबाव उक्त वरिष्ठ नेता के ऊपर बन रहा है कहीं ऐसा ना हो उक्त व्नव्यक्ति नगर वासियों के दबाव में आए तो आप पार्टी से मैदान में उतर गए तो भाजपा का समीकरण काफी बदल जाएंगे।



**नगर भ्रमण के दौरान मुश्किल से 40 कार्यकर्ता भी नहीं दिखे**

# बिलाईगढ़ के लिए कांग्रेस टिकिट की मांग

**बिलाईगढ़**, 20 अगस्त (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा विधान सभा चुनाव 2023 हेतु कांग्रेस पार्टी से टिकिट मांग करने की अधिसूचना जारी होने के बाद बिलाईगढ सुरक्षित सीट से सेवा निवृत कृषि अधिकारी पी के घृतलहरे पूरा नाम पुलस्त्य कुमार घृतलहरे नगर पंचायत टुण्डरा निवासी द्वारा टिकिट मांग किया गया है। उन्होंने ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ के समक्ष स्वयं उपस्थित हो कर विधिवत आवेदन 18 अगस्त को किया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घृतलहरे जी कृषि विभाग के एक समर्पित कर्मचारी अधिकारी रहे हैं,वे पूरे 38 वर्ष की शासकीय सेवा कसडोल एवं बिलाईगढ विकास खंड के कार्यालय एवं मैदानी क्षेत्रों में लगातार किसानों, महिला समूहों,गोठान समूहों,खाद बीज दवा से जुडे निजी सहकारी संस्थाओं,पी एम सम्मान निधि एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना धान बोनस के लाभार्थियों के बीच हमेशा समर्पित जुडे रहे।वे अपनी पत्नि श्री मति यशोदा घृतलहरे के माध्यम से शासकीय सेवक रहते हुये भी सक्रिय जन सेवा से जुडे रहते जनपद सदस्य 5 वर्ष,एवं सहकारी समिति संचालक सदस्य लगातार 10 वर्ष निर्वाचित बने रहे। वर्तमान में अपने नगर टुण्डरा में एच पी गैस एजेन्सी का सफल संचालन करते हुये भी आंचलिक जन सेवा में नित प्रति जुडे हुये हैं।प्रदेश शासन की महति योजना सुराजी गांव एवं गोधन न्याय योजना का कसडोल एवं बिलाईगढ में मास्टर टेनर्स के रुप में काम करते कठिन मेंहनत कर योजना को आगे बढाने में अपनी महति भूमिका निभाये हैं। शासकीय सेवा के दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों में काम करते हुये कर्मचारी नेता के रुप में आजीवन सेवा भी देते रहे।सतनामी समाज में सादगी जीवन एवं बाबा गुरु घासीदास जी की मिशन को सतत आगे बढाने में समर्पित रहने के कारण गुरूगद्दीनशीन गुरू विजय कुमार जी द्वारा महंत,राजमहंत की पदवी भी उन्हें दी गयी है। टुण्डरा, गिधौरी, वनांचल अंचल से भी स्थानीय जनप्रतिनिधि की मांग उठ रही थी इन्हीं भावनाओं को ख्याल रखते हुये एक मौका पाने घृतलहरे जी भी अपनी मांग बुलंद किये हैं।इस निर्णय का घनश्याम बारले पूर्व पार्षद, रविशंकर बंजारे पार्षद,मेलाराम साहू,नंदलाल वर्मा,रामभरोष साहू,शिव सोनी छोटेलाल देवांगन टुण्डरा सहित अनेकों लोगों ने स्वागत किया है।



## प्रादेशिकी का शेष...

### घर में चोर को देखकर...

का किमती 16000 रूपये जुमला किमती लगभग 44545 हजार रूपये को लाकर में रखे नगदी व जेवराज समान अज्ञातचोरले गये। घटना की जानकारी पति कृष्णा साहू सास जुगा बाई साहू ससुर नारायाण रिपोर्ट पर थाना गोबरा नवापारा पुलिस मे दर्ज कराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा454,380 पंजीबद्ध कर चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू दी।पुलिस ने आश्वासन दिया कि बहुत ही जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### कांग्रेसजनों ने मनाया राजीव...

छल्ला साहु, रवि वर्मा लक्ष्मीनारायण वर्मा, शारदा सोनी, धर्मेन्द्र वर्मा, दीपक साहू, डीगेश्वरी नामदेव, परमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, रविंद्र नामदेव, सुन्दर लाल साहु, लखेश साहु, गणेश शंकर साहू, मनोज प्रजापति, सुखराम साहू, नीलकंठ साहू, हरक साहू, चरण वैष्णव, टीकाराम साहू, टाप लाल वर्मा दीनदयाल साहू, देवेन्द्र बंजारे, रामदयाल साहू, सुखदेव साहू, हेमचन्द केसरवानी, अविनाश मिश्रा, पुनीत राम साहू, दुष्यंत जोशी, घनाराम वर्मा, सुरेंद्र साहू, दीपक धृतलहरे, आयुष भतपहरी ओम कश्यप, रजत कश्यप, गजानंद साहू, प्रशांत गुप्ता, सूर्यकान्त वर्मा, योगेश गर्ग, सलमान शेख, अजय भारती, सोमनाथ वर्मा, राजेश साहू, गणेश ध्रुव, कृष्णा यादव, रेनू ध्रुव, गंगा प्रसाद पैकरा, धनेश ध्रुव, केशव साहू, रामकुमार ध्रुव उपस्थित थे।

### गांजा तस्करी के आरोपी...

माननीय ऋषि बर्मन बलौदाबाजार ने आरोपीगणों को अभियोजन द्वारा प्रकरण न्यायालय में सिद्ध नही कर पाने एवं असफल होने पर दोष मुक्त कर दिया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी के इस सफल प्रयास के लिए उनके अधिवक्ता साथियों ने बधाई दी है।

# राम गिंडलानी ने की बलौदाबाजार विधानसभा से दावेदारी



**तिल्दा**, 20 अगस्त। बलौदाबाजार विधानसभा के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष एवं पूर्व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री राम गिंडलानी ने दावेदारी की है। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों को ब्लॉक में जाकर अपने आवेदन दिए जाने हैं, इस कड़ी में बलौदाबाजार विधानसभा से दावेदारी प्रत्याशी चयन के लिए राम गिंडलानी ने अपना आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा - नेवरा के शहर अध्यक्ष देवादास टण्डन, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू और बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर एवं ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी को आज अपना आवेदन दिया है, गिंडलानी आवेदन दिए जाने के बाद सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी जिसे भी टिकीट दे वो हाईकमान का फैसला है हम सभी को कांग्रेस पार्टी के लिए तन मन धन लगा कर कार्य करना हैं और इस विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की फिर से सरकार बनानी है और भूपेश बघेल जी को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। गिंडलानी जी के साथ ब्लॉक कांग्रेस तिल्दा - नेवरा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सरस्वती शिशु मंदिर अमेरा में हुआ आवर्ती प्रशिक्षण

**अमेरा/बलौदाबाजार**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर अमेरा विद्यालय मे खरतोरा संकुल के अंतर्गत आचार्य दीदीयो का आवर्ती प्रशिक्षण संम्पन्न हुआ। आवर्ती प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में विद्यालय के संयोजक डा अजय राव, सदस्य राकेश त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक तोलाराम यादव, खरतोरा संकुल समन्वयक व प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, ओड़ान विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष चक्रधारी, अमेरा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुकृता पटेल, तिरिथ राम साहू, टुकेश्वर यादव और अन्य विद्यालय से आए हुए आचार्य दीदी उपस्थित थे। आवर्ती प्रशिक्षण में प्रशिक्षको द्वारा विद्यालय संम्बंधित विषयों के बारे मे जानकारी दिया गया।



# ब्लॉक कांग्रेस ने राजीव गांधी जयंती पर किया नमन

**कुरुद**, 20 अगस्त। रविवार को कांग्रेस भवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई। कांग्रेसजनों ने स्व.राजीव जी के छायाचित्र पर तिलक वन्दन पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा जनहित में किये गए कार्यो को याद किया।तदुपरांत उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर,ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा,जिला पंचायत सभापति तारिणी चन्द्राकर,सुमन सन्तोष साहू,जिला सरपंच संघ अध्यक्ष डीलन चन्द्राकर,मछुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेवक राम तारक,मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर सहित कांग्रेस जनों ने स्व.राजीव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव जी सूचना क्रांति के जनक थे।उन्होंने कम्प्यूटर क्रांति के माध्यम से देश को डिजिटल क्रांति से जोड़ा।बहुत कम उम्र में उन्होंने देश की बागडोर सम्हाल कर देशहित में योगदान दिया।हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना होगा।कार्यक्रम का संचालन विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पांडेय व आभार प्रदर्शन ब्लॉक उपाध्यक्ष जितेंद्र जोशी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी प्रह्लाद चन्द्राकर,राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर, सुमन सन्तोष साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू,विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष डीलन चन्द्राकर,मछुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेवक राम तारक, सन्तोष साहू, पार्षद उत्तम साहू,राघवेंद्र सोनी,बालकिशन केला,ब्लॉक उपाध्यक्ष जितेंद्र जोशी, तारेंद्र साहू,कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू,महामंत्री लव चन्द्राकर,पंकज जोशी,बसंत कुमार नगारची,खोमन रात्रे,मनोज भतपहरी,सन्तोष साहू,योगेश साहू,होमेश्वर साहू,अशोक साहू,तुलसी साहू सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## निधन

### श्रीमती मंगन बाई सिन्हा

**कुरुद**, 20 अगस्त। ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी श्रीमती मंगन बाई सिन्हा पति स्व. डॉ अर्जुन सिन्हा 90 वर्ष की लंबी अस्वस्थता के चलते रविवार सुबह निधन हो गया। वे स्थानीय भाजपा नेता पंकज सिन्हा और सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा की मां थी। स्व. मंगन सिन्हा की अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्तागण शामिल हो श्रद्धाजंलि दी।



# छत्तीसगढ़ सरकार मना रही 27 अगस्त तक किसान सेवा सम्मान सप्ताह

## किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा : विधायक धनेंद्र साहू




**नवापारा-राजिम,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार द्वारा 20 से 27 अगस्त तक किसान सेवा सम्मान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा हैं। इस सेवा सम्मान सप्ताह के तहत पहले ही दिन 20 अगस्त को नवापारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 13 सोसायटियों से पहुंचे किसानो का सम्मान कर विधायक धनेंद्र साहू ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहला ही दिन बैंक द्वारा ये कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं यह बहुत ही खुशी की बात हैं। नवापारा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किसानो के इस सम्मान समारोह के बीच विधायक श्री साहू ने कहा कि आज सरकार बैंको के माध्यम से किसानो को सम्मान दे रही हैं। छत्तीसगढ़ और हमारा देश भारत किसानो का देश हैं। इसे उन्नति की ओर ले जाने के लिए सीएम भूपेश बघेल दिलो जान से लगे हुए हैं। कहा कि जब किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा। आपने भाजपा के 15 साल के सरकार को भी देखा हैं तब किसान इनके कुशासन को भोगा हैं। कर्ज से परेशान किसान फांसी लगाने और जहर खाने के लिए विवश थे। जब भाजपा की सरकार थी तो ऐसी घटनाएं प्रदेश में आए दिन सुनने को मिलती थी। हम लोग पीड़ित परिवार से मिले और देखे भी हैं पर आज कांग्रेस की सरकार हैं तो किसान पूरी तरह से खुशहाल हैं। सीएम भूपेश बघेल जिस दिन पदभार ग्रहण किए तो मात्र 2 घंटे के भीतर किसानो के हित में फैसला लिया। यह फैसला था किसानो का कर्जा माफी, नहर पानी का पैसा माफी और समर्थन मूल्य में धान खरीदी। श्री साहू ने बताया कि पिछले चुनाव में जब घोषणा पत्र बनाने बैठे तो हमने खुलकर किसानो के हित के बारे में सारी चीजो को सामने रखा। अन्नदाता किसान को खुशहाल देखने के लिए वचन पत्र बनाया। अब हमारी सरकार 20 चिंटल धान खरीदने की बात की हैं तो भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ये कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में 15 चिंटल से अधिक किसान धान पैदा नही करते। भाजपा शासन काल में किसान जब आत्महत्या करते थे तो यही लोग कहते थे कि दारू से मरा हैं। मरने वाला किसान ही नही हैं ऐसा भी बोल देते थे मतलब किसानो के मौत को झुठलाने में लगे रहते थे। भाजपा किसानो के साथ छल प्रपंच करने वाली पार्टी हैं। आप सभी को मालूम हैं कि बीते चार साल में किसी भी किसान को कोई तकलीफ नही हुई।

**नयापारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 13 सोसायटी ओं से पहुंचे किसानों का सम्मान किया विधायक धनेन्द्र साहू ने**

श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार ने ऐसा भी निर्णय लिया कि जिनके पास जमीन नही हैं, भूमिहीन कृषि मजदूरी करते हैं ऐसे लोगो को भी भूमिहीन किसान माना गया और उन्हें भूमिहीन किसान योजना के तहत 7 हजार रूपए की राशि दी जा रही हैं। कहा कि कांग्रेस जो कहती हैं वो करती हैं। मै प्रदेश के सभी किसानो से आग्रह करता हूं कि कांग्रेस के लिए वोट करे। आप बनाएंगे तभी सरकार बनेगी। यह कठिन समय की घड़ी हैं। किसान के हित के लिए सरकार बनाना हैं और गांव में आप सब मिलजुल कर विशेष अभियान चलाकर किसानो को जागरूक बताया कि एक लाख 75 हजार करोड़ रूपए किसानो के खाते में सरकार ने डाला हैं। उन्होने मौजूद किसानो को बधाई देते हुए बताया कि आज ही सीएम भूपेश बघेल ने किसानो के खाते में फिर 2 हजार 55 करोड़ 60 लाख रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर किया हैं। प्रारंभ में किसानो ने विधायक धनेंद्र साहू का पुष्पमाला से सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद किसानो को विधायक श्री साहू ने गमछा ओढ़ाकर नारियल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मौजूद थे।

# लाभार्थी सम्मेलन एवं सम्मान सामारोह कुसमी में नपं अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा के नेतृत्व में हुआ



**पलारी,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्र स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किये जा रहे हैं जिसमें भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र कुसमी में प्रधानमंत्री द्वारा जनकल्याण योजना के लाभार्थी सम्मेलन किया जा रहा इसी कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों का सम्मेलन एवं सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रुप में नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा के नेतृत्व में सफल कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर संतोष वर्मा कोषाध्यक्ष मंडल पलारी लोकेश्वर वर्मा रमाशंकर बंजारे पीतांबर वर्मा सह संयोजक शक्ति केंद्र कुसमी कांशीराम घृतलहरे आसकुमार गिरी नरेन्द्र वर्मा राहुल चन्द्राकर नीलकमल साहू आईटी सेल, मिडिया प्रभारी भाजयुमो योगेश योगी वर्मा नेमसिंह वर्मा वरिष्ठ नेता मदन साहू बुथ अध्यक्ष रामनारायण वर्मा डागेश्वर साहू रमेश टंडन दिलीप बंजारे राजकुमार लहरी मोहन साहू प्रशांत वर्मा, तिलक वर्मा जितेन्द्र वर्मा दर्शन वर्मा, विश्राम फेकर, तेजराम वर्मा, लाला राम, श्रीमती गंगा बाई चन्द्राकर, श्रीमति ममता चंद्राकर, श्रीमति हेमन साहू शिव साहु, रामेश्वर साहू, देवेन्द्र साहु, संतराम बंजारे, मालिक फेकर सहित अधिक संख्या में लाभार्थी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. बसंत भृगु ने भी भरा आवेदन



**भाटापारा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। डॉ. बसंत भृगु। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से इन्होंने भी कांग्रेस की टिकट के लिए दावेदारी पेश कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पास विधिवत आवेदन देते ही टिकट के दावेदारों की संख्या दर्जन से उपर पहुंच गई। पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं डॉ. बसंत भृगु। सामाजिक कार्यों में हिस्सेदारी आज भी दिखाई देती है। पार्टी की गतिविधियों में समान रूप से मौजूदगी होती रही है। शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के प्रथम अध्यक्ष की जिम्मेदारी कुशलता से निभाने में भी उनकी अलग पहचान है। शहर युवा कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस में अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल आज भी याद किया जाता है। संक्षिप्त चर्चा में डॉ. भृगु ने कहा कि जिम्मेदारी मिली, तो पूरी गंभीरता के साथ पार्टी और क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखेंगे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित लखनलाल मिश्र की स्मृति में बंगोली संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

**खरोरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखन लाल मिश्र जी की स्मृति में सेवानिवृत्त आई.ए.एस. एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश शंकर मिश्र द्वारा संचालित संस्कार केन्द्रों की फेहरिस्त में अब ग्राम बंगोली भी शामिल हुआ

सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया डडेसना द्वारा संस्कार केन्द्र की जानकारी दी गई. मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 200 वर्षों की गुलामी पश्चात् आजादी के तत्काल बाद शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आवश्यक था, जो नहीं हो पाया, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों को भौतिक शिक्षा तो दी जा रही है, किन्तु उन्हें संस्कार प्राप्त नहीं हो रहे हैं। अभी भी हम ब्रिटिश हुकूमत के दौरान संचालित लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली का ही अनुसरण कर रहे हैं। पूर्व में



पूरे देश में 8 लाख से अधिक गुरुकूल संचालित थे, तब ज्ञान-विज्ञान हर क्षेत्र में प्रकृति के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा गुरूकूल में दी जाती थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। जब तक शिक्षा पद्धति मौलिक परिवर्तन नहीं होंगे तब तक संस्कार केन्द्रो की आवश्यकता रहेगी। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम, और द्वापर में श्रीकृष्ण की शिक्षा भी गुरूकूलों में हुई थी यही हमारी सनातन परंपरा रही है।

उल्लेखनीय है कि गणेश शंकर मिश्रा, रिटायर्ड आई.ए.एस. द्वारा अपने पिता एवं अंचल के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र की स्मृति में विद्याभारती के सहयोग से क्षेत्र में 5 संस्कार केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 6 तक के बच्चों को नि:शुल्क संस्कार प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर डडसेना ने कहा कि च्उपहार न मिलने पर बच्चा एक घण्टा रोता है, लेकिन संस्कार न मिलने पर जीवन भर रोना पड़ता है

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गणेश शंकर मिश्रा, से.नि. आई.ए.एस. एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे साथ ही विद्याभारती के संस्कार केन्द्र प्रभारी चन्द्रकुमार डडसेना श्रीमती सविता चन्द्राकर, प्राचार्य, शासकीय प्राथमिक शाला, बंगोली, खेमनाथ नायक, पूर्व सरपंच धनसूली, विनोद वर्मा, अध्यक्ष थाता विकास समिति, विजय वर्मा, उपसरपंच बंगोली जितेन्द्र कोसरिया, हेडमास्टर मिडिल स्कूल, तोपसिंह वर्मा, शिक्षाविद प्राथ. शाला, श्री यशवंत निषाद, सदस्य शाला विकास समिति आदि उपस्थित थे।

# हाई स्कूल बिजराडीह में सायकल वितरण समारोह

**भाटापारा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। आज दिनांक 18 अगस्त 2023 को शासकीय हाई स्कूल बिजराडीह (भाटापारा) में छ. ग. शासन की सरस्वती साइकल योजना के तहत कक्षा नवमीं के 28 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम, श्रीमति सरिता सत्यनारायण ठाकुर, उपाध्यक्ष एवम सभापति शिक्षा स्थाई समिति जिला बलौदाबाजार के मुख्य आतिथ्य में, अध्यक्षता श्री टेकसिंह ध्रुव, अध्यक्ष, एस.एम. डी.सी. एवम विशिष्ट अतिथि श्रीमती विद्या ध्रुव, सरपंच, श्री संतोष लहरे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



अतिथियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए आशीर्वचन के रूप में कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल आवे और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं प्रदान की।

एस.एम.सी. अध्यक्ष श्री टेकसिंह ध्रुव द्वारा विद्यालय के अधूरे चारदीवारी पूर्ण करने एवम बच्चो के लिए सायकल स्टैंड निर्माण की मांग, सभापति के समक्ष रखी गई। शाला एवम संकुल प्राचार्य श्री दर्शन सिंह ठाकुर द्वारा सरस्वती सायकल योजना लाभान्वित छात्राओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं की शाला में निरंतरता एवम दर्ज संख्या में लगातार वृद्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर तुलकुमार वर्मा, व्याख्याता, दुर्गेश कुमार प्रयोगशाला सहायक, सुनील वर्मा, स.ग्रे. 2, श्रीमती रामेश्वरी साहू, शिक्षक, चंद्रशेखर वर्मा, शिक्षक, राजेश कुमार शर्मा, संकुल समन्वयक, जीतराम वर्मा, प्रधानपाठक, शंकरलाल ध्रुव, छात्रगण एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# बड़े धूमधाम से मनाया गया श्री जीण माता मंदिर में झूला उत्सव

**भाटापारा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के तरेंगा रोड स्थित आदि शक्ति मां जीण माता मंदिर में तीज पर्व के पावन अवसर में महिलाओं के द्वारा भव्य झूला उत्सव मनाया गया जिसमें श्री जीण माता मंदिर परिसर में भजनों के साथ माता का शृंगार किया गया, सभी महिलाओं के द्वारा



सोलह सिंगार प्रतियोगिता एवं बच्चों के लिए भी अन्य प्रतियोगिता आयोजन की गई तथा महिलाएं एवं बच्चों ने झूला का का भरपूर आनंद लिया, इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों का श्री जीण माता मंदिर आभार प्रकट करती है।

# कसडोल विधानसभा से गोपी साहू ने ठोकी दावेदारी



**पलारी,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 17 से 22 अगस्त तक सभी ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से विधानसभा के दावेदार अपना दावेदारी ब्लॉक अध्यक्ष को आवेदन कर सकते है। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री, पलारी नगर साहू समाज के अध्यक्ष गोपी साहू ने कसडोल विधानसभा के लिए पलारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे के पास अपना आवेदन जमा कर दावेदारी किया है। गोपी साहू पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एनएसयूआई युवा कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुके है राजनीति में सक्रियता के साथ साथ समाज में भी सक्रिय है इसी कारण पलारी साहू समाज ने निर्विरोध अध्यक्ष बनाया है।उक्त अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित घृतलहरे जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र पटेल पूर्व सरपंच महेश बारले एल्डरमैन शेरखान पूर्व पार्षद प्रतिनिधि साधराम साहू महेश्वरी कुर्रे शिवा साहू युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा तोषण साहू ईश्वर साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार की उपजोन स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक

**सरायपाली,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। गायत्री परिवार की उप जोन स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में आयोजित की गई बैठक में उपजोन के जिला रायपुर गरियाबंद धमतरी बलौदा बाजार व महासमुन्द के 600 से अधिक परिजनों ने हिस्सा लिया अबतक के जितने भी बैठक आयोजित हुई सर्वाधिक संख्या में परिजनों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का शुभारंभ माता गायत्री पंडित श्री राम शर्मा माता भगवती देवी शर्मा के छाया चित्र की पूजा अर्चना से की गई अतिथियों का स्वागत द्वार पर स्वागत गायत्री परिवार सरायपाली की बहन नीलम यादव व श्रीमती राकेश पाणिग्रहण ने तिलक लगाकर किया मंचासीन अतिथियों का स्वागत पीला गमछा भेंट कर तिलक लगाकर किया गया सभी जिले के समन्वयकों ने अपने अपने जिले की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी गई उपजोन प्रभारी मनहरण लाल साहू ने बताया कि आगामी त्रैमासिक बैठक 19 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शाहिद वीरनारायण की जन्मभूमि बलौदा बाजार के सोना खान आयोजित होगा कार्यक्रम में शांति कुंज प्रतिनिधि सुकदेव निर्मलकर श्रीमती आदर्श वर्मा उपजोन प्रभारी सी पी साहू जिला समन्वयक रायपुर छन्नूराम निषाद धमतरी दिलीप नाग बलोदा बाजार कौशल साहू गरियाबंद टीकम साहू महासमुन्द बोधराम साहू पिरदा से देवचंद नायक जगबंधु पटेल सारंगढ़ के संयोजक भरत साहू प्रमुख ट्रस्टी नत्थूराम अग्रवाल प्रमुख ट्रस्टी धमतरी चेतन साहू बागबाहरा के प्रमुख ट्रस्टी जनकराम यादवगायत्री परिवार ट्रस्ट सरायपाली के प्रमुख ट्रस्टी प्रदीप गुप्ता सहायक ट्रस्टी कन्हैया पटेल ट्रस्टी सरला कोसरिया राजकुमारी साहू दीपक साहू तरुण सतपथी तुलसी बारीक सी डी प्रधान महावीर अग्रवाल ,,सदस्यों में जितेन्द्र खोडियार ज्योति ठेठवार प्रकाश ठेठवार विवेककर राकेश पाणिग्रहण दिलीप प्रधान प्रेमप्रकाश गुप्ता तुलसी पटेल तरुण स्वाई युवराज साहू छोटेलाल नायक धर्मेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजनों ने हिस्सा लिया रूद्रेश्वरी मंदिर के व्यवस्थापक बढ़ाई का योगदान सराहनीय रहा भोजन व्यवस्था सागरपाली के छोटेलाल लाल नायक की टीम ने सम्हाली कार्यक्रम का संचालन राजकुमारी साहू ने किया(

**माँ रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में सम्पन्न बैठक में 5 जिलों के सैकड़ों गायत्री परिवार के परिजनों ने हिस्सा लिया**



# जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा और तहसील फिंगेश्वर का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**गरियाबंद,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम से जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा और तहसील फिंगेश्वर का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके साथ ही जिले के हितग्राहियों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना (गैर अनुसूचित क्षेत्र) अंतर्गत राशि का वितरण किया।

जिले में नए अनुविभाग और तहसील शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यों के लिए अधिक दूरी भी तय नहीं करनी पड़ेगी। नवगठित छुरा अनुविभाग अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव शामिल है। इसी प्रकार तहसील फिंगेश्वर के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायतों के 56 गांव शामिल है। इस अवसर पर वर्चुअल कार्यक्रम में गरियाबंद से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम छुरा भूपेंद्र साहू, डिप्टी कलेक्टर टीआर देवांगन सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर श्रीमती पुष्पा साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

राजस्व कार्यों के लिए छुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को नही जाना पड़ेगा गरियाबंद- छुरा अनुविभाग बन जाने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों के लिए लगभग 26 किलोमीटर की दूरी तय कर एसडीएम कार्यालय गरियाबंद नही जाना पड़ेगा। जाति, निवास, प्रमाण पत्र, फौती, बंटवारा, नामांकन, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की सुविधा छुरा एसडीएम कार्यालय में मिल जायेगी। इससे नए अनुविभाग के अंतर्गत चार आरआई सर्कल छुरा, खडमा, पांडुका एवं रसेला के अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव के 1 लाख 16 हजार से अधिक ग्रामीण लाभान्वित होंगे।



**नए अनुविभाग और तहसील के गठित होने से लोगों को राजस्व कार्यों में होगी सहूलियत**

**नए तहसील फिंगेश्वर से 63 हजार से अधिक आबादी होगी लाभान्वित-** नवगठित तहसील फिंगेश्वर में 2 आरआई सर्कल जामगांव और फिंगेश्वर अंतर्गत 18 पटवारी हल्का शामिल है। इसमें 35 ग्राम पंचायतों अंतर्गत 56 गांव के 63 हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। पहले क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यों के निराकरण के लिए राजिम तहसील कार्यालय जाना पड़ता था। अब नए तहसील बनने से दूर नही जाना पड़ेगा, फिंगेश्वर में ही तहसील संबंधित कार्य संपादित हो सकेंगे। फिंगेश्वर तहसील अंतर्गत ग्राम पसौद, पाली, पेंड्रा, भसेरा, रोबा, सोनासिल्ली, पोलकर्रा, सिर्रीकला, लचकेरा, कोसमखुटा, जामगांव, पथर्री, भेण्डरी, सरगोड़, खैरझिटी, गुण्डरदेही, बम्हनदेही, बनगंवा, तरजूंगा, रजकट्टी, बोरिद, सरकड़ा, बिरोड़ा, फिंगेश्वर, गदहीडीह, खुडसा, परसदाकला, पतोरा, चौतरा, रवेली, परसट्टी, सेंदर, बारूला, चरभट्ठी, देवगांव, करेंता, गनियारी, घोघरा, पतोरी, बेलर, चरौदा, जोगीडिपा, फुलझर, बोड़की, कुण्डेल, छुईहा, सिर्रीखुर्द, खुडियाडीह, खुटेरी, पुरेना, बिनौरी, बिजली, मड़वाडीह, बोरसी एवं ग्राम बहेरापाल के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर छत्तीसगढ़ के किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। राज्य का हर वर्ग छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। बात चाहे खेती-किसानी की हो, आदिवासियों के विकास की हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की हो, हर नागरिक की आय में बढ़ोतरी की हो, रोजगार की हो, रोजगार के अवसरों के निर्माण की हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की हो, शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की हो, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की हो, चिकित्सा सुविधा के विस्तार की हो आज छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिख रहा है।